**मेष लग्न**—मेष लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का गेहुंआ रंग, लम्बा कद, दुबला किन्तु बलिष्ट शरीर, गोल नेत्र, मुख पर चिह्न, कठोर किन्तु घुंघराले केश, क्रोधी एवं उपद्रवी स्वभाव, अत्यन्त साहसी, उद्यमी, उग्र-प्रकृति वाला होता है। यह जातक स्वतंत्र विचार वाला, प्रगतिशील, महत्वाकांक्षी, सदैव नेतृत्व की चाह करने वाला, प्रभावशाली, स्वछन्द विचरण करने की लालसा करने वाला होता है। मेष लग्न वाले व्यक्ति नई योजनाओं की सृष्टि करते हैं तथा अद्भुत विचारों के अन्वेषक होते हैं। बड़े होकर योग्य प्रशासक, इंजीनियर (मेकेनिकल), सर्जन, सेनापति, सफल व्यापारी बन सकते हैं। इनके लिए गुरु शुभ होता है। शनि, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनके लिए प्रायः शनि अथवा बुध ही मारकेश बनते हैं। जातक को मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों की सम्भावना होती है तथा ज्वर, अग्नि अथवा शस्त्र भय रहता है। इनका भाग्योदय १६, २२, २८, ३२, ३६वें वर्ष में होता है।

**वृष लग्न**—जातक का ठिगना कद, पुष्ट एवं स्थूल शरीर होता है। यह लोग कामी, चतुर, ईर्ष्यालु, शान्त स्वभाव वाले, इच्छानुसार काम करने वाले तथा सभी कार्यों को गुप्त रखने वाले, सांसारिक द्रव्य एवं धन सम्पत्ति एकत्रित करने वाले तथा अधिकार सुख की कामना करने वाले होते हैं। इनकी स्मरण शक्ति प्रबल होती है। यह लोग बैंकिंग, कास्मैटिक्स, भवननिर्माण, जवाहरात, विज्ञापन एवं प्रचार इत्यादि व्यवसायों में सफल होते हैं। इनको कण्ठ सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना होती है। इनके लिए सूर्य, बुध शुभ तथा शुक्र, बृहस्पति एवं चन्द्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६ एवं ४२वें वर्ष में होता है।

**मिथुन लग्न**—जातक का कद लम्बा किन्तु दुबला, सुन्दर नेत्र, छोटी नाक होती है। यह व्यक्ति प्रसन्नचित्त, चपल, तीक्ष्ण बुद्धि, मधुर एवं स्पष्टवक्ता, शीघ्र गतिवान, दूरदर्शी, मेधावी, यात्रा एवं परिवर्तन प्रेमी, खेलों का शौकीन, साहित्य-कला सौन्दर्य में रुचि रखने वाला होता है। मिथुन लग्न वाले व्यक्तियों में बुद्धि तथा भाव तत्व दोनों ही प्रबल रूप में होते हैं। बड़े होकर पत्र-व्यवहार, सम्पादन, लेखन, प्रचार-प्रसार, अध्यापन, एकाउन्ट्स, संगीत, यात्रा, क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवसाय में सफल होते हैं। इनको फेफड़े तथा स्नायु-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनकी भाग्योन्नति २२, ३२, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होती है। इनके शुक्र शुभ, चन्द्रमा अशुभ, मंगल, सूर्य, अरिष्टकारक होते हैं।

**कर्क लग्न**—जातक का मध्यम कद, गौर वर्ण, सुन्दर मुख, सुगठित शरीर होता है। इस लग्न के व्यक्ति बुद्धिमान, गतिशील, अस्थिर स्वभाव वाले, उदार, विशाल हृदय, कल्पनाशील, परिश्रमी, भावुक मन वाले, विलासी, सम्पत्तिवान, समयानुसार काम करने वाले होते हैं। बड़े होकर यह राज्याधिकारी, डाक्टर, नेता, मंत्री, प्राध्यापक, नाविक तथा जलोत्पन्न वस्तुओं के व्यवसायी बनते हैं। इनको उदर, हृदय, मूत्राशय-सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए मंगल शुभ, शुक्र एवं बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २५, २८ एवं ३२वें वर्ष में होता है।

**सिंह लग्न**—जातक की चौड़ी छाती, बली भुजाएं एवं दृढ़ हड्डी तथा पुष्ट, शरीर, प्रभावशाली एवं आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग नेतृत्व की चाह करने वाले प्रशासनिक अधिकारों का पूर्ण सदुपयोग करने में सफल होते हैं। इनका रहन-सहन आडम्बरपूर्ण तथा रईस मिजाज होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति अभिनेता, प्रशासक, सैनिक, वकील, व्यापारी, वन-सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। इनको ज्वर एवं मस्तिष्क पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। इनके लिए सूर्य एवं मंगल शुभ, बुध एवं शुक्र अशुभ, राहु केतु मारक स्थान में स्थित होने से मृत्युकारक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २६, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

**कन्या लग्न**—जातक का छोटा कद, कोमल शरीर तथा छोटे बाहु होते हैं। इनका स्त्री स्वभाव होता है तथा यह लज्जाशील, मधुरभाषी, विचारशील, धैर्यवान, बुद्धिवाले, गणितज्ञ, तार्किक एवं साहित्य प्रेमी होते हैं। कन्या लग्न वाले व्यक्तियों की स्मरणशक्ति तीव्र होती है तथा यह सभी कार्य गुप्त रखते हैं। इनमें आत्म विश्वास की कमी रहती है। बड़े होकर यह व्यक्ति गणितज्ञ, पुस्तक विक्रेता, सचिव, दलाल, साहित्यिक, अध्यापक, ज्योतिषी अथवा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं। व्यापार की अपेक्षा इनको नौकरी में अधिक लाभ हो सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २५, ३२, ३३, ३५, ३६वें वर्ष में होता है।

**तुला लग्न**—जातक दुबला किन्तु लम्बा, सुन्दर प्रशन्नचित्त तथा तीक्ष्ण बुद्धिवाला होता है। न्याय एवं शान्तिप्रिय, मध्यस्थता का कार्य करने में निपुण, सत्यवक्ता, धार्मिक, सुधारवादी, दार्शनिक, साधु स्वभाव, लोकप्रिय, बच्चों का विशेष स्नेही, स्त्री-कला-नृत्य संगीत प्रेमी, प्रतिष्ठित होता है। इस लग्न के व्यक्ति न्यायाधीश, वकील, परामर्शदाता, साहित्य प्रेमी, कवि, नीतिज्ञ तथा व्यापारी बनते हैं। इनको गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। इनके लिए शनि योगकारक, बुध, शुक्र शुभ, सूर्य, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २४, २५, ३२, ३३, ३५ वर्ष में होता है।

**वृश्चिक लग्न**—जातक सुन्दर, परिश्रमी, आत्मविश्वासी, साहसी, शंकालु, स्वेच्छाचारी, आतंककारी, नीतिज्ञ, गूढ़ विद्याओं का ज्ञात होता है। ऐसे व्यक्ति मितव्ययी एवं संग्रह करने में चतुर होते हैं। यदि लग्न पाप दुष्ट हो तो जातक झगड़ालु, असंयमी, कुतिचारी, निर्दयी, अपराधी तथा गुप्त रूप से दुष्कर्म करने वाला होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति पुलिस अधिकारी, राजनीतिज्ञ, ठग, इंजीनियर, खनिज विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ बनते हैं। इनको छाती, कण्ठ अथवा गर्मी या वायु सम्बन्धी एवं बवासीर आदि गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति शुभ, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २२, २४, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

**धनु लग्न**—बड़े कान, लम्बी गर्दन, बली तथा स्थूल शरीर धनु लग्न की विशेषता है। यह व्यक्ति स्वाभिमानी, निस्वार्थी, साधु स्वभाव, न्यायप्रिय, मेधावी, धनवान्, उदार, गम्भीर, विवेकशील, तार्किक, कुलभूषण, संवेदनशील, विश्वासपात्र, उत्तेजित अवस्था में अत्यन्त क्रुद्ध एवं स्पष्टवक्ता, निष्कपट, त्यागी, आदर्शवादी, अवसर का लाभ उठाने वाले होते हैं। इन्हें केवल प्रेम और शान्ति से वशीभूत किया जा सकता है। यदि लग्न पाप पीड़ित हो तो जातक दंभी, आडम्बरपूर्ण एवं कठोर स्वभाव का होता है। इस लग्न के व्यक्ति बड़े होकर प्रोफेसर, अध्याक, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, परामर्शदाता, उपदेशक, वकील, बैंकर तथा सफल व्यवसायी बनते हैं। इनको फेफड़े तथा वायु सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए सूर्य, बुध, बृहस्पति शुभ तथा चन्द्रमा शनि अशुभ फलदायक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, ३२वें वर्ष में होता है।

**मकर लग्न**—जातक का लम्बा कद, सुन्दर नेत्र, सेवाभावी, धैर्यवान, गम्भीर, मननशील, महत्वाकांक्षी, उद्योगी, संयमी, परिश्रमी एवं कार्यशील, उदासीन, दार्शनिक, आस्तिक, गृहस्थ जीवन से असंतुष्ट, आत्मप्रशंसा में विश्वास न करने वाला होता है। यह व्यक्ति बड़े होकर अधिकारी, कृषि अथवा भूमि से उत्पन्न वस्तुओं सम्बन्धी व्यवसाय अथवा कार्यालयों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको जोड़ों का दर्द तथा अन्य वायु जनित रोग होने की संभावना रहती है। इनका भाग्योदय २५, ३३, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

**कुम्भ लग्न**—जातक का मध्यम कद, मांसल होंठ, आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग तीव्र बुद्धि, दयालु, मिलनसार, प्रभावशाली, अनेक मित्रों से युक्त, स्वच्छ हृदय तथा विशाल दृष्टिकोण वाले, क्रान्तिकारी, विचारक, रोचकवक्ता एवं साहित्य में रुचि रखने वाले होते हैं। अगर शनि शत्रु राशिस्थ अथवा नीच हो तो जातक दम्भी, कामी, लांछन प्राप्त करने वाला, उद्दण्ड एवं निर्लज्ज होता है। बड़े होकर यह लोग प्राध्यापक, सुधारक, इंजीनियर, मुद्रण, रेडियो, बिजली, यात्रा, वायुयान एवं तकनीकी कार्यों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको सिर अथवा पेट दर्द, वायुरोग, उदर पीड़ा एवं कोष्ठ बद्धता इत्यादि रोग हो सकते हैं। इनके लिए शुक्र शुभ तथा गुरु एवं चन्द्र अशुभ फलदायक है। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

**मीन लग्न**—जातक का छोटा कद, स्थूल शरीर, शान्त एवं विनम्र स्वभाव होता है। यह लोग धर्मपरायण, रूढ़िवादी, आस्तिक, परोपकारी, लज्जाशील, महत्वाकांक्षी, सुनिश्चित एवं सुसंस्कृत बहुकुटुम्बी, सद्गृहस्थी होते हैं। बड़े होकर यह लोग समाज सुधारक, आध्यात्मवादी, चलचित्र व्यवसाय, पुरातत्व वस्तुओं के व्यापारी, काव्य एवं हास्य व्यंग्य लेखक, कलाकार, औषधी विषयक, जल परिवहन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। इन्हें छूतछात की बीमारियां होने का डर रहता है। इनके लिए मंगल शुभ, सूर्य, शुक्र, शनि, बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १२, १६, २८, ३३वें वर्ष में होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# नूतन वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारिणी

| गताब्द | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | १ | २ | ३ | ५ | ६ | ० | १ | ३ | ३ | ५ | ६ | १ | २ | ३ | ४ | ६ | ० | १ | २ | ४ |
| घटी | १५ | ३० | ४६ | १ | १६ | ३२ | ४७ | ३ | १८ | ३३ | ४९ | ४ | १९ | ३५ | ५० | ६ | २१ | ३६ | ५२ | ७ |
| पल | २२ | ४५ | ८ | ३१ | ५४ | १७ | ४० | ३ | २६ | ४९ | १२ | ३५ | ५८ | २१ | ४४ | ७ | ३० | ५३ | १६ | ३९ |
| विपल | ५७ | ५४ | ५१ | ४८ | ४५ | ४२ | ३९ | ३६ | ३३ | ३० | २७ | २४ | २१ | १८ | १५ | १२ | ९ | ६ | ३ | ० |

| गताब्द | २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० | ३१ | ३२ | ३३ | ३४ | ३५ | ३६ | ३७ | ३८ | ३९ | ४० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ५ | ६ | ० | २ | ३ | ४ | ५ | ० | १ | २ | ३ | ५ | ६ | ० | १ | ३ | ४ | ५ | ६ | १ |
| घटी | २३ | ३८ | ५३ | ९ | २४ | ३९ | ५५ | १० | २६ | ४१ | ५६ | १२ | २७ | ४३ | ५८ | १३ | २९ | ४४ | ५९ | १५ |
| पल | १ | २४ | ४७ | १० | ३३ | ५६ | १९ | ४२ | ५ | २८ | ५१ | १४ | ३७ | ० | २३ | ४६ | ९ | ३२ | ५५ | १८ |
| विपल | ५७ | ५४ | ५१ | ४८ | ४५ | ४२ | ३९ | ३६ | ३३ | ६० | २७ | २४ | २१ | १८ | १५ | १२ | ९ | ६ | ३ | ० |

| गताब्द | ४१ | ४२ | ४३ | ४४ | ४५ | ४६ | ४७ | ४८ | ४९ | ५० | ५१ | ५२ | ५३ | ५४ | ५५ | ५६ | ५७ | ५८ | ५९ | ६० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | २ | ३ | ५ | ६ | ० | १ | ३ | ४ | ५ | ६ | १ | २ | ३ | ४ | ६ | ० | १ | २ | ४ | ५ |
| घटी | ३० | ४६ | १ | १६ | ३२ | ४७ | २ | १८ | ३३ | ४९ | ४ | १९ | ३५ | ५० | ६ | २१ | ३६ | ५२ | ७ | २३ |
| पल | ४० | ३ | २६ | ४९ | १२ | ३५ | ५८ | २१ | ४४ | ७ | ३० | ५३ | १६ | ३९ | २ | २५ | ४८ | ११ | ३४ | ५७ |
| विपल | ५७ | ५४ | ५१ | ४८ | ४५ | ४२ | ३९ | ३६ | ३२ | ३० | २७ | २४ | २१ | १८ | १५ | १२ | ९ | ६ | ३ | ० |

| गताब्द | ६१ | ६२ | ६३ | ६४ | ६५ | ६६ | ६७ | ६८ | ६९ | ७० | ७१ | ७२ | ७३ | ७४ | ७५ | ७६ | ७७ | ७८ | ७९ | ८० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ६ | ० | २ | ३ | ४ | ५ | ० | १ | २ | ३ | ५ | ६ | ० | १ | ३ | ४ | ५ | ६ | १ | २ |
| घटी | ३८ | ५३ | ९ | २४ | ३९ | ५५ | १० | २६ | ४१ | ५६ | १२ | २७ | ४३ | ५८ | १३ | २९ | ४४ | ५९ | १५ | ३० |
| पल | १९ | ४२ | ५ | २८ | ५१ | १४ | ३७ | ० | २३ | ४६ | ९ | ३२ | ५५ | १८ | ४१ | ४ | २७ | ५० | १३ | ३६ |
| विपल | ५७ | ५४ | ५१ | ४८ | ४५ | ४२ | ३९ | ३६ | ३३ | ३० | २७ | २४ | २१ | १८ | १५ | १२ | ९ | ६ | ३ | ० |

## प्राचीनमान वर्ष प्रवेश सारिणी

| वर्ष | ०१ | ०२ | ०३ | ०४ | ०५ | ०६ | ०७ | ०८ | ०९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०१ | ०२ | ०३ | ०५ | ०६ | ०७ | ०१ | ०३ | ०४ | ०५ | ०६ | ०१ | ०२ | ०३ | ०४ |
| घड़ी | १५ | ३१ | ४६ | ०२ | १७ | ३३ | ४८ | ०४ | १९ | ३५ | ५० | ०६ | २१ | ३७ | ५२ |
| पल | ३१ | ०३ | ३४ | ०६ | ३७ | ०९ | ४० | १२ | ४३ | १५ | ४६ | १८ | ४९ | २१ | ५२ |
| विपल | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० |

| वर्ष | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०६ | ०७ | ०१ | ०२ | ०४ | ०५ | ०६ | ०७ | ०२ | ०३ | ०४ | ०५ | ०७ | ०१ | ०२ |
| घड़ी | ०८ | २३ | ३९ | ५४ | १० | २६ | ४१ | ५७ | १२ | २८ | ४३ | ५९ | १४ | ३० | ४५ |
| पल | २४ | ५५ | २७ | ५८ | ३० | ०१ | ३३ | ०४ | ३६ | ०७ | ३९ | १० | ४२ | १३ | ४५ |
| विपल | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० |

| वर्ष | ३१ | ३२ | ३३ | ३४ | ३५ | ३६ | ३७ | ३८ | ३९ | ४० | ४१ | ४२ | ४३ | ४४ | ४५ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०४ | ०५ | ०६ | ०७ | ०२ | ०३ | ०४ | ०५ | ०७ | ०१ | ०२ | ०३ | ०५ | ०६ | ०७ |
| घड़ी | ०१ | १६ | ३१ | ४७ | ०३ | १८ | ३४ | ४९ | ०५ | २१ | ३६ | ५२ | ०७ | २३ | ३८ |
| पल | १६ | ४८ | १९ | ५१ | २२ | ५४ | २५ | ५७ | २८ | ०० | ३१ | ०३ | ३४ | ०६ | ३७ |
| विपल | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० |

| वर्ष | ४६ | ४७ | ४८ | ४९ | ५० | ५१ | ५२ | ५३ | ५४ | ५५ | ५६ | ५७ | ५८ | ५९ | ६० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०१ | ०३ | ०४ | ०५ | ०६ | ०१ | ०२ | ०३ | ०४ | ०६ | ०७ | ०१ | ०३ | ०४ | ०५ |
| घड़ी | ५४ | ०९ | २५ | ४० | ५६ | ११ | २७ | ४२ | ५८ | १३ | २९ | ४४ | ०० | १५ | ३१ |
| पल | ०९ | ४० | १२ | ४३ | १५ | ४६ | १८ | ४९ | २१ | ५२ | २४ | ५५ | २७ | ५८ | ३० |
| विपल | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० |

| वर्ष | ६१ | ६२ | ६३ | ६४ | ६५ | ६६ | ६७ | ६८ | ६९ | ७० | ७१ | ७२ | ७३ | ७४ | ७५ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०६ | ०१ | ०२ | ०३ | ०४ | ०६ | ०७ | ०१ | ०२ | ०४ | ०५ | ०६ | ०७ | ०२ | ०३ |
| घड़ी | ४७ | ०२ | १८ | ३३ | ४९ | ०४ | २० | ३५ | ५१ | ०६ | २२ | ३७ | ५३ | ०८ | २४ |
| पल | ०१ | ३३ | ०४ | ३६ | ०७ | ३९ | १० | ४२ | १३ | ४५ | १६ | ४८ | १९ | ५१ | २२ |
| विपल | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० |

| वर्ष | ७६ | ७७ | ७८ | ७९ | ८० | ८१ | ८२ | ८३ | ८४ | ८५ | ८६ | ८७ | ८८ | ८९ | ९० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०४ | ०५ | ०७ | ०१ | ०२ | ०३ | ०५ | ०६ | ०७ | ०१ | ०३ | ०४ | ०५ | ०७ | ०१ |
| घड़ी | ३९ | ५५ | १० | २६ | ४२ | ५७ | १२ | २८ | ४४ | ५९ | १५ | ३० | ४६ | ०१ | १७ |
| पल | ५४ | २५ | ५७ | २८ | ०० | ३१ | ०३ | ३४ | ०६ | ३९ | ०९ | ४० | १२ | ४३ | १५ |
| विपल | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० |

## वर्ष फल साधन

जिस सम्वत् का वर्ष फल बनाना हो, उस सम्वत् से जन्म का सम्वत् घटाने से जो शेष हो वह गत वर्ष जानो। ऊपर दी गई सारिणी में गतवर्षांक के नीचे के वारादि अंकों में जन्म के वार और इष्ट के घटी पल जोड़ने से वर्ष प्रवेश का वार और इष्ट घटी पल हो जाते हैं। इस इष्ट के अनुसार लग्न सारिणी से लग्न बना लेना वह वर्ष लग्न होगा। तदन्तर वर्ष प्रवेश के इष्ट घटी पल के समय पर जो ग्रहों की इष्ट वर्ष के पंचांग में स्थिति होगी उसके अनुसार वर्ष कुण्डली में ग्रहों को स्थापित करें।

**मुन्था**—गत वर्षों में जन्म लग्न का अंक जोड़ो तदन्तर १२ से भाग देने पर जो शेष बचे उस राशि में मुन्था रखें।

**त्रिपताका चक्र**—वर्ष प्रवेश के वर्षों को ९ से भाग दें जो शेष बचे जन्म राशि से उतने घर में चन्द्रमा लगावें। शेष ग्रहों के लिए प्रवेश के वर्षों को ४ से भाग देवें जो शेष बचे वर्ष कुण्डली में (जन्म कुण्डली में जिस राशि में ग्रह स्थित हो उससे) उतने घर छोड़कर बाकी ग्रह लगावें। राहु केतु उल्टे गिनें। वर्ष लग्न को त्रिपताका के मध्य में रखकर क्रमशः अंक लिखें। माना वर्ष लग्न कर्क है। त्रिपताका चक्र निम्नवत है।

**दशा**—गत वर्षों में जन्म नक्षत्र संख्या जोड़ कर उसमें २ घटावें तदन्तर ९ का भाग देने से जो शेष बचे सो इस तरह दशा जानो—१ बचे तो सूर्य, २ बचे तो चन्द्रमा, ३ बचे तो मंगल, ४ बचे तो राहु, ५ बचे तो बृहस्पति, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, ९ से शुक्र की दशा होगी। दशा दिन नीचे दिए गए हैं:—

त्रिपताका चक्र




## मुद्दा दशा

| सूर्य | चं. | मं. | रा. | बृ. | श. | बु. | के. | शु. | ग्रह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १८ | ३० | २१ | ५४ | ४८ | ५७ | ५१ | २१ | ३० | दिन |

**त्रिराशिपति**—वर्ष लग्न की जो राशि हो उस राशि के सामने नीचे दिए गए चक्र में देखो। दिन में वर्ष प्रवेश हो तो दिनपति के सामने राशि के नीचे जो ग्रह लिखा है, रात्रि में हो तो रात्रिपति के सामने राशि के नीचे जो ग्रह लिखा है, वह त्रिराशिपति होगा:—

| राशि | मे. | वृ. | मि. | क. | सिं. | क. | तु. | वृ. | ध. | म. | कु. | मी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिनपति | सू. | शु. | श. | शु. | बु. | चं. | बु. | मं. | श. | मं. | बृ. | चं. |
| रात्रिपति | बु. | चं. | बु. | मं. | सू. | शु. | श. | शु. | श. | मं. | बृ. | चं. |

**दृष्टि ज्ञान**—वर्ष एवं कुण्डली में जो ग्रह जिस भाव में स्थित हो वह उस भाव से पांचवें, नवें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि तथा तीसरे, ग्यारहवें, भाव को गुप्तमित्र दृष्टि से देखता है। ग्रह अपने स्थान से पहले और सातवें भाव को प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि से तथा चतुर्थ-दशम भाव को गुप्त शत्रु दृष्टि से देखते हैं।



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS


# वर्ष कुण्डली में शुभाशुभ योग

## शुभ योगः-

वर्ष लग्न वर्ष लग्न का स्वामी तीसरे, छठे, दसवें घर में बलयुक्त हो तो सुख और मन में प्रसन्नता होती है, धन प्राप्ति, शत्रु नाश तथा अरिष्टनाश होता है।

जिस वर्ष में लग्न और दशम भाव का स्वामी एक ही हो तो उस वर्ष में सब अरिष्ट दूर होकर धन की प्राप्ति हो तथा अधिकारियों एवं मित्रों से यश और सुख मिले।

यदि गुरु, बुध, शुक्र, इनमें से कोई एक ग्रह भी केन्द्र में स्थित हो, नीच का न हो और शत्रु के साथ न हो, सौम्य ग्रह से युक्त हो तो सम्पूर्ण अरिष्ट दूर होते हैं।

जो ग्रह जन्म कुण्डली में नीच का हो परन्तु वर्ष कुण्डली में वही ग्रह अष्टम वा मित्रभाव में हो तो अनेक सुख धन देने वाला होता है, मित्र का आगमन करने वाला तथा वर्ष में सम्पूर्ण अरिष्ट दूर करता है।

यदि मुंथापति १, ३, ४, ७, १०, ११ स्थान में स्थित हो तो जातक को यश-मान मिलता है।

यदि वर्षपति केन्द्र व त्रिकोण में स्थित हो और सौम्य ग्रह से युक्त हो तो सम्पूर्ण वर्ष में शुभ हो तथा शत्रु नाश, धनधान्य तथा यश का लाभ हो।

यदि जन्म लग्नेश वर्ष कुण्डली में केन्द्र अथवा त्रिकोण में स्थित हो तो सब अरिष्ट योग का नाश और धर्म-कर्म की प्राप्ति करता है।

यदि जन्म लग्न और वर्ष लग्न एक ही हो जाए तो उस वर्ष में कर्म का उदय हो और जातक का बाहुबल बढ़े तथा यश-सम्मान मिले।

यदि छठे, आठवें भाव का स्वामी बारहवें भाव में स्थित हो अथवा शनि एवं क्रूर ग्रहों से युक्त हो तो उस वर्ष का अरिष्ट दूर होता है। तथा अपने वर्ग का अरिष्ट होता है।

यदि मुंथा से सूर्य व मंगल पंचम स्थान में पड़े हों तो उस वर्ष में क्षेम, आरोग्य और सब अरिष्ट नाश होते हैं।

यदि वर्ष लग्नेश सप्तम भाव में हों और सप्तमेश लग्न में हो तो उस वर्ष अर्थ की सिद्धि होकर अरिष्ट दूर होता है।

यदि सूर्य नवम अथवा दशम भाव में शुभ ग्रहों से युक्त हो तो धन का लाभ तथा अरिष्ट दूर होता है।

## सन्तान योगः-

गुरु जन्म कुण्डली में जिस राशि में हो, वर्ष में वह राशि यदि पंचम भाव में हो अथवा उस भाव में वर्षपति या बुध वा मंगल हो तो पुत्र की प्राप्ति हो।

यदि चन्द्र मुंथा सहित पंचम भाव में हो और पंचमेश भी पंचम भाव में हो अथवा पंचमेश बलवान हो तो उस वर्ष पुत्र हो।

## नेत्र रोगः-

शुक्र लग्न में अथवा बारहवें सूर्य, मंगल सहित हो तो वर्ष में नेत्र रोग होता है।

यदि पाप ग्रह द्वितीय, द्वादश लग्न व सप्तम भाव में हो और इन शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो ते अंध रोग होगा।

## नौकरी से निलम्बित होने का योगः-

वर्ष कुण्डली में दशम स्थान का स्वामी नीच होकर अष्टम स्थान में पड़े या कर्म स्थान में पाप ग्रह स्थित हो तो जातक नौकरी से अपदस्थ होता है और सुख का नाश होता है। वर्ष कुण्डली में अष्टम भाव का मालिक दशम स्थान में स्थित हो और दशमेश अष्टम भाव में क्रूर ग्रह युक्त अथवा वीक्षित हो तो भी नौकरी छूटने का डर रहता है तथा धन का नाश होता है।

## अशुभ योगः-

यदि मुंथापति वर्ष लग्नेश के साथ अष्टम भाव में स्थित हो तो मृत्यु तुल्य कष्ट देता है, जननेन्द्रिय पीड़ा, रुधिर प्रकोप, कंठावरोध उत्पन्न करता है।

यदि राहु सप्तम भाव में मंगल, चन्द्रमा और सप्तमेश सहित स्थित हो तो वर्ष में स्त्री को मृत्यु-तुल्य कष्ट देते हैं।

चतुर्थ भाव का स्वामी यदि छठे, आठवें, बारहवें भाव में पाप ग्रह युक्त हो, लग्न और चतुर्थ भाव क्रूर ग्रह युक्त अथवा वीक्षित हो तो उस वर्ष में माता का क्षय, अनेक रोग होते हैं।

मुंथापति यदि अष्टम भाव में हो और मुंथा छठे घर में हो तो स्त्री के अगं में पीड़ा, उदर में गुल्मादि रोग तथा अरिष्ट हो।

यदि सप्तमेश, शनि के साथ बारहवें भाव में स्थित हो तो उस वर्ष में कसत्र पीड़ा करे, लोकापवाद, स्वजनों में वैर, सन्तान पीड़ा, मन में व्यग्रता हो।

यदि अष्टमेश, छठे भाव में स्थित हो और चन्द्रमा क्रूर ग्रह युक्त हो अथवा क्रूर ग्रह उसे देखते हों और उस पर बृहस्पति की दृष्टि न हो तो मनुष्य यमलोक को गमन करता है।

यदि अष्टमेश केन्द्र में हो, लग्नेश बारहवें या छठे भाव में हो, चन्द्रमा पाप युक्त अष्टम में हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट होता है।

यदि सूर्य सप्तम भाव में हो और शनि उसके साथ हो, वा रन्ध्रेश शनि युक्त हो तो उस वर्ष में सम्पूर्ण धन का नाश हो।

यदि चन्द्रमा केतु युक्त होकर अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो तथा स्त्री का वियोग हो।

यदि गुरु, चन्द्रमा सहित अष्टम भाव में स्थित हो और शनि सहित मुंथा हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो।

वर्ष कुण्डली में यदि शनि मेष अथवा वृश्चिक में हो और मंगल सप्तम स्थान में पाप ग्रह से युक्त हो तो कलत्र नाश और धन हानि हो।

यदि सप्तम स्थान में पाप ग्रह हो, अष्टम में शुक्र और चन्द्र हो तो वर्ष में रोग से पीड़ा हो।

छठे, आठवें लग्नेश हो और मंगल, चन्द्रमा अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष विष अथवा दुर्घटना से पीड़ा हो।

यदि लग्न में पाप ग्रह के साथ अष्टमेश स्थित हो और लग्नेश चन्द्र सहित अष्टम भाव में स्थित हो तो उस वर्ष रोग शोकादि से शरीर क्षय हो।

यदि अष्टम भाव में गुरु पापयुक्त हो, चन्द्रमा बारहवें शनि युक्त हो तो उस वर्ष राज्याधिकारियों से दंड अथवा पीड़ा हो।

यदि मुंथा अष्टम हो, अष्टमेश रवि मंगल से युक्त हो तो मनुष्य का कफ पित्त रोगों से शरीर नष्ट हो।

चतुर्थ भाव में शनि, दशम भाव में मंगल हो, द्वितीयेश नीच राशि का होकर अस्त हो गया हो तो माता-पिता का अवश्य क्षय हो।

दूसरे, बारहवें, पहले, सातवें भाव में पाप ग्रह हो और शुभ ग्रहों की उन पर दृष्टि न हो तो जातक अवश्य अन्धा हो जाता है।

अष्टमेश लग्न में हो और लग्नेश अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष में अरिष्ट हो, धन, स्त्री, कुटुम्ब में कष्ट हो।

वर्ष लग्नपति तथा अष्टमेश चतुर्थ अथवा अष्टम भाव में हो, उसी स्थान में मुंथा हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो। लग्न, सप्तम, अष्टम में यदि पाप ग्रह हो तो उस वर्ष में चोर, अग्नि, शस्त्र से भय हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# ग्रह-शील-चक्र

| ग्रह चिन्ह | सूर्य | चन्द्र | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि | राहु | केतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर्याय | हेलि | ग्लौ, शीत रश्मि | आर, वक्र भू-सुत | ज्ञ, इंदु-पुत्र विद्, बोधन | जीव, अंगि सुरगुरुइज्य | भृगु, भृगुसुत सितदे, गुरु | कोण, मद सूर्य-पुत्र | तम, अगु, असुर | शिखी |
| शुभ, पाप | उग्र | शुभ, क्षीण चन्द्र पाप | क्रूर | शुभ, पाप युक्त पाप | शुभ | शुभ | अति पाप | पाप | पाप |
| देवता | अग्नि | वरुण | स्कन्द | विष्णु | इन्द्र | इन्द्राणी | ब्रह्मा | वायु | आकाश |
| काल-पुरुष अंग | आत्मा | मन | सत्व, शौर्य | वाणी | ज्ञान-सुख | काम-सुख | दुःख | मृति | स्थिति |
| पुरुषादि लिंग | पुरुष | स्त्री | पुरुष | नपुंसक | पुरुष | स्त्री | नपुंसक | पुरुष | पुरुष |
| वर्ण | क्षत्रिय | वैश्य | क्षत्रिय | वैश्य, शूद्र | ब्राह्मण | ब्राह्मण | अंत्यज | शूद्र | संकर |
| आकार | चतुरस्त्र | वर्तुल | चतुष्कोण | वृत्त | वृत्त | दीर्घ | दीर्घ | दीर्घ | पुच्छ |
| स्वभाव | स्थिर | चंचल | उग्र | मिश्र | मृदु | लघु | अतितीक्ष्ण | ...... | ...... |
| स्थान | पर्वत | जलचर | पर्वत, वनचर | विद्वानों से युक्तग्रा. चर | विद्वानों से युक्तग्रा. चर | जलचर | पर्वत, वनचर | पर्वत, वनचर | पर्वत, वनचर |
| काल | अयन | क्षण मुहूर्त | दिन | ऋतु | मास | पक्ष | वर्ष | ...... | ...... |
| दिशा, कोण | पूर्व | वायव्य | दक्षिण | उत्तर | ईशान | अग्नि | पश्चिम | नैऋत्य | सर्वदिशा |
| ग्रह-शांति में दिशा | मध्य | अग्नि | दक्षिण | ईशान | उत्तर | पूर्व | पश्चिम | नैऋत्य | वायव्य |
| राजादि पदवी | राजा | राजरानी | सेनापति | युवराज | मंत्री | गुप्त मंत्री | प्रेष्य दूत | सेवक | परिचारक |
| वय-वर्ष अवस्था | प्रौढ़ (५०) | युवा | तरुण | कुमार | युवा(३०) | किशोर | वृद्ध(१००) | अतिवृद्ध | अतिवृद्ध |
| रंग | पाटल | गौर | रक्तगौर | दूर्वाश्याम | गौर-पीत | श्वेत-श्याम | नील | कृष्ण | धूम्र |
| ह्रस्वदीर्घ | ह्रस्व | ह्रस्व | ह्रस्व | ह्रस्व | दीर्घ | ह्रस्व | दीर्घ | दीर्घ | दीर्घ |
| विद्या | वैद्यक | ज्योतिष | शस्त्र | शिल्प | व्याकरण | संगीत | यावनी वि. | गारुड़ी | गुप्त-तंत्र |
| भाग्योदय-वर्ष | २२ | २४ | २८ | ३२ | १६ | २५ | ३६ | ४२ | ४८ |

| ग्रह चिन्ह | सूर्य | चन्द्र | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि | राहु | केतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नशा व गोचर फल काल | प्रथम भाग | अन्त्य | प्रथम भाग | सर्वदा | मध्य | मध्य | अन्त्य | ...... | ...... |
| कारक | पिता | माता | बन्धु, पितृव्य | मामा, बुद्धि वाणी | पुत्र, बुद्धि ज्ञान, धर्म | स्त्री | दूत, भृत्य दारिद्रय | दादा, शत्रु | नाना |
| कारक भाव | १,९,१० | ४ | ३, ६ | ४, १० | २,५,९,१० | ७ | ६,८,१० | ...... | ...... |
| हर्ष-स्थान | ९ | ३ | ६ | १ | ११ | ५ | १२ | ...... | ...... |
| तत्व | अग्नि | जल | अग्नि | पृथ्वी | आका.तेज | जल | वायु | जल-वायु | तेज |
| गुण | सत्व | सत्व | तामस | राजस | सत्व | राजस | तामस | अति तामस | किंचित तामस |
| धात्वादि | मूल | जीव | धातु | मिश्रण | जीव | मूल | मूल | धातु | धातु |
| रस | तिक्त | क्षार | कटु | मिश्र | मधुर | अम्ल, खट्टा | कशायकसे | तीखा | नीरस फीका |
| धातु | सुवर्ण | रौप्य | लोहा | यशद | बंग | ताम्र | नाग | पञ्चधातु | अष्टधातु |
| वस्त्र | मोटा | नवीन | अग्नि-दग्ध | आर्द्र | मध्यम | दृढ़ | मलिन | चित्र-विचित्र | जीर्ण-शीर्ण |
| काल-बल | मध्याह्न | अपराह्न | मध्याह्न | प्रातः | प्रातः | अपराह्न | संध्या | संध्या | संध्या |
| पाद | चतुष्पद | बहुपद | चतुष्पद | द्विपद | द्विपद | द्विपद | भुजंगअपद | अपद | अपद |
| भूमि | पशुभूमि | जलभूमि | दग्ध | श्मशान | सुरालय | जलभूमि | उत्कट | ऊषर | ऊषर |
| स्थान | वन | जल | वन | ग्राम | ग्राम | ग्राम | सन्धि | विवर | विवर |
| शरीर-धातु | अस्थि | रुधिर | मज्जमांस | चर्म त्वचा | मेद | वीर्य-ओज | स्नायु | ...... | रस |
| पित्तादि प्रकृति | पित्त | श्लेष्मा | पित्त | समधातु | समधातु | कफ | वात | वात | वात |
| रोग | नेत्र रोग | नेत्र-पीड़ा | रक्त | त्रिदोष | ज्वर | वीर्य-रोग | वातव्याधि | अस्थि-रोग | अस्थि-रोग |
| ऋतु | ग्रीष्म | वर्षा | ग्रीष्म | शरद | हेमन्त | वसन्त | शिशिर | शिशिर | शिशिर |
| दृष्टि | ऊर्ध्व | सम | ऊर्ध्व | तिर्यक | सम | तिर्यक | अधो. | अधो | अधो |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS





संभावित है। ता॰ १४ से १८ तक टाटा पावर, टिस्को, टेल्को, बालाजी टेलीफिल्म, मल्टी मीड़िया, रिलायंस इन्ड, इन्डो गोल्फ, लारसन एण्ड टुब्रो, हिन्ड़ालको बजाज ऑटो, दूरसंचार, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, सिमेन्ट, सत्यम् कम्प्यूटर ,हन्यूजस सॉफटवेयर, इनफोटेक-इन्टेरफोट, रोल्टा, इण्ड़िया, बिप्रो, निट, हिन्दुस्तान लीवर कंपनियों में अच्छी चाल निकलने की संभावना बनेगी। यदि बाजार प्रभावित नहीं हुआ तो आगामी २५ ता॰ तक बाजार तेजी में रहना चाहिये। इसके बाद ता॰ २५ से एकतरफा मंदी की ओर चला जायेगा। यह सिलसिला ता॰ ३० तक जारी रहेगा।

**मई :-** मासारम्भ में सूर्य-बुध मेष में, राहु वृष में, शनि मिथुन में, गुरु कर्क में, केतु वृश्चिक में, मंगल मकर में, शुक्र मिथुन में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता॰ ११ को शुक्र मेष में, ता॰ १५ को सूर्य वृष में, ता॰ १६ को बुध पूरब में उदय होगा। ता॰ २२ को बुध मार्गी होगा। फलत: ता: १ को अश्विनी नक्षत्र में बाजार खुलेगा। ता॰ १ से २ तक बाजार अश्विनी और भरणी नक्षत्र में रहेगा। अत: इसके अनुसार इसकी धारणा कभी मंदी तो कभी तेजी की ओर रहेगी। ता॰ ५ से ९ तक अचानक गिरता नजर आयेगा। कम्प्यूटर, साफ्टवेयर, फार्मा, मीडिया आदि के शेयरों में विशेष गिरावटपरिलक्षित होगी। ता॰ १२ से १६ तक उ॰फा॰ नक्षत्र शेयर बाजार में बाजार की चमक लौटना प्रारम्भ कर देगा। जो ता॰ २२ तक तेजी लगातार कायम रह सकती है। दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रौद्यौगिकी क्षेत्र की कंपनीयाँ गुजरात अंबुजा सिमेन्ट, ए॰ सी॰ सी॰, लारसन एण्ड टुब्रो, डा॰ रेडी लैब, रैनब्रेक्सी, सनफार्मा, टाटा इन्फोटेक, सत्यम् कम्पयूटर, स्टेरलाइट, बी॰ इ॰ एल॰, इन्फोसीस नोवारटीस, ओरिएंटल बैंक, ऑटोमोबाइल, पॉवर, पेट्रोरसायन, कोडेक इण्डिया, एवान्टिस फार्मा, युनीफेम लैब आदि कंपनियों के शेयरों में। इसके बाद बाजार उतार-चढ़ाव पूर्ण लगातार गिरता नजर आयेगा।

**जून :-** मासारम्भ में सूर्य- राहु वृष राशि में, चंद्रमा- शनि मिथुन राशि में, वृहस्पति कर्क राशि में, केतु वृश्चिक राशि में, मंगल मकर राशि में, शुक्र- बुध मेष राशि में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता॰ ५ को शुक्र वृष राशि में, इसी ता॰ को मंगल कुम्भ में, ता॰ ६ को शनि अस्त होगा। ता॰ ८ को बुध वृष में, ता॰ १५ को सूर्य मिथुन में, ता॰ २४ को बुध पूरब में अस्त होगा। ता॰ २६ को बुध मिथुन में, ता॰ २९ को शुक्र भी मिथुन में स्थान परिवर्तित करेगा। ता॰ २ को आद्रा नक्षत्र में बाजार खुलते ही बाजार में अचानक गिरावट दिखाई पड़ सकती है। ता॰ ३ से ६ तक बाजार में अचानक तेजी दिख पड़ेगी जिसमें तेजी का चांस बन सकता है। वह है कम्प्यूटर टेलीकाम फार्मा, वित्तीय संस्थाओं, बालाजी टेली फिल्मस, पेन्टामीडिया ,हिन्दुस्तान लिवर, टाटा पॉवर, पेट्रोरसायन जबकि ता॰ ६ को शनि अस्त होने से सीमेन्ट, भारी इंजिनियरिंग, ऑटोमोबाइल्स आदि के शेयरों में गिरावट परिलक्षित होगी। ता॰ ९ से १३ तक बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। फार्मा, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रौद्यौगिकी क्षेत्र की कंपनियों, सत्यम् कम्प्यूटर, विप्रो, स्टारलाइट, रोल्टा, इन्फोसीस टेक्नोलॉजी, उपभोक्ता उत्पाद तथा टेलीकॉम कंपनियो के शेयरों में अचानक तेजी क्षणिक समय में ही कुछ लाभ दे सकती है। परन्तु ध्यान रखें बाजार टिकेगा नहीं। जितना ऊँचा उठेगा उससे ज्यादा नीचे गिरेगा। ता॰ १६ से २० तक बाजार में पेट्रोरसायन, मीडिया सेक्टर ,टेलीकाम सेक्टर, रिलायंस, पेन्टामीडिया, बालाजी, जी॰ टी॰ वी॰, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, हिन्दुजा फाइनेन्स, बैंक ऑफ बड़ौदा, एस॰ बी॰ आइ॰, एच॰ डी॰ एफ॰ सी॰, मेसरवेयर, डिजीटल, ग्लोबल, सॉफ्ट, रोल्टा, इन्फोसीस टेक्नोलॉजी, एच॰ सी॰ टेक्नालॉजी, इन्फोटेक, इन्टरफोर आदि कंपनियो। के शेयरों में तेजी मंदी में फँसकर अंत में तेजी का स्तर दिखा सकती है। बाजार में जिस दिन तेजी दिखे उस दिन सौदा काट कर निकल जायें। ता॰ २३ से २७ तक के बीच ता॰ २४ को बुध अस्त होने से नई पुरानी अर्थव्यवस्थाओं, कम्पयूटर सॉफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की कंपनियां तथा फार्मा आदि कंपनियों के शेयरों के भाव तेजी से गिरना प्रारंभ कर सकता है जिसके कारण निवेशकों को नुकसान होने की आशंका है। यह मंदी का सिलसिला मास के अंत तक चलना चाहिये।

**जुलाई :-** मासारम्भ में सूर्य- शुक्र- बुध- शनि मिथुन राशि में , वृहस्पति कर्क राशि में, केतु वृश्चिक राशि में, मंगल कुम्भ राशि में, राहु वृष में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता॰ १० को बुध कर्क में तथा ११ को शनि उदय होगा। ता॰ १६ को सूर्य कर्क में, इसी ता॰ को बुध पश्चिम में उदय होगा। ता॰ २४ को शुक्र कर्क में, ता॰ २६ को बुध सिंह में, ता॰ २७ को शुक्र अस्त होगा। ता॰ ३० को गुरू सिंह में स्थान परिवर्तन करेगा। इस माह में पांच रविवार शेयर बाजार के लिये शुभाशुभ कारक हैं। ता॰ १ से ४ तक शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव पूर्ण तेजी का माहौल रहेगा। ज्यादा तौर पर बजाज ऑटो, हीरो होन्डा , टी॰ वी॰ एस॰ सुजुकी, ऑटो कार जीप, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, आइ॰ टी॰ सी॰, एच॰ सी॰ एल॰, इन्फोसीस, डिजीटल, ग्लोबल, सॉफ्ट ,जी॰ टी॰ एल॰ लिमिटेड, हयुजस, सॉफटवेयर, इन्फोसीस टेक्नोलॉजी, विप्रो, सत्यम्, हिन्दुस्तान लीवर, पुरानी अर्थव्यवस्थाओं में कुछ तेजी धीरे धीरे दिख पड़ेगी। ता॰ ७ से ११ तक गुजरात अंबुजा सीमेन्ट, ए॰ सी॰ सी॰, मद्रास सीमेन्ट, एच॰ एम॰ टी॰, रिलांयस इन्ड, टिस्को टेल्को, बालाजी टेलीफिल्मस, मल्टीमीडिया, जी टी॰ वी॰, सिपला, डाबर, रैनबैक्सी, डा॰ रेडी लैब, ग्लॉक्सी, टाटा पॉवर, मोबाइल आदि शेयरों में तेजी की चाल निकले तो खरीदना अल्प समय में लाभदायक बन सकता है। ता॰ १४ से २५ तक शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों के रुझान से दूरसंचार, मीडिया ,सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की कंपनियां सत्यम्, निट, रोल्टा, विप्रो, मास्टेक, लिमिटेड, इन्फोटेक, इंटरफोर्ट, इन्फोसीस, टेक्नोलॉजी, हयुजस, साफटवेयर, एच॰ सी॰ टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल, मल्टीमीडिया, रिलांयस इन्ड, डा॰ रेडी लैब, ग्लैक्सी, सन फामा, लार्सन एण्ड टुब्रो, पेट्रो रसायन आदि कंपनियों के शेयरों में तेजी संभावित है। किसी भी हालत में ता: २५ तक जिस दिन विशेष तेजी देखें अवश्य काट लें। ता॰ २८ से ३१ तक बाजार अलोकप्रिय अफवाहों अथवा राजनैतिक घटनाचक्र के कारण लगातार गिरता नजर आयेगा।

**अगस्त :-** मास आरम्भ में सूर्य-शुक्र कर्क में, बुध-वृहस्पति सिंह में, केतु वृश्चिक में, मंगल कुम्भ में, राहु वृष में, शनि मिथुन में भ्रमणशील रहेगा जबकि ता॰ १० को गुरु अस्त होगा, ता॰ १४ को मंगल वक्री होगा, ता॰ १७ को सूर्य सिंह में, इसी ता॰ को शुक्र सिंह में, ता॰ २१ को बुध कन्या में, ता॰ २६ को बुध वक्री होगा। फलत: ता. १ को पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में बाजार खुलेगा जिसके कारण बाजार में स्थिरता की स्थिति दिखाई देगी। दूरसंचार व उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा तथा सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनियों में अच्छी चाल निकलने की संभावना बनेगी। ता॰ ४ से ८ तक अचानक ही तेजी का रूख बनता दिखाई दे सकता है। इस सप्ताह रिलांयस समूह, लार्सन एण्ड टुब्रो, इंफोसीस, बी॰ एफ॰ एल॰ ,साफ्टवेयर, एच॰ सी॰ एल॰, इंफोसीस सिस्टम, मास्टेक, निट, सत्यम्, टाटा, इन्फोटेक, विप्रो, सॉफटवेयर सोलुसन, एच॰ एफ॰ सी॰, आई॰ सी॰ आई॰, एस॰ बी॰ आई॰, हिन्दुस्तान पेट्रो तथा मल्टीमीडिया, बालाजी टेली, जी॰ टी॰ वी॰ आदि कंपनियों में विशेष तेजी बन सकती है। परन्तु ध्यान रखें तेजी देखते ही इसी सप्ताह में सौदा अवश्य काट लें। ता॰ ११ को उत्तराषाढा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। बाजार खुलने से पहले ता॰ १० को ही वृहस्पती अस्त हो गया है। जिसका कुप्रभाव शेयर बाजार पर ता॰ ११ से १४ तक निश्चित पड़ेगा। बाजार का रुख अनिश्चित होना शुरू हो जाएगा और मन्दी का झटका लगना भी प्रारम्भ हो जाएगा। पुन: ता॰ १४ को मंगल वक्री होगा जिसमें ता॰ १५ से लेकर २५ तक एक तरफा तेजी रहना चाहिए। इन ता॰ में सॉफ्टवेयर-टेलीकाम, पेट्रो रसायन, सीमेन्ट, फर्मा तथा नयी पुरानी अर्थव्यवस्थाओं, मल्टीमीडिया, इन्फोसीस तथा टाटा पॉवर, ऑटोमोबाइल आदि के शेयरों में अच्छी तेजी का वातावरण दिखाई दे सकता है। पुन: ता॰ २६ से बाजार अचानक बुध वक्री होने से नयी पुरानी अर्थव्यवस्थाओं, कम्प्यूटर, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रौद्यौगिकी क्षेत्र की कंपनीयों तथा फार्मा आदि कंपनीयों के शेयर ता॰ २६ से २९ तक के बीच तेज रफ्तार वाले शेयरो। में जमकर घटा बढ़ी होगी। हो सकता है इन समयों में विदेशी निवेशक बिकवाल बन जायें। जिससे शेयर बाजार गिरता नजर आये। बाजार पर नजरअंदाज करते हुये सौदा करना या काटना बुद्धिमानी होगा।

**सितंबर :-** मासारंभ में शुक्र-सूर्य-बुध सिंह में, बुध कन्या में, केतु वृश्चिक में, मंगल कुम्भ में, राहु वृष में, शनि मिथुन में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता॰ ३ को गुरु पूर्व में उदय होगा। ता॰ ४ को बुध पश्चिम में अस्त होगा, इसी ता॰ को बुध सिंह में, ता॰ ५ को राहु में, इसी ता॰ को केतु तुला में, ता॰ १० को शुक्र कन्या में, ता॰ १४ मंगल मार्गी होगा। ता॰ १७ को सूर्य कन्या में, इसी ता॰ को बुध पूरब में उदय होगा। ता॰ २० को बुध मार्गी होगा फलत: ता॰ १ से ३ तक बाजार शुरुआती दिनों में तेजी में

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

# सन् २००३ ई. में शेयर बाजार की तेजी मंदी समीक्षा

लेखक-प्रख्यात ज्योतिषाचार्य, आचार्य पं॰ टुनटुन शास्त्री, करौंदी पो॰ - सरॉव (नटवार) रोहतास (बिहार)-८०२२१८

शेयर बाजारों पर ग्रह नक्षत्रों की युति, प्रतियुति, उदय, अस्त, मार्गी, वक्री, नक्षत्रों के परिवर्तन का असर अवश्य ही पड़ता है। जिनके अधार पर शेयर बाजारों को ८० प्रतिशत तक सही रूप में आंकलन करना संभव हो सकता है। मेरे मत में यह मानना ही उचित होता है कि शेयर बाजार में कारोबार करते समय देश काल, राजनैतिक उठा पटक, प्राकृतिक उपद्रव, अज्ञात अफवाहों के अतिरिक्त ग्रह नक्षत्रों को भी आधार बनाकर चलना भी सफल व्यापार की कुंजी है। जो शेयर बाजार में होने वाले तेजी- मंदी परिवर्तनों का संकेत है।

**जनवरी :-** मासारम्भ में सूर्य धनु में, बुध, नेप्च्यून मकर में, हर्षल कुम्भ में, राहु बृष में, शनि मिथुन में, गुरु कर्क में , मंगल तुला में, शुक्र-केतु-प्लूटो में भ्रमणशील रहेंगे। जबकि ता॰ १ को शुक्र वृश्चिक में, ता॰ ३ को बुध वक्री होगा तथा ता॰ ५ को पश्चिम में अस्त होगा। ता॰ ७ को मंगल वृश्चिक में, ता॰ ८ को शनि वृष में, ता॰ १० को बुध धनु में, ता॰ १४ को सूर्य मकर में, ता॰ १७ को बुध पुनः पूर्व में उदय होगा। ता॰ २३ को बुध मार्गी होगा, ता॰ २९ को शुक्र धनु में भ्रमणशील रहेगा। ता॰ १ को ज्येष्ठा नक्षत्र में बाजार खुलेगा फलतः ता॰ १ से ३ तक खासी तेजी का रुख दिलायेगा तथा तेजी उफान पर रहेगी। इन समयों में कम्पयुटर साफटवेयर, मीडिया सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी ऑटो मोबाइल फार्मा तथा पॉवर आदि की कंपनीयों में अच्छी चाल बनेगी। ता॰ ३ तक हर हाल में सौदा कर लेना बुद्धिमानी होगा। ता॰ ६ को धनिष्ठा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। बाजार खुलने से पहले ता॰ ५ को बुध पश्चिम में अस्त हो जायेगा। फलतः ता॰ ६ से १० तक कारोबार प्रारंभ होते ही शेयर मूल्यों में अच्छें खासे ऊपर-नीचे के परिवर्तन दिख सकते हैं। कम्पयूटर में विप्रो. सत्यम्, निट, रोल्टा, इन्फोटेक, इन्फोसीस साफटवेयर, दूरसंचार, मीडीया, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की कंपनीयों तथा फार्मा कंपनीयों में सर्वाधिक उथल-पुथल हो सकती है। पॉवर स्टील, ऑटोमोबाइल रिलायंस इन्ड, उपभोक्ता उत्पाद तथा पेट्रोरसायन के शेयरों में तेजी-मंदी फंसकर अंत में तेजी का स्तर दिखा सकती हैं। कुल मिलाकर मंदी का सौदा कम्पयुटर फार्मा, नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं, सीमेन्ट आदि में किया जा सकता है। ता॰ १३ को भरणी नक्षत्र में बाजार खुलेगा, १३ से १७ तक में प्रारंभ में हल्की मंदी की जकड़ में बाजार दिख पड़ेगा। धीरे-धीरे बाजार मीडिया वित्तीय संस्थाओं सीमेन्ट, ऑटोमोबाइल फार्मा, पॉवर उपभोक्ता उत्पाद की कंपनी के शेयरों में इस सप्ताह के मध्य में फिर से चाल बनने की आशा है। जिस दिन व्यापार गिरे उस दिन कम्पयूटर साफटवेयर, बालाजी टेली, मल्टीमीडिया, जी, टेलीफिल्म, हिन्दुस्तान लीवर, सिपला, गलोक्सी, डाबर डा॰ रेड्डी लैब, रैनबैक्सी, लारसन एण्ड टुब्रो तथा दूरसंचार कंपनीयों के शेयरों में सौदा अवश्य कर लें लाभकारी होगा। ता॰ २० को अश्लेषा नक्षत्र में बाजार खुलेगा फलतः ता॰ २० से २४ तक दूरसंचार मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी के कंपनीयों, हिमाचल सत्यम् कम्पयूटर, रोल्टा, विप्रो, इन्फोसीस, टेक्नोलॉजी इन्फोटेक, डीजिटल, ग्लोबल, सॉफट, हयुजेस, सॉफटवेयर, बजाज ऑटो, हीरो होन्डा, टी॰ वी॰ एस॰ सुजकी, हल्का एवं भारी वाहन , सिमेन्ट, आई टी सी आदि कंपनीयों के शेयरों में धीरे-धीरे तेजी जोर पकडेंगी। उपरोक्त कंपनीयों के शेयरों में अच्छी चाल निकलने की संभावना बनेगी। ऐसा होने पर ता॰ ३१ तक इनमें तेजी की लाइन चलती रहने की संभावना है।

**फरवरी :-** मासारंभ में सूर्य-चन्द्रमा-नेप्च्यून मकर में, हर्शल कुंभ में, राहु-शनि वृष में, गुरु कर्क में, मंगल-केतु-प्लेटो वृश्चिक में, शुक्र-बुध धनु में भ्रमणशील रहेगा जबकि ता॰ ८ को बुध मकर में, ता॰ १२ को सूर्य कुंभ में, ता॰ २१ को शनि मार्गी होगा। ता॰ २३ को मंगल धनु में, ता॰ २५ को शुक्र मकर में स्थान परिवर्तन करेगा। ता॰ ३ को शतभिषा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। बाजार खुलते ही असमंजस की स्थिति रहेगी। पुनः ता॰ ४ से ७ तक जी टीवी, बालाजी टेलीफिल्म, मल्टीमीडिया, एच डी एफ सी, आई॰ सी॰ आई॰ सी॰ आई॰, यू॰ टी॰ आई॰, एस॰ बी॰ आई॰, नेशले इण्डीया, कॉस्ट्रल, आई॰ बी॰ पी॰ कं॰, ऐशियन पेन्ट, टाटा पॉवर, हिन्दुस्तान लिवर, सिपला, डा॰ रेडी लैब, रैनबैक्सी, डाबर, हिमाचल फायु, विदेश संचार निगम, अंबुजा सिमेन्ट, ए॰ सी॰ सी॰, मेसर बेयर, एच॰ सी॰ एल॰, इनफोसीस, सिस्टम, डिजीटल, ग्लोबल, सॉफट, हंयुजस सॉफटवेयर, विप्रो, निट, रोल्टा आदि के शेयरों में तेजी की चाल बनती दिखाई दे सकती है। यदि इन शेयरों में तेजी की चाल निकले तो उसी के साथ आचरण करते हुये उन्हे खरीदना आगामी अल्प समय में लाभदायक बन सकता है। यह सिलसिला कम से कम ता॰ २० तक चलना चाहिये। ता॰ २४-२५ को बाजार में स्थिरता की स्थिति दिखाई देगी। दूरसंचार व उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा तथा पेट्रो रसायन कंपनीयों में एकाएक अचानक क्षणिक अच्छी चाल निकलने की संभावना बनेगी।

**मार्च :-** मासारम्भ में सूर्य-बुध-हर्शल-चंद्रमा कुंभ में, शनि -राहु वृष में, गुरु कर्क में, प्लेटो-केतु वृश्चिक में, मंगल धनु में, शुक्र-नेप्चयून मकर में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता॰ १ को बुध कुम्भ में , ता॰ ६ को बुध पूर्व में अस्त होगा। ता॰ १४ को सूर्य मीन में, ता॰ १७ को शुक्र धनु में, ता॰ १८ को बुध मीन में, ता॰ २२ को शुक्र कुम्भ में स्थान परिवर्तन करेगा। ता॰ ३ को शतभिषा नक्षत्र में बाजार खुलेगा फलतः ता॰ ३ से ७ तक में ओ॰ एन॰ जी॰ सी॰, विप्रो, सत्यम, एच॰ सी॰ एल॰ टेक्नोलॉजी, कोटक, महेन्द्रा, हिन्दुजा फाईनेन्स, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक, पेंटा मीडिया, बालाजी टेलीफिल्म, आई॰ टी॰ सी॰, मद्रास सीमेन्ट, रिलांयस इन्ड., टाटा पॉवर, इनफोटेक, कंपनी जेनिसीस इन्टरनेशनल कॉरपोरेशन, पोलारिस सॉफट, केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स, बजाज ऑटो, स्यारलाइट, इण्डियन ऑयल आदि कंपनियों के शेयरों में अच्छी चाल निकलने की संभावना बनेगी। इसके बाद ता॰ ६ को बुध अस्त होने से दो दिनों तक कम्प्यूटर, फार्मा, दूरसंचार, मीडिया, नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में बाजार आँधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता॰ १० को रोहिणी नक्षत्र में बाजार खुलेगा। फलतः ता॰ १० से १४ तक बाजार का रुख अनिश्चित होना शुरू हो जाएगा और मंदी का झटका लगना भी प्रारम्भ हो जाएगा। अतः अनिश्चित बाजार में काम करना उचित नहीं रहेगा। ता॰ १७ को मघा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। फलतः ता॰ १७ से २१ तक किसी आलोकप्रिय घटना या अफवाह के कारण बाजार में सभी बिकवाल नजर आएंगे। ता॰ २४ को ज्येष्ठा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। बाजार खुलते ही तेजी से गिरना प्रारम्भ कर सकता है। जिसके कारण निवेशकों को नुकसान होने की भी आशंका हो सकती है। इस दिन कम्प्यूटर, सॉफटवेयर, मीडिया फार्मा तथा अर्थजगत की कंपनियों में तेजी से गिरावट दिख पड़ेगी। ता॰ २५ से ३१ तक बाजार का वातावरण अनिश्चय की स्थिति में बना रहेगा। बाजार में जब भी तेजी का माहौल बनेगा किसी न किसी कारण से बाजार टूटता नजर आएगा।

**अप्रैल :-** मासारम्भ में सूर्य-बुध-चंद्रमा मीन में, राहु-शनि वृष में, गुरु कर्क में, केतु-प्लेटो वृश्चिक में, मंगल-धनु में, नेप्च्यून मकर में, हर्शल-शुक्र कुम्भ में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता॰ १ को गुरु मार्गी होगा, ता॰ २ को बुध मेष में, ता॰ ४ को बुध पश्चिम में उदय होगा। ता॰ ७ को शनि मिथुन में, ता॰ ११ को मंगल मकर में, ता॰ १४ को सूर्य मेष में, ता॰ १६ को शुक्र मीन में, ता॰ २५ को बुध वक्री होगा। ता॰ २७ को बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता॰ १ को उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में बाजार खुलेगा। फलतः ता॰ १ से ४ तक उतार-चढाव के मध्य एल॰ एण्ड॰ टी॰, एस॰ एस॰ आई लिमिटेड, रिलायंस इन्ड, मल्टी मीडिया, बालाजी टेलीफिल्म, जी॰ टी॰ वी॰ पेन्टा मीडिया, एच॰ डी॰ एफ॰ सी॰, आई॰ सी॰ आई॰ सी॰ आई॰, एस॰ बी॰ आई॰, बैंक ऑफ बड़ौदा, हीरो-होन्डा, टी॰ वी॰ एस॰ सुजुकी, टिस्को टेल्को, ग्लॉक्सी इण्डिया, सनफार्मा, रैनबेक्सी, डॉबर, डॉ॰ रेडी लैब, पेट्रोरसायन, एविन्टर्स फार्मा, युनीकेम लैब, इन्फोटेक के शेयरों में एक बार अच्छी खासी तेजी देखने की स्थिति प्रतीत हो रही है। ता॰ ७ को रोहिणी नक्षत्र में बाजार खुलेगा। फलतः ता॰ ७ से ११ तक रिलायंस, विप्रो, इनफोसिस, बाला जी टेलीफिल्म, एच॰ सी॰ एल॰ टेक्नोलौजी, हिमांचल फयू, विदेश संचार निगम, इण्डियन-ऑयल, टाय पावर, रैनबैक्सी, डॉ॰ रेड्डी लैब, स्टेरलाइट, एशियन पेन्ट, हिन्दुजा ग्रुप, यूनिकेम लैब, एवॉन्टिस फार्मा, कोडेक इण्डिया आदि के शेयरों में तेजी



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS


# अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष

**जनवरी १, १०, १९, २८** को जन्मे व्यक्तियों के लिए १०, १९, २८, ३७, ४६, ५५, ६४, ७३वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ४, १३, २२, ३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६वें वर्ष भी महत्पवूर्ण होते हैं। इनका १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जनवरी २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७०वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका २, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से स्नेह होता है। **जनवरी ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के ३, ८, १२, १७, २१, २६, ३०, ३५, ३९, ४४, ४८, ५३, ५७, ६२, ६६वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है। **जनवरी ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होगा। **जनवरी ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ तथा १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ५, १४, २३ तिथि को जन्मे व्यक्तियों से आकर्षण होता है। **जनवरी ६, १५, २४** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९ विशिष्ट होते हैं तथा ६, १५, २४ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जनवरी ७, १६, २५** में जन्मे व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्व के होते हैं। २, ७, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से इनका लगाव होता है। **जनवरी ८, १७, २६** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीखों में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जनवरी ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के लिए ९, ८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१, ९०वें वर्ष उत्कर्ष के होते हैं तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २७, ३० तारीख में जन्मे लोगों से आकर्षण होता है।

**फरवरी १, १०, १९, २८** को जन्मे व्यक्तियों के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं और १, ३, ४, १०, १२, १३, १९, २१, २२, २८, ३०, ३१ तारीखों में जन्मे व्यक्तियों से इनका लगाव होता है। **फरवरी २, ११, २०, २९** में जन्मे व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति आकर्षण अनुभव करते हैं। **फरवरी ३, १२, २१** को जन्मे व्यक्तियों के ३, १२, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५वें वर्ष उत्कृष्ट होते हैं। ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति इनका लगाव होता है। **फरवरी ४, १३, २२** को जन्मे लोगों के मुख्य वर्ष १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ और ७६ हैं। १, ४, ८, १०, १३, १७, १९, २२, २६, २८, ३१ तारीख को जन्मे लोगों से गहरा आकर्षण होगा। **फरवरी ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७ वर्ष महत्वपूर्ण हैं। दिनांक ५, १४, २३ को जन्मे व्यक्तियों से गहरा लगाव होगा। **फरवरी ६, १५, २४** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६८, ८७वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ६, १५, २४, तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **फरवरी ७, १६, २५** को जन्मे व्यक्तियों के लिए जीवन के २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२,५६, ६१, ६५ तथा ७० वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। इनके लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ में उत्पन्न लोग विशेष आकर्षण का कारण होते हैं। **फरवरी ८, १७, २६** इनके लिए ४, ८, १३,१७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीख में जन्मे लोगों से इनका गहरा लगाव होता है। **फरवरी ९, १८, २७** ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ इनके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष होते हैं तथा ९, १८ तारीख को जन्मे लोगों का ८, ९, १७, १८, २६, २७ तारीख वालों की ओर तथा २७ को जन्मे लोगों का ३, ९, १२, १८, २१, २७ तारीख में जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है।

**मार्च १, १०, १९, २८** में जन्मे लोगों के जीवन के १, ३, ४, १०, १२, १३, १९, २१, २२, २८, ३०, ३१, ३७, ३९, ४०, ४८, ४९, ५०, ५७, ५८, ६४, ६६, ६७, ७३ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **मार्च २, ११, २०, २९** में जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष २, ११, २०, २९, ३८, ४७, ५६, ६५, ७४ तथा ७, १६, २५, ३४, ४३, ५२, ६१, ७० हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ३, १२, २१, ३०** में जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ३, १२, २१, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५ होते हैं तथा तारीख ३, ६, ९, १२, १५, २१, २४, २७, ३० में जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष १, ४, १०, १३, १९, २३, २८, ३१, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ हैं और १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में पैदा हुए लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ होते हैं और ३, १२, २१, ३० तारीख में जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **मार्च ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६० तथा ७८ होते हैं तथा ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीखों में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **मार्च ८, १७, २६** में जन्मे लोगों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६७, ७१, ७६ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ३, ४, ८, १२, १३, १७, २१, २२, २६, ३०, ३१ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **मार्च ९, १८, २७** में जन्मे लोगों के जीवन के ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तथा १, १०, १९, २८ मार्च में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है।

**अप्रैल १, १०, १९, २८** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ९, १०, १८, १९, २७, २८, ३६, ३७, ४५, ४६, ५४, ६४, ७२, ७३ होते हैं तथा १, ४, ८, ९, १०, १३, १७, १८, १९, २२, २६, २७, २८, ३१ तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण लखते हैं। **अप्रैल २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के २, ७, ९, ११, १६, १८, २०, २५, २७, २९, ३४, ३६, ३८, ४३, ४५, ५२, ५४, ६१, ६३, ७०, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। **अप्रैल ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३०, ३३, ३६, ३९, ४२, ४५, ४८, ५१, ५४, ५७, ६०, ६३, ६६, ६९ होते हैं तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल ४, १३, २२** में जन्मे लोगों को जीवन के ४, ८, १३, १९, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६९ वर्ष विशेष महत्व के होते हैं तथा ४, ८, १३, २२, २६ तथा ३१ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। **अप्रैल ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८, ७२ हैं। इनका ५, १४, २३ तारीख को जन्मे व्यक्तियों विशेष आकर्षण होता है। **अप्रैल ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के लिए जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८, ७२ होते हैं तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अप्रैल ७, १६, २५** जन्मदिन वाले लोगों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल ८, १७, २६** जन्म तिथि वाले लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ४, ८, १३, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७६ होते हैं। ये ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **अप्रैल ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ होते हैं। १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है।

| मं | १ | ० | १८ | रा | २ | ४ | २४ | बृ | २ | ६ | १२ |

| बुध दशा वर्ष १७ | | | | केतु दशा वर्ष ७ | | | | शुक्र दशा वर्ष २० | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्ले. ज्ये. रे. तन्मध्येऽन्तरम् | | | | म. मू. अश्वि . तन्मध्येऽन्तरम् | | | | पू.फा. पू.षा. भ. तन्मध्येऽन्तरम् | | | |
| ग्रह | व. | मा. | दि. | ग्रह | व. | मा. | दि. | ग्रह | व. | मा. | दि. |
| बु | २ | ४ | २७ | के | ० | ४ | २७ | शु. | ३ | ४ | ० |
| के | ० | ११ | २७ | शु | १ | २ | ० | र | १ | ० | ० |
| शु | २ | ५० | ० | र | ० | ४ | ६ | चं | १ | ८ | ० |
| र | ० | १० | ६ | चं | ० | ७ | ० | मं | १ | २ | ० |
| चं | १ | ५ | ० | मं | ० | ४ | २७ | रा | ३ | ० | ० |
| मं | ० | ११ | २७ | रा | १ | ० | १८ | बृ | २ | ८ | ० |
| रा | २ | ६ | १८ | बृ | ० | ११ | ६ | श | ३ | २ | ० |
| बृ | २ | ३ | ६ | श | १ | १ | ९ | बु | २ | १० | ० |
| श | २ | ८ | ९ | बु | ० | ११ | २७ | के | १ | २ | ० |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# जन्म राशि से ग्रहों के गोचर-फल

| भाव | सूर्य | चन्द्र | मंगल | बुध | बृहस्पति | शुक्र | शनि | राहू | केतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | स्थान नाशः पन्थाः | अन्नलाभः पुष्टिः | भयं, पीड़ा च | बन्धनं | अरिष्टादि भयं | शत्रु नाशः सुखम् | पीड़ा भयं सर्वनाशः | कष्टम् हानिः | हानि रोगभयं |
| द्वितीय | हानिः भयं | धनलाभः सुखं | धन नाशः | धन लाभः | धनादि लाभः | अर्थ लाभः सुखं | धन हानिः शोकः | व्यञ्च नैःस्वं | वित्तनाशः वैरी भयं |
| तृतीय | सुखं श्रीप्राप्तिः | द्रव्याप्तिः सुखं | श्रीप्राप्तिः सुखम् | शत्रुतो भयम् | रोगाप्तिः भयम् | अर्थ लाभः सुखं | अर्थ लाभः सुखं | धन प्राप्ति नैरूज्यं | वृद्धिः सुखलाभः |
| चतुर्थ | माननाशः रोगभयं | रोगदानार्थ सिद्धिः | कष्टम् | वित्तलाभः सुखं | धन हानि व्ययम् | धनागमः | शत्रुवृद्धिः पीड़ा भयं | शोकश्च वैरं | पीड़ा च भीतिः |
| पंचम् | हानि दैन्यं | कार्यनाशः | धन नाशः रुग्भयं | रूक् शोकश्च | लाभः सुखंच | पुत्र लाभः | धनुपुत्रयोर्नाशः | हानिः शोकश्च | शोक, अर्थनाशः |
| षष्ठ | रिपुनाशः सुखं | वित्तलाभः | सुखम् अर्थलाभः | अलाभः स्थिति | रोगः शोकाश्च | शत्रु वृद्धि, पीडाच | सुखं वित्तलाभः | लक्ष्मीप्राप्तिः सुखं | धन लाभः सुखं |
| सप्तम् | गमनं धनहानिः | द्रव्य प्राप्तिः सुखम् | धन नाशः | विग्रह पीड़ा भयं | सम्मान सुखं च | शोकः अतिभयं | दोष पीड़ाभयं | कलहः हानिः | दुर्गतिः पीड़ा च |
| अष्टम् | रोगाप्तिः भयम् | मृत्यु क्लेशभयम् | पापवृद्धि भयम् | धनान्नादि लाभः | मत्युभयं पीड़ा च | विपत्तिः धनक्षयः | शत्रु वृद्धि रोगः | मृत्यु भयं | हानि, पीड़ाभयं |
| नवम् | पापवृद्धिः कान्तिक्षय | राजभयम् | रोगभयम् | धननाशः रुग्भयम् | सुख सम्मानम् | सुखं लाभः | पापं धननाशः | पाप कर्मरतिः | पापदैन्यश्च |
| दशम् | सौख्यं कर्मसिद्धिः | शुभम् सुखम् | शोकः | सुख सुखभोगः | दैन्यम् | धर्म लाभः | वैमत्यम् | वैरी सुखं | शोकश्च भयं |
| एकादश | वित्ताप्तिः सुखं | विविधार्थ लाभः | लाभः सुखप्राप्तिः | शुभ अर्थागमः | सौख्य प्राप्तिः | दुखं धनागमः | सुख वित्तलाभः | वित्तलाभः सुखं | अर्थलाभः सुयशो |
| द्वादश | द्रव्यनाशः पीड़ा | रोगः धन नाशः | रोगः शोकश्च | शोकः धन नाशः | देहे पीड़ा भयं | धनागमः | क्लेशम् अनर्थश्च | पीड़ा च हानिः | वैरश्च पीड़ा |

## घात चक्र

( प्रवास, राज्याधिकारी से मिलने, यात्रा आदि में घात चक्र वर्ज्य करें लेकिन विवाहादि मंगल कार्यों में नहीं )

| राशि | मेष | वृषभ | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घात मास | कार्तिक | मार्गशीर्ष | आषाढ़ | पौष | ज्येष्ठ | भाद्रपद |
| तिथि | १।६।११ | ५।१०।१५ | २।७।१२ | २।७।१२ | ३।८।१३ | ५।१०।१५ |
| वार | रवि | शनि | सोम | बुध | शनि | शनि |
| नक्षत्र | मघा | हस्त | स्वाति | अनुराधा | मूल | श्रवण |
| योग | विष्कुम्भ | शुक्ल | परिघ | व्याघात | धृति | शूल |
| करण | बव | शकुनि | चतुष्पद | नाग | बव | कौलव |
| लग्न | मेष | मिथुन | कन्या | मकर | वृष | सिंह |
| प्रहर | १ | ४ | ३ | १ | १ | १ |
| चन्द्र ( पु. ) | मेष | कन्या | कुम्भ | सिंह | मकर | मिथुन |
| चन्द्र ( स्त्री ) | मेष | धनु | धनु | मीन | वृश्चिक | वृश्चिक |

| राशि | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घात मास | माघ | आश्विन | श्रावण | वैशाख | चैत्र | फाल्गुन |
| तिथि | ४।९।१४ | १।६।११ | ३।८।१३ | ४।९।१४ | ३।८।१३ | ५।१०।१५ |
| वार | बृहस्पति | शुक्र | शुक्र | मंगल | बृहस्पति | शुक्र |
| नक्षत्र | शतभिषा | रेवती | भरणी | रोहिणी | आर्द्रा | आश्लेषा |
| योग | शूल | व्यतिपात | वरीयान | वैधृति | गण्ड | वैधृति |
| करण | तैतिल | गर | तैतिल | शकुनि | किंस्तुघ्न | चतुष्पद |
| लग्न | मीन | मिथुन | सिंह | वृश्चिक | मेष | कर्क |
| प्रहर | ४ | १ | १ | ४ | ३ | ४ |
| चन्द्र ( पु. ) | धनु | वृषभ | मीन | सिंह | धनु | कुम्भ |
| चन्द्र ( स्त्री ) | मीन | धनु | कन्या | वृश्चिक | मिथुन | कुम्भ |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# मुहूर्तादि कार्येषु शुभाशुभ समय विचार

## सूर्यादि वारों में कृत्य

***रविवार में कृत्य—*** राजाभिषेकोत्सवयान-सेवा-गोवह्निमन्त्रौषधिशस्त्रकर्म।
सुवर्णताम्रौर्णिकचर्मकाष्ठसंग्रामपण्यादिखौ विदध्यात्॥

राज्याभिषेक, उत्सव (गाना बजाना), नई सवारी (वायुयान आदि) पर चढ़ना, यात्रा, नौकरी, गाय, बैल आदि पशु क्रय-विक्रय, अग्नि सम्बन्धी कर्म (हवन यज्ञादि), मन्त्रोपदेश, औषधि निर्माण और सेवन, अस्त्र-शस्त्र व्यवहार (युद्धादि), सोना, तांबा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, युद्ध और व्यापार सम्बन्धी सब कार्य रविवार में करने चाहिए।

***सोमवार में कृत्य—*** शंखाब्जमुक्तारजतेक्षुभोज्य स्त्रीवृक्ष कुष्यम्बु विभूषणानि।
गीतक्रतुक्षीर विकारशृङ्गी पुष्पाक्षरारम्भणमिन्दुवारे॥

शंख आदि जलोत्पन्न वस्तु, मुक्ता, चांदी, ऊखरस से उत्पन्न गुड़, चीनी आदि भोज्य पदार्थ, स्त्री-प्रसंग, वृक्ष (बीज) रोपणादि, कृषि कर्म, जल सम्बन्धी कार्य (नहर निकालना, तालाब, कुआं बनाना आदि) वस्त्राभूषण धारण, गीत-नृत्य, यज्ञादि कर्म, दूध, दही, घृत, बर्फ सम्बन्धी, पशु सम्बन्धी, पुष्प तथा अक्षरारम्भ (विद्याध्ययन) सम्बन्धी सभी कार्य सोमवार में करने चाहिए।

***मंगलवार में कृत्य—*** भेदानृतस्तेयविषाग्निशस्त्रवधानि-धाताहवशाठ्यदम्भात्।
सेनानिवेशाकरधातुहेम प्रबालकार्यादि कुजे हि कुर्यात्॥

चुगलखोरी, चोरी, विष सम्बन्धी, अग्नि सम्बन्धी, शस्त्रघात, बन्धन, संग्राम (लड़ाई शुरू), शठता, दम्भ-पाखण्ड, सेना सम्बन्धी, खान धातु सोना तथा मूंगा आदि सम्बन्धी सभी कार्य मंगलवार में करने चाहिए।

***बुधवार में कृत्य—*** नैपुण्य-पण्याध्ययनं कलाश्च-शिल्पादि सेवालिपिलेखनानि।
धातुक्रिया काञ्चनयुक्तिसन्धि-व्यायामवादाश्च बुधेविधेया:॥

ट्रेनिंग, व्यापार, अध्ययन, कला कौशल, शिल्प, खेलकूद, चित्रकारी, धातु सम्बन्धी सोना, कांसा, पीतल आदि, सन्धि समझौता, व्यायाम, वाद-विवाद, नौकरी प्रवेशादि कार्य बुधवार में करने चाहिए।

***गुरुवार में कृत्य—*** धर्मक्रिया पौष्टिककर्म यज्ञ-माङ्गल्यहेमाम्बरवेश्मयात्रा:।
रथाश्वभैषज्यविभूषणाद्यं कार्य विदध्यात् सुरमन्त्रिणोऽह्नि॥

धर्मानुष्ठानादि कर्म, पौष्टिक (स्वास्थ्य), यज्ञ, विद्याध्ययन, मंगलोत्सव, सोना सम्बन्धी गृहकर्म, वस्त्राभूषण, यात्रा, रथ, घोड़ा, गाड़ी, कार, मोटर, वायुयान आदि सवारी सम्बन्धी कार्य, औषधि-आभूषण का निर्माण व प्रयोग सभी शुभ काम गुरुवार में करने चाहिए।

***शुक्रवार में कृत्य—*** स्त्रीगीतशय्यामणिरत्नगन्धं वस्त्रोत्सवालंकरणादि कर्म।
भूषण्यगोकोश-कृषिक्रियाश्च सिद्ध्यन्तिशुक्रस्यदिने समस्तम्॥

स्त्री सम्बन्धी, शय्या, मणि, रत्न, सुगन्ध,वस्त्र, उत्सव, आभूषण, भूमि, व्यापार, गोसम्बन्धी, कृषि कर्म, जमीन, जायदाद तथा भण्डार (संग्रह) से सम्बन्धित सभी कार्य शुक्रवार में करने चाहिए।

***शनिवार में कृत्य—*** लोहाश्मसीसत्रपुरस्त्रदास्य पापानृतस्तेयविषासवाद्यम्।
गृह प्रवेशो द्विपबन्ध-दीक्षा-स्थिरं च कर्माकंसुतेहि कुर्यात्॥

लोहा, पत्थर, सीसा, रांगा सम्बन्धी कर्म, अस्त्र-शस्त्र, नौकरी या नौकर रखना, पाप कर्म, चोरी, मिथ्यालाप, विषाक्त कर्म, आसव निर्माण व प्रयोग, गृह प्रवेश, हाथी को बांधना, अन्य पशु को [illegible] दीक्षा (मन्त्र ग्रहण) आदि स्थिर कार्य शनिवार में करने चाहिए।

## समस्त शुभ कार्यों में त्याज्य

१. जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म मास, श्राद्ध दिवस (माता-पिता का मृत्यु दिन), चित्त भंग, रोग या कोई उत्पादित। २. क्षय तिथि, वृद्धि तिथि, क्षय मास, अधिक मास, क्षय वर्ष, दग्धा तिथि, अमावस्या। ३. विष्कुम्भ योग की प्रथम पांच घटिकायें, परिधि योग का पूर्वार्द्ध, शूल योग की प्रम ७ घटिकायें, गण्ड और अतिगण्ड की ६ घटिकायें एवं व्याघात योग की प्रथम आठ घटिकाएं, हर्षण और वज्र योग की नौ घटिकाएं, व्यतिपात और वैधृति योग समस्त शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। मतान्तर से विषकुम्भ की तीन, शूल की पांच, गण्ड और अतिगण्ड की सात, व्याघात व वज्र की ९ घटिकाएं शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। ४. महापात का समय में भी कार्य न करें। ५. तिथि, नक्षत्र और लग्न इन तीनों प्रकार का गण्डान्त समय। ६. भद्रा (विष्टीकरण)। ७. तिथि नक्षत्र तथा दिन के परस्पर बने कई दुष्ट योग जैसे सप्तमी+अश्विनी+मंगल, पंचमी+हस्त+रवि, छठ+मृगशिर+सोम, अष्टमी+अनुराधा+बुध, नौमी+पुष्य+गुरु, दशमी+रेवती+शुक्र, एकादशी+रोहिणी+शनि आदि योगों को शुभ कार्य में त्याज्य करना चाहिए। ८. पाप ग्रंह युक्त, पाप भुक्त और पाप ग्रह विद्ध नक्षत्र एवं नक्षत्रों की विष संज्ञक घटिकायें। ९. पाप ग्रह युक्त चन्द्र, पाप युक्त लग्न का नवांश। १०. जन्म राशि, जन्म लग्न से अष्टम लग्न। दुष्ट स्थान ४, ८, १२ का चन्द्र, क्षीण चन्द्र वर्जित है। १२. लग्नेश ६, ८, १२ न हो, जन्मेश और लग्नेश अस्त नहीं हो, पाप ग्रहों का कर्तरी योग भी वर्जित है। १३. मासान्त दिन, सभी नक्षत्रों के आदि की २ घटिका, तिथि के अन्त की एक घटी और लग्न के अन्त की आधी घड़ी शुभ कार्यों में वर्जित करें। १४. जिस नक्षत्र में ग्रहण या पापी ग्रहों का युद्ध हुआ हो वह नक्षत्र शुभ कार्यों में ६ महीने तक नहीं लेना चाहिए (ग्रहों के एक राशि अंश कलादि सम होने पर ग्रह युद्ध कहा है)। १५. ग्रहण के पहले ३ दिन और बाद के ६ दिन वर्जित, ग्रहण नक्षत्र वर्जित, ग्रहण खग्रास हो तो वह नक्षत्र ६ मास, आधे में ३ मास, चौथाई ग्रहण में १ मास, उदयोदय और अस्तास्त में ३ दिन पहले और ३ दिन पीछे कोई शुभ कार्य न करें। १६. गुरु-शुक्र का अस्त, बाल्य, वृद्धत्व, गुर्वादित्य समय भी शुभ कार्यों में त्याज्य कहे हैं। बाल्य और वृद्धत्व के ३ दिन वर्जनीय हैं। १७. कृष्ण पक्ष १४ का चन्द्र वार्द्धिक्य, अमावस का अस्त, शुक्ल एकम् के बाल्य चन्द्र के समय में भी शुभ काम न करें।

## सामान्य रूप से दिन शुद्धि

१. दोनों पक्षों की २, ३, ४, ७, १०, १२, १५, कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तथा शुक्ला की १३ तिथि शुभ हैं। परन्तु तिथि-क्षय-वृद्धि त्याज्य हैं। २. शुभवार-सोम, बुध, गुरु और शुक्र [illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS



रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा और रेवती नक्षत्र शुभ हैं। ५. योगों का वर्णन किया है उनका शुभ कार्यों में त्याज्य करना चाहिए। ६. तारा-जन्म नक्षत्र से इष्टकालीन नक्षत्र तक की संख्या को ९ से भाग दें। शेष १, २, ४, ६, ८ या ० रहे-तारा शुद्ध जानो यदि ३, ५, ७ शेष रहे तो तारा अशुभ जानो। शुक्ल पक्ष में चन्द्र बल व कृष्ण पक्ष में तारा बल विशेष महत्व रखता है। ७. चन्द्र बल-क्षीण-वार्द्धक्य, अस्त, बाल्य, पाप ग्रह युक्त विशेष रूप से शुभ कार्यों में वर्जित करें। राशि अनुसार जन्म राशि १, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११वीं राशि का चन्द्र शुभ होता है। ४, ८, १२ राशि का चन्द्रमा हर प्रकार से नेष्ट माना गया है। मुहूर्त प्रकाश में लिखा है-- यदि लग्न शुभ ग्रहों और संपूर्ण गुणों से युक्त हो परन्तु १२, ८, ६ भाव में चन्द्र हो तो अशुभ ही जानो। लग्न में गुरु-शुक्र तथा चन्द्र अपनी उच्च राशि ४ या नीच राशि ८ अथवा मित्र राशि या शत्रु के घर में हो और सम्पूर्ण गुणों सहित लग्न हो परन्तु पाप ग्रह युक्त चन्द्रमा हो तो दोष कारक ही होता है। इसलिए चन्द्र को सभी प्रकार से देखना चाहिए। ८. पाप ग्रह १२, ८, १ इन जगह में तथा ६ में शुभ ग्रह और पाप ग्रह केन्द्र १, ४, ७, १० त्रिकोण ९, ५ में अशुभ होते हैं और सौम्य ग्रह केन्द्र व त्रिकोण में और पाप ग्रह ३, ६, ११ भावों में और सम्पूर्ण ग्रह ११ भाव में श्रेष्ठ होते हैं। यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित पाप ग्रहों पर बुध, बृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो। यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित बुध शुक्र या गुरु की दृष्टि पाप ग्रहों पर हो तो पाप ग्रहों का फल शुभ हो जाता है। **विशेष**—चर लग्न, चर नवाँश तथा राशि स्थित चन्द्रमा ये तीनों चर शुभ कार्यों में वर्जित करें। शास्त्रों में लिखा है कि तिथि का १ गुण, नक्षत्र का ४, वार का ८, करण का १६, योग का ३२, तारा का ६०, चन्द्रमा का १०० और लग्न का १ करोड़ गुण होता है। अतः गुण व दोष इन दोनों के तारतम्य से विद्वानों को विचार कर मुहूर्त करना चाहिए। क्योंकि गुण सैकड़ों दोषों का विनाश करता है तो कहीं पर एक दोष ही असंख्य गुणों को नष्ट करता है। इसलिए शुभ-अशुभ का न्यूनाधिक देखकर ही मुहूर्त विचारने चाहिए।

हमारे नित्य दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण लिखा-पढ़ी, राजकीय या व्यापारिक कन्ट्रैक्ट, भेंट-मुलाकात, आवेदन या नवीन टेण्डर, नवीन मुलाकात द्वारा कार्य सिद्धि, नवीन विषय पर लेखन कार्य प्रारम्भ आदि अनेकानेक महत्वपूर्ण कार्य हमारे दैनिक जीवन में आते हैं जिसके लिए हम शुभ मुहूर्त चाहते हैं। पर यथा शीघ्र सर्वाङ्ग शुद्ध मुहूर्त की प्रतीक्षा में अधिक दिन तक नहीं रुक सकते अतः हम अपने प्रिय पाठकों के लिए वार-तिथि-नक्षत्र-योग अनुसार सुयोग व कुयोग मुहूर्त्तों की सारिणी दे रहे हैं। इस सारिणी की सहायता से सरलतापूर्वक शीघ्र ही शुभा-शुभ काल ज्ञात करके अपना कार्य आरम्भ कर सकते हैं।

| योग | रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिद्धि योग तिथि | — | — | ३-८-१३ | २-७-१२ | ५-१०-१५ | १-६-११ | ४-९-१४ |
| दग्धा तिथि | १२ | ११ | ५ | ३ | ६ | ८ | ९ |
| हुताशन तिथि | १२ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ |
| विषाख्या तिथि | ४ | ६ | ७ | २ | ८ | ९ | ७ |
| अधम तिथि | ७, १२ | ११ | १० | १, ९ | ८ | ७ | ६ |
| वर्जित तिथि नक्षत्र | ५ हस्त | ६ मृग | ७ अश्विनी | ८ अनु. | ९ पुष्य | १० रेवती | ११ रोहि. |
| मृत्यु योग तिथि | १-६-११ | २-७-१२ | १-६-११ | ३-८-१३ | ४-९-१४ | २-७-१२ | ५-१०-१५ |
| क्रकच तिथि | १२ | ११ | १० | ९ | ८ | ७ | ६ |
| उत्पात नक्षत्र | विशाखा | पू.षा. | धनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. |
| मृत्यु योग नक्षत्र | अनुराधा | उ.षा. | शतभिषा | अश्विनी | मृगशिर | आश्लेषा | हस्त |
| काण योग | ज्येष्ठा | अभिजित् | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा |
| दग्धा योग | भरणी | चित्रा | उ.षा. | धनिष्ठा | उ.फा. | ज्येष्ठा | रेवती |
| यम घंट योग | मघा | विशाखा | आर्द्रा | मूल | कृत्तिका | रोहिणी | हस्त |
| मुसल योग | अभिजित् | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा |
| काल दण्ड | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अभिजित् | पू.भा. |
| वज्र | अश्लेषा | हस्त | अनुराधा | उत्तराषाढ़ | शतभिषा | अश्विनी | मृग. |
| राक्षस योग | शतभिषा | अश्विनी | मृगशिर | अश्लेषा | हस्त | अनुराधा | उ.षा. |
| ध्वांक्ष | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अभिजित् | पू.भा. | भरणी |
| धूम्र | कृत्तिका | पुनर्वसु | पू.फा. | स्वाति | मूल | श्रवण | उ.भा. |
| गद | श्रवण | उ.भा. | कृत्तिका | पुनर्वसु | पू.फा. | स्वाति | मूल |
| आनन्द | अश्विनी | मृगशिर | अश्लेषा | हस्त | अनुराधा | उ.षा. | शतभिषा |
| श्रीवत्स | पुष्य | उ.फा. | विशाखा | पूर्वाषाढ़ | धनिष्ठा | रेवती | रोहिणी |
| सौम्य | मृगशिरा | अश्लेषा | हस्त | अनुराधा | उ.षा. | शतभिषा | अश्विनी |
| छत्र | पू.फा. | स्वाति | मूल | श्रवण | उ.भा. | कृत्तिका | पुनर्वसु |
| शुभ | पू.षा. | धनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | विशाखा |
| अमृत | उ.षा. | शतभिषा | अश्विनी | मृगशिर | अश्लेषा | हस्त | अनुराधा |
| मित्र | उ.फा. | विशाखा | पू.षा. | धनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य |
| सिद्ध योग | मूल | श्रवण | उ.भा. | कृत्तिका | पुनर्वसु | पू.फा. | स्वाति |
| अमृत सिद्धि | हस्त | श्रवण | अश्विनी | अनुराधा | पुष्य | रेवती | रोहिणी |
| सर्वार्थ सिद्धि | हस्त, मूल ३ उ., पु., अश्विन | श्र.रो.मृ. पुष्य, अनुराधा | अश्विनी उ.भा., कृत्ति., अश्ले. | रोहिणी अनु., हस्त कृत्ति., मृग. | रेव., अनु., अश्वि., पुन. पुष्य | रेव. अनु., अश्वि., पुन., श्रव. | श्रवण रोहिणी स्वाति |
| दुष्ट तिथि | १, ३, ७ | २-११ | ३-९-१२ | ७-९-११ | — | — | ११-१३ |

सर्वार्थ सिद्धि के साथ दुष्ट तिथि पड़ जाये तो ये योग दूषित हो जाता है। ऐसे ही अमृत सिद्धि में लिखा है। यदि यमदंष्ट्रा राक्षस आदि कुयोग में साथ ही कोई सुयोग सर्वार्थ आदि भी पड़े तो बुरे के बजाय शुभ फल देगा। अतः कार्यारम्भ शुभ रहता है। वैसे तत्कालीन लग्न शुद्धि कुयोगों का नाश कर सुयोग को अपना शुभ फल प्रदान करने की शक्ति रखती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# विविध मुहूर्त्त विचार

भारतीय संस्कृति में संस्कारों को अत्यधिक महत्व दिया गया है। जन्म से मनुष्य शूद्र होता है भले ही वह किसी भी जाति में जन्म ले, जब तक वह संस्कारित नहीं किया जाता शूद्र ही बना रहता है। पूर्व में चालीस संस्कारों का प्रचलन था, किन्तु आज समयाभाव के कारण इनकी संख्या में कमी आई है। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि तक सोलह संस्कार माने गये हैं। इनमें से भी कुछ मुख्य संस्कारों की ही मान्यता आज प्रचलित है।

**गर्भाधान—** सभी संस्कारों में गर्भाधान संस्कार का विशेष महत्व है क्योंकि भावी सन्तान के संस्कारों की आधारशिला इसी संस्कार पर निर्भर करती है। यह सर्वविदित तथ्य है कि सन्तानोत्पत्ति माता-पिता के पारस्परिक संयोग से होती है। अत: इन दोनों के चेतन-अचेतन मन तथा देह की पवित्रता आवश्यक मानी गई है। जैसे सुसमय में बीजवपन से सस्य में पुष्टता होती है उसी प्रकार सुसमय में गर्भाधान से सन्तान गुणी एवं दीर्घजीवी उत्पन्न होती है।

रजोदर्शन होने के चार दिन पश्चात् समरात्रि काल में पुत्रोत्पत्ति एवं विषम रात्रि में कन्या सन्तति उत्पन्न होती है। गण्डान्त, रवि, चन्द्रग्रहण, ७वीं तारा, मूल, अश्विनी, भरणी, मघा, रेवती नक्षत्रों, व्यतिपात, वैधृति योग, अमावस्या माता-पिता की मृत्यु तिथि, क्षयतिथि, बुधवार-शनिवार, को छोकर अन्य तिथि-वार नक्षत्र-योग में तथा केन्द्र स्थान (१-४-७-१०) और त्रिकोण (५-९) में शुभ ग्रह हों तथा ३-६-११वें स्थान में पाप ग्रह हों तब प्रसन्नचित्त होकर रात्रिकाल में गर्भाधान-कृत्य करें। विवाह और गर्भाधान में स्त्री के चन्द्रबल को प्रधानता दें।

**पुंसवन—** गर्भाधान के पश्चात् पुंसवन संस्कार किया जाता है ताकि गर्भस्थ शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। इस संस्कार में मलमास, गुरु शुक्रास्त प्रभृति निषिद्ध योग बाधक नहीं होते, जो दिन-नक्षत्र शुभ हो उसी दिन कर लेना चाहिये। यह संस्कार गर्भ के दूसरे व तीसरे मास में किया जाता है। शास्त्रकारों का मत है कि पुंसवन संस्कार के लिए पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, मृगशिरा, मूल, श्रवण आदि नक्षत्र शुभ रहते हैं।

पारस्कर गृह्यसूत्र के अनुसार यह संस्कार तब करना चाहिये जब चन्द्रमा पुरुष नक्षत्र से युक्त हो।

**सीमन्तोन्नयन—** यह तीसरा संस्कार है तथा गर्भ के छठे या आठवें मास में किया जाता है। सीमन्तोन्नयन का शब्दार्थ होता है "शिर की मांग" लेकिन इसका भावार्थ है सौभाग्य सम्पन्न होना। इस संस्कार से गर्भवती के मन में आने वाली सन्तान के प्रति प्रेम तथा कर्त्तव्य की निष्ठा का समावेश होता है। पारस्कर गृह्य सूत्र में कहा है कि—**"प्रथम गर्भमासे षष्ठेऽष्टमेवा"** तथा **"पुंसवनवत्"** कहकर यह स्पष्ट कर दिया है पुंसवन संस्कार में कहे गये मुहूर्त्त में इसे करें।

आश्लायन गृह्य सूत्र के अनुसार जब चन्द्रमा शुक्ल पक्ष में पुमान् नक्षत्र से युक्त हो तब करना चाहिये साथ ही इन्होंने गर्भ के चौथे मास में इसे करने का निर्देश किया है, लेकिन अधिक मत छठे और आठवें मास में करने को मिलते हैं।

**मेधा-जनन संस्कार—** शिशु के जन्म लेने के उपरान्त यह संस्कार किया जाता है ताकि आगे चलकर वह यशस्वी और बुद्धिमान हो। जब बच्चा जन्म ले चुके तो नालछेदन से पूर्व दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली में स्वर्ण भस्म शहद और गौघृत लगा कर नीचे लिखे मन्त्रों को बोलकर बच्चे को शहद चटा दें। चार मंत्र हैं प्रत्येक को एक बार बोल कर चटाना चाहिये। *मन्त्र*—**ॐ भूस्त्वीयदधामि, ॐ भूवस्त्वीयदधामि, ॐ स्वस्त्वीय दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्वस्त्वीय दधामि।**

**स्तन पान मुहूर्त्त—** रिक्ता, तिथि, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति योग को त्याग कर शुभ तिथि-वार में पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, श्रवण, रेवती नक्षत्र में स्तन पान करना शुभ है।

**प्रसूता स्नान का मुहूर्त्त—** उत्तरा तीनों, रोहिणी, मृगशिरा, स्वाती, रेवती, हस्त, अनुराधा, पूर्वाफाल्गुनी, धनिष्ठा, अश्विनी इन नक्षत्रों में रवि, मंगल एवं बृहस्पति वारों में रिक्ता तिथि एवं अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथियों में प्रसूति स्नान प्रशस्त है।

**जातकर्म—** मेधा-जनन संस्कार से पूर्व यह संस्कार किया जाता है। नाल काटने पर सूतक लग जाता है और सूतक में जातकर्म करने का निषेध है। इस समय तिथ्यादि शुद्धि देखने की आवश्यकता नहीं होती, यदि किसी कारणवश पिता जन्म समय उपस्थित न हो तो जन्म के ११वें या १२वें दिन शुभ मुहूर्त्त में जातकर्म करना प्रशस्त है।

**नामकरण संस्कार—** जातकर्म संस्कार के पश्चात् नामकरण संस्कार किया जाता है लेकिन आज के युग में समयाभाव के कारण नामकरण के साथ ही जातकर्म करने का प्रचलन है। नामकरण संस्कार मूलतः दश दिन पश्चात् हो जाना चाहिये लेकिन इसके बारे में आचार्यों के भिन्न-भिन्न मत हैं। पाराशर स्मृति के अनुसार—

**जाते विप्रो दशाहेन द्वादशाहेन भूमिपः। वैश्य पंच दशाहेन शूद्रो मासेन शुद्ध्यति॥**

अर्थात् ब्राह्मण के लिए सूतक दस दिन, क्षत्रिय के लिए बारह दिन, वैश्य के लिए पंद्रह दिन तथा शूद्र के लिए एक मास तक रहता है। कुलाचार के अनुसार सूतक के अन्त होने के दूसरे दिन नामकरण करें। चिर-क्षिप्र-ध्रुव और मृदु नक्षत्रों में रवि, सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्रवारों में, रिक्तामा को छोड़कर अन्य तिथियों में लग्न शुद्धि और चन्द्र-तारा का बल देखकर नामकरण करना प्रशस्त है।

**निष्क्रमण संस्कार—** घर से बाहर निकालने को निष्क्रमण कहते हैं। यह संस्कार तब किया जाता है जब बच्चे को घर से बाहर ले जाना होता है। जब माता अपने पिता के यहां जाये या माता-पिता को कहीं अन्यत्र जाना हो तो बच्चे को भी ले जाना अनिवार्य रहता है। इसलिए नामकरण संस्कार के पश्चात् निष्क्रमण किया जाता है। जन्म से चतुर्थ मास में यात्रा में विहित तिथियों में निष्क्रमण करना प्रशस्त है। यदि अत्यधिक शीघ्रता करनी पड़ जाये तो जन्म से बारहवें दिन यह संस्कार करें।

**भूम्युपवेशन संस्कार—** भूम्युपवेशन का अर्थ है भूमि पर बिठाना। प्रथम बार जब बच्चे को भूमि पर बिठना होता है। तब यह संस्कार किया जाता है। इसे जन्म से पांचवें महीने में करना चाहिये। भगवान् वराह और पृथ्वी का पूजन करके रिक्ता अमावस्या तिथि को छोड़कर अन्य तिथियों में शुभ ग्रह के बार में लड़के को कटिसूत्र धारण कराकर, ध्रुव, मृदु, लघु संज्ञक नक्षत्र में तथा मंगल बच्चे के लिए विशेष शुभ हो तब यह संस्कार करना उचित है।

इस समय बालक की आजीविकाज्ञानार्थ विद्या, कृषि, युद्ध व सेवा-सम्बन्धी पदार्थ उसके सामने रखें बालक जिस को पहले ग्रहण करे उसी के अनुसार उसकी जीविका जानें। बच्चे को भूमि पर बिठा तथा हाथ में पकड़े रह कर बालक का पिता, चाचा, दादा और नीचे लिखे मन्त्र से प्रार्थना करें—

**रक्षैनं वसुधेदेवि सदा सर्वगतं शुभे।**
**आयु प्रमाणं लिखितं निक्षिपस्व हरिप्रिये॥**

**अन्न प्राशन—** देह की पुष्टि-शक्ति और स्वास्थ्य के लिए यह संस्कार किया जाता है। तैत्तरीय उपनिषद् में "प्राणो वै अन्नम" अर्थात् अन्न ही प्राण है कहा गया है। बालक के जन्म से छठे, आठवें, दशवें आदि सम मासों में यदि कन्या हो तो पांचवें, सातवें आदि विषम मास में, रिक्ता-नन्दा और क्षयतिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, शनि, मङ्गल को छोड़कर अन्य वारों में, पुन., पु., हस्त, रो., चि., मृ., अनु., अश्वि., स्वा., तीनों उत्तरा., ध., म. और रेवती नक्षत्रों में, वृष, मिथुन, कन्या, मीन लग्न में अन्न प्राशन प्रशस्त है।

**कर्ण वेध—** जहां कर्ण वेध श्रवण शक्ति की वृद्धि में सहायक होता है वहीं आन्त्र उतरने (हानियां) जैसी भयानक व्याधि से बचाता है। यह संस्कार जन्म से बारहवें या सोलहवें दिन,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS



हरिशयन, (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक) पौष, चैत्र और जन्म मास को छोड़ कर ६, ८, १०वें मास में, ३, ५वें विषम वर्षों में, जन्म नक्षत्र और रिक्ता तिथि को त्याग कर अन्य तिथियों में, अश्वि., पुन., पु., ह., श्र., अनु., ध., रे., स्वा., मृ., चित्रा आदि नक्षत्रों में, चं., बु., गु., शु. वारों में, मे., वृश्चि., म., कु. लग्नों एवं नवांश को छोड़कर अन्य लग्नों में, चन्द्र तारा की शुद्धि देखकर कर्ण बेध करना शुभ है। लड़के का प्रथम दाहिना और लड़की का बायां करना प्रशस्त है।

**मुण्डन संस्कार**—जीवन के आरम्भ काल में जो बाल जन्म के साथ उत्पन्न होते है वे पशुता के सूचक माने गयें हैं। इन्हें कटाने से जहां वह पशुता समाप्त होती है वहीं मानवीं गुणों की प्रखरता के साथ बुद्धि और ज्ञान की भी वृद्धि होती है। जन्म से तीसरे, पांचवें आदि विषम वर्षों में चैत्र को छोड़कर उत्तरायण समय में २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ इन तिथियों में, सो., बु., गु., शु. आदि वारों में जन्म नक्षत्र को छोड़ कर मृ., चि., रे., ज्ये., श्र., ध., शत., स्वा., पु., ह., अश्वि., पुष्य इन नक्षत्रों में लग्न शुद्धि देखकर अपराह्न से पूर्व मुण्डन संस्कार प्रशस्त हैं।

अन्यमत से प्रथम, द्वितीय वर्ष भी विहित हैं तथा ब्राह्मण के लिए रविवार, क्षत्रिय के लिए मंगलवार, वैश्य तथा शूद्र के लिए शनिवार भी प्रशस्त हैं तथा याम्यायन (दक्षिणायन) में मार्गशीर्ष भी श्रेष्ठ हैं।

**उपनयन संस्कार**—मानवजीवन में इस संस्कार का अत्यन्त महत्व है क्योंकि इसके पश्चात् मानव की भौतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। गर्भाधान से आठवें वर्ष ब्राह्मण का, ग्यारहवें वर्ष वैश्य का उपनयन संस्कार हो जाना चाहिये। इसके पश्चात् उपरोक्त काल के दूने काल में निन्द्य माना गया है अर्थात् ब्राह्मण के सोलहवें, क्षत्रिय का बाईसवें और वैश्य का चौबीसवें। इसलिए विहित वर्ष में हरिशयन से पूर्व उत्तरायण के सूर्य में शुक्ल पक्ष में २, ३, ५, १०, ११, १२ तिथियों में, क्षिप्र, ध्रुव, चर, मृदु संज्ञक, श्ले., मृ., आ., तीनों पूर्वा नक्षत्रों में सो., बु., गु., शु., वारों में वृ., मि., सिं., क., तुला, धनु और मीन लग्न में, चन्द्र, तारा, रवि, गुरु की शुद्धि देखकर उपनयन संस्कार करना श्रेष्ठ है।

**विशेष**—ज्येष्ठ शुक्ल २, आषाढ़ शुक्ल दशमी, पौष शुक्ल ११, और माघ शुक्ल १२ उपनयन संस्कार में निषिद्ध मानी गई हैं।

**अक्षरारम्भ मुहूर्त्त**—जन्म से पाँचवें वर्ष में गणपति, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा करके कुम्भ के सूर्य को छोड़ कर उत्तरायण में २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ इन तिथियों में, मृ., आ., पुन., पु., श्ले., ह., चि., स्वा., ध., शत., अश्वि., मृ., तीनों पूर्वा और उत्तरा, रो, रे, इन नक्षत्रों में रवि, गु., शु. वारों में, लग्न, चन्द्र, तारा बल विचार कर अक्षरारम्भ श्रेष्ठ माना गया है। वारों में सो., बु., मध्यम माने गये हैं।

**विद्यारम्भ मुहूर्त्त**—शिशिर, बसन्त एवं ग्रीष्म ऋतु में कुम्भ (कुम्भ के सूर्य को छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार, २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ इन तिथियों में मृ., आ., पुन., ह., चि., स्वा., श्र., ध., शत., अश्वि., मूल, तीनों पूर्वा, पु. और श्लेषा इन नक्षत्रों में केन्द्र स्थान एवं त्रिकोण स्थान में शुभग्रह हों ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, आठवां स्थान खाली हो तो विद्यारम्भ शुभ है।

**जल पूजन के मुहूर्त्त**—अधिक मास, चैत्र, पौष, गुरु, शुक्रास्त काल, मास पूर्ति होने पर ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, बु., सो., गुरुवार में श्र., पुन., पु., मृ., ह., मू., अनु. इन नक्षत्रों में प्रसूता का जल पूजन करना शुभ है।

**नित्यक्षौर का मुहूर्त्त**—शनि, रवि और मंगलवार को छोड़कर अन्य वारों में, मघा, अनुराधा, रोहिणी, तीनों उत्तरा, कृत्तिका इन नक्षत्रों में ४, ९, १४, ६ ८ अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथियों, रात्रिकाल, सन्ध्या, भद्रा, गण्डान्त काल और भोजन तथा स्नान के पश्चात् क्षौर करना वर्जित है।

दाह कर्म में, मृतकान्त में, जेल से छूटने पर, यज्ञ में, दीक्षा लेने में, राजा और ब्राह्मण की आज्ञा से क्षौर कर्म में मुहूर्त्त देखने की आवश्यकता नहीं है।

# विवाह मुहूर्त्त विचार

## विवाहे दस दोष

मुहूर्त्त ग्रन्थों में विवाह के अनेक दोष बतलाये गये हैं लेकिन इनमें प्रमुखता मात्र दश दोषों की है। इनकी शुद्धि होने पर अन्य दोष प्रभावहीन हो जाते हैं। वे दश दोष हैं—(१) लत्ता (२) पात (३) युति (४) वेध (५) यामित्र (६) वाण (७) एकार्गल (८) उपग्रह (९) कान्तिसाम्य (१०) दग्धातिथि। पंचांग में जो विवाह मुहूर्त्त दिये गये हैं वे इनका विचार करके दिये गये हैं। जहां कोई दोष नहीं है वहां सीधी रेखा और जहां दोष है वहां (5) टेढ़ी रेखा बनाई गई है। इन दस दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है—

**१. लत्ता**—सूर्य, मंगल, वृहस्पति और शनैश्चर जिस नक्षत्र में हों क्रम से उससे अगले १२, ३, ६ और ८वें नक्षत्र को लत्ता से दूषित करते हैं। यह अग्र लत्ता दोष माना गया है। चन्द्र, बुध, शुक्र और राहु जिस नक्षत्र में हो क्रम से उससे पीछे के २२, ७, ५ और ९वें नक्षत्र को लत्तित करते हैं। यह पृष्ठ लत्ता दोष माना गया है। जैसे मंगल भरणी में हो और विवाह नक्षत्र रोहिणी हो तो यह मंगल का लत्ता दोषयुक्त साहा कहा जाएगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का लत्ता दोष का ज्ञान करें।

| सूर्य | चन्द्र | मंगल | बुध | बृहस्पति | शुक्र | शनि | राहु | ग्रहाः |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १२ | २२ | ३ | ७ | ६ | ५ | ८ | ९ | वि.नक्षत्र |
| सम्मुख | पृष्ठ | सम्मुख | पृष्ठ | सम्मुख | पृष्ठ | सम्मुख | पृष्ठ | दिशा |
| धननाश | भय | मृत्यु | भय | बन्धुनाश | कार्यनाश | कुलनाश | मृत्यु | फल |

**२. पात**—साध्य, हर्षण, शूल, गण्ड, वैधृति और व्यतीपात इन योगों का अन्त जिन नक्षत्रों में होता है वे पात दोषयुक्त माने जाते हैं।

### पात दोष चक्र

| रो. | मृ. | म | उ.फा. | ह | स्वा | अनु. | मूल | उ.षा. | उ.भा. | रे | नक्षत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आर्द्रा | मृग. | अश्वि. | कृत्ति. | भर. | कृत्ति. | अनु | रोहि. | भर. | भर. | अश्वि. | सूर्याधिष्ठित नक्षत्र |
| पुन. | आर्द्रा | मृग. | आर्द्रा | मृग. | श्रव | आर्द्रा | ज्ये | पुन. | शत. | ज्ये | |
| शत. | ज्ये. | ज्ये. | विशा. | शत. | धनि | उ.षा. | धनि | शत. | विशा. | धनि | |
| पू.फा. | धनि | पुष्य | पू.फा | पू.भा | पु. | पू.भा | आ | वि | उ.फा | म | |
| चित्रा | मघा | हस्त | उ.भा | स्वा. | हस्त | पू.षा | भर. | अनु | पू.फा | पू.फा | |
| मूल | हस्त | रेव. | पू.भा | भर. | रेव. | पू.फा | उ.भा | उ.षा | भर. | स्वा | |

**३. युति**—जब विवाह के नक्षत्र में कोई ग्रह हो तो उसे ग्रह की युति युक्त दोष माना जाता है। ग्रहों की विवाह नक्षत्रों में युति धन नाशक, मृत्युदायक और भयप्रद कही गई है, विशेषतया शुक्र की युति वर्जित है। चन्द्र यदि स्वक्षेत्री, मित्र गृही व उच्च का हो तो युति दोष (चन्द्र का) नहीं माना जाता उल्टे इसे शुभ कहा गया है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



४. वेध — पंचशलाका चक्र में यदि विवाह के नक्षत्र के सम्मुख नक्षत्र में कोई ग्रह पड़े तो वेध दोष माना जाता है। शुभ ग्रह के वेध से स्वल्प और पाप ग्रह के वेध से अधिक दोष माना जाता है। नीचे वेध दोष चक्र दिया है इसमें ऊपर लिखे नक्षत्र में विवाह हो और नीचे लिखे नक्षत्र में ग्रह हो तो वेध होता है यह विवाह काल में वर्जित है।

## वेध दोष चक्र

| रो | मृ | म | उ.फा | ह | स्वा | अनु | मू. | उ.षा | उ.भा | रे | वि.नक्षत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्वि | उ.षा | श्र | रे | उ.भा | श | ५ | पुन | मृ | ह | उ.षा. | वेध नक्षत्र |

५. यामित्र — विवाह लग्न या चन्द्र से सप्तम में कोई ग्रह हो तो यामित्र दोष होता है। यदि लग्न और सप्तमस्थ ग्रह का अन्तर ठीक ६ राशि (अंश कलादि तक) तक हो तो पूर्ण यामित्र दोष अन्यथा अल्पदोष कहा गया है।

## यामित्र दोष चक्र

| रो | मृ | म | उ.फा | ह | स्वा | अनु | भ | उ.षा | उ.भा | रे | वि.नक्षत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनु | ज्ये | ध | पू.भा | उ.भा | अ | कृ | मृ | पुन | उ.फा | ह | ग्रह नक्षत्र |

६. बाण — किसी राशि में सूर्य के (स्पष्ट सूर्य के) भुक्तांश ८, १७ और २६ हों तो रोगबाण, २, ११, २० और २९ हों तो अग्निबाण, ४, १३, २२ हों तो राजबाण, ६, १५, २४ हों तो चोरबाण तथा १, १०, १९ और २८ हों तो मृत्यु बाण दोष माना जाता है। विवाह में मृत्यु बाण, यात्रा में चोरबाण, सेवा कर्म में (नौकरी करने में) राजबाण, गृहारम्भ में अग्निबाण और उपनयन में रोगबाण त्याज्य कहे गये हैं।

७. एकार्गल — विवाह के दिन विष्कुम्भ, वज्र, परिघ, अतिगण्ड, शूल, व्याघात, वैधृति और व्यतिपात इनमें से कोई योग हो तथा सूर्य नक्षत्र से (इसमें अभिजित के सहित गणना करें) चन्द्र विषम नक्षत्र में हो तो एकार्गल दोष होता है।

८. उपग्रह — विवाह के दिन सूर्य नक्षत्र से चन्द्रमा ५, ७, ८, १०, १४, १५, १८, १९, २१, २२, २३, २४ और २५वें नक्षत्र में हो तो उपग्रह दोष होता है। कुरू और वाह्लक क्षेत्र में विशेष दोषावह है।

९. क्रान्तिसाम्य — जब मेष और सिंह, वृषभ और मकर, मिथुन और धनु कर्क और वृश्चिक, कन्या और मीन तथा तुला और कुम्भ इन दोनों राशियों में से एक पर सूर्य तथा दूसरी पर चन्द्र हो तो क्रान्तिसाम्य दोष होता है। यह स्थूल क्रान्तिसाम्य है। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य ही सर्वत्र वर्जित माना गया है।

१०. दग्धा तिथि — जब सूर्य धनु-मीन, वृष, कुम्भ, मेष-कर्क, मिथुन-कन्या, सिंह-वृश्चिक, तुला-मकर इन दोनों राशियों में से किसी राशि में सूर्य हो तो क्रम से २, ४, ६, ८, १०, १२ तिथियां दग्धा मानी गई हैं।

## दग्धा तिथि चक्र

| मेष कर्क | वृषभ कुम्भ | मिथुन कन्या | सिंह वृश्चिक | तुला मकर | धनु मीन | सूर्यराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ६ | ४ | ८ | १० | १२ | २ | तिथि |

लत्तादि दोष परिहार — लत्ता उज्जैन क्षेत्र में सौराष्ट्र में, पात कुरुक्षेत्र, भटिण्डा, फिरोजपुर जिले में, एकार्गल जम्मू-कश्मीर में, वेध सब जगहों में, उपग्रह कुरुक्षेत्र, आगरा व अवध, बंगाल, जगन्नाथपुरी (कलिंग में) त्याज्य हैं। लग्न यदि सूर्य और चन्द्र के बल से बली हो तो एकार्गल, उपग्रह, लत्ता तथा पात दोष का परिहार हो जाता है।

## विवाह समय के विहित मास, तिथि, नक्षत्र और लग्नादि

विवाह के लिए वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मेष, वृषभ और मिथुन के सूर्य (मिथुन का सूर्य हरिशयनी एकादशी से त्याज्य माना गया है) रिक्ता और अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथि, रोहिणी, मृगशिर, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, उ.षा., उत्तराभाद्रपद और रेवती (कुछ आचार्यों के मत से अश्विनी, चित्रा, श्रवण और धनिष्ठा भी विवाह नक्षत्र विहित माने गये हैं)। विवाह लग्न में मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन का नवांश प्रशस्त कहा गया है।

**वाग्दान विचार (वरवरण मुहूर्त्त)** — रिक्ता अमावस्या तिथि को छोड़कर अन्य तिथियों में, शुभवार में तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी और कृत्तिका इन नक्षत्रों में लग्न और चन्द्रबल देखकर लड़की का भाई या पुरोहित पूर्वाभिमुख बैठे वर के मस्तक पर केशरादि का तिलक करें, पूजन करे तथा वर के मुख में मीठा या पान देकर गोद में वस्त्र, नारियल और द्रव्यादि दें।

**विवाह के पूर्व कन्या का नाम बदलना** — आजकल कन्या का नाम विवाह से पूर्व बदलने का नियम चल पड़ा है। इसके पीछे कारण है कि कन्या का जन्म नाम मालूम न होना, वैसे भी प्रायः लोग जन्म नाम को बदल कर दूसरा नाम रख लेते हैं। यदि विवाह से पूर्व कन्या का नाम बदलना हो तो ध्यान रखें कि बोलता नाम बदला जा सकता है जन्म नाम नहीं।

**विवाह विचार में विशेष** — दो सगी बहनों का दो सगे भाइयों के साथ विवाह न करें। दो सगी बहनों या भाइयों का तथा सगे बहन-भाई का विवाह ६ मास के भीतर न करें। आवश्यकता में लड़की के विवाह के बाद लड़के का विवाह हो सकता है। जुड़वां भाई-बहन का विवाह करने में भी कोई हानि नहीं। विवाह के पश्चात् ६ मास तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार न करें। यदि संवत् बदल जाये तो ६ मास के भीतर किया जा सकता है। सगाई के पश्चात् वर या कन्या की तीन पीढ़ी में मृत्यु होने पर १ मास तक विवाह न करें। अत्यावश्यकता में सूतक समाप्त होने पर शान्ति करा कर विवाह करें। सबसे बड़े लड़के और सबसे बड़ी लड़की का विवाह ज्येष्ठ मास में न करें। जन्म नक्षत्र और जन्म तिथि में भी विवाह शुभ नहीं होता। अत्यावश्यक हो कि ज्येष्ठ लड़के और लड़की का विवाह ज्येष्ठ में करना पड़े तो सूर्य के कृत्तिका नक्षत्र में रहते कदापि न करें। अन्य नक्षत्रों में शान्ति कराकर किया जा सकता है।

## त्रिबल शुद्धि

**श्रेष्ठ गुरु** — जब गुरु जन्म राशि से २।५।७।९।११वें हो।

**पूज्य गुरु** — जब गुरु जन्म राशि से १।३।६।१०वें हो।

**नेष्ट गुरु** — जब गुरु जन्म राशि से ४।८।१२ वें हो।

**परिहार** — जब गुरु स्वराशिस्थ (धनु-मीन) या उच्च में हो तो नेष्ट भी श्रेष्ठ माना गया है।

**श्रेष्ठ रवि** — यदि सूर्य जन्म राशि से ३।६।१०।११वें हो।

**पूज्य रवि** — यदि सूर्य जन्म राशि से २।५।९।१।७वें हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



**नेष्ट रवि**—यदि सूर्य जन्म राशि से ४।८।१२वें हो।

**श्रेष्ठ चन्द्र**—जन्म राशि से १।२।३।५।६।७।९।१०।११।१२वां चन्द्र श्रेष्ठ है। विवाह में १२ भी लिया जा सकता है।

**नेष्ट चन्द्र**—जन्म राशि से ४।८वां चन्द्र नेष्ट है।

**गोधूलिका लग्न**—हेमन्त ऋतु में सायंकाल जब सूर्य का बिम्ब लाल होकर पश्चिम में अस्त होने वाला होता है तब, ग्रीष्म में जब सूर्य आधा अस्त हो जाता है तब, वर्षा ऋतु में जब सूर्य सम्पूर्ण अस्त हो जाता है तब गोधूलि कही जाती है। वारों में जब गुरुवार को सूर्यास्त होने पर और शनिवार को सूर्य अस्त होने से पूर्व गोधूलि लग्न होती है। विवाह काल में यदि गोधूलि लग्न हो तथा लग्न, षष्ट और अष्टम में चन्द्र हो तो कन्या के लिए अशुभ, लग्न, सप्तम, अष्टम इन स्थानों में मंगल हो तो वर के लिए अशुभ रहता है। लग्न से दूसरे, तीसरे और ग्यारहवें चन्द्र हो तो शुभ होता है।

**वधु प्रवेश मुहूर्त**—विवाह के पीछे १६ दिनों के भीतर सम दिन में अर्थात् २, ४, ६, ८, १०वें आदि दिनों में या ५, ७, ९वें विषम दिनों में वधु प्रवेश शुभ होता है, इसके बाद १, ३, ५, ७, ९, ११वें मास में, १, ३, ५वें वर्ष में वधु प्रवेश शुभ होता है। ५ वर्ष के पश्चात् कभी भी शुभ दिन देखकर वधु प्रवेश कराया जा सकता है।

**द्विरागमन मुहूर्त**—विवाह से विषम वर्षों में द्विरागमन शुभ है। कुम्भ, वृश्चिक और मेष में सूर्य हो, चन्द्र, गुरु और सूर्य बली हों तथा शुभ दिनों में, कन्या, तुला, वृष, मिथुन और मीन लग्न में तथा लघु, चर, ध्रुवसंज्ञक और मूल नक्षत्र में द्विरागमन शुभ है। शुक्र के सन्मुख और दक्षिण रहने पर नवविवाहिता, गर्भवती तथा बच्चे वाली स्त्री का पति घर जाना अशुभ है। रेवती में मृगशिर नक्षत्र तक चन्द्रमा के रहने से दक्षिण और सन्मुख शुक्र का दोष नहीं होता क्योंकि तब शुक्र अन्ध होता है।

**नूतन वधू द्वारा पाकारम्भ**—कृत्तिका, मृगशिर, पुष्य, ज्येष्ठा, विशाखा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, नक्षत्रों में शुभ तिथि में, रवि, मंगल छोड़कर अन्य वारों में, स्थिर लग्न में तथा लग्न से ४, ८, १२वें कोई ग्रह न हो तो नवोढ़ा से पाकारम्भ कराना श्रेष्ठ रहता है।

**धार्मिक कृत्य मुहूर्त**—व्रत-अनुष्ठान, पुराण कथा, भागवत श्रवण, देव पूजन, रामायण कथा श्रवण इत्यादि कृत्तिका, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तथा रेवती नक्षत्रों में, १, ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में मंगलवार, शनिवार को छोड़कर अन्य वारों में करना शुभ है। जिस विशिष्ट व्रत-अनुष्ठान के लिए विशिष्ट तिथि नक्षत्रादि निश्चित है, वह उसी समय करना चाहिए।

## विवाहे मेलापक विचार

विवाह सामाजिक आवश्यकता है, यह संस्कार वासना पूर्ति के लिए नहीं वरन् गृहस्थ धर्म के निर्वाह के लिए किया जाता है। इस विषय में विद्वानों का मत है—

**दाम्पत्य जीवनोद्देश्यो महान सेवामयस्था।**
**समाज देश विश्वेभ्यो दिव्यात्मानं समर्पयेत्॥**

विवाह में लता आदि दस दोष मुख्य माने गये हैं, इनमें अल्प दोष हो तो विवाह हो सकता है ऐसी शास्त्राज्ञा है, लेकिन जहां वर पक्ष और कन्या पक्ष दोनों में परस्पर सन्तोष हो जाये तो विहित नक्षत्रों में विवाह हो सकता है—

**मनसश्चक्षुषोर्यस्मिन वरे यस्यां च योषिति।**
**सन्तोषो जायते तत्र नाध्यत् किञ्चिद् विचिन्तयेत्॥**

वर और कन्या की कुण्डली हो तो दोनों के ग्रह मेलापक और नक्षत्र मेलापक शुद्धि देखनी चाहिये।

## नक्षत्र मेलापक

इसमें वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गणमैत्री, भकुट और नाड़ी ये आठ कूट होते हैं।

१. **वर्ण**—वर कन्या के वर्ण राशि चक्र से ज्ञात करने चाहियें। यदि दोनों के समान वर्ण हों या वर का कन्या से श्रेष्ठ वर्ण हो शुभ अन्यथा अशुभ समझना चाहिये। वर्ण का एक गुण होता है।

२. **वश्य**—राशि चक्र से वर-कन्या के वश्य ज्ञात कर देखना चाहिये कि दोनों का एक वश्य है तब दो गुण, एक का द्विपद (मानव) और दूसरे का चतुष्पदया कीट है तो शून्य गुण बाकी में एक गुण जानें।

३. **तारा**—वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक तथा कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक गिन कर दोनों संख्याओं को पृथक्-पृथक् लिख कर ९ का भाग दें १, २, ४, ६ अथवा शून्य शेष रहने पर शुभ अन्यथा अशुभ जानें। दोनों से तारा शुभ हो तो श्रेष्ठ, एक से शुभ हो तो मध्यम और दोनों से अशुभ हो तो निन्द्य समझना चाहिये। हमने यहां पर बिना तारा जाने सीधे वर-कन्या के जन्म नक्षत्र से तारा गुण की सारिणी दी है। अतः वर-कन्या के तारा निकालने की इसमें आवश्यकता नहीं है।

४. **योनि**—राशि चक्र से दोनों की योनि ज्ञात करें। दोनों की एक योनि हो या योनि में मैत्री हो व सम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

५. **ग्रह मैत्री**—राशि चक्र से राशि स्वामी जानें। राशि स्वामी एक हों, दोनों में मैत्री हो या एक-दूसरे के लिये सम हों तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

६. **गण**—राशि चक्र (अवकहड़ा) से गण ज्ञात करें। दोनों का एक गण हो या एक का देव दूसरे का मनुष्य हो तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

७. **भकुट**—वर की राशि से कन्या की राशि २, १२, ६, ८, ५, ९ हो तो अशुभ अन्यथा शुभ जानें।

८. **नाड़ी**—अवकहड़ा चक्र से दोनों की नाड़ी ज्ञात करें, यदि दोनों की एक ही नाड़ी हो तो अशुभ यदि भिन्न-२ नाड़ी हो तो शुभ समझना चाहिये।

इन आठों कूटों के शुभ होने पर ३६ गुण मिलते हैं। शास्त्राज्ञा है कि मेलापक में गुण १८ से अधिक हों तो विवाह शुभ रहते हैं। यदि ग्रह मेलापक ठीक हो तो इससे कम गुण भी ग्राह्य हैं।

## ग्रह मेलापक

लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम, द्वादश में पापी ग्रह (मंगल, शनि, राहु, सूर्य आदि) हों तो जातक का दाम्पत्य जीवन सुखी नहीं रहता ऐसी ज्योतिष शास्त्र की मान्यता है। इनमें मंगल विशेषतया अधिक हानिकारक होता है इसलिए इस प्रकार की ग्रह स्थिति वालों को मंगली कहा जाता है। दक्षिण भारत में द्वितीय भाव से भी इन ग्रहों की स्थिति वाले जातक को मंगली कहा जाता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वितीय भाव आठवें पड़ता है और आठवां भाव मृत्यु का है अतः सहचर या सहचरी की आयु का विचार इसी भाव से किया जाता है। यहां हम इस दोष का परिहार दे रहे हैं ताकि ग्रह मेलापक में सुभीता रहे।

यदि वर और कन्या दोनों की कुण्डली में उक्त स्थानों में मंगल आदि पाप ग्रह पड़े हों तो विवाह शुभ, लड़के व लड़की की कुण्डली में उक्त स्थानों में पाप ग्रह की संख्या देखें यदि लड़के की कुण्डली में लड़की की कुण्डली से पाप ग्रह संख्या बराबर हो या अधिक हो तो विवाह शुभ अन्यथा अशुभ प्रद जानें। सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो अथवा अधिमित्र के गृह में हो तो मंगली दोष का परिहार हो जाता है।

वर और कन्या के नक्षत्र एवं ग्रह मेलापक देख कर नक्षत्र मेलापक चक्र से वर और कन्या के नक्षत्र के सामने के कोष्ठक में गुणयोग देखें। यदि योग २७ से अधिक हो तो मिलान अत्युत्तम समझें, यदि २७ से कम २० तक गुण मिलें तो उत्तम और १८ तक गुण मिलें तो मध्यम जानें। यदि १८ से कम गुण मिलें तो निंद्य है। यदि ग्रह मेलापक उत्तम हो तो १२ से १८ तक भी गुण मिलें तो विवाह करना शास्त्र सम्मत है।

## मंगलीदोष

सभी प्रकार के ज्ञान एवं भारतीय शास्त्रों की उत्पत्ति भारतीय दर्शन से मानी गई है। भारतीय दर्शन जीवन और जगत् के रहस्यों का अनुसंधान और सन्तोष जनक सिद्धान्तों के आधार पर उनकी व्याख्या करता आया है। ज्ञान, दर्शन का स्वरूप और उस की सीमा है। मनुष्य स्वभाव से ही जिज्ञासु प्राणी है और अपनी इसी प्रवृत्ति के कारण किंवा अदम्य जिज्ञासा की प्रेरणा से, वह सदैव दार्शनिक समस्याओं का समाधान

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



खोजने में लगा रहता है। भारतीय दर्शन आत्मा को अजर-अमर मानता है और कर्मानुसार (कर्मों के अनादि प्रवाह-प्रारब्ध के कारण) देह परिवर्तन को इसका स्वाभाविक गुण मानता है। प्राणी मात्र की देह में रहने वाला यह अविनाशी आत्मतत्व, स्वतंत्र, रूपहीन, नित्य एवं चैतन्य है। यह कर्म बन्धन के ही कारण विनाशशील और परतन्त्र दीख पड़ता है। संसार के इस निगूढ़ तत्व को समझने के लिए ज्योतिष एक दिव्य चक्षु है। इसीलिए इसे वेदांग में गिना जाता है। वेद के अंगों में यह छठा अंग है। ज्योतिष के तेजस् को देख कर ही इसे चाक्षुष प्रत्यक्ष कहा जाता है। ज्योतिष के तीन स्कन्ध हैं जिन में फलित भी एक है। फलित स्कन्ध से ही सामान्य व्यक्ति अधिक प्रभावित होता है। फलित के कारण ही वह ज्योतिषी को सम्मान की दृष्टि से देखता है। वह नहीं जानता कि उस की जन्म पत्रिका में कहां गणितीय त्रुटि है, क्योंकि यह विषय उस की पकड़ से बाहर है। वह तो फलित के प्रति आसक्ति रखता है और उसी से प्रभावित होता है। लोक श्रद्धा ही इस विषय को जीवित रखे हुए है। आज की सबसे बड़ी बिडम्बना यह है कि ज्योतिषी को जीविका के लिए संघर्ष भी करना है और लोग श्रद्धा को अनुकण्ठ बनाये रखने के लिए अनुशीलन भी।

ज्योतिषशास्त्र और ज्योतिषी स्वतन्त्र भारत में इतनी दयनीय अवस्था में आ पहुंचे कि सभी कुछ उन्हें स्वयं करना है और समाज में इस विद्या के प्रति आस्था को सजीव बनाये रखना है। सामन्त तो रहे नहीं, श्रेष्ठी भी नहीं रहे, धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र में यह विज्ञान प्रचार और प्रोपेगंडा में ही सिमट कर रह गया। सभी लोग जानते हैं कि ज्योतिषी होना तो दूर रहा नक्षत्रों की श्रेणी में भी जो नहीं आते वे अपने आप को विश्व विख्यात भविष्यवक्ता कहते नहीं अघाते। ऐसे लोगों द्वारा भविष्यवाणी करने से जो स्थिति बनती है वह ज्योतिष पर आक्षेप लगाती है। ऐसे व्यक्ति अपनी अज्ञानता को छिपाने के लिए अनेक नाटक रचते हैं। उनकी नाट्य कला से उनको भले ही लाभ हो लेकिन इससे ज्योतिष शास्त्र की अपकीर्ति होती है, वह अविश्वसनीय बनता है और लोगों को उसे अन्धविश्वास (सुपरस्टीशन) कहने का अवसर मिलता है।

ऐसे ही मंगली दोष के विषय में अनेक भ्रान्तियां समाज में प्रचलित हैं। प्राचीन काल से ही भारत में कुण्डली मिलान की प्रथा है। विवाह से पूर्व वर तथा कन्या से ग्रहों का मेलापक पर निर्णय लिया जाता है कि आगामी जीवन दोनों का सुखमय रहेगा या दुखमय। विवाह मेलापक के लिए यूं तो अनेकानेक बातों को ध्यान में रखा जाता है लेकिन जितना महत्व मंगली दोष को दिया जाता है इतना अन्य किसी दोष को नहीं।

मंगली दोष का निर्णय करने के लिए वर-कन्या के प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम एवं द्वादश भावों को लिया जाता है, दक्षिण भारत में द्वितीय भाव को और मिला लेते हैं। इन भावों में कोई भी क्रूर किंवा पापी ग्रह (मंगल, शनि, सूर्य, राहु, केतु) स्थित हो तो मंगली दोष मान लिया जाता है। चूंकि मंगल वैवाहिक सुख को बिगाड़ने में अपना विशिष्ट स्थान रखता है इसलिए इसी ग्रह के नाम पर इस दोष को मंगली दोष कहा जाता है। प्राय: सर्वत्र ही यह मत प्रचलित है। यहां हम मंगली दोष कब-कितना हो सकता है इस पर विचार करते हैं। ग्रहों की ९ अवस्थाएं मानी जाती हैं, उच्च राशि, मूल, त्रिकोण, स्वराशि, अधिमित्र राशि, मित्र राशि, सम राशि, शत्रु राशि, अधिशत्रु राशि और नीच राशि। अत्र शंका उठती है कि इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह क्या समान फल कर सकता है। इसका उत्तर है नहीं। दूसरी बात क्या सभी ज्योतिर्विद इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह को समझकर मंगली दोष का निर्णय करते हैं इसका उत्तर भी नहीं है, क्योंकि उपरोक्त तथ्य को समझकर मंगली दोष का निर्णय किया जाता तो मंगली दोष को इतना भयंकर नहीं समझा जाता जितना कि आज माना जा रहा है। मंगली दोष का भयावह रूप दर्शाने के लिए किसने कब यह श्लोक रच डाला ज्ञात नहीं है-

**लग्नेव्यये च पाताले, जामित्रे चाऽष्टमे कुजे।**
**कन्याभर्तुर्विनाशाय, भर्तुः कन्या विनाशकः॥**

अर्थात् कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२वें स्थान में मंगल हो तो क्या कन्या भर्ता का और भर्ता कन्या का नाश करते हैं। अगर हम इसकी शब्दावली पर ध्यान दें तो यह श्लोक किसी ऋषि प्रणीत प्रतीत नहीं होता। विवाह से पूर्व कन्या संज्ञा ठीक है लेकिन भर्ता शब्द यहां अनुचित है क्योंकि विवाह से पूर्व लड़के की संज्ञा वर है भर्ता तो विवाह पश्चात् बनेगा। दूसरे जब भर्ता हो गया तो भार्या आना चाहिए कन्या कहां से आया। अत: यह स्वत: प्रमाणित है कि यह श्लोक क्षेपक है आप्त वाक्य नहीं। कितने खेद का विषय है कि ऐसे अनार्थ श्लोकों को मान्यता देकर ज्योतिर्विद जहां अच्छे से अच्छे सम्बन्धों को अनादृत कर देते हैं वहीं ज्योतिष शास्त्र की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुँचाते हैं। ज्योतिष जगत् में फैली इन विसंगतियों के कारण जन-साधारण की आस्था इस शास्त्र के प्रति लुप्त होती है और कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों की नकली कुण्डलियां बनवाकर विवाह सम्बन्ध कर देते हैं।

प्रथम भाव तन है, चतुर्थ सुख-स्थान, सप्तम भाव कामोपयोग को जतलाने वाला है। अष्टम भाव जीवन साथी कुटुम्ब को बतलाता है और द्वादश भाव शय्या सुख का निर्देशक स्थान है। यहां स्थित होकर मंगल उस भाव को दूषित करता ही है साथ ही दृष्टि दोष से दूसरे स्थानों को भी बिगाड़ता है, जैसे लग्न में स्थित मंगल की चतुर्थ, सप्तम और अष्टम स्थान पर ही दृष्टि रखता है, द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना इस सुख से न्यूनता लाता है। इसलिए मंगलीक दोष का विचार बड़ी सूक्ष्मता से करना चाहिए। यदि हम सुदर्शन पद्धति का आश्रय लें तो अधिक सत्यता के निकट पहुंच सकते हैं। जैसे लग्न से मंगली दोष मानते हैं वैसे ही चन्द्र से भी देखें तथा शुक्र से भी। शुक्र चूंकि भोग कारक ग्रह है और इससे बना मंगली दोष अधिक बाधाकारक देखा गया है। कुछ लोगों की मान्यता है कि वर और कन्या दोनों मंगली हों तो वैवाहिक सुख नहीं बिगड़ता लेकिन मैंने कई ऐसे जोड़े देखे हैं जिनका दाम्पत्य सुख नगण्य सा ही है। कुछ लोग मानते हैं कि मंगल-शनि आदि ग्रह यदि कारक हों तो बुरा फल नहीं करते ऐसा भी अकाट्य सत्य नहीं है। वृष लग्न की कुण्डली में शनि सर्वाधिक कारक ग्रह है लेकिन दूसरे, आठवें और दसवें स्थान का शनि विवाह विच्छेद कराने में सक्षम होता है। अब तक हमने मंगली योग पर विचार किया अब उसके परिहार पर विचार करते हैं। अर्थात् मंगली दोष किन स्थितियों में अपना फल नहीं दे पाता।

१. सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो, मित्र राशिस्थ होकर स्वस्थान को देखता हो। २. सप्तमेश पर वृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो तो मंगली दोष समाप्त हो जाता है। ३. सप्तम भाव को बली शुक्र या वृहस्पति देखते हों तो मंगली दोष का प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। ४. नीचस्थ या त्रिकस्थ होकर भी सप्तमेश सप्तम भाव को देखें तो मंगली दोष क्षीण हो जाता है।

बेड़ा जातक में एक श्लोक आता है:-

**त्यक्तार्के विधवारेऽत्र पापेक्ष्यार्कौ चिरा प्रिया।**
**सौम्यैर्धन्या प्रियाऽस्तस्थैः क्रूरैः रण्डा च मिश्रितैः॥**

अर्थात् स्त्री की कुण्डली में लग्न से सप्तम सूर्य हो तो पति द्वारा वह स्त्री त्याग दी जाती है या दाम्पत्य सुख से वंचित कर दी जाती है। मंगल हो तो विधवा होती है। शनि हो तो देर से विवाह हो तथा लम्बे समय बाद पति की प्रिया बने। शुभ ग्रह हो तो उत्तम भाग्य वाली, पापग्रह हो तो विधवा, पाप और शुभ दोनों हो तो मिश्रित फल मिलता है। कुण्डली के मात्र सप्तम स्थान में पापग्रह देखकर विधवा कह देना युक्ति-युक्त नहीं है। कुण्डली का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अध्ययन करने के पश्चात् ही कोई निर्णय लेना चाहिए क्योंकि इस निर्णय पर ही दो प्राणियों के वैवाहिक सुख बनाना और बिगाड़ना निर्भर करता है। अनुभव में आया है कि सप्तम और अष्टम स्थान का पापग्रह जितना पीड़ा कारक है इतना अन्य स्थान का नहीं। मैं स्वयं मंगली हूँ मेरी पत्नी मंगली नहीं है इतने पर भी पिछले ४२ वर्षों से हम सानन्द साथ रह रहे हैं। इससे मेरा यह आशय बिलकुल नहीं है कि कुण्डली में मंगली दोष को अनदेखा कर दिया जाये बल्कि इतना ही है कि जहां मंगली दोष देखे वहां उसके परिहार और अन्य शुभ योगों को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। मंगल से अमंगल की कल्पना से समाज में जो भयावह-प्रभाव उत्पन्न हो गया है। उसी भय को समाप्त करने के लिए लघु लेख की रचना की गई है। आशा है जन-साधारण इससे लाभान्वित होंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS


### वर्ण के गुण

| | ब्रा. | क्ष. | वै. | शू. |
|---|---|---|---|---|
| ब्राह्मण | १ | ० | ० | ० |
| क्षत्रिय | १ | १ | ० | ० |
| वैश्य | १ | १ | १ | ० |
| शूद्र | १ | १ | १ | १ |

### वश्य के गुण

| | च. | मा. | ज. | व. | की. |
|---|---|---|---|---|---|
| चतुष्पद | २ | १ | १ | ० | १ |
| मानव | १ | २ | १ | ० | १ |
| जलचर | १ | १ | २ | १ | १ |
| वनचर | ० | ० | १ | २ | ० |
| कीट | १ | १ | १ | ० | २ |

जन्म कुण्डली मिलान में ३६ गुण हैं। १८ गुण से ऊपर मिलने पर शुभ, २७ गुण से ऊपर अत्यंत शुभ मानते हैं। अन्य बातें भी विचार करते हैं।

### तारागुण चक्र ( ३ )

| | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ३ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | ३ |
| २ | ३ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | ३ |
| ३ | १॥ | १॥ | ० | १॥ | ० | १॥ | ० | १॥ | १॥ |
| ४ | ३ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | ३ |
| ५ | १॥ | १॥ | ० | १॥ | ० | १॥ | ० | १॥ | १॥ |
| ६ | ३ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | ३ |
| ७ | १॥ | १॥ | ० | १॥ | ० | १॥ | ० | १॥ | १॥ |
| ८ | ३ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | ३ |
| ९ | ३ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | १॥ | ३ | ३ |

**तारा देखने की रीति**—कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक व वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देने से जो शेष बचे, वह तारा जानिए।

## नैसर्गिक ग्रह-मैत्री चक्र

| ग्रह | मित्र | सम | शत्रु |
|---|---|---|---|
| सूर्य | चं.मं.बृ. | बुध | शु.श. |
| चन्द्र | सू.बु. | मं.बृ.शु.श. | ० |
| मंगल | सू.चं.बृ. | शु.श. | बुध |
| बुध | सू.शु. | मं.बृ.श. | चन्द्र |
| बृहस्पति | सू.चं.मं. | शनि | बु.शु. |
| शुक्र | बु.श. | मं.बृ. | सू.चं. |
| शनि | बु.शु. | बृह. | सू.चं.मं. |

### योनिगुण चक्र ( ४ )

| | अ. | ग. | मे. | स. | श्वा. | मा. | मू. | गौ | म. | व्या. | मृ. | वा. | न. | सि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्व | ४ | २ | ३ | २ | २ | ३ | ३ | ३ | ० | १ | ३ | २ | २ | १ |
| गज | २ | ४ | ३ | २ | २ | ३ | ३ | ३ | ३ | १ | ३ | २ | २ | ० |
| मेष | ३ | ३ | ४ | २ | २ | ३ | २ | ३ | ३ | १ | ३ | ३ | २ | १ |
| सर्प | २ | २ | २ | ४ | २ | १ | १ | २ | २ | २ | २ | २ | ० | २ |
| श्वान | २ | २ | २ | २ | ४ | १ | १ | २ | २ | १ | ० | २ | २ | १ |
| मार्जार | ३ | ३ | ३ | १ | १ | ४ | ० | २ | २ | १ | २ | २ | २ | २ |
| मूषक | ३ | २ | २ | २ | १ | ० | ४ | २ | २ | २ | २ | २ | २ | १ |
| गौ | ३ | २ | ३ | २ | १ | २ | २ | ४ | ३ | ० | २ | २ | ३ | १ |
| महिष | ० | ३ | ३ | २ | २ | २ | २ | ३ | ४ | १ | २ | २ | २ | ३ |
| व्याघ्र | १ | २ | १ | २ | १ | १ | २ | ० | १ | ४ | १ | १ | २ | २ |
| मृग | ३ | ३ | ३ | २ | ० | ३ | २ | ३ | २ | १ | ४ | २ | २ | २ |
जन्म लग्न तथा राशि से अष्टम यात्रा लग्न में अशुभ है। कुम्भ लग्न और कुम्भ का निवास मीन लग्न यात्रा में वर्जित हैं। केन्द्र १-४-७-१० और त्रिकोण ५-९ स्थान में ग्रह शुभ होते हैं। चन्द्रमा लग्न से ६-८-१२वां अशुभ होता है। दशम में शनि और सप्तम में शुक्र ६-१-९-१२ इन स्थानों में लग्नेश अशुभ होता है। यात्रा में नक्षत्रों की त्याज्य घड़ी-तीनों पूर्वाओं की प्रथम १६ घड़ी, कृत्तिका की प्रथम २१ घड़ी, मघा की ११ घड़ी, भरणी की ७ घड़ी और स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, अश्लेषा इन नक्षत्रों की १४ घड़ी निषिद्ध हैं। यात्रा में भद्रा सर्वथा वर्जित है। पहला, सातवां, पांचवां और तीसरा तारा यात्रा में वर्जित है।

अगर जरूर जाना हो और दिशाशूल दोष हो तो वारों के मुताबिक पदार्थ खाकर जाने से दोष-निवृत्ति हो जाती है। नीचे चक्र में देखें।

## चक्रम्

| वार | र. | चं. | मं. | बु. | गु. | शु. | श. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खाने के पदार्थ | घृतयुक्त पान | चंदन | गुड़ | तिल | दही | राई | तिल |

## भद्रायां मुखपुच्छ घटीज्ञानम्

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ४ | ८ | ११ | १५ | ३ | ७ | १० | ४ | मासां तिथीनाम् |
| १ | अ. | ऊ. | ने. | ई. | द. | वा. | पृ. | मासां तिथीनाम् |
| ५ | २ | ७ | ४ | ८ | ३ | ६ | १ | एषुयामेष्वादी |
| ५ | ५ | ५ | ५ | ५ | ५ | ५ | ५ | विष्टेर्मुखघ५कृशु |
| ८ | १ | ६ | ३ | ७ | २ | ५ | ४ | चषुयामेष्वन्त्यम् |
| ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | घटीत्रयंपुच्छंशुभम् |

## द्विपुष्कर-त्रिपुष्कर योग ज्ञानार्थ चक्र

| | |
|---|---|
| (क्रूर) वार | रविवार, मंगलवार, शनिवार |
| (भद्रा) तिथि | २-७-१२ |
| विषम चरण वाले नक्षत्र | कृति. पुन. उ.फा. विशा. उ.षा. पू.भा. |
| द्विपाद नक्षत्र योग बनता है। | मृग. चि. धनि. से द्विपुष्कर |

त्रिपुष्कर-द्विपुष्कर योग फलम्-वार तिथि विषम चरण वाले नक्षत्रों के योग से त्रिपुष्कर योग होता है। यह योग मृत्यु, विनाश और वृद्धि में त्रिगुण फल देता है।

इसी प्रकार द्विपुष्कर योग के विषय में जानना चाहिए। इन योगों में किसी के यहां मृत्यु हो तो शास्त्रोक्त शान्ति करा लेनी चाहिए।

## यात्रा के नक्षत्र

अ. अनु. ज्ये, मू. ह. म. पुन. पु. रे. रो. इन नक्षत्रों में २, ३, ५, ७, ११, १३ तिथियों में शुभ वारों में अच्छा शकुन विचार कर अनुकूल और सामने व दाहिने होने पर यात्रा करें। योगिनी बाएं या पीठ पीछे हो तो यात्रा सफल होती है।

## यात्रा में शकुन

हाथी, घोड़ा, ब्राह्मण, शराब, मांस, मछली, जल से भरा एक कलश, दही, नेवला, पुत्रवती स्त्री, श्रृंगार किए स्त्री, कन्या, ममोला, सरसों—ये शकुन हों तो कार्य सिद्ध होगा।

## अशुभ शकुन परिहार

यात्रा में पहला अपशकुन हो तो ११ श्वास लेकर, दूसरा अपशकुन हो तो १६ श्वास लेकर और अगर तीसरा अपशकुन हो तो कभी न जाये। अनेक आचार्यों का मत है कि एक कोस जाने पर शुभ-अशुभ शकुनों का फल नहीं होगा।

## यात्रा में अपशकुन

बिडाल, युद्ध, विधवा स्त्री, बन्ध्या स्त्री, चमड़ा, सन्यासी, लकड़ियां, छींक, बुरे शब्द, हड्डियां अगर इनमें से कोई यात्रा के समय सामने आवे तो कार्य नष्ट होता है, नई आपत्ति आती है।

# यात्रा आदि में शुक्र-विचार

गांव से गांव जाने में, दुर्भिक्ष व विवाह में सम्मुख शुक्र का दोष नहीं होता। शुक्रान्ध—रे., अ., भ. व कृ. के प्रथम चरण तक शुक्र अन्धे रहते हैं। उसमें सम्मुख शुक्र दोष नहीं। शुक्र एवं गुरु, उदय व अस्त के ३ दिन पहले व ३ दिन बाद क्रमशः बाल व वृद्ध रहते हैं। इसमें शुभ कार्य न करें।

# गोरखपतरा यात्रा मुहूर्त

| पौष | माघ | फाल्गु. | चैत्र | वैशा. | ज्येष्ठ | आषा. | श्राव. | भाद्र. | आश्वि. | कार्ति. | मार्ग. | मासों की तिथियों का फल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | बहुत सुख और अर्थपूर्ण हो, क्लेश न हो |
| २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | भय, जीवहानि, पछतावा हो A सहित घर आवे |
| ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | कामना सिद्धि व अर्थपूर्ण हो B कुशल घर आवे |
| ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | क्लेश व जीव हानि, कुशल से घर न आवे |
| ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | वस्तु-लाभ, व्याधि व संकट कटे, मित्र मिलें |
| ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | घर की चिंता, मित्र संकट, कदाचित घर आवे |
| ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | भाग्योदय, मित्र व साधनों की प्राप्ति, रत्न A |
| ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | बहुत बुरा हो, लेन-देन करना नहीं, जीवनाश हो |
| ९ | १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | कामना व आशापूर्ण हो, सौभाग्य का उदय हो |
| १० | ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | सौभाग्य प्राप्त हो, बहुत दिन लगें किन्तु स-B |
| ११ | १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | क्लेश हो, जीव हानि नहीं, सौभाग्य पावे नहीं |
| १२ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | सिद्धि प्राप्त, मित्र मिलें, विघ्न मिटे, धन लाभ |

| प्रहर १ | प्रहर २ | प्रहर ३ | प्रहर ४ | पूर्व दिशा | दक्षिण दिशा | पश्चि. दिशा | उत्तर दिशा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अर्थ | सुख | शोक | सुख | सुख | क्लेश | भीति | द्र-लाभ |
| भय | क्लेश | सुख | सुख | शून्य | नेष्ट | दारिद्र | समता |
| लाभ | सुख | सुख | हानि | क्लेश | दुख | इष्टला | धन प्रा. |
| क्लेश | लाभ | क्लेश | विना | लाभ | सुख | मंगल | श्री.प्रा. |
| संकट | क्लेश | भाग्य | सुख | लाभ | द्रव्य | धन | सुख |
| संकट | क्लेश | भय | अर्थ | भीति | लाभ | मृत्यु | अर्थ |
| विना | लाभ | सुख | सुख | लाभ | कष्ट | द्रव्यला. | सुख |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | कष्ट | सुख | क्लेश | सुख |
| लाभ | भाग्य | मित्र | मित्र | सुख | लाभ | का.सि. | कष्ट |
| लाभ | संपूर्ण | मरण | कुशल | क्लेश | कष्ट | अर्थ | श्री.प्रा. |
| मरण | अर्थ | कुशल | मरण | मृत्यु | लाभ | द्र.लाभ | शून्य |
| मरण | सुख | सुख | सुख | शून्य | सुख | मृत्यु | अतिक. |

## योगिनी फल

पृष्ठे सुख की दायिनी। सन्मुख हरती प्रान॥
दाहिनी दुःख की दायिनी। कौशिक योगिनी जान।

नोट-युद्ध, यात्रा में बायें और सन्मुख योगिनी त्याज्य है।

टिप्पणी-आग्नेया पूर्वद्विज्ञेया दक्षिणादिक च नैऋता वायवी पश्चिमादिक स्यादशानी च तथोत्तरा। अग्नेय को पूर्व में, नैऋत्य को दक्षिण, वायव्य को पश्चिम और ईशान को उत्तर दिशा में जानकर चन्द्र निवास व दिशाशूल जानना चाहिये।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection



स्थानों में शुभ और ३६११ में पाप ग्रह हों तो नूतनगृह में प्रवेश शुभ

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# अथ गृहारंभ-द्वारशाखा-गृह प्रवेश कूपादि मुहूर्त्ताः

## भूमि सुप्तज्ञानम्

संक्रांतिमिति दिन पांचवें ५ सप्तम ७ नवमें ९ जोय। दश १० इक्कीस २१ चौबीसवें षट दिन पृथ्वी सोय॥

## आवश्यके त्याज्य घटिका

पंचमेवाण ५ घट्याश्चसप्तमेरुद्र ११ संज्ञका। नवमे ऋषव७श्चैवदशमे चषट् ६ नाड़िका: एक विशेयम् १४श्चैव चतुर्विंशेदश १० नाड़िकाघटिका वर्ज्यनीयाश्च भूमीकर्मणिसर्वदा।

## काकिणी विचार

अवर्ग (१) कवर्ग (२) चवर्ग (३) टवर्ग (४) तवर्ग (५) पवर्ग (६) यवर्ग (७) शवर्ग (८) इन आठ प्रकार के वर्गों में से मनुष्य का नाम जिस वर्ग की संख्या में हो उस संख्या को २ से गुणाकर ग्राम के वर्ग की संख्या को मिलाकर ८ का भाग दें तो मनुष्य की काकिणी होगी। इसी तरह ग्राम का नाम जिस वर्ग संख्या में हो उसकी द्विगुण कर अपने नाम की वर्ग संख्या को युक्त कर ८ का भाग दें तो ग्राम की काकिणी होगी। इसमें से जिसकी काकिणी अधिक हो वह दूसरे का ऋणी होता है, अर्थात् मनुष्य की काकिणी से ग्राम की काकिणी सदा अधिक होनी चाहिए। ग्राम के निवास को जान कर गृहारम्भ के मुहूर्त का विचार करें।

## गृहारम्भ मासे नक्षत्रादि विचार

वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन महीने गृहारम्भ में श्रेष्ठ कहे हैं। भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम हैं। २।३।५।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में, चं.बु.शु.श. वारों में, रो. मृ. पुन. ह. चि. स्वा. अनु. उत्तरा ३ ध.श.रे. नक्षत्रों में, २।३।५।६।८।९।११।१२ लग्नों में अग्निवाण और भूमिशयन से रहित दिनों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभ और ३।६।११ स्थानों से पापग्रह तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त्त शुभ होता है।

गृहारम्भ मुहूर्त्त के दिन सूर्य जिस नक्षत्र पर हो उस नक्षत्र से अभिजित नक्षत्र सहित दिन का नक्षत्र जितनी संख्या पर आवे नीचे लिखे चक्र के अनुसार उतनी संख्या पर जो अंक हो, उसका फल जान लें।

## सूर्यभात वृषवास्तु चक्र

| अग्रपादे पृष्ठपाद | | | पृष्ठे | द.कु. | पुच्छे | वामकुक्षौ | मुखे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | ४ | ४ | ३ | ४ | ३ | ४ | ३ |
| दाह | नाक | स्थिर | श्री | नाभ | नाश | नेष्ट | पीड़ा |

## द्वारशाखा स्थापन मुहूर्त्तः

अश्वि. रो. मृ. पुष्य हस्त स्वा.श्रव. उत्तरा ३ इन नक्षत्रों में शुभ तिथि शुभ वारों में द्वारशाखा देहली (दलीज) स्थापन करना शुभ है।

## सूर्य भात देहली चक्र

| शिरिसि | कोण | शाखाया | देहल्यां | मध्य | स्थानानि |
|---|---|---|---|---|---|
| ४ | ८ | ८ | ३ | ४ | नक्षत्राणि |
| लक्ष्मी | उद्वेग | देहसौख्य | मृत्यु | सौख्य | फलम् |

## जलाशय देवालय प्रतिष्ठां

अश्वि. मृग. पु. पुष्य चित्रा स्वाति अनुराधा अभि. श्रवण धनिष्ठा शत. रेवती एषुभेषु. २।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ एषु तिथिषु भौमवार बिना उत्तरायणे गुरु, चन्द्र, शुक्र दृश्ये: शुभे लग्ने वा स्थिर लग्ने प्रतिष्ठा कार्या। तत्स्वामी नक्षत्रे तिथि मुहूर्त-लग्ने वा स्थिर लग्ने। कुम्भे ब्रह्मा। कन्यायां विष्णु। मिथुने रुद्र:। सिंहे सूर्य: मिथुन कन्या धनु मीनेषु देव्य:। मेष कर्क तुला मकरेषु योगिनी। वृष सिंह वृश्चिक कुम्भेषु सर्व देवानां प्रतिष्ठा कार्या।

## कूप चक्र

नक्षत्र वारो तिथि संयुक्ता वेदाहृतं तद् गणकेनकार्यम्। एकावशिष्टं च जलहिनागे द्वाभ्यां च शेषं सलिलं च स्वर्गे। त्रिशून्य शेषे भुवसंस्थितं च भूसंस्थितं सुष्ठु वदन्ति विज्ञा:।

| | | |
|---|---|---|
| इशान्ये पुष्टि: | पूर्वे ऐश्वर्य्यम् | अग्नेये पुत्रनाश: |
| उत्तरे सुखम् | मध्येऽर्थनाश: | दक्षिणे स्त्रीनाश |
| वायव्ये शत्रुभयम् | पश्चिमे धनलाभ: | नैऋत्ये स्वामीनाश |

गृह की जिस दिशा में कूप लगाया जावे उस का फल ऊपर लिखे चक्र से जान लें। जैसे घर की उत्तर दिशा में सुख इत्यादि।

## सूर्यभात्कूप जल विचारः

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ |
| स्वादु | खंडित | स्वादु | क्षय | स्वादु | क्षार | शिक्षा | मिष्ठ | क्षार |
| जल | जल | जल | जल | जल | जल | जल | जल | जल |

## राहु मुख ज्ञानम्

देवालय प्रारम्भ में मीनादि से तीन-तीन राशिपर्यन्त सूर्य की स्थितिवश में ईशाणादि विपरीत विदिशा के क्रम से राहु का मुख होता है। इसी तरह गेहविधि में सिंहादि तीन-तीन राशि की स्थिति वश ऊपर कहे हुए क्रम से राहु का मुख कहा है मुख की विदिशा से जो पृष्ठ की विदिशा हो उस में खात करना शुभ है।

## खात चक्रम्

| इशान्ये | वायव्ये | नैऋत्ये | आग्नेये | राहोर्मुखम् |
|---|---|---|---|---|
| १२।१।२ | ३।४।५ | ६।७।८ | ९।१०।११ | देवालये |
| ५।६।७ | ८।९।१० | ११।१२।१ | २।३।४ | गेहविधौ |
| १०।११।१२ | १।२।३ | ४।५।६ | ७।८।९ | जलाशये |
| आग्नेय | ईशाने | वायव्ये | नैऋत्ये | कोणा: |
| खात: शुभ | खात: शुभ | खात: शुभ | खात: शुभ | खात: शुभ |

## नूतन गृह प्रवेश

वै. ज्ये. माघ फाल्गुन महीनों में रा. रे., ति. अनु. उत्तरा ३ नक्षत्रों में २।३।४।५।६।७।८।९।१०।११।१२।१३।१४।१५ तिथियों में चं. बु., बृ. शु. श. वारों में अपने जन्म ग्न वा जन्म राशि से आठवां लग्न न हो। उपचय लग्न में वा स्वजन्मलग्नात् एते उपचंया ३।६।१०।११ स्थिर लग्न में से ४।८ स्थान शुद्ध होने पर पर्व-रहित दिन में लग्न से १२५७९१० स्थानों में शुभ और ३६११ में पाप ग्रह हों तो नूतनगृह में प्रवेश शुभ होतत है। पुरातन गृहप्रवेश में श्रा., का., मार्ग., मासेषु ह. अश्वि., पुष्य, मृग., श्र., ध., एषुभेषु चापि शुभ:। आवश्यके गुरु शुक्रास्त न विचारणीयम्।

## सूर्य भात्प्रवेश समय कुम्भ चक्र

| मुख | पूर्व | दक्षिण | पश्चिम | उत्तर | गर्भ | गुदे | कंठे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ४ | ४ | ४ | ४ | ४ | ३ | ३ |
| अग्निदाह | उद्वेग | लाभ | कीर्ति: | कलह | नाश | स्थिर | स्थिर |

## दुकान खोलने का मुहूर्त्त

**वाणिज्य कर्म**—अनु., तीनों उत्तरा, पुष्य, रेवती, रोहि., मृगशिरा, हस्त, चित्रा, अश्वि. नक्षत्रों में रिक्ता तिथि छोड़कर शुभवार में वाणिज्य कर्म शुभ है।

**बहीखाता पत्रारम्भ मुहूर्त्त**—अश्विनी, रोहिणी, चित्रा, अनुराधा, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, श्रण, रेवती शुभ है। ४, ९, १४, ३० रहित तिथि रवि, सोम, बुध, गुरु, शनिवार शुभ मुहूर्त्त चर एवं द्विस्वभाव लग्न में ८, १२ घर पाप रहित तथा केन्द्र कोण में शुभ ग्रह हों।

**मशीनरी चालू करना**—आश्लेषा, धनिष्ठा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, पुष्य, ज्येष्ठा, पुनर्वसु, रेवती नक्षत्र शुभ है।

**मुकद्दमा दायर करना**—४, ९, १४ तिथि, मंगलवार, शनिवार, कृत्तिका, आर्द्रा, धनि., आश्ले., मघा, ज्येष्ठा, मूल, विशा., तीनों पूर्वा हों, भद्रा हो तो उत्तम है।

**ऋण लेने का मुहूर्त्त**—अश्विनी, स्वाति, पुनर्वसु, विशाखा, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा में चर लग्न में ऋण लेना शुभ है। मंगल के दिन, वृद्धि योग में, सूर्य संक्रांति के दिन, धनिष्ठा आदि पंचकों में, हस्त, द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर योगों में ऋण नहीं लेना। रविवार को ऋण ले तो कभी मुक्ति नहीं मिलती। मंगलवार को ऋण वापस करना अच्छा है।

## हट्ट चक्र

| नक्षत्र | २ | २ | ४ | ४ | ३ | ४ | ४ | ४ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फल | सौख्य | विक्रयनाश | धननाशे | सुख | श्रेष्ठ | क्षोभ | हानि | शुभ |

## नौकरी का मुहूर्त्त

अ. मृ. पुष्य, ह. चि. अनु. रेवती एषु मेषुरिक्ता रहित तिथिषु सू.बु.बृ.शु. वारेषुशुभ लग्ने १०, ११ स्थान में सूर्य भौम वा स्वामी सेवक की राशिश और योनि से मित्रता हो।

**हल प्रवाहनम्**—अ.रो.मृ.पुन.पु. उत्तरा ३, ह.चि.स्वा. अनु.मू.श्र.ध.श.रे. एषुमेषु २।३।५।७।१०।१२।१३ तिथिषु चन्द्र बुध बृह. शुक्रवारेषु २।३।१।८।९।१२ लग्नेषु व्यतिपात पूर्वे रहित काले शुभस्यात्।

## सूर्य भात हल चक्रम्

| ३ | ३ | ३ | ५ | ३ | ५ | ३ | ३ | नक्षत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | फलम् |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



### अथ बीज बीजने का मुहूर्त

अ. रो. मृ. पुन. पुष्य म. उत्तरा ३, ह. चि. स्वा. अनु. मूल. धनि. रेवती एषुमेषु चन्द बुध वृह शुक्र वारेषु २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ एषु तिथिषु शुभेलग्ने शुभस्यात्।

### राहु भात बीज वापन चक्रम्

| ८ | ३ | १ | ३ | १ | ३ | १ | ३ | ४ | नक्षत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशु | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | फलम् |

### अथ खेती काटने का मुहूर्त

भ.कृ.मृ.आर्द्रा. पुष्य.श्ले. मघा, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्येष्ठा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा एषुमेषु शुभवासरे, शुभ लग्ने शुभं स्वात्।

### अथ खेतों से अन्न नि[illegible] का मुहूर्त

रोहिणी, मघा, पू.फा., उ.फा. अ[illegible] मूल, श्रवण एषुमेषु चन्द्र बुध, बृह, शुक्र, वारेषु २, ३, ५, [illegible] ११, १३, १५ तिथिषु शुभलग्ने कण मर्दन स्यात्।

### अथ अन्न घर लाने का मुहूर्त

अश्विन, रोहिणी, मृग., पुष्य, मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनि., रेवती एषुमेषु चन्द्र, बुध, बृह., शुक्र वारेषु २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथिषु शुभे लग्ने शुभस्यात्।

### अथ नवान्न भक्षणम्

अश्वि., रोहिणी, मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनि., शत., रेवती एषुमेषु शुभवारेषु १, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३, तिथिषु शुभलग्ने शुभस्यात्।

### अथ अन्न बेचने का मुहूर्त

कृत्तिका, रोहिणी, तीनों उत्तरा, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल एषुमेषु २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३ तिथिषु, शुभवासरे शुभस्यलग्ने शुभस्यात्।

### अथ अन्न खरीदने का मुहूर्त

रोहिणी, ध., शत., तीनों उत्तरा एषुमेषु चन्द्र, बुध, बृह., शुक्र वारेषु २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३ तिथिषु शुभे लग्ने शुभंस्यात्।

### अथ बीज संग्रह मुहूर्त

हस्त, चित्रा, स्वाति, पुन., रोहिणी, मृग., श्रवण, धनि. एषुमेषु २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३, १५ एषु तिथिषु चन्द्र, बुध, बृह., शुक्र वारेषुशुभे लग्नेषु शुभंस्यात्।

### अथ लता औषधि लगाने का मुहूर्त

अश्वि., रोहिणी, मृग., आर्द्रा, पुष्य, मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, विशाखा एषुमेषु चं.बु.बृ.शु. वारेषु शुभ तिथौ शुभलग्ने शुभंस्यात्।

### अथ अर्जी देने का मुहूर्त

भरणी, मूल, आर्द्रा, अश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा एषुमेषु शनि, मंगल वारौ ४, ९, १४ तिथौ क्रूर चन्द्रे सति शुभंस्यात्।

### अथ होलाष्टकम्

शुक्लाऽष्टमी समारभ्य फाल्गुनस्य दिनाष्टकम्
विपाशैरावती तीरे शतुद्राश्य त्रिपुष्करे।
विवाहादि शुभे नेष्टं होलिका प्राग दिनाष्टकम्॥

### अथ होम अग्नि वासः

शुक्लादि तिथि वर्तमान वार दोनों को जोड़ कर एक और मिलाओ ४ का भाग दो यदि ३ या चार बचे तो अग्नि का वास पृथ्वी पर जानना होम में सुख होता है। यदि १ या दो बचे तो अग्नि का वास वर्ग वा पाताल में होता है होम में प्राण और धन का नाश करता है।

### अथ ग्रहों के मुख में आहुति

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिने प्रथम इसे सूर्य मुख में, इसी तरह सब ग्रहों के मुख में आहुति जाननी।

| सूर्य | बुध | शुक्र | शनि | चन्द्र | मंगल | बृह. | राहु | केतु | ग्रह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | नक्षत्र |
| शुभ | शुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | अशुभ | फल |

अथ ग्रहायां होमयेंसमिधः। अर्क-पलाशः खदिरस्त्वपामर्गो ऽर्थपिप्पलः॥ औदुम्बरः शमी दूर्वाकुशाच्चसमिधः क्रमादिति॥ सन्तानप्रदमंत्रौ। देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगतपते। देही मे तनयं कृष्णत्वामहं शरणंगतः। कौशल्याशुशुभेतेन पुत्रेणामिततेजसा। यथावरे ह णदे वाननामदितर्व जपाणिना॥ सपादलक्ष जपः तिल पायसधृतंदशांशहवनं। तद् शांततर्पणम्। दद्दशांश ब्राह्मण भोजनम्।

यात्रायां द्वादशराशिगत चन्द्रफलम् आद्यचन्द्रःश्रियं कुर्याद्द्वितीये धनधान्यदः। तृतीये राजसन्मानं चतुर्थेकलहा गमः॥१॥ पंचमे ज्ञानवृद्धिश्च षष्ठे सम्पत्तिरुत्तमा॥ सप्तमे सुखकृच्चन्द्रो ह्यष्टम मरणं भवेत् (कष्टं वा)। ९वें भाग्यवृद्धिश्च दशमे सुखसबः। एकादशे सर्वलाभोद्वादशं चाशुभावहः॥ आवश्यके द्वादशगतेऽपि यात्रा कार्यानिष्टचन्द्रदानतु। दधि तण्डुलश्वेतघृतरजतमुक्तादयः॥

कदा द्वादशस्वस्थश्चन्द्रमाशुभवः॥ आधाने-सम्प्रदाने च विवाहे राजविग्रह॥ पाणिग्रहे प्रयाणे च चन्द्रो द्वादशगः शुभः। अभिषेके निवेके च गृहे पुंसवनादिषु। यात्रा युद्धे विवाहे च चन्द्रो द्वादशगः शुभः।

अथ सर्वेषां श्राद्धानां कालर्विभावगः पूर्वार्द्धेदैविकं श्राद्धमपरान्हे तु पार्वणम्। एकोदिष्टं तु मध्यान्हे प्रातवृद्धिनिमित्तके शुक्लपक्षस्य पूर्वान्हे श्राद्धंकुर्याद्विचक्षणः॥ कृष्णपक्षेऽपराहे च रौहणं न तुलच्चयेत्॥ क्षयाहे विशेषः। न ज्ञायते मृताहश्चेत्यमीते प्रोषिते सति। मासश्चैत्रप्रतिविज्ञात-स्तछशस्यान्मतेऽहनि। श्राद्धविघ्न निर्णयः। श्राद्धविघ्नं समुत्पन्ने ह्यविज्ञाते मृतेऽहनि। एकादश्यां तु कर्तव्य कृष्णपक्षे विशेषतः॥ इति॥

गयाश्राद्धकालः॥ मीने मेषेस्थिते सूर्य कन्यायां कार्म के घटे दुर्लभं त्रिषु लोकेषु गयायां पिण्डपातनम्। मकरे वर्तमाने च ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः दुर्लभत्रि.। गयायासर्वकालेषुपिण्डं दद्याद्विचक्षणः। अधिमासे जन्मदिने अस्ते चगुरुशुक्रयोः॥ न त्यक्तव्यं गया श्राद्ध सिंहस्थे च बृहस्पतौ।

**ऋण देना या धन व्यापार में लगाना**— स्वाती, पुनर्वसु, चित्रा, अनुराधा, मृगशिरा, रेवती, विशाखा, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अश्विनी, इन नक्षत्रों में, चर, लग्न में और १, ५, ८ स्थानों में कोई ग्रह न हो तो तब द्रव्य को ऋण में देना रोजगार में लगाना शुभ है। मतान्तर से १, १२, ६ तिथि छोड़कर अन्य तिथियों में, तीनों उत्तरा और रोहिणी अन्य नक्षत्रों में शनिवार छोड़कर अन्य वार में कर्ज देना चाहिए।

**बंटवारे का मुहूर्त**— अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती नक्षत्रों में २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में शुभ लग्न में बंटवारा करना शुभ रहता है।

**वसीयतनामा एवं उत्तराधिकार देने का मुहूर्त**— चैत्र मास छोड़कर उत्तरायण में अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपद, उत्तराषाढ़ा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण एवं रेवती नक्षत्रों में रिक्ता तिथि (४, ९, १४) छोड़कर अन्य तिथियों में मंगलवार छोड़कर अन्य वारों में गुरु, शुक्र, चन्द्र के उदय रहते शुभ लग्न में वसीयतनामा अथवा राज्याभिषेक करना शुभ होता है।

**मंत्री अथवा उच्चाधिकारी से मिलने का मुहूर्त**— तीनों उत्तरा, श्रवण, धनिष्ठा, मृगशिर, पुष्य, अनुराधा, रोहिणी, रेवती, अश्विनी, चित्रा, हस्त ये नक्षत्र रविवार सहित शुभ दिनों में तथा गोचरोक्त सूर्य बली हो तो मुलाकात करना शुभ है।

**मन्त्री पद की शपथ लेना**— उत्तरायण में, गुरु, शुक्र, चन्द्र ग्रहों के उदित रहते और मंगल, सूर्य तात्कालिक लग्न का स्वामी, तात्कालिक दशा का स्वामी, जन्म लग्नेश इन ग्रहों के बली रहते शुभ है। चैत्र मास, मलमास और ४, ९, १४ तिथि मंगलवार तथा रात्रि में अशुभ है इसलिए वर्जित है। ज्येष्ठा, श्रवण, हस्त, अश्विनी, पुष्य, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा, रोहिणी, तीनों उत्तरा में और ३, ५, ६, ७, ८, ११ राशि की लग्न में या जातक की जन्म लग्न, जन्म राशि से ३, ६, ११वें शुभ राशि के लग्न में रहने और शपथकालिक लग्न से ३, ६, ११वें स्थान में पाप ग्रह हों या केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह हों तब शपथ ग्रहण करना शुभ है।

**देव-प्रतिष्ठा का मुहूर्त**— विभिन्न देवताओं की (चैत्र को छोड़कर उत्तरायण सूर्य में) प्रतिष्ठा तथा जलाशय, नाग आदि की प्रतिष्ठि, अश्वि., रो., मृग., पुन., पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रवण, धनि., शत., रेवती नक्षत्रों में मंगलवार को छोड़कर अन्य वारों में, शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ तिथियों में गुरु शुक्रोदय पंचांग शुद्धि, चन्द्र तारा शुद्धि देख कर करना चाहिए।

**प्रेत क्रिया मुहूर्त**— अश्विनी, पुष्य, हस्त, आश्लेषा, मूल, ज्येष्ठा, श्रवण, आर्द्रा और स्वामी नक्षत्र में प्रेत क्रिया करना उचित है, यदि मरणकाल में किसी कारणवश न की गई हों। धनिष्ठा नक्षत्र का उत्तरार्ध शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद रेवती इन साढ़े चार नक्षत्रों में प्रेत का दाह वर्जित है।



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# विभिन्न प्रकार के उपयोगी मुहूर्त्ताः

| नाम मुहूर्त्त | तिथि | वार | नक्षत्र-मास-लग्नादि शुद्धिकरण |
|---|---|---|---|
| सीमन्तोन्नयन मुहूर्त | १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ | रवि गुरु मंगल | मृग., पुष्य, मूल, श्र., पुन, हस्त मतान्तर से तीनों उत्तरा, रोहिणी, रेवती। मासेश्वर केबली रहते गर्भाधान से ८ या ६ मास में, केन्द्र व त्रिकोण के शुभ ग्रहों के रहते ३, ६, ११ स्थान में क्रूर ग्रह और पुरुष ग्रह लग्न या नवांश में शुभ होता है। |
| पुंसवन मुहूर्त | २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ | मंगल गुरु शु.रवि | श्रव., रोहि., पुष्य, उत्तम। मृग., पुन., हस्त, रेवती, मूल और तीनों उत्तरा मध्य है। गर्भाधान से तीरे मास में पुरुष संज्ञक लग्न में, लग्न से १, ४, ५, ७, ९, १० इन स्थानों में शुभ ग्रह हो। चन्द्रमा १।६।८।१२वें न हो, पाप ग्रह ३।६।११वें शुभ होंगे। |
| सूतिका स्नान | १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ | सू.मं. गुरु | रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिर, हस्त,स्वाति, अश्विनी अनुराधा। पंचम में कोई ग्रह न हो, केन्द्र १।४।१०।७ में शुभ ग्रह हो। |
| नामकरण | १, २, ३, ५, ७, १०, १३ | चन्द्र बुध गु.शु. | अश्विन, रोहिणी, मृग., पुन., पुष्य, तीनों उत्तरा,हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, अभि., श्रवण, दनि, शत, रेवती। लग्न से १।५।७।९।१० स्थानों में शुभ ग्रह हो। ३।६।११ में पाप ग्रह शुभ, ८।१२ में सभी ग्रह अशुभ। |
| स्तनपान | शुभ | शु.भु. चं.गु. | अश्विन, रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्टा, शतभिषा, रेवती। |
| कर्ण वेध | १, २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १३, १५ | चन्द्र बुध गु.शु | अश्वि., पुन., पुष्य, मृग., हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., धनि और रेवती लग्न २।३।४।६।७।९।१२ यदि गुरु तो विशेष उत्तम, शुभ ग्रह १।३।४।५।७।९।१०।११ में उत्तम। पाप ग्रह ३।६।११ में शुभ, ८वें कोई ग्रह न हो। |
| मुण्डन | २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ | चन्द्र बुध गु.शु. | अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, ज्ये., श्रवण, धनि., शत रेवती। लग्न २।३।४।६।७।९।१२ शुभ ग्रह १।२।४।५।७।८।१०वें हो। पाप ग्रह ३।६।११ में शुभ ८वें कोई ग्रह न हो, जन्म से विषम वर्ष शुभ। |
| विद्यारम्भ | ५, ६, २, ३, ११, १२, १० | र.गु. शु. | अश्विनी, मृग., आर्द्रा, पुन., पुष्य, अश्ले, तीनों पूर्वा, हस्त, चित्रा, स्वाति, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा। |
| यज्ञोपवीत | शु.प. २, ३, ५, १०, ११, १२ कृ. पक्ष की १, २, ३, ५ | सू.चं. बुध गुरु शुक्र | अश्विनी, रोहिणी, आर्द्रा, पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रवण, धनि., शत., रेवती, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा नक्षत्र शुभ। लग्नेश ६।८ में अशुभ, शुभ ग्रह १।४।७।५।९।१०वें स्थान में शुभ, पाप ग्रह ३।६।११वें में शुभ पुरुष १।४।८वें में सभी पाप ग्रह अशुभ होंगे। |
| जल पूजा कुआं पूजा | शुभ | चं.बु. गुरु | मृग., पुन., पुष्य, हस्त, अनु., मूल, श्रवण नक्षत्र श्रेष्ठ। रिक्ता तिथि, गुरु, शुक्रास्त, बाल वृद्ध, चैत्र, पौष व मलमास, श्राद्ध पक्ष, मासान्त आदि वर्ज्य करें। |
| सगाई/वाग्दान | शुभ | शुभ | तीनों पूर्वा, तीनों उ., कृ., रो., मृग., मघा, ह., स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., रेव. |
| द्विरागमन (गौना) (मुकलावा) | शुभ | चन्द्र बुध गुरु शुक्र | तीनों उत्तरा, अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत., रेवती। विवाह के बाद विषम वर्षों में, मेष वृश्चिक और कुम्भ के सूर्य में। २।३।६।७।१२ लग्न में शुभ. लग्न से १।२।३।५।७।१०।११वें शुभग्रहा और ३।६।११वें भाव में पाप ग्रह शुभ होते हैं। |
| पुनर्विवाह | शुभ | सू.मं. गु.शु. | अश्वि., हस्त, चित्रा, स्वा., विशाखा, अनु., धनि.। लग्न २।५।८।११, लग्न से १।२।३।५।७।१०।११ में शुभ ग्रह हो और ३।६।११ में पाप ग्रह होते हैं। |
| गन्धर्व विवाह | शुभ | सू.मं. शनि | अश्वि., कृत्तिका, आर्द्रा, पुन., अश्ले., ज्ये., धनि., शत. नक्षत्र शुभ गुरु शुक्रास्त एवं मासादि दोषोऽपि नास्ति। |
| बीज बोने का मुहूर्त | २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३, १५ | चं.बु. गु.शु. | अश्वि., रोहि., मृग., पुष्य, मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति अनु., मूल, धनि., रेवती सम्मुख चन्द्रमा शुभ होता है। |
| फसल काटने का मुहूर्त | २,३,५,६,७,८,१०, ११, १२, १३, १५ | सू.चं. बु.गु.शु. | भर., कृति., मृग., आर्द्रा, पुष्य, अश्ले., मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्ये., मूल, पूर्वाषाढ़, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद। लग्न २।५।८।११ शुभ होता है। |
| कुआं व ट्यूबेल | शुभ | बु.गु. शु.चं. | रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, अनुराधा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती। |

| नाम मुहूर्त्त | तिथि | वार | नक्षत्र-मास-लग्नादि शुद्धिकरण |
|---|---|---|---|
| दुकान | २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ | सू.चं. बु.गु. शु.श. | अश्वि., रोहि., मृग., पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, अनु., रेवती। कुम्भ लग्न को छोड़, चन्द्र शुक्र लग्न में रहते, १२, ८, पाप ग्रहों के न रहते, २, १०, ११वें शुभ ग्रहों के रहते दुकान खोलना श्रेष्ठ है। |
| बड़े-बड़े व्यापार करना | २, ३, ५, ७, ११, १३ | बु.गु. शु. | पुष्य, हस्त चित्रा और तीनों उत्तरा। कुम्भ लग्न को छोड़, चन्द्र शुक्र लग्न में रहते ८, १२वें पाप ग्रह न हो। २, १०, ११वें शुभ ग्रह हो। |
| ऋण का लेन देन करना | | | रवि, मंगलवार, संक्रांति दिन, वृद्धि योग, द्विपुष्कर व त्रिपुष्कर योग और हस्त नक्षत्र के दिन कभी ऋण न लें। अगर ले लिया जाये तो उस ऋण से मुक्ति न मिले और बुधवार के दिन कभी द्रव्य न दिया जाये। |
| बही खाता | २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५ | सू.चं. बु.गु.श. | मृगशिर, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, रेवती। चर तथा द्विस्वभाव लग्न श्रेष्ठ है। |
| क्रय खरीदना | शुभ | शुभ | शुक्ल पक्ष की ११ से कृष्ण पक्ष की ५ तक की तिथियों में अश्विनी, चित्रा, स्वाति, श्रवण, शतभिषा, रेवती नक्षत्र शुभ होते हैं। |
| विक्रय बेचना | शुभ | शुभ | भरणी, कृत्तिका, अश्लेषा, तीनों पूर्वा, विशाखा नक्षत्र। शुक्ल पक्ष की ११ से कृष्ण पक्ष की ५ तक कुम्भ लग्न को छोड़कर बेचना शुभ होता है। |
| नौकरी करने का मुहूर्त | २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ | सू.बु. गु.शु. | अश्विनी, मृगशिरा, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, रेवती नक्षत्र शुभ होते हैं। |
| कार्य सीखना | २, ३, ५, ७, ८, १०, १२, १३, १५ | च.बु. गु.शु. | अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, स्वाति, अनुराधा, अभिजित, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती। |
| दत्तक (पुत्र गोद लेना) | २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५ | सू.मं. गु.श. | अश्विनी, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, धनिष्ठा नक्षत्र; स्थिर लग्न २।५।८।११ शुभ हैं। |
| गृह निर्माण | २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ | चन्द्र बुध गु.शु. शनि | रोहि., मृग., पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनु., धनि., शत., रेवती नक्षत्र शुभ हैं। वैशाख, श्रावण, पौष, माघ, फाल्गुन श्रेष्ठ हैं। लग्न २।३।५।६।८।९।११।१२ शुभ। शुभ ग्रह लग्न से १।४।७।१०।५।९ इन स्थानों में एवं पाप ग्रह ३।६।११ शुभ होते हैं। ८।१२ में कोई ग्रह नहीं लेना चाहिए। |
| नूतन गृह प्रवेश | २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३ | चन्द्र बुध गु.शु. शनि | रोहि., मृग., चित्रा, अनु., रेवती, तीनों उत्तरा नक्षत्र शुभ हैं। लग्न २।५।८।११ उत्तम हैं ३।६।९।१२ मध्यम है। लग्न से १।२।३।५।७।९।१०।११ स्थानों में शुभ ग्रह शुभ होते हैं। ३।६।११ स्थानों में पाप ग्रह शुभ होते हैं। ८।४ में कोई ग्रह नहीं होना चाहिए। माघ, फाल्गुन, बैशाख, ज्येष्ठ मास में प्रवेश उत्तम होता है। |
| जीर्ण गृह प्रवेश | २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३ | चन्द्र बुध गु.शु. | रोहि., मृग., पुष्य, तीनों उत्तरा, चित्रा, स्वाति, अनु., धनि., शत., रेवती नक्षत्र शुभ हैं। वैशाख, ज्येष्ठ, श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मास श्रेष्ठ होते हैं। लग्न शुद्धि अवश्यक करें। |
| मन्त्र सिद्धि मुहूर्त | २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ | सू.चं. बु.गु.शु. | अश्विन, मृगशिर, उ.फा., हस्त, विशाखा, श्रवण नक्षत्र शुभ हैं। |
| मुकद्दमा दायर करना | ३, ५, ८, १०, १३, १५ | र.बु. गुरु शुक्र | भरणी, आर्द्रा, श्ले., मघा, तीनों पूर्वा, ज्येष्ठा, मूल नक्षत्र शुभ होते हैं। लग्न ३।६।७।८।११ शुभ होते हैं। सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र, चन्द्रमा १।४।७।१० स्थान में पाप ग्रह ३।६।११ स्थान में शुभ होते हैं परन्तु ८वें कोई ग्रह न हो। |
| वाहन लेना | शुभ | चं.बु. गु.शु. | अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनु., श्रवण, धनि., शत, रेवती नक्षत्र शुभ हैं। लग्न शुद्धि आवश्यक है। सूर्य नक्षत्र से दिन के नक्षत्र तक गणना करें। १ से ९ तक नेष्ट, १० से १५ श्रेष्ठ, १६ से २४ नेष्ट, २५ से २७ श्रेष्ठ होते हैं। लग्न से ८।१२ कोई ग्रह हो। |
| सर्वारम्भ मुहूर्त | शुभ | शुभ | लग्न से १२।८ स्थान शुद्ध हो अर्थात् कोई ग्रह न हो तथा जन्म लग्न व जन्मराशि से ३।६।१०।११ स्थान में हो तो सभी प्रकार कार्य प्रारम्भ करना शुभ होता है। |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# सर्व कार्य-सिद्धि के लिए होरा मुहूर्त

सर्व कार्य-सिद्धि के लिए होरा मुहूर्त्त पूर्ण फलदायक और अचूक माने गए हैं। सात ग्रहों के सात होरा हैं जो दिन-रात के २४ घण्टों में घूमकर मनुष्य को कार्य-सिद्धि के लिए अशुभ समय में भी सुसमय सुअवसर प्रदान करते हैं। सूर्य का होरा राज-सेवा के लिए उत्तम है, प्रवास के लिए शुक्र का होरा, ज्ञानार्जन के लिए बुध का होरा, सर्वकार्य सिद्धि के लिए चन्द्रमा का होरा, द्रव्य-संग्रह के लिए शनि का, विवाह के लिए गुरु का तथा युद्ध, कलह और विवाद के लिए मंगल का होरा उत्तम होता है। प्रत्येक होरा १ घण्टे का होता है। जिस दिन जो वार होता है, उस वार के (सूर्योदय के समय) १ घण्टा तक उसी वार का होरा रहता है। उसके बाद १ घण्टे का दूसरा होरा उस वार के छठे वार का होता है। इसी प्रकार दूसरे होरे के वार से छठे वार का होरा तीसरे घण्टे तक रहता है। इस क्रम से २४ घण्टे में २४ होरा बीतने पर अगले वार के सूर्योदय-समय उसी (अगले) वार का होरा आ जाता है। जिस कार्य की सिद्धि के लिए ऊपर जो होरा श्रेष्ठ लिख आए हैं, किसी भी दिन उस होरा के १ घण्टे-मुहूर्त में वह कार्य करेंगे तो सफलता आपके हाथ रहेगी। प्रत्येक वार २४ घण्टों का होरा चक्र नीचे भी दिया जा रहा है। उदाहरण के लिए मान लीजिए, आज गुरुवार है और आज ही आपको कहीं प्रवास करना (जाना) है। ऊपर प्रवास के लिए शुक्र का होरा श्रेष्ठ लिख आए हैं, अतः मालूम करना है कि आज गुरुवार के दिन शुक्र का होरा किस-किस समय रहेगा। चक्र में गुरुवार के सामने खाने में देखा तो चौथे, ग्यारहवें घण्टे में शुक्र का होरा मिला।

| वार | हो. १ | हो. २ | हो. ३ | हो. ४ | हो. ५ | हो. ६ | हो. ७ | हो. ८ | हो. ९ | हो. १० | हो. ११ | हो. १२ | हो. १३ | हो. १४ | हो. १५ | हो. १६ | हो. १७ | हो. १८ | हो. १९ | हो. २० | हो. २१ | हो. २२ | हो. २३ | हो. २४ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. |
| चं | चं | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. |
| मं. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. |
| बु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. |
| गु. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. |
| शु. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. |
| श. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | र. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. |

**बिना सारिणी के किसी वार को अभीष्ट होरा निकालने का नियम:—** किसी भी वार का प्रथम होरा वारेश (उसी वार) से प्रारम्भ होता है। उस वार से विपरीत क्रम से वारों को एक-एक के अन्तर से गिनें। जैसे, बुधवार को प्रथम होरा बुध का, तत्पश्चात् विपरीत क्रम से मंगल को छोड़कर सोम (चन्द्र) का होरा होगा एवं रवि को छोड़कर शनि का होरा होगा। इसी क्रम से आगे शेष २१ होरा उस दिन व्यतीत होंगे।

### नामाक्षरों से वर्ग बोधक चक्र (स्ववर्ग से पंचम वर्ग बैरी होता है।)

| अ इ उ ए | क ख ग घ ङ | च छ ज झ ञ | ट ठ ड ढ ण | त थ द ध न | प फ ब भ म | य र ल व | श ष स ह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गरुड़ | मार्जार | सिंह | श्वान | सर्प | मूषक | मृग | मेढ़ा |

### कर-योग

**कराग्रे वसते लक्ष्मीः कर मध्ये सरस्वती। कर पृष्ठे तु गोविन्दः प्रभाते कर दर्शनम्॥**

हाथों के अगले भाग में लक्ष्मी, मध्ये में सरस्वती और पृष्ठ पर गोविन्द का निवास है अतः प्रातः काल में इन का दर्शन करना चाहिए। इस का भावार्थ है कर्म करके ही जीव पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) पा सकता है।

### शिववास ज्ञान

वर्तमान तिथि को दो से गुणा कर पांच जोड़ें। फिर सात का भाग देवें। शेष १ रहे तो कैलाश में श्रेष्ठ। २ से गौरी पार्श्व में श्रेष्ठ। ३ से वृषारूढ़ श्रेष्ठ। ४ से सभा में सामान्य। ५ से ज्ञान वेला में श्रेष्ठ। ६ से क्रीड़ा में नेष्ट, ० से श्मशान में मृत्यु।

## किस होरा में कौन सा कार्य करें?

**रवि की होरा**— राज्याभिषेक, प्रशासनिक कार्य, नवीन पद-ग्रहण, राज-दर्शन, राज्यसेवा, औषधि का निर्माण, स्वर्ण-ताम्रादि कार्य, यज्ञ-यागादि, मन्त्रोपदेश, गाय-बैल एवं वाहन का क्रय उत्सव।

**चन्द्र (सोम) की होरा**— कृषि सम्बन्धी कार्य, नवीन वस्त्र अथवा मोती रत्न, आभूषण धारण, नवीन योजना, परिकल्पना, कला सीखना, बाग-बगीचा लगाना, वृक्षारोपण, चांदी की वस्तुओं का निर्माण।

**मंगल की होरा**— वाद-विवाद, मुकद्दमा, जासूसी कार्य, छल करना, असद् कार्य, ऋण देना, युद्ध-नीति, साहस कृत्य, खनन कार्य, स्वर्ण-ताम्रादि कार्य, शल्य-क्रिया (आपरेशन), व्यायाम।

**बुध की होरा**— साहित्यारम्भ, पठन-पाठन, शिक्षा-दीक्षा, लेखन, प्रकाशन, अध्ययन, शिल्पकला, मैत्री, क्रीड़ा, धान्य-संग्रह, चातुर्य, बही-खाता, हिसाब-किताब, लोक-सम्पर्क, पत्र व्यवहार।

**गुरु की होरा**— धार्मिक कार्य, विवाह, ग्रह-शान्ति, यज्ञ-हवन, दान-पुण्य, मांगलिक कार्य, देवार्चन, देव-प्रतिष्ठा, न्यायिक कार्य, नवीन वस्त्राभूषण धारण, विद्याभ्यास, वाहन क्रय-विक्रय, तीर्थाटन।

**शुक्र की होरा**— नृत्य-संगीत, स्त्री-प्रसंग, प्रेम-व्यवहार, प्रियजन-समागम, उत्सव, वस्त्र व अलंकार धारण, लक्ष्मी-पूजन, व्यापारिक कार्य, कृषि-कार्य, ऐश्वर्यवर्द्धक कार्य, फिल्म-निर्माण।

**शनि की होरा**— गृह-प्रवेश, नौकर-चाकर रखना, सेवा विषयक कार्य, मशीनरी कल-पुर्जों के कार्य, असत्य भाषण, छल-कपट, अर्क-निष्कासन, विसर्जन, धन-संग्रह, पद-ग्रहण।

### सर्व कार्येषु सप्तशलाका चक्रम्




### विवाहे पंचशलाका चक्रम




CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

# गृह-भूमि विचार ( गृहवास्तु )

**शुभाशुभ भूमि विचार** — जिस भूमि पर मकान बनाना है, उस भूमि में सूर्यास्त समय एक हाथ चौकोर और एक हाथ गहरा गड्ढा खोद कर जल भर दें। प्रातः यदि जल रहे तो शुभ, नहीं रहे तो मध्यम, गड्ढा फट जाय तो अशुभ भूमि समझें।

**नींव खोदने में पत्थर आदि मिलने का फल** — नींव खोदने में पहले पत्थर, ईंट, धन, ताँबा आदि मिलने से सुख लाभ। कपाल, हड्डी, कोयला, केशादि मिलने से कष्ट होता है।

**मण्डलेश का निर्णय** — गृह-स्वामी के हाथ से लम्बाई-चौड़ाई नाप कर दोनों के योग को दूना करके ८ से भाग देने पर शेष १ में इन्द्र, २ में विष्णु, ३ में यम, ४ में वायु, ५ में कुबेर, ६ में शिव, ७ में ब्रह्मा, ८ शेष में गणेश मण्डलेश होते हैं।

**दूसरा प्रकार** — लम्बाई-चौड़ाई के योग में ९ से भाग देने पर शेष १ में दाता, २ में भूपति, ३ में नपुंसक, ४ में चोर, ५ में विलक्षण, ६ में भोगी, ७ में धनाढ्य, ८ में दरिद्र एवं ९ में कुबेर मण्डलेश होता है।

**चन्द्र-सूर्य-वेध-विचार** — चन्द्रवेधी ग्रह होना चाहिए और सूर्यवेधी जलाशय होना चाहिए। हदया वाटिका सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी दोनों शुभ मानी जाती हैं। पूर्व-पश्चिम लम्बा मकान सूर्यवेधी होता है और उत्तर-दक्षिण लम्बा मकान चन्द्रवेधी होता है। मकान चन्द्रवेधी शुभ होता है। चन्द्रवेधी मकान में धन और कुल की वृद्धि होती है। सूर्यवेधी मकान धन, कुल का नाशक होता है। बाग-बगीचा सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी दोनों प्रशस्त माना गया है। देवालय मन्दिर के लिए सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी का विचार नहीं होता।

**शिलान्यास** — पहले दक्षिण-पूर्व के कोण में नींव के अन्दर पूजा करके शिला की स्थापना करनी चाहिए, बाकी ४ शिलाओं को स्तम्भ-शिला के चारों तरफ स्थापित करना चाहिए।

**राशि-द्वार का निर्णय** — ब्राह्मण वर्ण, ( कर्क, वृश्चिक, मीन राशि वालों ) को पूर्व दिशा का, क्षत्रिय वर्ण ( मेष, सिंह, धनु राशि वालों ) को उत्तर दिशा का, वैश्य वर्ण ( वृष, कन्या, मकर, राशि वालों ) को दक्षिण दिशा का और शूद्र वर्ण ( मिथुन, तुला, कुम्भ राशि वालों ) को उत्तर दिशा का द्वारा शुभ होता है।

**गृह-द्वार का निर्णय** — मकान के जिस भाग में द्वार करना हो, उस भाग के ९ भाग करके पाँच भाग दक्षिण और तीन भाग उत्तर में छोड़कर शेष भाग में द्वार बनाना चाहिए। वाम, दक्षिण का अर्थ मकान से निकलते समय का लेना चाहिए।

**देव-मन्दिर के पास मकान बनाने का निषेध** — ब्रह्मा के मंदिर के बगल में तथा विष्णु, सूर्य, शिव-मंदिर के सामने, जैन मंदिर के पीछे, देवी-मन्दिर के किसी भी भाग में गृह बनाना शुभ नहीं होता है।

**दरवाजों ( किंवाड़ों ) का फल** — कपाट ( दरवाजा ) स्वयं खुलता है तो उन्माद, स्वयं बन्द हो तो कुल नाश, प्रमाण से अधिक हो तो राज-भय, प्रमाण से कम चोर-भय, कष्ट हो। द्वार के ऊपर द्वार नहीं रखना। किवाड़ पतले अशुभ, विशेष मोटे होने से क्षुधाभय, टेढ़े होने से गृह-स्वामी को कष्ट, अन्दर की तरफ टेढ़े से स्वामी को मृत्युकारक, बाहर की तरफ टेढ़े होने से विदेश-वास, दूसरी दिशा में चोर-भय करता है।

## लड़का होगा या लड़की

गर्भिणी के नाम के अक्षरों को तिगुना करें। उसमें घोड़ा के अक्षर, देश के अक्षर, वर्तमान तिथि जोड़ें। जोड़कर जो संख्या आवे उसमें ८ का भाग दें। यदि विषम अंक बचे तो लड़का, यदि सम अंक बचे तो लड़की होगी। ऐसा जानना चाहिए।

## जन्म-कुण्डली जीवित की है या मृत की

जन्म-लग्न के अंक, प्रश्न-लग्न के अंक और जन्म-लग्न से आठवें भाव के अंक, इन तीनों का जोड़ करें। जो संख्या आवे उसमें जन्म-लग्नेश को गुणा करें। गुणनफल में अष्टमेश का भाग दें यदि सम बचे तो मृत की और विषम अंक बचे तो जीवित की जाननी चाहिए।

## लड़कियों की कुण्डलियों में आवश्यक विचार

योग नं. (१) अश्ले. नक्षत्र तिथि २, शनिवार। नं. (२) तिथि ७, शतभिषा नक्षत्र, मंगलवार। (३) तिथि १३, कृत्तिका नक्षत्र, रविवार — इन योगों में पैदा हुई कन्या विषकन्या कहलाती है।

## ग्रह-गति से वैधव्य ( विषकन्या ) योग

१. जिस कन्या की जन्म-कुण्डली में ९ में मंगल, १ में शनि, ५ में सूर्य हों।

## स्त्री के बांझ होने का योग

१ — जिस स्त्री के जन्म लग्न से आठवें सूर्य-चन्द्रमा अपनी राशि के हों।

२ — जिस स्त्री की कुण्डली में १, ८, १०, ११ राशियों में चन्द्रमा शुक्र के साथ हो और पाप ग्रहों से देखा गया हो।

३ — जिस स्त्री के सातवें सूर्य व राहु हों और शनि की पूर्ण दृष्टि हो तो बालक पैदा होकर मर जाते हैं।

४ — जिस स्त्री के जन्म लग्न से आठवें चन्द्रमा और बुध अपनी राशि के हों तो स्त्री के ही एक प्रसव होता है।

## अथ पक्षी शकुन-विचार

प्रश्न कर्त्ता अपने मन में विचार करके इस चिड़िया पर जो 'श्री' लिखी हैं उनमें से किसी एक पर उंगली धरें। उसका फल नीचे लिखे अनुसार समझना चाहिए—

चोंच दुःख पंखे मरण, कंठे मिलन समाज।
उदर सुभोजन पूंछ धन, मस्तक पावै राज॥
शुभ लक्षण पांवन परे, घर में मङ्गलचार।
प्रश्नोत्तर के समय यह बुधजन करें विचार॥

## पुरुष की मृत्यु पहले होगी या स्त्री की

पुरुष और स्त्री के नाम के अक्षर गिनकर दुगुने करें और दोनों के नाम में जो मात्रा हों उसको चौगुनी करें। फिर अक्षरों की दुगुनी-की हुई संख्या तथा मात्राओं की चौगुनी की हुई संख्या, दोनों का जोड़ करें। जोड़कर जो संख्या आवे उसमें ३ का भाग दें। यदि शेष ०, १ रहे तो पुरुष की, यदि शेष २ रहे तो स्त्री की मृत्यु पहले होगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# हस्त रेखायें बोलती हैं

भारत में "तमसो मा ज्योतिर्गमय" की उद्घोषणा करने वाले ऋषि प्रकाश के सत्य और उसकी व्यापकता से परिचित रहे थे। इसलिये उन्होंने अभिवाञ्च काल को पहचान कर उसको अपने जीवन से अच्छिन्न रखने के लिए क्रिया के भेद किये। यह विषय व्याकरण का रहा पर ज्योतिष की मीमांसा करते समय वे प्रकाश के प्रभाव और परिणामों का सूक्ष्म निरीक्षण करते रहे। परिणामत: जिस प्रकार वे व्यक्ति के बाह्य रूपाकार का आंकलन कर सके उसी तरह उसके आन्तरिक अतएव गुणात्मक स्वरूप का भी मूल्यांकन करने में समर्थ हो सके।

महर्षियों की यह साधना और निरीक्षण पद्धति केवल व्यक्ति तक ही सीमित नहीं रही, पर्यावरण, ऋतु, भूगर्भ और धारित्री की प्रकृति का अध्ययन भी उसकी सीमा में आया। पराशर, गर्ग, भृगु, वराह जैसे स्वनामधन्य मनीषियों ने इस विषय को व्यापक और मानवोपयोगी बनाने में लोकोत्तर योगदान दिया। धरती मानव के आवास के लिए उपयुक्त है, धरती की गंध, रूप, रंग से उसके सम्पर्क में आने पर हमारी देह एवं विचारधारा में जैव रासायनिक परिवर्तन किस तरह के होंगे, उनका हमारे पर अनुकूल प्रभाव होगा या प्रतिकूल आदि विषय ज्योतिष शास्त्र से ही सम्बन्ध हैं।

ज्योतिष की एक शाखा है सामुद्रिक। सामुद्रिक शब्द व्यक्ति के रूप आकार में प्रसृत चिह्नों एवं संयोजनों को समझने का बोधक किस प्रकार बना-यह शब्द शास्त्र के विवेचन की बात है। हम मात्र इतना जानते हैं कि सामुद्रिक के नाम से जाना गया शास्त्र ज्योतिष की एक शाखा है। यह शास्त्र व्यक्ति की रूपरेखा को आधार बनाकर उसकी स्थिति एवं भविष्यत् का उपदेश करता है। इसमें मनुष्य के व्यक्तित्व, मुखमण्डल, नासिका, ललाट आदि के संघटन को देखकर भविष्य ज्ञान किया जाता है।

हमारे काव्य शास्त्र में पुरुषों एवं स्त्रियों की सुन्दरता के लिये जो उपमायें दी गई हैं। वे सामुद्रिक शास्त्र की मान्यताओं की ही पुष्टि करती हैं। कमलपत्र के समान आयत विशाल आँखें, लाल कमल के सदृश्य सुकोमल अरुण हाथ और पदतल व्यक्ति के सुन्दर स्वास्थ्य के ही सूचक नहीं हैं (क्योंकि लाल रंग सन्तुलित रक्त प्रवाह का ही सूचक है) बल्कि उनकी कोमलता व्यक्ति के सम्पन्न स्तर की सूचक रहती है। बिहारी की रत्नारी आंखें मुखमण्डल को सुन्दर ही नहीं बनाती बल्कि उसके कामी होने की सूचना भी देती हैं। क्योंकि ज्योतिष के अनुसार आंखो में उभार कुण्डली में मंगल की सुदृढ़ स्थिति एवं नेत्र स्थान से सीधे सम्बन्ध के कारण होता है तथा इनमें रंग और चमक चन्द्रमा और शुक्र के कारण होती है। जहाँ इन ग्रहों का संयोजन किंवा युति हुई वहीं व्यक्ति आकृति से मोहक एवं व्यवहार में कामी हो गया। सामुद्रिक शास्त्र के ये बाहरी चिन्ह व्यक्ति की ग्रह स्थिति के जन्म कालिक समीकरण को स्पष्ट करते हैं और उस स्थिति को जान लेने के पश्चात् भविष्यत् को जान लेना कोई अगम्य बात नहीं रहती। अन्तर मात्र इतना है कि सामुद्रिक शास्त्र ग्रहों की चर्चा नहीं करता वह संयोजन और संघटनों का ही फलित बतलाता है।

भारत में आकृति विज्ञान किंवा सामुद्रिक शास्त्र का प्रचार प्राचीन समय से रहा है। बाल्मीकि ने श्रीराम को अजान बाहु और अरविन्द दलायताक्ष अर्थात घुटनों तक लम्बे हाथ और कमल पत्र जैसी विशाल आंखों वाला कहा है और सामुद्रिक शास्त्र के इस कथन की पुष्टि की है। जिस व्यक्ति के हाथ घुटनों तक लम्बे हों वह सम्राट होता है। पैरों के तलवों की रेखायें, ललाट पर पड़ने वाली वलियों तथा नासिका आदि को देखकर व्यक्ति के स्तर एवं भावी जीवन को पढ़ने की परम्परा अति प्राचीन है। हाथों की रेखायें भी भविष्यत् ज्ञान का माध्यम रही हैं।

हाथ का रूप और आकार हमारे जन्म लग्न की भांति भविष्यत् कथन का आधार बनता है। अर्थात् व्यक्ति के हाथ का सामान्य आकार और रूप उसकी प्रकृति और चरित्र की सूचना देता है तो रेखायें और उन पर बने चिन्ह दशा-अन्तर्दशा में घटने वाली घटनाओं को दर्शाते हैं। पर्वत यह निश्चित करते हैं कि व्यक्ति में कौन से गुण या अवगुण विद्यमान हैं तथा वह कौन सी आजीविका अपनायेगा। इसके साथ ही व्यक्ति के वर्ग विशेष में रहने की सूचना भी इन्हीं के माध्यम से मिलती है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि पर्वतों के सूक्ष्म निरीक्षण-परीक्षण करने के पशचात् एक कुशल रेखाविद् यह निश्चित कर लेता है कि सम्बद्ध व्यक्ति का हाथ किस वर्ग का है। प्रत्येक हाथ का वर्ग किंवा श्रेणी उसके मूल्य को दर्शाती है। यह सब कुछ ऐसा ही है जैसे एक मूर्तिकार विभिन्न मुखाकृतियों के प्रतिरूप मूर्तियां बनाता है और उनको श्रेणीबद्ध कर उनका मूल्य निश्चित करता है।

हस्त सामुद्रिक में अंगुलियों का आकार प्रकार और इन पर अंकित चिन्ह भी विशेष महत्व रखते हैं जैसे अंगुलियां वर्गाकार और छोटी हों व्यक्ति के संकीर्ण विचार युक्त होने की सूचना देती हैं। लम्बी वर्गाकार अंगुलियां व्यक्ति की मानसिक सबलता और तार्किक होने का संकेत देती हैं। अंगूठा व्यक्ति के हाथ में महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि इस की सहायता के बिना अंगुलियां कुछ भी नहीं कर सकतीं। व्यक्ति का समग्र व्यक्तित्व अंगूठे में छिपा है। अंगूठे का मस्तिष्क से गहरा सम्बन्ध है, इस तथ्य की पुष्टि वैज्ञानिक भी करते हैं।

मस्तिष्क मानव देह का केन्द्रिय अंग है जो सारी देह के क्रिया कलापों का संचालन करता है। मस्तिष्क को गतिशील रखने में अनेक ज्ञानतन्तु अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। मस्तिष्क और हृदय में हो रहे रासायनिक अमलों का प्रतिरूप मानव की हथेली पर अंकित रेखायें हैं। हम जब किसी के मन और मस्तिष्क के भावों को पढ़ना चाहें तो हमें उसके करतल की रेखाओं को देखना-समझना होगा। अगली पंक्तियों में रेखा के आकार-प्रकार एवं इस पर बने चिन्हों के अनुसार व्यक्ति के जीवन में कैसी घटनायें होंगी इस पर प्रकाश डाला जा रहा है। आशा है पाठक वृन्द लाभान्वित होंगे।

**आई०ए०एस० अधिकारी**—यदि बुध की उंगली अर्थात् कनिष्ठिका लम्बी हो और उसका सिरा अनामिका के प्रथम पौर के आधे हिस्से को भी पार कर चुका हो और सूर्य रेखा उच्चकोटि की हो तो जातक आई०ए०एस० अधिकारी अथवा उच्च पदाधिकारी बनता है।

**न्यायाधीश होने का योग**—यदि गुरु पर्वत अधिक विकसित हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो, तर्जनी अंगुली अनामिका से बड़ी हो, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के प्रथम पौर के मध्य भाग तक पहुँच गया हो तो जातक न्यायाधीश होता है।

**व्यवसायी होने का योग**—यदि बुध पर्वत उभरा हुआ हो और निर्दोष हो, मस्तिष्क रेखा सीधी हो और बुध पर्वत तक जाती हो तो जातक सफल व्यापारी होता है।

**पुलिस अधिकारी**—मंगल पर्वत उभरा हुआ हो तथा उस पर उज्जवल तारे का चिन्ह हो और शरीर हृष्ट-पुष्ट हो तथा भाग्य रेखा निर्दोष हो तो जातक सफल पुलिस अधिकारी बनता है।

**इंजीनियर होने का योग**—यदि शनि पर्वत विकसित हो और निर्दोष भाग्य रेखा शनि पर्वत पर आती हो, बुध पर्वत पर तीन चार खड़ी रेखा हों और सभी उंगलियां लम्बाई लिए हुए हों तो जातक इंजीनियर होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



**डॉक्टर होने का योग**—यदि बुध पर्वत और मंगल पर्वत पूर्ण रूप से विकसित हों, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के ऊपरी पौर के मध्य तक जाता हो, बुध पर्वत पर तीन खड़ी रेखाएं हों तो जातक डॉक्टर होता है। अगर मंगल की बजाय बृहस्पति पर्वत विकसित हो तो जातक सफल वैद्य होता है।

**शिक्षक होने का योग**—बृहस्पति पर्वत उभरा हुआ हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो तथा इसके साथ ही सूर्य रेखा, भाग्य रेखा, निर्दोष हो तथा तर्जनी उंगली अनामिका से बड़ी हो तो व्यक्ति शिक्षक होता है।

**अभिनेता-अभिनेत्री योग**—अनामिका उंगली विशेष लम्बी हो और ऊपर से नोकदार हो, सूर्य रेखा पर नक्षत्र का चिन्ह हो, सभी उंगलियां कोमल और ढलवी हों, भाग्य रेखा पूरी लम्बाई लिए हुए हो तो जातक सफल अभिनेता या अभिनेत्री होती है।

**साहित्यकार**—हथेली में चन्द्र पर्वत और गुरु पर्वत उभरे हुए हों, अनामिका तर्जनी से लम्बी हो, सूर्य रेखा तथा बुध पर्वत निर्दोष हों तो जातक सफल साहित्यकार बनता है। अगर चन्द्र पर्वत से धनुषाकार रेखा बुध पर्वत की ओर आती हो तो जातक श्रेष्ट कवि बनता है।

**विवाह में अड़चन**—(१) यदि विवाह रेखा कई स्थानों पर कटती हो, (२) चन्द्र पर्वत पर आड़ी तिरछी रेखाएं बनी हों।

**अनमेल विवाह का योग**—(१) यदि विवाह रेखा सूर्य रेखा को काटती हो तो अनमेल विवाह होता है, (२) यदि शुक्र पर्वत अधिक विकसित हो तब भी।

**सुखहीन विवाह का योग**—(१) यदि भाग्य रेखा पर क्रास हो, (२) विवाह रेखा पर द्वीप का चिन्ह हो, (३) शुक्र पर्वत कम उभरा हुआ हो।

**तलाक होने के योग**—(१)विवाह रेखा के अन्त में रेखाओं का गुच्छा हो, (२) यदि मंगल क्षेत्र से चलकर कोई रेखा विवाह रेखा को काटे तो पति-पत्नी पृथक् रहते हैं, (३) यदि विवाह रेखा से निकल कर एक शाखा मस्तिष्क रेखा से मिलती हो, (४) शुक्र पर्वत से प्रभाव रेखा जीवन रेखा को काटती हुई विवाह रेखा से मिलती है अथवा विवाह रेखा को काटती है तो तलाक होता है, (५) अविवाहित रहने का योग:- विवाह रेखा ऊपर अर्थात् कनिष्ठका उंगली की ओर झुकी हो तो विवाह नहीं होता।

## हस्त रेखा और रोग

- यदि चन्द्र पर्वत अत्यधिक उठा हुआ हो तो जातक को नजला जुकाम रहता है।
- यदि चन्द्र पर्वत जरूरत से ज्यादा उभरा हुआ हो और उस पर एक से अधिक क्रास अथवा बिन्दु हो तो जलोदर रोग होता है।
- यदि मस्तिष्क रेखा कई जगह से टूटी हुई हो तो जातक की स्मरण शक्ति कम होती है।
- यदि मस्तिष्क रेखा जरूरत से ज्यादा चौड़ी हो तथा उस पर काला धब्बा हो तो जातक को मस्तिष्क रोग होता है।
- यदि जीवन रेखा अंत में कई शाखाओं में बंट जाती हो तो वायु रोग होता है।
- यदि दोनों हाथों में मंगल रेखा पर शाखाएं निकली हों अथवा जीवन रेखा के प्रारम्भ में तारे का चिन्ह हो तो जातक को कैंसर रोग होने का भय होता है।
- यदि मंगल पर्वत पर तीन या तीन से अधिक बारीक-बारीक रेखाएं दिखाई दें तो जातक को गुप्तांगों के रोग रहते हैं।
- अगर स्वास्थ्य रेखा दूषित हो और हृदय रेखा जंजीरदार हो तो जातक को हृदय रोग होने का भय है।

## अन्य अशुभ योग-

**बाल्यावस्था में माता-पिता की मृत्यु**—भाग्य रेखा के शुरू में त्रिकोण या द्वीप हो तो माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु होती है।

**हत्यारा होने का योग**—मंगल का पर्वत उठा हो, उस पर तारे का चिन्ह हो। शनि के नीचे-मस्तक रेखा पर नीले रंग की रेखा हो।

**विदेश में मृत्यु**—जीवन रेखा अंत में दो शाखाओं में बंट जाए और उसमें से एक शाखा चन्द्र स्थान पर जाए तो विदेश में मृत्यु होती है।

**मुकद्दमेबाजी में जायदाद और धन नाश होना**—दोनों हाथों में मंगल पर्वत का काला धब्बा, तिल या अन्य चिन्ह हो तो मुकद्दमेबाजी में जायदाद बर्बाद होती है।

**शराबी होने का योग**—चन्द्र पर्वत अधिक उठा हो तो प्राणी मद्य सेवी होता है।

**अकाल मृत्यु का योग**—(१) जीवन रेखा कटी हुई हो, हृदय रेखा शनि पर्वत को स्पर्श करती हो तो जातक की अकाल मृत्यु होने का भय होता है, (२) जीवन रेखा दोनों हाथों में छोटी हो अथवा टूटी हुई हो, मस्तिष्क रेखा तथा हृदय रेखा बुध पर्वत के नीचे आपस में मिली हो तो अकाल मृत्यु होती है।

## हथेली पर तिल:-

- यदि लाल रंग का तिल मस्तिष्क रेखा के ऊपर हो तो जातक के लिए सिर पर चोट लगने का खतरा रहता है।
- शनि पर्वत पर काला तिल जातक के प्रणय सम्बन्धों में निराशा लाता है। पति-पत्नी के आपसी झगड़े के कारण उनमें से एक को आत्महत्या करनी पड़ती है।
- चन्द्र पर्वत पर काला तिल पानी में डूबने से मृत्यु का होना। जातक को प्रेमी अथवा प्रेमिका धोखा देती है।
- हृदय रेखा पर गहरे काले रंग का तिल हो तो जातक को हृदय रोग होने की सम्भावना रहती है।
- जिस व्यक्ति के बुध पर्वत पर काला तिल हो, वह व्यक्ति ठग, कपटी तथा धूर्त होता है। ऐसे व्यक्ति से व्यापार में भागीदारी नहीं करनी चाहिए।
- बृहस्पति के पर्वत पर काला तिल हो तो विवाह में बाधा आती है।
- शुक्र पर्वत पर काला तिल जातक को अत्यधिक भोगी बनाता है जिससे वीर्य दूषित हो जाता है।
- जीवन रेखा पर काला तिल हो तो दिमाग पर चोट लगने का डर रहता है तथा शत्रु द्वारा आघात लगने का भी खतरा रहता है।
- भाग्य रेखा पर काला तिल भाग्योदय में बिलम्ब तथा संघर्ष का सूचक है।
- यदि सूर्य रेखा पर काला तिल हो तो जातक को असफलता का सामना करना पड़ता है तथा धन हानि होती है।
- यदि अंगूठे के मूल में काला तिल हो तो जातक के प्रथम सन्तान की मृत्यु हो अथवा गर्भ-क्षय हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# मुखाकृति से भविष्य ज्ञान

**वर्गाकार मुखाकृति**—वर्गाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति पृथ्वी तत्व प्रधान व्यक्ति होते हैं। ऐसे व्यक्तियों की मुखाकृति की तस्वीर लेकर अगर चारों ओर लाइन लगा कर चतुष्कोण खींचा जाए तो इनका चेहरा चतुष्कोण में पूरा फिट आ जाएगा। यह जातक स्वस्थ सुडौल एवं शक्तिसम्पन्न होते हैं। इनमें उद्योगशीलता, व्यावहारिकता तथा संचय करने की प्रवृत्ति एवं गुण पाए जाते हैं। यह लोग भौतिक साधनों से सम्पन्न सुखी समृद्ध होते हैं। यह लोग सिद्धान्तों पर चलने वाले होते हैं और दूसरे के प्रभाव में आकर आसानी से अपने सिद्धान्त नहीं बदलते। अगर इनके चेहरे में, पृथ्वी तत्व की अत्यधिक मात्रा हो तो यह व्यक्ति हठी, अदूरदर्शी, आलसी, विलासी होते हैं तथा अपनी अकर्मण्यता के कारण बाद में दुखी होते हैं।

| ७ दिन | ७ दिन | ३० दिन | २० दिन | १० मास | २ मास | २ मास | २ मास | वर्षा वर्षण दिनादि |

## ।मेषादि लग्नोपरि प्रश्न, फल चक्रम्।

| लग्न | मनश्चिन्तित प्रश्न: | रोगिणां प्रश्न: |
|---|---|---|
| मेष | मानवीय जीव की चिन्ता | दैवीय कुल दोष: |
| वृषभ | चौपाये जीव पशु की चिन्ता | पितृ अतृप्ति दोष: |
| मिथुन | गर्भस्थ संतान की चिन्ता | शाकिनी-डाकिनी दोष: |
| कर्क | व्यवसाय की चिन्ता | भूत पिशाचादि दोष: |
| सिंह | नभचर, थलचर जीव | स्वकुलीय मात्र दोष: |
| कन्या | दाम्पत्य सुखोपयोग चिन्ता | स्वकुलीय देव दोष: |
| तुला | गुप्त दिये गये धन की चिन्ता | कुपित चण्डिका दोष: |
| वृश्चिक | दैहिक और भौतिक क्लेश | मृत्वत्सा नारि दोष: |
| धनु | धनोपार्जन की चिन्ता | यक्षिणी व पिशाचिनी दोष: |
| मकर | शत्रु पर जय-पराजय चिन्ता | स्थान व ग्राम देव दोष: |
| कुम्भ | स्वकीय जायदाद की चिन्ता | अपुत्री कुलटा स्त्री दोष: |
| मीन | देव, भूतपिशाचादि की चिन्ता | आकाश गामी वायु प्रकोप |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# श्रीरामशलाका प्रश्नावली

मानसानुरागी महानुभावों को श्रीरामशलाका प्रश्नावली का विशेष परिचय देने की कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती। उसकी महत्ता एवं उपयोगिता से प्रायः सभी मानसप्रेमी परिचित होंगे। अतः नीचे उसका स्वरूपमात्र अंकित करके उससे प्रश्नोत्तर निकालने की विधि तथा उसके उत्तर-फलों का उल्लेख कर दिया जाता है। श्रीरामशलाका प्रश्नावली का स्वरूप इस प्रकार है—

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | प्र | उ | बि | हो* | मु | ग | ब | सु | नु | बि | घ | धि | इ | द |
| र | रु | फ | सि | सि | रें | बस | है | मं | ल | न | ल | य | न | अं |
| सुज | सो | ग | सु | कु | म | स | ग | त | न | ई | ल | धा | बे | नो |
| त्य | र | न | कु | जो | म | रि | र | र | अ | की | हो | सं | रा | य |
| पु | सु | थ | सी | जे | इ | ग | म* | सं | क | रे | हो | स | स | नि |
| त | र | त | र | स | हु | ह | ब | ब | प | चि | स | स | स | तु |
| म | का | ए | र | र | मा | मि | मी | म्हा | । | जा | हू | हीं | । | जू |
| ता | रा | रे | री | ह | का | फ | खा | जी | ई | र | रा | पू | द | ल |
| नि | को | मि | गो | न | म | ज | य | ने | मनि | क | ज | प | स | ल |
| हि | रा | मि | सु | हि | ग | द | ल | ख | मु | खि | हि | मनि | त | जं |
| सिं | ख | नु | न | को | मि | ज | र | ग | धु | ख | सु | का | स | र |
| गु | कु | म | अ | ध | नि | म | ल | । | न | ब | तों | न | रि | भ |
| ना | पु | व | अ | ढा | र | ल | का | ए | तु | र | न | नु | व | थ |
| सि | ह | सु | म्ह | रा | र | मु | हिं | र | त | न | ष | । | ज | । |
| र | सा | । | ला | धी | । | री | ना | हू | हीं | भा | जू | ई | रा | रे |

इस रामशलाका प्रश्नावली के द्वारा जिस किसी को जब कभी अपने अभीष्ट प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने की इच्छा हो तो सर्वप्रथम उस व्यक्ति को भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान करना चाहिये। तदनन्तर श्रद्धा-विश्वासपूर्वक मन से अभीष्ट प्रश्न का चिन्तन करते हुए प्रश्नावली के मनचाहे कोष्ठक में अँगुली या कोई शलाका रख देना चाहिये और उस कोष्ठक में जो अक्षर हो उसे अलग किसी कोरे कागज या स्लेट पर लिख लेना चाहिये। प्रश्नावली के कोष्ठक पर भी ऐसा कोई निशान लगा देना चाहिये जिससे न तो प्रश्नावली गंदी हो और न प्रश्नोत्तर प्राप्त होने तक वह कोष्ठक भूल जाय। अब जिस कोष्ठक का अक्षर लिख लिया गया है उससे आगे बढ़ना चाहिये तथा उसके नवें कोष्ठक में जो अक्षर पड़े उसे भी लिख लेना चाहिए। इस प्रकार प्रति नवें अक्षर क्रम से लिखते जाना चाहिए और तब तक लिखते जाना चाहिए, जब तक उसी पहले कोष्ठक के अक्षर तक अँगुली अथवा शलाका न पहुँच जाय। पहले कोष्ठक का अक्षर जिस कोष्ठक के अक्षर से नवाँ पड़ेगा, वहाँ तक पहुँचते-पहुँचते एक चौपाई पूरी हो जायगी, जो प्रश्नकर्ता के अभीष्ट प्रश्न का उत्तर होगी। यहाँ इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी-किसी कोष्ठक में केवल 'आ' की मात्रा (।) और किसी-किसी कोष्ठक में दो-दो अक्षर हैं। अतः गिनते समय न तो मात्रा वाले कोष्ठक को छोड़ देना चाहिए और न दो अक्षरों वाले कोष्ठक को दो बार गिनना चाहिए। जहाँ मात्रा का कोष्ठक आवे वहाँ पूर्वलिखित अक्षर के आगे मात्रा लिख लेना चाहिए और जहाँ दो अक्षरों वाला कोष्ठक आवे वहाँ दोनों अक्षर एक साथ लिख लेना चाहिए।

अब उदाहरण के तौर पर इस रामशलाका प्रश्नावली से किसी प्रश्न के उत्तर में एक चौपाई प्रदर्शित कर दी है। पाठक ध्यान से देखें। किसी ने भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान और अपने प्रश्न का चिन्तन करते हुए यदि प्रश्नावली के * इस चिह्न से संयुक्त 'हो' वाले कोष्ठक में अँगुली या शलाका रखी और वह ऊपर बताये क्रम के अनुसार अक्षरों को गिन-गिनकर लिखता गया तो उत्तरस्वरूप यह चौपाई बन जायेगी—

**हो इ हैं सो इ जो रा म र चि रा खा। को क रि त र क ब ढ़ा व हिं सा खा॥**

यह चौपाई बालकाण्डान्तर्गत शिव और पार्वती के संवाद में है। प्रश्नकर्त्ता को इस उत्तरस्वरूप चौपाई से यह आशय निकालना चाहिए कि कार्य होने में सन्देह है, अतः उसे भगवान् पर छोड़ देना श्रेयस्कर है। इस चौपाई के अतिरिक्त श्रीरामशलाका प्रश्नावली से आठ चौपाइयाँ और बनती हैं, उन सबका स्थान और फल सहित उल्लेख नीचे किया जाता है। कुल नौ चौपाइयाँ हैं—

- **सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजहि मन कामना तुम्हारी॥**
  **स्थान**—यह चौपाई बालकाण्ड में श्रीसीताजी के गौरीपूजन के प्रसंग में है। गौरीजी ने श्रीसीताजी को आशीर्वाद दिया है।
  **फल**—प्रश्नकर्त्ता का प्रश्न उत्तम है, कार्य सिद्ध होगा।
- **प्रबिसि नगर कीजे सब काजा। हृदय राखि कोसलपुर राजा॥**
  **स्थान**—यह चौपाई सुन्दरकाण्ड में हनुमानजी के लङ्का में प्रवेश करने के समय की है।
  **फल**—भगवान का स्मरण करके कार्यारम्भ करो, सफलता मिलेगी।
- **उघरहिं अंत न होइ निबाहू। कालनेमि जिमि रावन राहू॥**
  **स्थान**—यह चौपाई बालकाण्ड के आरम्भ में श्री सीताजी के सत्संग-वर्णन के प्रसंग में है।
  **फल**—इस कार्य में भलाई नहीं है। कार्य की सफलता में सन्देह है।
- **बिधि बस सुजन कुसंगत परहीं। फनि मनि सम निज गुन अनुसरहीं॥**
  **स्थान**—यह चौपाई भी बालकाण्ड के आरम्भ में ही सत्संग-वर्णन के प्रसंग की है।
  **फल**—खोटे मनुष्यों का संग छोड़ दो। कार्य पूर्ण होने में सन्देह है।
- **मुद मंगलमय संत समाजू। जो जग जंगम तीरथराजू॥**
  **स्थान**—यह चौपाई बालकाण्ड में संत-समाज रूपी तीर्थ के वर्णन में है।
  **फल**—प्रश्न उत्तम है। कार्य सिद्ध होगा।
- **गरल सुधा रिपु करहिं मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई॥**
  **स्थान**—यह चौपाई श्रीहनुमानजी के लङ्का में प्रवेश करने के समय की है।
  **फल**—प्रश्न बहुत श्रेष्ठ है, कार्य सफल होगा।
- **बरुन कुबेर सुरेस समीरा। रन सनमुख धरि काहुँ न धीरा॥**
  **स्थान**—यह चौपाई लंकाकाण्ड में रावण की मृत्यु के पश्चात मन्दोदरी के विलाप के प्रसंग में है।
  **फल**—कार्य पूर्ण होने में संदेह है।
- **सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे। रामु लखनु सुनि भए सुखारे॥**
  **स्थान**—यह चौपाई बालकाण्ड में पुष्पवाटिका से पुष्प लाने पर विश्वामित्रजी का आशीर्वाद है।
  **फल**—प्रश्न बहुत उत्तम है। कार्य सिद्ध होगा।

*इस प्रकार रामशलाका प्रश्नावली से कुल नौ चौपाइयाँ बनती हैं, जिनमें सभी प्रकार के प्रश्नों के उत्तराशय सन्निहित हैं।*

सीस ठम

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# अंक क्या है

भारत संसार को ब्रह्म की कृति मानता है। ब्रह्म क्या है? इस प्रश्न का समाधान करने के लिए वेद पुराण, उपनिषद् और दर्शन अस्तित्व में आए, फिर भी हम आज तक उस ब्रह्म को केवल आभासिक सत्ता या कार्य को देखकर कारणगत अनुमान तक ही पहुंच सके। इसका अर्थ यह नहीं है कि ब्रह्म हमारे लिए अज्ञात रहा, अगर अज्ञात रहता तो इतना विवेचन किसका होता? किन्तु समस्या यह रही कि ब्रह्म को जान लेने के बाद ब्रह्मज्ञ व्यक्ति स्वयं ब्रह्मरूप हो गया और उसने ब्रह्म को वाणी या ज्ञान का विषय मानने से मना कर दिया, अर्थात् ब्रह्म शून्य है। शून्य अपने आप में अपरिभाषित है, किन्तु वह इस दृश्य जगत के विस्तार का कारण बनता है यह भी सुविदित सत्य है।

हमारी यह दार्शनिक सूक्ति विज्ञान की परिभाषा पर कसने से भी कोई व्यतिक्रम या असंगति नहीं होती। हमने ब्रह्म को अगोचर, निष्क्रिय और रूप-आकार रहित माना। यह बात आज भी हमारे आस-पास है और विज्ञान भी इसे स्वीकार किए बिना नहीं चलता। संसार में ऐसा कोई पदार्थ है ही नहीं जिसमें शून्य न हो, दैत्याकार पहिये में भी शून्य है, उसका केन्द्र भाग शून्य है, निष्क्रिय भी और रूपाकार रहित भी। इस बिन्दु के बिना गति संभव नहीं और यह बिन्दु (केन्द्रस्थ शून्य) न देखा जा सकता है, न जाना जा सकता है। हां परिणामों को देखकर इसकी कल्पना ही की जा सकती है और वही हम लोग करते आयें हैं, वही विज्ञान करता है, विज्ञान का अनन्त ब्रह्म के विराट किंवा अपरिमेय स्वरूप को बताता है तो चक्र के केन्द्र में स्थित बिन्दु इसको सूक्ष्मतम अवस्था में जानने की बात कहता है। इसी सत्य को हमने अणोरणीयान् और महतो महीयान् के रूप में कहा है।

ब्रह्म के यों तो अनन्त स्तर और व्यवहार (कारण रूप) हैं, किन्तु हम यहां उसके कुछेक आयामों को विचार का विषय बनाते हैं जिससे हमारे विषय का दार्शनिक अतएव मूल विश्लेषण समझ में आ सकें। ब्रह्म का अर्थ होता है ब्रह्मणशील अर्थात फैलता अथवा विस्तार पाता हुआ। ब्रह्म का निष्क्रिय स्वरूप किंवा शून्य का गुणाकार रहित अस्तित्व जब प्रेरक रूप में अपनी ही शक्ति को विस्तृत करता है तो वह सत्, चित, अतएव आनन्दमय शून्य विविध प्रकार के पदार्थों का जन्मदाता बन जाता है। इस सत्य को हम इस प्रकार भी कह देते हैं — ब्रह्म स्वयं विस्तृत होने लगता है। विष्णु की नाभि से निकले कमलनाल पर विराजमान ब्रह्मा का प्रतीक चित्र क्या इस तथ्य का प्रतिपादन नहीं करता कि गति के केन्द्र में स्थित शून्य ही गति का कारक है, वह निष्क्रिय होकर भी गति को प्राणवान् बनाता है।

इस शून्य और गुणातीत के ज्ञानगम्य विस्तार को व्यक्त करने का माध्यम क्या हो? या क्या रहा होगा? यह दूसरा प्रश्न है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस विस्तार को ब्रह्म की ब्रह्मणशीलता को सम्प्रेषणीय बनाने के लिए शब्द के अलावा कोई माध्यम नहीं दिया जा सकता था। इसका भी कारण था — शून्य में जो विक्षोभ होता है या ब्रह्म की क्रियाशीलता की जो पद्धति है उसमें नाद प्रारम्भिक स्तर है और वही नाद आगे चलकर शब्दों के रूप में विकीर्ण-प्रसृत होता चला जाता है। यही एक कारण है कि संसार के समस्त दार्शनिकों ने शब्द को ब्रह्म का स्वरूप मानकर मुक्ति का प्रतीक कहा है।

यों शब्द या भाषा का इतना विस्तृत क्षेत्र है कि हम संख्या को भी शब्दों में लिख सकते हैं तथा अंकों के लिपिगत स्वरूप के अलावा उच्चारणगत रूप में वे शब्दों को ही अपना माध्यम बना सकते हैं, अर्थात् जिस प्रकार संकेतों में संख्या का अपना एक स्वतंत्र संसार है, उस तरह का स्वतंत्र व्यक्तित्व उनके बोलने में नहीं है। इस तथ्य को हम ऐसे कह सकते हैं कि जिस तरह लिखने में संख्याएं भाषा में एकरूप न होकर भिन्न दिखाई देती है उस तरह बोलने में इनके विशिष्ट संकेत नहीं हैं।

एक विचित्रता और है कि प्रकृति ने ब्रह्म के इस विस्तार को शब्दों के जितने स्तर और स्वरूप दिये हैं वे सारे अक्षर (शब्द) संसार के विभिन्न प्राणियों को दे दिए, जैसे कोयल को 'कू', कुत्ते को 'हू', या गाय को 'मां', किन्तु विश्व के किसी भी प्राणी को उसने संख्या नहीं दी। यह भी समानान्तर तथ्य है कि मनुष्येतर प्राणी संख्या के महत्त्व और क्षेत्र से अपरिचित है। क्या हम इसे म[नुष्य] जाति का सौभाग्य और अति विकसित स्तर नहीं मान सकते कि वह संख्या को जानती भी है, और समझती भी है?

प्रकृति ने प्राणिवर्ग को शब्दावली देते समय दूसरे प्राणियों को संख्या-बोध न देकर मनुष्य के साथ पक्षपात क्यों किया अथवा हम आज तक संख्या के लिए भाषागत शब्दों से भिन्न ध्वनियां क्यों नहीं खोज सके? इन दोनों प्रश्नों के उत्तर में भारतीयों के गहन चिन्तन के निष्कर्षों को और आस्तिक बनकर प्रकृति के लीला-विलास को समझना व मानना होगा।

वस्तुत: शब्दावली एक परिणाम है और संख्या एक क्रिया है। व्यवहार में हम एक या दो या पांच जैसी संख्याएं बोलते हैं। वे किसी घटक या आवृत्ति की पूर्णता की सूचक हैं, क्योंकि संख्या में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया जैसा भेद नहीं है। शब्दशास्त्रियों द्वारा विभाजित नाम और आख्यात जैसे भेद नहीं है, अत: हम संख्या-सूचक अंकों को ही क्रिया और परिणाम मानने के लिए विवश हैं।

हमारे घर में जल रहा बिजली का बल्ब या चल रहा पंखा असल में परिणाम है, क्रिया तो तरंगों में हो रही है। यह दूसरी बात है कि क्रिया की परिणति भी क्रिया में ही हो रही है। संसार का अर्थ शरणशीलता है, एक ब्रह्म के सिवा सभी कुछ तो चंचल है, गतिशील है, क्रियावान् है। ऐसी स्थिति में यदि क्रिया का विपाक भी क्रिया ही हो तो क्या आश्चर्य है?

मनुष्य की प्रखर विचारशीलता ने उस पर गणित के रहस्य प्रकट किए या उसकी अतृप्त जिज्ञासा शब्द से भिन्न अंक के क्षेत्र और दिगन्तों तक जा पहुंची। यह उसका पुरुषार्थ और भाग्य दोनों का समन्वित फल है। मूलत: प्रकृति संख्या के स्तर पर कार्य करती है किन्तु संख्या भी एक, दो या चार-पाँच के रूप में नहीं बल्कि वृत्त और कोण के रूप में याने ज्यामितीय स्तर पर वृत्त बिन्दु का प्रतीक है जो संख्या में शून्य का बोध कराता है और कोण संख्याओं का। हम जानते हैं कि बिन्दु का विस्तार त्रिकोण में होता है, बिन्दु या वृत्त या प्रतीक के रूप में शून्य का अपने आपमें कोई अर्थ नहीं हुआ करता। वह संख्याओं के साथ जुड़कर ही अपनी शक्ति एवं व्यक्तित्व को प्रकट कर पाता है, इसलिए शून्य संख्या ही नहीं बिन्दु के रूप में ध्वनि का भी मूल रूप है। माना शून्य का स्वयं में कोई अर्थ या महत्व नहीं, पर उसमें संख्याओं को सृजन करने की अद्भुत क्षमता है, इस तथ्य को अस्वीकारा नहीं जा सकता।

ऊपर हम कह आए हैं कि जिस तरह बल्ब और पंखे विद्युत की क्रिया के परिणाम हैं, उसी तरह भाषा प्रकृति के परिणामों को सहेजती है, उसकी क्रिया के कार्यों को अभिव्यक्ति देती है, प्रकृति की क्रियामयता को वह अभिव्यंजना नहीं दिया करती। यह बात प्रथम दृष्टि में हमें विरोधाभास कराती है किन्तु थोड़ा गहराई से चिन्तन करने पर हम इससे सहमत हो सकते हैं।

आशय यह कि प्रकृति ज्यामितिय आकृतियों में काम करती है यानी प्रकृति का क्रियापरक रूप कोण और वृत्तमय होता है। ज्यामितिय संख्या से भिन्न नहीं है भले ही हम ज्यामितिय को सम्पूर्ण रूप से अंकगणितीय रूप न दे सकें पर ज्यामितिय को अपनी स्पष्ट अभिव्यंजना के लिए अंक का सहारा लेना ही पड़ता है। त्रिकोण में त्रि के रूप में जो संकेत है वह संख्या ही है।

## अंक क्या है?

अंक का शाब्दिक अर्थ है-चिह्न। अमरकोशकार द्वारा 'कलंकांकौ लाञ्छनं च चिह्नं लक्ष्म च लक्ष्मणम्' अंक, लाञ्छन, चिह्न, लक्ष्म, लक्ष्मण, कलंक ये एक दूसरे के पर्याय हैं। यह भिन्न बात है कि परमार्थत: एवं व्यवहार में हम इन सारे शब्दों को अलग-अलग परिस्थितियों में प्रयोग करते हैं। अंकों के लिए दूसरा शब्द संख्या है



जिसका व्याकरण की व्युत्पत्ति से सिद्ध अर्थ होता है — सम्यक ... अपने व्यवहार में हम संख्या के चमत्कार से प्रतिदिन आमने- ... वह परोपजीवी है। इसके बावजूद भी यह निश्चित है कि संख्या प्रकृति

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

परिस्थितियों में प्रयोग करते हैं। अंकों के लिए दूसरा शब्द संख्या है

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



जिसका व्याकरण की व्युत्पत्ति से सिद्ध अर्थ होता है — सम्यक् आख्यान। ये दोनों शब्द गणित या गणना से स्पष्ट होते हैं अन्यथा अंक शब्द को तो हम संख्या के पर्यायवाचक के बिना भी प्रयोग में लाते हैं। गणित की आधारभूमि देने से ये शब्द अपना वास्तविक परिप्रेक्ष्य प्रकट कर देते हैं, क्योंकि गणना एक समग्र क्रिया की, आवृत्ति के सम्पूर्ण क्षेत्र की, किंवा एक पूरे घटक की होती है। गणना शब्द ही इस अवस्था को सूचित करता है।

संख्या के रूप में ये एक, दो, दस, हजार जैसे अंक वास्तव में संकेत है और यह संकेतात्मकता ही इनकी शक्ति है। भाषा एवं शब्द प्रतीक बोध पर चलते हैं और अंक संकेत विधि से कार्य करते हैं। शब्दों में कोई भी शब्द ऐसा नहीं जो संख्या के संकेत जितने बड़े क्षेत्र को व्यक्त कर सके। 'राम' जैसे संज्ञा शब्द, 'वह' जैसे सर्वनाम 'अथवा' जैसे अव्यय और 'जाता' है, जैसे क्रिया पद अपनी विशेष सूचकता के कारण हमारे व्यवहार और सम्प्रेषण को पूर्ण बनाते हैं, फिर भी संकेतों की विश्वजनीनता ज्यामितीय सत्य है। प्रेयसी से रमण करने की इच्छा करने से प्रेरित प्रेमी का संकेत सारे संसार में एक है तो क्रोधाविष्ट का आक्रामक स्वरूप भी सार्वजनीन संकेत है। इस दृष्टि से संकेत का क्षेत्र सीमित रहकर भी अपनी व्यापकता की दृष्टि से अधिक विस्तृत और समर्थ रहेगा।

यों तो भाषा भी एक अभिव्यक्ति के रूप में निर्दोष है। किन्तु तदपि वह अपनी प्रतीकात्मकता के कारण गाली बन जाती है या किसी को रुष्ट करने का कारण बन जाती है। इसी का दूसरा पक्ष यह भी है कि भाषा की शब्दावली से कोई व्यक्ति प्रसन्न भी हो सकता है और अपने को मोहग्रस्त भी कर सकता है, जबकि संख्या अपनी संकेत शक्ति के कारण तटस्थ रहा करती है। जब तक संख्या हमारे प्रसंग को ग्रहण नहीं करती तब तक वह नि:संग रहती है। सड़क पर एक छपा हुआ पन्ना पड़ा है, उसके एक तरफ संयोजित अतएव प्रसंगवद्ध कोई वक्तव्य छपा हुआ है और दूसरी तरफ कोई संख्याओं का जाल मुद्रित है। इस पृष्ठ के दो भागों भाषा एवं संख्यामय भागों को पढ़कर हम यह स्वीकार करेंगे कि एक पृष्ठ के प्रसंग से हम अनजान होकर भी जुड़ सकते हैं, यानी वह प्रतीक बोध हम तक सरलता से आ जाया करता है, जबकि संख्याए हमारे तक नहीं आतीं, उनके प्रसंग से हम सहसा परिचित नहीं हुआ करते। यह विचित्रता तब और बढ़ जाती है जब भाषा की रचना यानी एक वाक्य का संयोजन निरर्थक हो सकता है या एक शब्द भी केवल अक्षरों का संयोजन मात्र हो सकता है। जैसे आकाश के लिए हाथियों की खुर मात्र उपयोगिता नहीं है, ऐसे वाक्य अथवा 'तृखो' जैसे शब्द निरर्थक हो सकते हैं पर संख्या का कोई भी संयोजन निरर्थक नहीं हुआ करता। उसकी क्रमिकता और नि:संगता अपने में सार्थक है।

अपने व्यवहार में हम संख्या के चमत्कार से प्रतिदिन आमने-समाने हुआ करते हैं। उच्च गणित के विद्यार्थी जानते हैं कि गणित की अनन्तगामिता ही उसका रहस्य है और शक्ति भी है।

परिवार नियोजन की आवश्यकता आज भी हमारे लिए राष्ट्रीय कर्त्तव्य के रूप में प्रस्तुत है, क्यों? क्योंकि हम गणित के रहस्य एवं शक्ति से परिचित हैं, अन्यथा समुद्र में रहने वाली मछलियाँ, जंगल में उगने वाली वनस्पति, शहरों में फैलने वाली कुत्तों की वंशावली, ये सब अपने अनर्गल विस्तार से भय नहीं करते, वे पूर्णतया प्रकृति के खिलौने हैं, दास हैं उनके क्रिया-व्यवहार में कहीं भी, किंचित् भी स्वामित्व का भाव नहीं है। इसके विपरीत मनुष्य अपनी सतत साधना, विकसित चेतना और उर्वर कल्पना-शक्ति के कारण अपवाद के रूप में ही दासवत् व्यवहार किया करता है। मनुष्य का यह ज्ञान-विज्ञान कभी-कभी उसे अस्वाभाविक भी बना दिया करता है। दो, ढाई, तीन, चार फुट के बच्चों का औसत लेकर नदी के जल का औसत निकालकर नदी पार करने वाले अपने बच्चों के डूब जाने पर अपने सवाल को जाँचने या उसमें कोई गलती न रहने पर बच्चों के डूबने पर आश्चर्य करने लगें तो यह उनका व्यावहारिक दोष है — अंक और उनकी पद्धति अपने आप में निरपेक्ष है, उसे किसी भी तरह का दोष नहीं दिया जा सकता, अथवा भारत में पनप रहे प्रजातंत्र में बीस या तीस प्रतिशत भी बहुमत हो जाय तो इसमें गणित को छलिया कैसे कहा जा सकता है, या आज की जनसंख्या और उसकी वृद्धि की गति को (-) जिसमें किसी भी प्रकार का संदेह या दोष नहीं है — गणितीय आधार देने पर इस धरती पर किसी समय मनुष्य के सिवा कोई नहीं मिलेगा-इस तरह की कल्पना को गणित का ठोस आधार देने पर इसके भविष्यत् की भयावहता से स्तब्ध होना सहज है। किन्तु यह सब अंकों का तटस्थ व्यापार है, वे किसी को प्रसन्न या विषण्ण करने जैसा रूप धारण नहीं करते। यदि ऐसा ही होता तो एक व्यक्ति चक्रवृद्धि ब्याज का हिसाब करके एक दो पीढ़ियों में (एक लाख रुपये के मूलधन से) सारे देश की मुद्रा का स्वामित्व प्राप्त कर लेने के हर्ष से पागल भी हो सकता है।

आशय यह है कि भाषा के शब्दों या वर्णों का अपना क्षेत्र व प्रभाव अवश्य रहता है और वे भी एक सीमा तक अपने आपमें निरपेक्ष है, किन्तु उन शब्दों में या शब्द-समूहों में एक स्वाभाविक लय रहा करती है और वह लय ही एक सम्पूर्ण आर्केस्ट्रा के रूप में हमें प्रभावित किया करती है, जबकि संख्या के संकेतों में लय नहीं होती, वे लय की आवृत्ति को गिनते हैं। यही इनका मौलिक स्वरूप और परिचय होता है।

इस दृष्टि से संख्या का स्वतंत्र अस्तित्व सिद्ध नहीं होता। वह किसी भी वाचक या संकेतक बनकर ही अपनी अर्थवत्ता प्रकट करती है अर्थात् वह परोपजीवी है। इसके बावजूद भी यह निश्चित है कि संख्या प्रकृति की कार्य-पद्धति की सूचक होकर भी प्रकृति के व्यवहार के वर्गीकृत स्वभाव का परिचय एवं गणना कराती है। मोटे तौर पर हम सम और विषम संख्या के रूप में किये गये विभाजन को देखें तो हमें उनमें गणितीय संयोजन एवं समरूपता दृष्टिगत होती है। सम संख्या के चतुष्कोण या चतुर्भुजों में परस्पर संयोजन सरलता एवं सहज रूप से हो जाया करता है। उसमें विषम संख्या के ज्यामितीय रूपों को हम परस्पर आसानी से जोड़ नहीं सकते हैं। संख्याओं के माध्यम से प्रकृति की कार्य-विधि को समझने तथा उसके संभावित-सुनिश्चित परिणामों को खोज निकालना ही अंक विद्या है और अंक ज्योतिष के रूप में हम संख्याओं की संकेत शक्ति व उन संकेतों के परिणामों का विश्लेषण-मूल्यांकन करते हैं।

भारत ने शब्दशास्त्र का जितना सूक्ष्म अध्ययन किया हैउतना ही संख्याओं का भी, अर्थात् जिस तरह किसी रंगीन चित्र में रेखाओं और रंगों का संयोजन संयुक्त रूप से एक अनुभूति देता है, किन्तु रेखाओं और रंगों के स्वभाव, प्रभाव एवं गुणों का स्वतंत्र रूप से अध्ययन करना भी महत्वपूर्ण रहता है, क्योंकि रंगों की दुनिया और रेखा की दुनिया का भी अपना व्यक्तित्व है।

अंक का माध्यम या संकेत के रूप में हमने निर्बाध उपयोग किया, किन्तु उनको स्वतंत्र रूप से, उनकी सहज गति व प्रकृति को निरपेक्ष भाव से समझने की भी चेष्टा की गई। अंकों से बनने वाले यंत्र निर्विवाद रूप से अंकों की शक्ति व प्रकृति को सिद्ध करते हैं तो केरलीय ज्योतिष में या अन्य प्रसंगों का केवल संख्या के आधार पर समाधान ढूंढने की पद्धति भी अंकों के महत्व को प्रतिपादित करती हैं, रमल शास्त्र तो अपने आप में अंकों की ही दुनियां है।

ज्योतिष का काम अंकों के बिना नहीं चल सकता, सूर्य का पिण्डीय गोल रूप इन ग्रहों का अयन पथ, ये सब अपने प्राकृतिक रूप में वृत्ताकार है किन्तु उस वृत्त से हमारा काम नहीं चलता जिस तरह अकेले शून्य से कोई सार्थक उपयोगिता सिद्ध नहीं होती जहाँ वृत्त के विभाजन का प्रश्न आया वहीं वह 'शून्य' विभिन्न इकाइयों, कोणिक आकृतियों में विभक्त हो गया और इस विभाजन के लिए अन्य संख्याओं की आधारभूमि बन गई।

ज्योतिष में षडष्टक सम्बन्ध, त्रिक स्थान और त्रिषडाय स्थानों को स्वभावत: अहितकर माना जाता है, क्योंकि लग्न से इन स्थानों से लेकर बनने वाले कोण विषम स्थिति के सूचक होते हैं। इन कोणिक आवृत्तियों को संख्या का संकेत देना ही फलित की विशेषता बन जाती है। इसी विचार-परंपरा और अंकों की कार्य- शैली को समझने से अंको द्वारा हमारे जीवन के विभिन्न रहस्यपूर्ण-सम्पूर्ण उद्घाटी लेते हैं। अतएव अज्ञात भविष्य को जानने का उपक्रम अंक ज्योतिष का विषय है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



इस प्रकार कोई व्यक्ति गंगा की धार में बहकर उसके यात्रा-पथ व विविध भौगोलिक प्रभावों को भोगने के लिए बाध्य है, उसी प्रकार हम अपने नाम जन्मदिन, स्थान के नाम आदि के स्वयं-सिद्ध प्रभावों को भोगने के लिए बाध्य है। इस यात्रा के प्रभावों का आकलन करके सुरक्षित व सुविधाजनक रूप से गन्तव्य तक पहुंचना हमारी बुद्धिमता और दूरदर्शिता है तथा इसके लिये अंक ज्योतिष सशक्त आधार है।

## संख्या का दार्शनिक पक्ष

संख्या का व्यवहारगत अर्थ है — यूनिट, वर्ग या समूह। संख्या का व्याकरण-सिद्ध अर्थ होता है — सम्यक् प्रकार से कथन-ज्ञापन। संस्कृत में संख्यान और आख्यान शब्द इस अर्थ में प्रयुक्त हुए है, किन्तु कालान्तर में यह शब्द केवल गिनती के अर्थ में रूढ़ हो गया।

अंक ज्योतिष या न्यूमरोलाजी के रूप में हम आजकल जिस विवेचन या विधा को देख रहे हैं वह भी मूलत: संख्या का, गणित का ही विशेष प्रकार का फलित है। किन्तु संख्या शब्द ज्योतिष के परिप्रेक्ष्य को प्रकट नहीं कर पाता, इसलिए इस अंक ज्योतिष या अंक विद्या के नाम से हम जानते हैं। अंक शब्द का अर्थ है चिन्ह अमर कोश के 'कलंकांकौ लाञ्छनं च चिन्हं लक्ष्म च लक्षणम्' अनुसार अंक एक चिह्न है। यह चिह्न गणितीय भी हो सकता है। बीजीय भी और रेखीय भी। अंक ज्योतिष में या वैसे भी ज्योतिष में संकेत अधिक चलते हैं। कुण्डलियों में राशि का नाम न लिखकर केवल उसकी संकेतक संख्या लिखी जाती है।

अंक और भाषा एक ही वस्तु के दो पहलू हैं। प्रत्येक वस्तु संख्या की सीमा में आती है। संख्या की बोधकता एक स्थान पर भाषा की शक्ति का भी अतिक्रमण कर जाती है और वह है शून्य का संकेतन। भाषा में या हमारे व्यवहार में उपस्थित विषमता को संख्या ने हल कर दिया — यह संख्या का अपना अधिकार सम्पन्न क्षेत्र रहा है अन्यथा भाषा का बहुवचन अस्पष्ट रहता है — वह केवल एकाधिक की सूचना देता है, मात्रागत या परिमाणगत स्थिति केवल संख्या से ही सूचित हो सकती है।

भाषा प्रतीक बोध पर चलती है और संख्या संकेत पर जिसे हम सिम्बलिज्म और सिग्नल सिस्टम कहा करते हैं। संकेत अपनी सीमा में स्वतंत्र है। प्रतीक वर्गीकृत है। जहां हमने चार कहा, वहां यह संकेत यूनिट का संकेत करता है। इसके अलावा कुछ नहीं करता। इसके विपरीत जहाँ हमने राम, चन्द्रमा, मैं या वह कहा, वहां ये शब्द प्रतीक रूप में इन नामधारियों का ज्ञान कराते हैं।

संख्या आवृत्ति किंवा फ्रीक्वैंसी की सूचना देती है। यह आवर्तनशीलता संख्या का आधार है। किन्तु इस आवर्तनशीलता का भी एक रूप और प्रभाव है जिसे भौतिकशास्त्री अच्छी तरह जानते हैं। फ्रीक्वैंसी में यत्किंचित् परिवर्तन होने पर तरंगों की प्रकृति और स्वरूप में अन्तर आ जाता है। यही स्थिति रसायन शास्त्र में आती है, जहाँ घटकों की संख्या नियत रहती है तथा उसमें परिवर्तन होते ही पदार्थ के अन्तर एवं तदधारित ग्राह्य में भी परिवर्तन हो जाता है।

विश्व में अनेक घटक इस प्रकार हैं जिनकी संख्या नियत रहती है, इसलिए उन सभी पदार्थों या व्यक्तियों का उन स्थायी वर्ग वाले पदार्थों से संख्यागत संबंध जुड़ जाता है और उनका प्रभाव परोक्ष रूप से उन व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर पड़ता ही है।

माना किसी का नाम पुनीत या विपुल है। ये शब्द दो स्तरों पर नामी को प्रभावित करते हैं-पहला भाषा और दूसरा संख्या। संख्या के रूप में पुनीत या विपुल एक-एक व्यक्ति हैं। किन्तु इन नामों के अक्षरों के ध्रुवांक और उन ध्रुवांकों के चरित्र के अनुसार इन व्यक्तियों का जीवन एक अर्थ में प्रभावित होगा। ज्योतिष में जैसे जातक और गोचर दो पद्धतियां होती हैं और मनुष्य दोनों ही प्रभावों से प्रभावित होता है, उसी तरह व्यक्ति नाम के संख्यांक और भाषागत अर्थ से प्रभावित हुआ करता है। भारतीय अपने बालकों का नामकरण करने के लिए प्रत्येक नक्षत्र के चरण पर आने वाले अक्षर से प्रारंभ होने वाले नाम रखा करते हैं। नाम रखने में किस प्रकार के शब्द ग्रहण करने चाहिए और किस प्रकार के छोड़ देने चाहिए, इस प्रकार की व्यवस्था का निर्देश करने वाले ऋषियों ने उनके नामों के ध्रुवांक और संख्यापरक तथ्य पर भले ही ध्यान न दिया हो, (क्योंकि इस प्रकार का विश्लेषण किसी ग्रन्थ में स्वतंत्र रूप में देखने को नहीं मिलता, संकेत के रूप में मिलता हो तो कोई बात नहीं।

चित्रकला के विद्यार्थी या यंत्र रचना के ज्ञाता लोग यह जानते है कि रेखा और रंगों का भी अपना व्यक्तित्व होता है, उसी तरह प्रत्येक नाम या संज्ञा शब्द का गणित भी हुआ करता है।

जहां तक भाषागत महत्व का प्रश्न है, उससे असहमत हुआ जा सकता है क्योंकि सत्यनारायणजी असत्य के भण्डार हो सकते हैं और पुनीत बिल्कुल अपवित्र हो सकते हैं, तो भी इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि जिस नाम से उसे पुकारा जाता है उस नाम के जप का प्रभाव उस व्यक्ति पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यून या अधिक रूप में पड़ता ही है।

व्यक्ति अपने नाम से विपरीत चरित्र एवं प्रकृति का होता है — यह अनुसंधान का विषय है। यद्यपि इस प्रभाव के पीछे संकरता, वातावरण का प्रभाव और हमारे लोगों का काम संबन्धों में उच्छृंखलता का होना भी है तदपि यही एकमात्र कारण नहीं है।

## अंक और ऐतिहासिक घटनाएं

पूर्व जन्म में सम्पूर्ण प्राणियों ने शुभाशुभ जैसे जो भी कर्म किये हैं, उन कर्मों के फलों को प्राणी इस जन्म में या अगले जन्म में किस प्रकार भोगकर समाप्त करेगा यही ज्योतिष शास्त्र बतलाता है। जैसे अन्धकार में पड़ी हुई वस्तु को दीपक का प्रकाश बतला देता है।

यह पुस्तक ज्योतिष की एक शाखा अंक विधा के ज्ञान को हम अपने जीवन में किस प्रकार उपयोगी बनाकर अपनी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं तथा आने वाले भविष्य को अपने अनुकूल बना सकते हैं, का मार्ग प्रशस्त करेगी। अंक चिन्ह को भी कहते हैं, इसे संख्या भी कहा जाता है। आज के युग में क्या प्राचीन युग में भी अंक की महत्ता रही है।

पाश्चात्य ज्योतिषी कीरो ने अपनी पुस्तक 'बुक आफ नम्बर' में यह उल्लेख किया है कि जब मैं भारत का भ्रमण कर रहा था तो मुझे कुछ ऐसे ब्राह्मणों के सान्निध्य में रहने का सौभाग्य मिला जो प्रकृति के बहुत से गूढ़ रहस्यों को अपने हृदय में छिपाये थे और कृपा करके कुछ का ज्ञान मुझे भी कराया था। वे सभ्य होने से पहले से इस अंक विद्या के ज्ञान से परिचित थे।

जिस तरह शब्द को ब्रह्म की संज्ञा देकर महत्वपूर्ण माना है, इसी तरह अंक भी महत्वपूर्ण है। शून्य (०) एक अंकीय चिन्ह है और यह भी ब्रह्म की विराट सत्ता का प्रतीत है। वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण से अंक सर्वाधिक महत्वपूर्ण, प्राचीनतम कटु सत्य है। हमारे आर्ष पुरुषों, ऋषि-मुनियों ने, दैवज्ञों तथा वैज्ञानिकों ने परखा है, सोचा समझा एवं मनन किया है, तभी इसे इतना महत्वपूर्ण माना है।

अंक हमारे जीवन में भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अंक द्वारा हम अपने मन्तव्य को भली भाँति समझा सकते हैं। जैसे किसी ने कहा कि इस पेड़ पर कुछ कबूतर बैठे हैं, लेकिन ठीक उत्तर के लिए उनके कितने हैं बतलाने के लिए किसी प्रतीक का सहारा लेना पड़ेगा और वह प्रतीक है अंक। ऊपर लिखे वाक्य को हम अगर स्पष्ट रूप से समझाने का प्रयास करें तो वाक्य इस पेड़ पर बारह कबूतर बैठे हैं इस प्रकार हो गया। इसी प्रकार अंक हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना हमारी बात अधूरी है, अस्पष्ट है।

राम देहली ७ बजे जायेगा। देहली २३ मील दूर है। वहां का किराया ३१ रुपये है। मेरी आयु ४१ वर्ष है इत्यादि। इन वाक्यों में आपने देखा कि अंक किस तरह हमारे दैनिक उपयोग में आता है, इसके बिना हमारी बात अधूरी रहेगी। अंक भूत, भविष्य, वर्तमान बतलाता है। हमारे दुख-दर्द का सच्चा साथी है। अंक द्वारा ही हम अपनी उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। हमारे पूर्वजों ने अंक के महत्व को समझा, इसका गहन अध्ययन किया और इसे जन उपयोगी पाकर सर्वसाधारण को इसकी महत्ता एवं शक्ति से परिचित कराया।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS



सहधर्मी वस्तुएं आकर्षण करती हैं और विधर्मी विकर्षण, यह विज्ञान-सम्मत बात है। कबूतर कबूतरों में ही रहेगा, बाज अथवा कौओं में नहीं। इसी प्रकार प्रत्येक अंक अथवा संख्या अपने जैसे संख्या अथवा अंक को आकर्षित करेगी और इनमें आपस में मैत्री एवं सौहार्द रहेगा। इसी प्रकार विरोधी अंक संख्या में विकर्षण, शत्रुता एवं विरोध रहेगा। यूं कोई भी अंक अपने आप में बुरा प्रभाव नहीं रखता, परन्तु स्थान तथा परिस्थितिवश शुभ या अशुभ हो जाता है।

कई लोग जो ज्योतिष से परिचित नहीं होते, मात्र उन्होंने कहीं से सुन रखा होता है कि राहु और शनि बुरे ग्रह हैं और इनकी दशा भुक्ति कष्टकर होती है। ये जब किसी अन्य को अथवा स्वयं को कठिन परिस्थिति में दुःख तकलीफ में देखते हैं तो राहु-शनि को इसका कारण मानकर कह देते हैं कि बुरे दिन चल रहे हैं, शनि राहु की दशा के कारण। शनि-राहु पापी ग्रह हैं यह माना, परन्तु ये हर एक को बुरा फल देते हो मैं यह मानने को तैयार नहीं। जिनकी कुण्डली में शनि या राहु कारक होकर शुभ स्थानस्थ हों तो अपनी भुक्ति में मान-सम्मान, धन और राज्य भी देते हैं। मैंने कई ऐसी कुण्डली देखी हैं, जिनमें मात्र शनि ने उच्च पद तथा राहु ने आकस्मिक धन दिया है।

कहने का तात्पर्य यह है कि पाठक स्वयं अपने जीवन को रिश्तेदारों, प्रियजनों, जानकारों के जीवन को टटोलकर देखें तो पायेंगे अंक की आश्चर्यजनक समानता—चमत्कारिक रूप। यह सत्य है कि ज्योतिष कठिन विषय है। इसे समझना हर एक के बूते की बात नहीं, क्योंकि जन्म पत्रिका बनाना आसान काम नहीं, न ही बनाकर देखना और समझना। गणित की जटिल प्रक्रिया से निकलकर मनुष्य फलित के जाल में फंस जाता है। किन्तु अंक विद्या (ज्योतिष) सरल विधि है। इसे थोड़ा ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी समझकर अपने भविष्य को सुखद बना सकता है। जीवन की जटिल समस्याओं का समाधान कर सकता है।

अंकों में गति है, क्रम-बद्धता है, अगले पृष्ठों में कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं जिससे आप समझ सकेंगे कि घटनाओं के घटने का क्रम अंकों की किस सुनिश्चित योजना द्वारा क्रमबद्धता द्वारा घटित होता है। नीचे वाले उदाहरण में आप देखेंगे कि चमत्कारिक रूप से ५३९ साल के अन्तर से सेंटलूई तथा लूई सोलहवें के जीवन की घटनाएं समान रूप से घटित हुईं।

| | | |
|---|---|---|
| सेंट लूई का जन्म | २३ अप्रैल | १२१५ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें का जन्म | २३ अगस्त | १७५४ |
| सेंट लूई की बहन ईसाबेला का जन्म | | १२२५ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें की बहन अलजाबेथ का जन्म सेंट लूई के पिता आठवें की मृत्यु | | १७६४ / १२२६ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें के पिता डाफिन की मृत्यु | | १७६५ |
| सेंट लूई की बादशाहत की शुरुआत | | १२२६ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें की बादशाहत की शुरुआत | | १७६५ |
| सेंट लूई का विवाह | | १२३१ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें का विवाह | | १७७० |
| सेंट लूई को वयस्काधिकार मिला | | १२३५ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें को वयस्काधिकार मिला | | १७७४ |
| सेंट लूई और इंग्लैंड के बादशाह हेनरी तृतीय में युद्ध के बाद सन्धि हुई | | १२४३ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें और इंग्लैंड के बादशाह जार्ज तृतीय में युद्ध के बाद सन्धि हुई | | १७८२ |
| एक पूर्वदेशीय राजकुमार ईसाई बनने के लिए सेंट लूई से मिला | | १२४९ |
| | | + ५३९ |
| एक अन्य राजकुमार ने अपना दूत इसी आशय के लिए लूई सोलहवें के पास भेजा | | १७८८ |
| युद्ध में सेंट लुई की हार, साथियों द्वारा छोड़ा जाना तथा बन्दी होना | | १२५० |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें का उसके दल द्वारा छोड़ा जाना तथा बन्दी होना | | १७८९ |
| सेंट लूई की मां का स्वर्गवास हुआ | | १२५३ |
| | | + ५३९ |
| लूई सोलहवें की मां की मृत्यु हुई | | १७९२ |
| सेंट लूई ने जैकोबियन धर्म अपनाना चाहा | | १२५४ |
| | | + ५३९ |
| जैकोबियनों द्वारा लूई सोलहवें का अन्त | | १७९३ |

एक अन्य उदाहरण देखिए-

पूज्य गाँधीजी के जीवन में अंक २ व ४ का वर्चस्व रहा था

| | |
|---|---|
| जन्म -२ अक्टूबर | २ |
| विवाह हुआ १८८३ में | २ |
| पिता का स्वर्गवास हुआ १८८५ में | ४ |
| वकालत की १८९२ में | २ |
| भारत आए १९०१ | २ |
| ट्रांसवेल ब्रिटिश इंडिया बनी १९०३ | ४ |
| स्वराज्य फण्ड कमेटी बनी २ अक्टूबर | २ |
| पत्नी की मृत्यु २२ फरवरी | ४ |
| स्वयं का स्वर्गवास १९४८ | ४ |

एक और उदाहरण अंक १३ का। यूं पश्चिम में इस अंक को लोग अशुभ समझते हैं और प्रायः इस अंक का प्रयोग वे जीवन के किसी भी क्षेत्र में नहीं करते। परन्तु ज्योतिर्विदों की दृष्टि में यह अंक नवीनता का प्रतीक माना गया है। अमेरिका में १३ की अंक संख्या का काफी महत्व रहा है। वैसे भी अमेरिका नई दुनिया के नाम से जाना जाता है।

अमेरिका में जार्ज वाशिंगटन का सत्कार किया १३ तोपों की सलामी देकर

| | |
|---|---|
| अमेरिका के राष्ट्रीय झण्डे में कुल पत्तियां | १३ |
| " " " " बाण | १३ |
| " " " " ईगल पर कुल सितारे | १३ |
| " " " " ईगल के हर डेने में कुल पंख | १३ |
| " " " " सर्वप्रथम अमेरिका के कुल राज्य | १३ |

अमेरिका की स्वतन्त्रता की घोषणा पर हस्ताक्षर १३ व्यक्तियों ने किये।

एक अन्य उदाहरण भारतीय अकाली दल (गुरनाम सिंह ग्रुप) का यू.एन.आई. से साभार-

गुरनामसिंह ग्रुप अकाली दल के सचिव श्री राजिन्दरसिंह ने अपने एक बयान में बतलाया कि पार्टी को १३ का अंक सर्वाधिक अशुभ रहा।

| | |
|---|---|
| इस दल का जन्म | १३ जून १९७१ |
| दल समाप्त हुआ | १३ फरवरी १९७२ |
| कार्यकारिणी के २० सदस्यों ने दल छोड़ा | १३ सदस्यों ने १३ फरवरी को |
| दल के कार्यवाही रजिस्टर में अंकित कार्यवाही | १३ पेज तक |
| दल के चपरासी ने दफ्तर आना बन्द कर दिया | १३ फरवरी |
| दल के सचिव का अपने साथियों सहित दल से इस्तीफा | १३ फरवरी |
| दल के चार प्रत्याशी हारे हुए घोषित हुए | १३ मार्च |

एक अन्य उदाहरण जब भी सन् के आखिर में ७ की संख्या आई है वह भारत के लिए महत्वपूर्ण वर्ष रहा है, यथा-

| | |
|---|---|
| महाराणा प्रताप की मृत्यु | १५९७ |
| शाहजहां की हुकूमत | १६२७ से १६५७ |
| शिवाजी की पैदाइश | १६२७ |
| औरंगजेब की मृत्यु | १७०७ |
| हिन्द की पहली जंगे आजादी | १८५७ |
| दक्षिण का कहत | १८७७ |
| मिण्टो रिफार्म एक्ट बना | १९०७ |
| इसे लागू किया गया | १९१७ |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



| | |
|---|---|
| साइमन कमीशन आया, शारदा एक्ट बना | १९२७ |
| प्रथम बार कांग्रेस वजारतें बनीं | १९३७ |
| भारत आजाद हुआ | १९४७ |
| प्रथम बार केरल में कम्युनिस्ट वजारत बनी | १९५७ |
| सभी दलों ने किसी न किसी प्रान्त में मिली-जुली सरकार बना ली (कांग्रेस के खिलाफ) | १९६७ |
| जनता पार्टी का राज्य काल तथा कांग्रेस की उत्तरी भारत में हार | १९७७ |

विदेशों में इस प्रकार की घटनाओं का वृहद् संकलन किया गया है। भारत में इस विधा पर कोई खास गौर नहीं किया गया वर्ना यहाँ भी ऐसे अनेक उदाहरण होंगे। ऊपर पाठकों ने अंक का घटना-क्रम से सम्बन्ध देखा, अगर वे अपना अथवा अपने सम्बन्धियों का जीवन टटोलें तो ऐसी ही आश्चर्यजनक समता मिलेगी।

## मूलांक कैसे निश्चित किए जाएं

हर व्यक्ति का जन्म अंग्रेजी महीने की किसी भी तारीख को हो सकता है। एक महीने में १ से लेकर ३१ दिन तक हो सकते हैं। इस अध्याय में हम जन्म की तारीख से मूलांक बनाने की विधि का अवलोकन करेंगे। जन्म की तारीख से मूलांक (जन्मांक) लिखे अनुसार होंगे, यथा—

| जन्म तिथि | मूलांक (जन्मांक) | जन्म तिथि | मूलांक (जन्मांक) |
|---|---|---|---|
| १ | १ | ६ | ६ |
| २ | २ | ७ | ७ |
| ३ | ३ | ८ | ८ |
| ४ | ४ | ९ | ९ |
| ५ | ५ | | |

एक से लेकर ९ तक की अंक संख्या ईकाई में है। आगे १० से लेकर ३१ तक की संख्या दहाई में है, इस दहाई की संख्या को इकाई में बदलना पड़ता है जैसे—

| | | |
|---|---|---|
| १० | १+ ०= १ | १ |
| ११ | १+ १= २ | २ |
| १२ | १+ २= ३ | ३ |
| १३ | १+ ३= ४ | ४ |
| १४ | १+ ४= ५ | ५ |
| १५ | १+ ५= ६ | ६ |
| १६ | १+ ६= ७ | ७ |
| १७ | १+ ७= ८ | ८ |
| १८ | १+ ८= ९ | ९ |
| १९ | १+ ९= १० = १+ ०= १ | १ |
| २० | २+ ०= २ | २ |
| २१ | २+ १= ३ | ३ |
| २२ | २+ २= ४ | ४ |
| २३ | २+ ३= ५ | ५ |
| २४ | २+ ४= ६ | ६ |
| २५ | २+ ५= ७ | ७ |
| २६ | २+ ६= ८ | ८ |
| २७ | २+ ७= ९ | ९ |
| २८ | २+ ८= १० = १+०= १ | १ |
| २९ | २+ ९= ११ = १+१= २ | २ |
| ३० | ३+ ०= ३ | ३ |
| ३१ | ३+ १= ४ | ४ |

ऊपर आपने मूलांक बनाने की विधि देखी नीचे मूलांक एक नजर में—

| | | | |
|---|---|---|---|
| दि. | १, १० १९, २८ | का मूलांक | १ |
| दि. | २, ११, २०, २९ | का मूलांक | २ |
| दि. | ३, १२, २१, ३० | का मूलांक | ३ |
| दि. | ४, १३, २२, ३१ | का मूलांक | ४ |
| दि. | ५, १४, २३ | का मूलांक | ५ |
| दि. | ६, १५, २४ | का मूलांक | ६ |
| दि. | ७, १६, २५ | का मूलांक | ७ |
| दि. | ८, १७, २६ | का मूलांक | ८ |
| दि. | ९, १८, २७ | का मूलांक | ९ |

## मूलांक और उनके अधिपति ग्रह

| मूलांक | स्वामी ग्रह | मूलांक | स्वामी ग्रह |
|---|---|---|---|
| १ | सूर्य | ६ | शुक्र |
| २ | चन्द्रमा | ७ | नेपच्यून |
| ३ | बृहस्पति | ८ | शनि |
| ४ | हर्षल | ९ | मंगल |
| ५ | बुध | | |

नीचे मूलांक और उनके वार लिखे जाते हैं।

| मूलांक | वार |
|---|---|
| १ | रविवार |
| २ | सोमवार (चन्द्रवार) |
| ३ | बृहस्पतिवार (गुरु.) |
| ४ | रविवार |
| ५ | बुधवार |
| ६ | शुक्रवार |
| ७ | सोमवार |
| ८ | शनिवार |
| ९ | मंगलवार |

भारतीय ज्योतिष के अनुसार निम्नलिखित १२ राशियां हैं—

| राशि | स्वामी ग्रह |
|---|---|
| १. मेष | मंगल |
| २. वृष | शुक्र |
| ३. मिथुन | बुध |
| ४. कर्क | चन्द्र |
| ५. सिंह | सूर्य |
| ६. कन्या | बुध |
| ७. तुला | शुक्र |
| ८. वृश्चिक | मंगल |
| ९. धनु | वृहस्पति |
| १०. मकर | शनि |
| ११. कुम्भ | शनि |
| १२. मीन | वृहस्पति |

नीचे २७ नक्षत्र एवं उनके चरण तथा चरणाक्षर दिये जा रहे हैं ताकि आसानी से अपनी राशि, राशिपति, नक्षत्र तथा चरण एवं चरणाक्षर जाना जा सके। एक राशि का मान ९ चरण का माना गया है।

| नाम नक्षत्र | चरणाक्षर राशि | राशि | स्वामी |
|---|---|---|---|
| १. अश्विनी | चू, चे, चो, ला | मेष | मंगल |
| २. भरणी | ली, लू, ले, लो, | मेष | मंगल |
| ३. कृतिका | अ, इ, उ, ए | मेष/वृष | मंगल/शुक्र |
| ४. रोहिणी | ओ, वा, वी, वू | वृष | शुक्र |
| ५. मृगशिरा | वे, वो, का, की | वृष/मिथुन | शुक्र/बुध |
| ६. आर्द्रा | कू, घ, ङ, छ | मिथुन | बुध |
| ७. पुनर्वसु | के, को, ह, ही | मिथुन/कर्क | बुध/चन्द्र |
| ८. पुष्य | हू, हे, हो, डा | कर्क | चन्द्र |
| ९. आश्लेषा | डी, डू, डे, डो | कर्क | चन्द्र |
| १०. मघा | मा, मी, मु, मे | सिंह | सूर्य |
| ११. पू.फा. | मो, टा, टी, टू | सिंह | सूर्य |
| १२. उ. फा. | टे, टो, पा, पी | सिंह/कन्या | सूर्य/बुध |
| १३. हस्त | पू, ष, ण, ठ | कन्या | बुध |
| १४. चित्रा | पे, पो, रा, री | कन्या/तुला | बुध/शुक्र |
| १५. स्वाति | रू, रे, रो, ता | तुला | शुक्र |
| १६. विशाखा | ती, तु, ते, तो | तुला/वृश्चि. | शुक्र/मंगल |
| १७. अनुराधा | ना, नी, नू, ने | वृश्चिक | मंगल |
| १८. ज्येष्ठा | नो, या, यी, यू | वृश्चिक | मंगल |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# महाविद्या ध्यान

साधक को ध्यान करते समय मूल श्लोक का ही प्रयोग करना चाहिए।

चतुर्भुजां महादेवीं नागयज्ञोपवीतिनीम्।
महाभीमां करालस्यां सिद्धविद्याधरैर्युताम्॥
मुण्डमालालिकीर्णां मुक्तकेशीं स्मितानानाम्।
एवं ध्योन्महादेवीं सर्वकामार्थसिद्धये॥

महाविद्या देवी चार भुजाओं वाली, सर्प का यज्ञोपवीत धारण करने वाली, महाभीमा, करालवदना, सिद्ध और विद्याधरों से युक्त, मुण्डमाला से अलंकृत, बिखरे हुए केशों वाली और हास्यमुखी हैं। सर्वकाम अर्थ की सिद्ध देने वाली देवी का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए।

## महाविद्या स्तोत्र

*श्रीशिव उवाच—* दुर्लभ तारिणीमार्गं दुलर्भं तारिणीपदम्।
मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं दुलर्भं शवसाधनम्॥
श्मशानसाधनं योनिसाधनं ब्रह्मक्ससाधनम्
क्रियासाधनकं भक्तिसाधनं मुक्तसाधनम्।
तव प्रसादाद्देविशि सर्वाः सिध्यन्ति सिद्धयः॥

श्रीशिवजी ने कहा- तारिणी की उपासना का मार्ग अत्यन्त ही दुर्लभ है, इसी प्रकार उनके पद की प्राप्ति भी दुर्लभ है। मन्त्रार्थ ज्ञान, मंत्र चैतन्य, शव साधन, श्मशानसाधन, योनिसाधन, ब्रह्मसाधन, क्रियासाधन, भक्तिसाधन और मुक्तसाधन यह सब भी दुर्लभ हैं। किन्तु हे देवेशि! तुम जिसके ऊपर प्रसन्न होती हो, उसको सब विषय में सिद्धि प्राप्त होती है।

नमस्ते चण्डिके चण्डमुण्डविनाशिनि।
नमस्ते कालिके कालमहाभयविनाशिनी॥

हे चण्डिके! तुम प्रचण्डस्वरूपिणी हो। तुमने ही चण्ड-मुण्ड का वध किया था। तुम्हीं काल के भय से त्राण दिलाने वाली हो। हे कालिके! तुमको नमस्कार है।

शिवे रक्ष जगद्धात्रि प्रसीद हरवल्लभे।
प्रणमामि जगद्धात्रि जगत्पालनकारिणीम्॥
जगत्क्षोभकरीं विद्यां जगत्सृष्टिविधायिनीम्।
कालां विकटां घोरो मुण्डमाला विभूषिताम्॥
हरार्चिता हराराध्यां गौरवर्णालंकारभूषिताम्।
हरिप्रियां महामायां नमामि ब्रह्मपूजिताम्॥

हे शिवे! जगद्धात्रि हरवल्लभे! मेरी संसार के भय से रक्षा करो, तुम्हीं जगत् की माता और तुम्हीं अनन्त जगत् की रक्षा करती हो। तुम्हीं जगत् का संहार करने वाली और तुम्हीं उत्पन्न करने वाली हो। तुम्हारी मूर्ति महाभयंकर है, तुम मुण्डमाला से अलंकृत हो, कराल और विकटाकार हो। तुम्हीं हर से सेवित, हर से पूजित और हरप्रिया हो। तुम्हारा गौर वर्ण है, तुम्हीं गुरुप्रिया और श्वेत विभूषणों से अलंकृत हो, तुम्हीं विष्णु प्रिया और महामाया हो, ब्रह्माजी तुम्हारी ही पूजा करते हैं तुमको नमस्कार है।

सिद्धां सिद्धेश्वरी सिद्धविद्याधरगणैर्युताम्।
मन्त्रसिद्धिप्रदायोनिसिद्धिदां लिंगशोभिताम्॥
प्रणमामि महामायी दुर्गां दुर्गतिनाशिनीम्।

तुम्हीं सिद्धा और सिद्धेश्वरी हो। तुम्हीं सिद्ध तथा विद्याधरों से वेष्टित, मंत्रसिद्धि-दायिनी, योनिसिद्धि देने वाली, लिंग शोभिता, महामाया, दुर्गा और दुर्गति नाशिनी हो। तुम्हें नमस्कार है।

उग्रामुग्रमयीमुग्रतारामुग्रगणैर्युताम्।
नीलां नीलघनश्यामां नमामि नीलसुन्दरीम्॥

तुम्हीं उग्रमूर्ति, उग्रगणों से युक्त, उग्रतारा, नीलमूर्ति, नील मेघ के समान श्यामवर्ण तथा नीलसुन्दरी हो तुमको नमस्कार है।

श्यामांगी श्यामघटितां श्यामवर्णविभूषिताम्।
प्रणमामि जगद्धात्री गौरीं सर्वार्थसाधिनीम्॥

तुम्हीं श्यामलांगी, श्यामवर्ण से विभूषित, जगद्धात्री सब कार्यों की साधन करने वाली और गौरी हो, तुमको नमस्कार है।

विश्वेश्वरीं महाघोरां विकटां घोरनादिनीम्।
श्रीदुर्गां धनदामन्नापूर्णां पद्मां सुरेश्वरीम्॥
प्रणमामि जगद्धात्रीं चन्द्रशेखरवल्लभाम्॥

तुम्हीं विश्वेश्वरी, महाभीमाकार विकटमूर्ति हो, तुम्हारा शब्द महाभयंकर है, तुम्हीं सबकी आद्या, आदिगुरु महेश्वर की भी आदि मां हो आद्यना महादेव सदा तुम्हारी पूजा करते हैं, तुम्हीं धन देने वाली अन्नपूर्णा और पद्मास्वरूपिणी हो, तुम्हीं देवताओं की ईश्वरी (स्वामिनी) जगत् की माता, हरवल्लभा हो। तुमको नमस्कार है।

त्रिपुरासुन्दरीं बालामबलागणभूषिताम्।
शिवदूतीं शिवाराध्यां शिवध्येयां सनातनीम्॥
सुन्दरीं तारिणीं सर्वशिवागणविभूषिताम्।
नारायणीं विष्णुपूज्यां ब्रह्मविष्णुहरप्रियाम्॥

हे देवि! तुम्हीं त्रिपुरसुन्दरी, बाला, अबला गणों से विभूषित, शिवदूती, शिव की आराध्य, शिव से ध्यान की हुई, सनातनी, सुन्दरी, तारिणी, शिव गणों से अलंकृत, नारायणी, विष्णु की आराया और ब्रह्मा, विष्णु तथा हर की प्रिया हो।

सर्वसिद्धप्रदां नित्यामनित्यगुणवर्जिताम्।
सगुणां निर्गुणां ध्येयामर्चिता सर्व्वसिद्धदाम्॥
दिव्यां सिद्धिप्रदां विद्यां महाविद्यां महेश्वरीम्।
महेश भक्तां माहेशीं. महाकालप्रपूजिताम॥
प्रणमामि जगद्धात्रीं शुम्भासुरविमर्दिनीम्॥

तुम्हीं सब सिद्धियों की दात्री, नित्या, अनित्य गुणों से रहित सगुणा, निर्गुणा, ध्यान के योग्य, अर्चिता (पूजिता), सर्व सिद्धि की देने वाली, दिव्या, सिद्धिदाता, विद्या, महाविद्या, महेश्वरी, महेश की भक्तिवाली, माहेशी, महाकाल से पूजित, जगद्धात्री और शुंभासुर का मर्दन करने वाली हो। तुमको नमस्कार है।

रक्तप्रियां रक्तवर्णां रक्तबीजविमर्दिनीम्।
भैरवीं भुवनां देवीं लोलजिह्वां सुरेश्वीरम्॥
चतुर्भुजां दशभुजामष्टादशभुजां शुभाम्।
त्रिपुरेशीं विश्वनाथप्रियां विश्वेश्वरीं शिवाम्॥
अट्टहासामट्टहासप्रियां धूम्रविनाशिनीम्।
कमलां छिन्नभालाश्च मातंगीं सुरसुन्दरीम्॥
षोडशीं विजयां भीमां धूमाश्च बगलामुखीम्।
सर्वसिद्धिप्रदां सर्व्वविद्यामन्त्रविशोधिनीम्।
प्रणमामि जगत्तारां साराच्च मन्त्रसिद्धये॥

तुम रक्त से प्रेम करने वाली, रक्तवर्णा, रक्तबीज का विनाश करने वाली, भैरवी, भुवना देवी, चलायमान जीभवाली, सुरेश्वरी, चतुर्भुजा कभी दशभुजा, कभी अठारह भुजा वाली देवी हो। तुम्हीं विश्वनाथ की प्रिया, ब्रह्मांड की ईश्वरी, कल्याणमयी, अट्टाहास से युक्त ऊंचे हास्य से प्रीति करने वाली, धूम्रासुर विनाशिनी, कमला, छिन्नमस्तां, मातंगी, सुर-सुन्दरी, षोडशी, विजया, भीमा, धूम्रा, बगलामुखी, सर्वसिद्धिदायिनी, तारिणी हो, मैं मन्त्रसिद्धि के लिए तुमको नमस्कार करता हूँ।

इत्येवश्च वरारोहे स्तोत्रं सिद्धिकरं परम्।
पठित्वा मोक्षमाप्नोति सत्यं वै गिरिनन्दिनी॥

हे वरारोहे! यह स्तव परम सिद्धि देने वाला है, इसका पाठ करने से अवश्य ही मोक्ष प्राप्त होता है।

कुजवारे चतुर्दश्याममायां जीववासरे।
शुक्रे निशिगते स्तोत्रं पठित्वा मोक्षमाप्नुयात्।
त्रिपक्षो मन्त्रसिद्धिः स्यात्स्तोत्रपाठाद्धि शंकरि॥

मंगलवार चतुर्दशी तिथि में बृहस्पतिवार अमावस्या तिथि में तथा शुक्रवार को रात्रि काल में यह स्तुति पढ़ने से मोक्ष प्राप्त होता है। हे शंकरि! तीन पक्ष तक इस स्तव के पढ़ने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है, इसमें सन्देह नहीं।

चतुर्दश्यां निशाभागे शनिभौमदिने तथा।
निशामुखे पठेत्सतोत्रं मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्॥

कृष्ण चतुर्दशी की रात हो तथा शनि और मंगलवार हो तब इस स्तव का विधिपूर्वक पाठ करने से मंत्रसिद्धि होती है।

केवलं स्तोत्रपाठाद्धि मन्त्रसिद्धिरनुत्तमा।
जागर्ति सततं चण्डी स्तोत्रपाठाद्भुजंगिनी॥

जो पुरुष केवल इस स्तोत्र मात्र को पढ़ता है, वह अनुत्तमा मंत्र सिद्धि प्राप्त होता है। इस स्तवपाठ के फूल से चण्डिका कुलकुण्डलिनी नाड़ी जाग्रित होती है।

*॥श्रीमुण्डमालातंत्रान्र्गत महाविद्यास्तोत्रं सम्पूर्णम्॥*

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS


# शाबर मन्त्र

शाबर मन्त्र-तन्त्र की ग्राम्य शाखा के मन्त्र हैं। तन्त्र मार्ग के प्रवर्तक भगवान् शंकर माने गये हैं किन्तु शाबर मन्त्रों के प्रवर्तक भगवान शंकर प्रत्यक्ष रूप में नहीं हैं, लेकिन जिन सिद्ध पुरुषों ने इनको आविर्भूत किया वे सभी तन्त्र मार्ग के साधक और शिवानुरागी अवश्य थे। इन मन्त्रों का भले ही कोई शास्त्रीय आधार नहीं है किन्तु लाभकारिता की दृष्टि से या उपयोगिता में ये अशास्त्रीय प्रयोग भी किसी प्रकार कम नहीं हैं।

कुछ विद्वानों का मत है कि साबरमती के तटीय क्षेत्रों पर बसी जाति के सिद्धों ने ये मन्त्र प्रचारित किये इसलिए इन्हें साबर या शाबर मन्त्र कहा जाता है। शाबर मंत्र की शुरूआत कब से हुई और कौन इनके प्रवर्तक थे इस बारे में कई मत हैं, किन्तु यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि इस मार्ग को प्रामाणिक स्वरूप प्रदान किया नाथ सम्प्रदाय के आदि गुरु मत्स्येन्द्र नाथ और गोरखनाथ ने। नाथ सम्प्रदाय के इन सिद्धों का यह समाज पर बहुत बड़ा अहसान है कि उन्होंने मन्त्र विज्ञान जैसे जटिल विषय के गूढ़ रहस्यों को साधारण जनों के लिए उपयोगी बना दिया सर्व सुलभ कर दिया। साबर का अर्थ होता है अपरिष्कृत, यह तो माना जा सकता है कि साबर तन्त्र से न तो हमें अच्छा ज्ञान प्राप्त होता है। न ही इनके द्वारा हम मुक्ति मार्ग को पा सकते हैं, किन्तु इस विद्या में जितने भी प्रयोग हैं वे सब काम्य प्रयोग हैं। आज हमें यह विदित नहीं है कि इनमें कुछ तथ्य हैं या हम प्रमादवश इनको उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं, किन्तु इस विद्या में अचूक मन्त्र और तन्त्र प्रयोग हैं जो हमारे जीवन में आये विघ्न-बाधाओं को समूल नष्ट करने, सामान्य आकांक्षाओं को पूर्ण करने और एक सीमा तक रोगों से छुटकारा दिलाने के लिए ग्राम्य अंचलों में आज भी प्रयोग किये जा रहे हैं। जहां इस विद्या के जानकार सर्वसाधारण को लाभ पहुंचाते हैं वहीं उनमें से कुछ अल्पज्ञानी अपने अहं और लोभ से प्रेरित होकर जनता को हानि भी पहुंचाते हैं। कई बार ऐसे लोग प्राकृत रोग-दोषों को भी झाड़-फूंक से दूर करने का ढोंग रचा कर रोगी का अहित कर डालते हैं। इसमें मुख्य कारण है ऐसे लोगों का विद्याव्यसनी न होना और निरक्षर व्यक्ति अहं और भ्रान्ति का शिकार हो जाये तो क्या आश्चर्य, दूसरे इनका जीवन जिस विश्वास और वातावरण में चलता है वहां सुविधा और सम्पर्क की बात थोड़ी रहती है। शाबर मंत्रों में आम बोल चाल की भाषा रहती है। इसमें न्यास, ध्यान, तर्पण, हवन-मार्जन आदि शास्त्रीय मर्यादाओं को पालने का बन्धन नहीं है। जहां शास्त्रीय मन्त्र तुरन्त कोई विश्वस्त कार्य नहीं कर सकते वहां साबर मन्त्र पूर्णतया लाभप्रद रहते हैं। रोग, भूत बाधा से मुक्ति दिलाने एवं चौकी बैठाने (अभिचार कर्म) में इनसे चमत्कारिक रूप में कार्य सम्पन्न हो जाते हैं। शाबर मंत्रों में आन, शाप, श्रद्धा और धमकी का प्रयोग ही किया जाता है और साधक का कार्य सम्पन्न हो जाता है। साबर मन्त्रों का रूप विचित्रता और विविधता लिए हुए मिलता है। शुद्ध बीज मंत्रों को लेकर ग्रामीण भाषा की शब्दावली को वाक्य रूप दे दिया जाता है। जिससे इन मन्त्रों में विचित्रता का आभास होता है, एक ही मंत्र में कई शैलियों के सम्मिश्रण के कारण इनमें विविधता आ जाती है। साबर मंत्रों में कुछ मंत्र तो ऐसे है जिन्हें देखकर आश्चर्य होता है क्योंकि उनका वाक्यगत कोई अर्थ नहीं निकलता जैसे सिर दर्द दूर करने का मन्त्र है:-

**''हजार घर घाले एक घर खाय, आगे चले तो पीछे जाय, फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा॥''**

प्रत्यक्ष में इस शब्दावली को निरर्थक कहा जा सकता है किन्तु इसका प्रभाव असाधारण रूप से पड़ता ही है। शाबर मन्त्र प्रायः संस्कृत, प्राकृत और क्षेत्रीय भाषाओं में रचे गये हैं। कुछ एक मंत्रों में कई भाषाओं का समावेश कर दिया गया है। तो कई-एक मंत्रों में ठेठ क्षेत्रीय भाषा तथा ग्राम्य लहजा, शैली और कल्पना भी। अधिक मन्त्र हिन्दी भाषा में मिलते हैं चूंकि हिन्दी एक बड़े भू-भाग की बोलचाल की भाषा प्राचीन काल से रही है। एक बात और भी है कि जहां शास्त्रीय मन्त्रों में षड्ंग (ऋषि, देवता, बीज, शक्ति, छन्द-कीलक) की आवश्यकता रहती है वहां शाबर मंत्रों में इनकी कोई आवश्यकता नहीं है मन्त्र ही अपने आप में पूर्ण हैं। शाबर मन्त्रों में श्रद्धा ही प्राण हैं, इसी के दृढ़ और विस्तार हो जाने पर शाबर मन्त्र अपना प्रभाव और फल दे देते हैं। साबर मन्त्रों में दूसरा प्रभाव सौगन्ध के रूप में देखने को मिलता है। यह सौगन्ध आन के रूप में दिखाई जाती है जिसमें गाली, शाप जैसी स्थितियों का उल्लेख होता है जैसे:—**''हे अमुक देव! तू मेरा कार्य कर अगर मेरा कहा नहीं करेगा तो अपनी माता की शैय्या पर पग धरे, चमार के कुंड में गिरे, धोबी की नांद में कंकर बनकर पड़े इत्यादि।''**

इस प्रकार का व्यवहार समाज के दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता, किन्तु शाबर मन्त्र के साधक का व्यवहार वैसे ही क्षम्य है जैसे किसी अबोध बच्चे की की गई अभद्रता को माता-पिता अपने वात्सल्य और बच्चे की अवस्था के कारण क्षमा कर देते हैं। बच्चा चूंकि छल-कपट से दूर होता है उसे अपनी जिद के आगे कुछ सूझता नहीं और वह कहनी-अनकहनी कह जाता है, ठीक यही हाल शाबर मन्त्र साधक का होता है, वह भी बाल-सुलभ सरलता के कारण, श्रद्धा और विश्वास के बल पर मन्त्र साधना का अधिकार और सिद्धि प्राप्त कर लेता है।

शाबर मन्त्रों में सबसे बड़ी खूबी यह है कि इनमें अधिक झंझट नहीं है ये सरलता से सिद्ध हो जाते हैं। साबर मंत्रों में गुरु की भी इतनी आवश्यकता इसलिए नहीं रहती क्योंकि इस विद्या के प्रवर्तक स्वयं सिद्ध गुरु गोरखनाथ हैं। इतने पर भी किसी निष्ठावान साधक को गुरु बना लेना लाभ देगा, क्योंकि साधना में आने वाले विघ्नों से वह बचा लेगा, शाबर मन्त्रों की साधना करते समय ब्रह्मचर्य और व्रतोपवास का पालन किया जा सके तो अधिक अच्छा रहे अन्यथा साधन करते समय शुद्ध होकर बैठना चाहिये। परोपकार पुण्य है और परपीड़न पाप। यदि हम इस दृष्टिकोण से सोचें तो दैहिक, मानसिक रोगों का शमन करने वाले मन्त्रों को सिद्ध करना चाहिये। इससे हमें दोहरा लाभ मिलेगा, एक तो हम परोपकार का पुण्य अर्जित करेंगे दूसरे अपने पूर्वजों की धरोहर को सहेजेंगे भी।

नीचे कुछ शाबर मन्त्र दिये जा रहे हैं। मन्त्र व्यवहारिक विषय है। धैर्य और विश्वास से अपना लेने पर सिद्धि मिलेगी ही। असफलताएं और विघ्न हर क्षेत्र में आते हैं, परन्तु इनसे घबराने से काम नहीं चलेगा। साधना करते समय गुठली को प्रतिपल उखाड़ कर देखने की (कि उगी या नहीं) बाल सुलभ चंचलता मत रखिये, आतुर मत होइये। एकनिष्ठ होकर करते रहिये।

| दिन | ०० | १ | ०० | ०० | ०० | १ | १ | १ | १ |
| घटि | ३० | २५ | २५ | ४२ | ३० | १७ | ८ | २१ | १२ |
| पल | ०० | ४५ | ४३ | ५२ | ०० | १० | ३६ | २७ | ५३ |
| विपल | ४५ | ०० | ३० | ३० | ४५ | ३० | ०० | ४५ | १५ |

**मंगल की दशा मंगल की अन्तर्दशा शुक्र की प्रत्यन्तर दशा में शुक्रादि ग्रहों की सूक्ष्म दशा**

| ग्रहाः | शु | सू | चं | भौ | रा | जी | श | बु | के |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | ४ | १ | २ | १ | ३ | ३ | ३ | ३ | १ |
| घटि | ५ | १३ | २ | २५ | ४० | १६ | ५२ | २८ | २५ |
| पल | ०० | ३० | ३० | ४५ | ३० | ०० | ४५ | १५ | ४५ |

**मंगल की दशा मंगल की अन्तर्दशा सूर्य की प्रत्यन्तर दशा में सूर्यादि ग्रहों की सूक्ष्म दशा**

| ग्रहाः | सू | चं | भौ | रा | जी | श | बु | के | शु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | ०० | ०० | ०० | १ | ०० | १ | १ | ०० | १ |
| घटि | २२ | ३६ | २५ | ६ | ५८ | ९ | २ | २५ | १३ |
| पल | ३ | ४५ | ४३ | ९ | ४८ | ४९ | २८ | ४३ | ३० |
| विपल | ०० | ०० | ३० | ०० | ०० | ३० | ३० | ३० | ०० |

**मंगल की दशा मंगल की अन्तर्दशा चन्द्र की प्रत्यन्तर दशा में चन्द्रादि ग्रहों की सूक्ष्म दशा**

| ग्रहाः | चं | भौ | रा | जी | श | बु | के | शु | सू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | १ | ०० | १ | १ | १ | १ | ०० | २ | ०० |
| घटि | १ | ४२ | ५० | ३८ | ५६ | ४४ | ४२ | २ | ३६ |
| पल | १५ | ५२ | १५ | ०० | २२ | ७ | ५२ | ३० | ४५ |
| विपल | ०० | ३० | ०० | ०० | ३० | ३० | ३० | ०० | ०० |



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# आप धनवान बनेंगे या निर्धन

आज के इस युग में कम मेहनत से हमें अधिक लाभ प्राप्त हो प्राय: यह हमारी इच्छा रहती है। इस महंगाई के जमाने में सबको पैसा चाहिए। कोई आदमी कम मेहनत करता है और ज्यादा कमाता है। एक ओर एक सेठ केवल बैठे बैठे एक फोन करके ही लाखों रुपये कमा लेता है और दूसरी ओर एक मजदूर पूरा दिन मेहनत करके सिर्फ १० या १५ रुपये ही कमा पाता है। इसे हम कर्मों का फल या कर्मों का लेखा जोखा भी कह सकते हैं। किंतु ज्योतिष शास्त्र की सहायता से जन्म कुंडली का भली भांति से अध्ययन करके हम किसी को भी यह कह सकते हैं कि कौन सहस्त्रपति, कौन लाखपति और कौन करोड़पति बनेगा। हमारे ग्रंथों में विशेषकर सारावली, स्वार्थी चिंतामणी, फलदायिका, मानसागरी भावार्थ रत्नाकर आदि ग्रंथों में लक्ष्मी सुख के बारे में बहुत सारे योग बतलाये गये हैं। मेरी दस साल की मेहनत के पश्चात् मैंने जिन जिन धनी लोगों की कुंडलियों में इन लक्ष्मी योगों को बार बार देखा है आज उन्हीं लोगों को आपके सामने पेश कर रहा हूं। सर्वप्रथम तो ज्योतिष के अभ्यासी विद्यार्थियों इस लेख का बराबर अध्ययन करें, कुंडली में इन योगों को देखें और समझें। इस के साथ एक बात बता देना जरूरी है कि कुंडली के बल शुभ, अशुभ दशा आदि विचार करके यदि फल निकालेंगे तो योगों, ग्रहों के न्यासी, योग्य सरवाला बादशाह की फरक निकालेंगे तो परिणाम चमत्कारिक होगा, तो अब हम शुरू करें लक्ष्मी सुख देने वाले सिद्धांतों का अभ्यास-

१. वर्षभाण के चंद्र पर गुरु की दृष्टि हो तो उत्तम लक्ष्मी योग होता है।
२. कर्क के चंद्र पर मीन के गुरु की दृष्टि हो तो उसे धन का अभाव नहीं होगा।
३. नवांश कुंडली में सर्वोत्तम चंद्र (पूर्ण) भरपूर यश कीर्ति और धन देता है।
४. दूसरे भाव में शुक्र वृष और तुला हो तो वह व्यक्ति अवश्य धनी होगा।
५. लग्नेश लाभ भाव और लाभेश लग्न में हो तो उसे बहुत सारा पैसा मिलता है और लॉटरी से भी धन प्राप्ति का योग बनता है।
६. लग्नेश लग्न में और लाभेश लाभ में रहे तो जातक को धनवान बनने का योग होता है और वह जीवन में अवश्य धनी बनता है।
७. पंचमेश पंचम स्थान में हो तो संतान पक्ष में भाग्य उदय करवाता है।
८. धनेश लाभेश यदि एकादश भाव में हो तो जातक को सब धन मिलता है।
९. भाग्येश उच्च का या स्वक्षेत्री होकर केन्द्र या त्रिकोण भावी हो तो प्रबल लक्ष्मी योग बनता है।
१०. लग्नेश धनेश एक दूसरे के स्थान में हो तो जातक धनवान बनता है।
११. कर्क लग्न की कुंडली में मंगल पंचम स्थान में और चंद्र एकादश स्थान में हो तो प्रबल लक्ष्मी योग बनता है।
१२. धनेश केन्द्र में हो तो जातक का जीवन बड़े सुख से गुजरता है।
१३. कर्क लग्न में यदि चंद्र वृषभा राशि में, गुरु कर्क में और मंगल मकर राशि में हो तो उसकी गिनती धनी लोगों में होती है और उसे खूब धन प्राप्त होता है।
१४. लग्नेश-धनेश-भाग्येश-लाभेश एक दूसरे के स्थान में हो या खुद के स्थान में हो तथा चारों एक ही स्थान में हों या इनका परिवर्तन योग हो तो ऐसा जातक लाखपति या करोड़पति होता है।
१५. लग्नेश-धनेश-लाभेश-नवम में हो तो लक्षाधि-पति (लखपति) योग होता है।
१६. कुंडली में किसी भी भाव में चं०, मं० एक साथ हों तो लक्ष्मी योग बनता है।
१७. चंद्र, गुरु का गजकेसरी योग भी अच्छा लक्ष्मी योग होता है।
१८. चंद्र, लाभ भाव में (११ वां स्थान) उत्तम लक्ष्मी योग होता है।
१९. केन्द्र-त्रिकोण के स्वामी का आपसी संबंध अच्छी लक्ष्मी बनाता है।
२०. कर्मेश बलवान होकर लाभ भुवन में अच्छा धनलाभ देता है।
२१. गुरु केन्द्र में उच्च का, स्वगृही हो तो जीवन बड़े सुख से व्यतीत होता है।
२२. धनेश अष्टम स्थान में हो तो अचानक गुप्त धन मिलता है।
२३. छठे स्थान में कर्क को गुरु उत्तम लक्ष्मी योग देता है। ऐसा जातक जीवन में लाखों रुपया कमाता है।
२४. लग्नेश चौथे स्थान में और चतुर्थेश लग्न में माता की ओर से धनलाभ देता है। ऐसे व्यक्ति वाहन, संपत्ति या व्यापार से खूब धन कमाते हैं।
२५. भाग्येश लग्न में बैठा हो तो शादी के बाद भाग्योदय होगा।
२६. भाग्येश सातवें स्थान में पति-पत्नि से फायदा।
२७. स्वगृही शुक्र-चंद्र लग्न भाव में हो तो अतुल लक्ष्मी योग बनता है।
२८. गुरु लग्न भाव में उच्च का या स्वगृही हो और साथ में चंद्र-मंगल का योग हो तो धन का अभाव दूर करता है और खूब धन देता है।
२९. धन स्थान पर शुभ ग्रहों की दृष्टि जातक को धनवान बनाता है।
३०. गुरु-बुध की पंचम स्थान में युती लेखन फार्म से या लाट्री से अच्छी मात्रा में धन देता है।
३१. मेष लग्न हो और लग्न में मंगल हो तो अच्छा पैसा कमाता है। (मेहनत का पैसा)
३२. वृषभ लग्न में छठे भाव में शुक्र हो तो वह जातक धनी होगा।
३३. गुरु-शुक्र ११वें स्थान में वृषभ लग्न बहुत अच्छा पैसा मिले और वह जातक धनी होगा।
३४. लग्ने बुध सप्तमेश गुरु की युत-प्रती-युत रूप से धन लाभ।
३५. सिंह लग्न में भाग्येश मंगल चौथे और नवम भाव में अच्छा पैसा देता है।
३६. कर्क लग्न में तुला का शनि और दसवें भाव में मंगल उसे अच्छा धनवान बनाता है।
३७. पंचम स्थान में मंगल कर्क लग्न में अच्छा धन देता है।
३८. गुरु-चंद्र, चंद्र-मंगल की युती-प्रतियुती उसे सदा धनलाभ देती है।
३९. प्रथम भाव में शुक्र, तुला लग्न वाले केन्द्र अच्छा पैसा देता है।
४०. कुंभ लग्न में नवम शनि अच्छा पैसा देता है।

ऊपर दिये गये योगों में से यदि कोई भी योग आपकी जन्म कुंडली में हो तो यह प्रमाण है कि आपको जीवन में धन अवश्य मिलेगा। यदि आपकी कुंडली में एक से अधिक योग हों तो धन की मात्रा अधिक होगी और आपकी आर्थिक स्थिति उतनी ही अच्छी होगी। कुंडली में जितने अधिक योग होंगे वह उतना ही अधिक धनी होगा। आपकी कुंडली में यदि एक भी साधारण योग है तो यह आपको अधिक धनी तो नहीं बनायेगा किंतु धन अभाव से आपको परेशान भी नहीं करेगा, आपके कार्य होते जायेंगे और धन का प्रबंध होता जायेगा। धन मिलने का समय ? प्राय: हमारे मन में प्रश्न उत्पन्न होता है कि यदि हमारे धन योग है तो वह धन हमें मिलेगा कब ? इसका सीधा उत्तर है कि जिन ग्रहों के योग से यह धन प्राप्ति योग बनता है, उन ग्रहों की महादशा और अन्य दशा में धन की प्राप्ति होती है। जब दूसरे भाव के स्वामी का समय आरंभ होता है तो भी धन की प्राप्ति होती है। जब एकादश भाव के स्वामी या नवमेश का समय ( दशा, अन्यदशा) आरंभ होती है तो भी धन की प्राप्ति होती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

८. धनेश लाभेश यदि एकादश भाव में हो तो जातक ... मिलता है।

२७. स्वगृही शुक्र-चंद्र लग्न भाव में हो तो ...

समय ( दशा, अन्यदशा) आरंभ होती है तो भी धन की प्राप्ति होती

— डा. द्विवेदी, शाहपुर जाट, नई दिल्ली

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# फैंग सुई द्वारा उपयुक्त साथी का चुनाव

क्यों हम कुछ लोगों की ओर आकर्षित होते हैं, और कुछ से घृणा करते हैं? क्यों कई अनुपयुक्त साथियों को चुनते हैं और क्यों कुछ लोगों को स्कूल में पढ़ते हुये ही उपयुक्त साथी मिल जाता है, यह विषय एक आश्चर्यजनक रहस्य है।

फैंग शुई आपके जीवन में लोगों को लाने में मदद कर सकता है, लेकिन आपके लिए कौन सा व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ होगा, इसका निर्धारण स्वयं आपको करना होगा।




पांच तत्वों द्वारा संगति को निर्धारित करना एक उत्तम तरीका है। हम सहज ही उन लोगों की ओर खिंचते है जिन का तत्व उत्पादन चक्र में हमारे आगे या पहले होता है। ऐसे लोगों के साथ भी संबंधों में समस्यायें हो सकती हैं जो विनाशकारी चक्र में हमारे तत्व के आगे-पीछे होते हैं।

प्रत्येक मिश्रण का संबंध कैसा हो सकता है इसका यहां वर्णन किया जा रहा है। अपनी जन्म तिथि के अनुसार नीचे दी गई तालिका में देखकर आप अपने व साथी के तत्व का निर्धारण एवं विश्लेषण जान सकते हैं।

| तत्व | प्रतीक | वर्ष |
|---|---|---|
| धातु | चूहा | जनवरी ३१,१९०० से फरवरी १८,१९०१ |
| धातु | बैल | फरवरी १९,१९०१ से फरवरी ०७,१९०२ |
| पानी | बाघ | फरवरी ०८,१९०२ से जनवरी २८,१९०३ |
| पानी | खरगोश | जनवरी २९,१९०३ से फरवरी १५,१९०४ |
| लकड़ी | ड्रेगन | फरवरी १६,१९०४ से फरवरी ०३,१९०५ |
| लकड़ी | सांप | फरवरी ०४,१९०५ से जनवरी २४,१९०६ |
| आग | घोड़ा | जनवरी २५,१९०६ से फरवरी १२,१९०७ |

| तत्व | प्रतीक | वर्ष |
|---|---|---|
| आग | भेड़ | फरवरी १३,१९०७ से फरवरी ०१,१९०८ |
| पृथ्वी | बंदर | फरवरी ०२,१९०८ से जनवरी २१,१९०९ |
| पृथ्वी | मुर्गा | जनवरी २२,१९०९ से फरवरी ०९,१९१० |
| धातु | कुत्ता | फरवरी १०,१९१० से जनवरी २९,१९११ |
| धातु | सूअर | जनवरी ३०,१९११ से फरवरी १७,१९१२ |
| पानी | चूहा | फरवरी १८,१९१२ से फरवरी ०५,१९१३ |
| पानी | बैल | फरवरी ०६,१९१३ से जनवरी २५,१९१४ |
| लकड़ी | बाघ | जनवरी २६,१९१४ से फरवरी १३,१९१५ |
| लकड़ी | खरगोश | फरवरी १४,१९१५ से फरवरी ०२,१९१६ |
| आग | ड्रेगन | फरवरी ०३,१९१६ से जनवरी २२,१९१७ |
| आग | सांप | जनवरी २३,१९१७ से फरवरी १०,१९१८ |
| पृथ्वी | घोड़ा | फरवरी ११,१९१८ से जनवरी ३१,१९१९ |
| पृथ्वी | भेड़ | फरवरी ०१,१९१९ से जनवरी १९,१९२० |
| धातु | बंदर | फरवरी २०,१९२० से फरवरी ०७,१९२१ |
| धातु | मुर्गा | फरवरी ०८,१९२१ से जनवरी २७,१९२२ |
| पानी | कुत्ता | जनवरी २८,१९२२ से जनवरी १५,१९२३ |
| पानी | सूअर | जनवरी १६,१९२३ से फरवरी ०४,१९२४ |
| लकड़ी | चूहा | फरवरी ०५,१९२४ से जनवरी २४,१९२५ |
| लकड़ी | बैल | जनवरी २५,१९२५ से फरवरी १२,१९२६ |
| आग | बाघ | फरवरी १३,१९२६ से फरवरी ०१,१९२७ |
| आग | खरगोश | फरवरी ०२,१९२७ से जनवरी २२,१९२९ |
| पृथ्वी | ड्रेगन | जनवरी २३,१९२८ से फरवरी ०९,१९३० |
| पृथ्वी | सांप | फरवरी १०,१९२९ से जनवरी २९,१९३० |
| धातु | घोड़ा | जनवरी ३०,१९३० से फरवरी १६,१९३१ |
| धातु | भेड़ | फरवरी १७,१९३१ से फरवरी ०५,१९३२ |
| पानी | बंदर | फरवरी ०६,१९३२ से जनवरी २५,१९३३ |
| पानी | मुर्गा | जनवरी २६,१९३३ से फरवरी १३,१९३४ |
| लकड़ी | कुत्ता | फरवरी १४,१९३४ से फरवरी ०३,१९३५ |
| लकड़ी | सूअर | फरवरी ०४,१९३५ से जनवरी २३,१९३६ |
| आग | चूहा | जनवरी २४,१९३६ से फरवरी १०,१९३७ |

| तत्व | प्रतीक | वर्ष |
|---|---|---|
| आग | बैल | फरवरी ११,१९३७ से जनवरी ३०,१९३८ |
| पृथ्वी | बाघ | जनवरी ३१,१९३८ से फरवरी १८,१९३९ |
| पृथ्वी | खरगोश | फरवरी १९,१९३९ से फरवरी ०७,१९४० |
| धातु | ड्रेगन | फरवरी ०८,१९४० से जनवरी २६,१९४१ |
| धातु | सांप | जनवरी २७,१९४१ से फरवरी १४,१९४२ |
| पानी | घोड़ा | फरवरी १५,१९४२ से फरवरी ०४,१९४३ |
| पानी | भेड़ | फरवरी ०५,१९४३ से जनवरी २४,१९४४ |
| लकड़ी | बंदर | जनवरी २५,१९४४ से फरवरी १२,१९४५ |
| लकड़ी | मुर्गा | फरवरी १३,१९४५ से फरवरी ०१,१९४६ |
| आग | कुत्ता | फरवरी ०२,१९४६ से जनवरी २१,१९४७ |
| आग | सूअर | जनवरी २२,१९४७ से फरवरी ०९,१९४८ |
| पृथ्वी | चूहा | फरवरी १०,१९४८ से जनवरी २८,१९४९ |
| पृथ्वी | बैल | जनवरी २९,१९४९ से फरवरी १६,१९५० |
| धातु | बाघ | फरवरी १७,१९५० से फरवरी ०५,१९५१ |
| धातु | खरगोश | फरवरी ०६,१९५१ से जनवरी २६,१९५२ |
| पानी | ड्रेगन | जनवरी २७,१९५२ से फरवरी १३,१९५३ |
| पानी | सांप | फरवरी १४,१९५३ से फरवरी ०२,१९५४ |
| लकड़ी | घोड़ा | फरवरी ०३,१९५४ से फरवरी २३,१९५५ |
| लकड़ी | भेड़ | जनवरी २४,१९५५ से फरवरी ११,१९५६ |
| आग | बंदर | फरवरी १२,१९५६ से जनवरी ३०,१९५७ |
| आग | मुर्गा | जनवरी ३१,१९५७ से फरवरी १७,१९५८ |
| पृथ्वी | कुत्ता | फरवरी १८,१९५८ से फरवरी ०७,१९५९ |
| पृथ्वी | सूअर | फरवरी ०८,१९५९ से जनवरी २७,१९६० |
| धातु | चूहा | जनवरी २८,१९६० से फरवरी १४,१९६१ |
| धातु | बैल | फरवरी १५,१९६१ से फरवरी ०४,१९६२ |
| पानी | बाघ | फरवरी ०५,१९६२ से जनवरी २४,१९६३ |
| पानी | खरगोश | जनवरी २५,१९६३ से फरवरी १२,१९६४ |
| लकड़ी | ड्रेगन | फरवरी १३,१९६४ से फरवरी ०१,१९६५ |
| लकड़ी | सांप | फरवरी ०२,१९६५ से जनवरी २०,१९६६ |
| आग | घोड़ा | जनवरी २१,१९६६ से फरवरी ०८,१९६७ |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



| तत्व | प्रतीक | वर्ष |
|---|---|---|
| आग | भेड़ | फरवरी ०९,१९६७ से जनवरी २६,१९६८ |
| पृथ्वी | बंदर | जनवरी ३०,१९६८ से फरवरी १६,१९६९ |
| पृथ्वी | मुर्गा | फरवरी १७,१९६९ से फरवरी ०५,१९७० |
| धातु | कुत्ता | फरवरी ०६,१९७० से जनवरी २६,१९७१ |
| धातु | सूअर | जनवरी २७,१९७१ से जनवरी १५,१९७२ |
| पानी | चूहा | जनवरी १६,१९७२ से फरवरी ०२,१९७३ |
| पानी | बैल | फरवरी ०३,१९७३ से जनवरी २२,१९७४ |
| लकड़ी | बाघ | जनवरी २३,१९७४ से फरवरी १०,१९७५ |
| लकड़ी | खरगोश | फरवरी ११,१९७५ से जनवरी ३०,१९७६ |
| आग | ड्रेगन | जनवरी ३१,१९७६ से फरवरी १७,१९७७ |
| आग | सांप | फरवरी १८,१९७७ से फरवरी ०६,१९७८ |
| पृथ्वी | घोड़ा | फरवरी ०७,१९७८ से जनवरी २७,१९७९ |
| पृथ्वी | भेड़ | जनवरी २८,१९७९ से फरवरी १५,१९८० |
| धातु | बंदर | फरवरी १६,१९८० से फरवरी ०४,१९८१ |
| धातु | मुर्गा | फरवरी ०५,१९८१ से जनवरी २४,१९८२ |
| पानी | कुत्ता | जनवरी २५,१९८२ से फरवरी १२,१९८३ |
| पानी | सूअर | फरवरी १३,१९८३ से फरवरी ०१,१९८४ |
| लकड़ी | चूहा | फरवरी ०२,१९८४ से फरवरी १९,१९८५ |
| लकड़ी | बैल | फरवरी २०,१९८५ से फरवरी ०८,१९८६ |
| आग | बाघ | फरवरी ०९,१९८६ से जनवरी २८,१९८७ |
| आग | खरगोश | जनवरी २९,१९८७ से फरवरी १६,१९८८ |
| पृथ्वी | ड़ेगन | फरवरी १७,१९८८ से फरवरी ०५,१९८९ |
| पृथ्वी | सांप | फरवरी ०६,१९८९ से जनवरी २६,१९९० |
| धातु | घोड़ा | जनवरी २७,१९९० से फरवरी १४,१९९१ |
| धातु | भेड़ | फरवरी १५,१९९१ से फरवरी ०३,१९९२ |
| पानी | बंदर | फरवरी ०४,१९९२ से जनवरी २२,१९९३ |
| पानी | मुर्गा | जनवरी २३,१९९३ से फरवरी ०९,१९९४ |
| लकड़ी | कुत्ता | फरवरी १०,१९९४ से जनवरी ३०,१९९५ |
| लकड़ी | सूअर | जनवरी ३१,१९९५ से फरवरी १८,१९९६ |
| आग | चूहा | फरवरी १९,१९९६ से फरवरी ०६,१९९७ |
| आग | बैल | फरवरी ०७,१९९७ से जनवरी २७,१९९८ |
| पृथ्वी | बाघ | जनवरी २८,१९९८ से फरवरी १५,१९९९ |
| पृथ्वी | खरगोश | फरवरी १६,१९९९ से फरवरी ०४,२००० |
| धातु | ड्रैगन | फरवरी ०५,२००० से जनवरी २३,२००१ |

| तत्व | प्रतीक | वर्ष |
|---|---|---|
| धातु | सांप | जनवरी २४,२००१ से फरवरी ११,२००२ |
| पानी | घोड़ा | फरवरी १२,२००२ से जनवरी ३१,२००२ |
| पानी | भेड़ | फरवरी ०१,२००३ से जनवरी २१,२००४ |
| लकड़ी | बंदर | जनवरी २२,२००४ से फरवरी ०८,२००५ |
| लकड़ी | मुर्गा | फरवरी ०९,२००५ से जनवरी २८,२००६ |
| आग | कुत्ता | जनवरी २९,२००६ से फरवरी १७,२००७ |
| आग | सूअर | फरवरी १८,२००७ से फरवरी ०६,२००८ |
| पानी | चूहा | फरवरी ०७,२००८ से जनवरी २५,२००९ |
| पृथ्वी | बैल | जनवरी २६,२००९ से फरवरी १३,२०१० |
| लकड़ी | शेर | फरवरी १४,२०१० से फरवरी ०२,२०११ |
| लकड़ी | खरगोश | फरवरी ०३,२०११ से जनवरी २२,२०१२ |
| पृथ्वी | ड्रैगन | जनवरी २३,२०१२ से फरवरी ०९,२०१३ |
| आग | सांप | फरवरी १०,२०१३ से जनवरी ३०,२०१४ |
| आग | घोड़ा | जनवरी ३१,२०१४ से फरवरी १८,२०१५ |
| पृथ्वी | भेड़ | फरवरी १९,२०१५ से फरवरी ०७,२०१६ |
| धातु | बंदर | फरवरी ०८,२०१६ से जनवरी २७,२०१७ |
| धातु | मुर्गा | जनवरी २८,२०१७ से फरवरी १५,२०१८ |
| पृथ्वी | कुत्ता | फरवरी १६,२०१८ से फरवरी ०४,२०१९ |
| पानी | सूअर | फरवरी ०५,२०१९ से जनवरी २४,२०२० |
| पानी | चूहा | जनवरी २५,२०२० से फरवरी १२,२०२१ |

## आग-आग

अग्नि तत्व वाले व्यक्ति जोशीले, सकारात्मक सोच वाले व आशावादी होते हैं। दो अग्नि के प्रतीक वाले व्यक्ति मिलते हैं तो यह अत्यधिक मजबूत संबंध हो सकता है। अग्नि तत्व वाले व्यक्ति दूसरे अग्नि तत्व वाले व्यक्ति के अच्छे पहलुओं को उजागर कर सकते हैं। वे ऐसा सहनीय संयोग बनाते हैं जिसमें कोई भी साथी एक-दूसरे से उकताता नहीं है।

## आग-पृथ्वी

यह एक सामंजस्यपूर्ण संयोग है क्योंकि दोनों ही साथी एक-दूसरे को अच्छी तरह से प्रेरित व उत्तेजित कर सकते हैं। अग्नि की उत्कृष्ट कल्पना शक्ति पृथ्वी की संवेदनशीलता से जुड़कर ऐसा संबंध उत्पन्न कर सकती है जोकि प्रत्येक स्तर पर सफल हो सकता है।

## आग-धातु

आग में धातु को पिघलाने की शक्ति होती है, जिस कारण यह एक कठिन संयोग बन जाता है। अनर्थकारी परिणामों के साथ धातु तत्व वाले व्यक्ति आग तत्व वाले व्यक्ति पर अपनी इच्छा थोपने की कोशिश करते हैं। इससे अग्नि तत्व वाले व्यक्ति का अहं धीरे-धीरे धातु तत्व वाले व्यक्ति को समाप्त कर देता है। दोनों व्यक्तियों में विनोदप्रियता की अच्छी समझ होती है और जिसका इस्तेमाल कठिन स्थितियों को दूर करने के लिए किया जा सकता है। इन लोगों को इस संयोग के कुछ नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए अपने घर में मिट्टी तत्व की कोई चीज रखनी चाहिए।

## आग-पानी

आग व पानी का मिश्रण कठिन है, क्योंकि पानी आग को बुझा देता है। हालांकि पानी, आग वाले लोगों के सृजनात्मक जोश व ऊर्जा को बढ़ा सकता है। और आग तत्व वाले व्यक्तियों में पानी के तत्व वाले व्यक्तियों को प्रेरित करने की क्षमता होती है फिर भी एक-दूसरे के सामने अपनी आंतरिक भावनाओं को व्यक्त करने में वे कठिनाई महसूस करते हैं। इस मिश्रण के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए इन लोगों को अपने घर में लकड़ी की कोई वस्तु रखनी चाहिए।

## आग-लकड़ी

आग व लकड़ी एक सामंजस्य पूर्ण मिश्रण है। आग की धैर्यहीनता को लकड़ी वाले तत्व स्थिरता प्रदान करते हैं। अग्नि तत्व वाले व्यक्ति की ऊर्जा व जोश लकड़ी तत्व वाले व्यक्ति को इतनी सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं जितनी वे स्वयं भी न पा सकें। दोनों ही आशावादी, सतही दिखते लोग होते हैं, जो नये विचारों व धारणाओं की खोज करना पसंद करते हैं।

## पृथ्वी-पृथ्वी

यह बहुत ही उच्च सकारात्मक मिश्रण है, क्योंकि दोनों ही साथी जीवन के उच्च स्तर को बनाये रखने व एक दूसरे की आवश्यकताओं का ख्याल रखते हैं। दूसरे लोगों को यह संबंध नीरस प्रतीत हो सकता है, पर वास्तविकता में, यह संबंध गहरा मजबूत व [illegible]शील होता है। हालांकि दोनों ही जिद्दी होते हैं, इसलिए समस्यायें

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



उत्पन्न हो सकती हैं। परन्तु दोनों पक्षों की ओर प्यार व सद्भावना रहने के कारण ये अस्थायी उतार-चढ़ाव ठीक हो जाते हैं।

## पृथ्वी-धातु

यह एक उत्कृष्ट मिश्रण है, क्योंकि दोनों साथी एक-दूसरे को समर्थन, सम्मान व प्रशंसा प्रदान करते हैं। धातु तत्व वाले व्यक्ति स्वाभाविक रूप से सहनशील होते हैं, जो चीज इस संबंध में निहायत आवश्यक है क्योंकि पृथ्वी तत्व वाले व्यक्ति हमेशा निर्णय लेने में समय लगाते हैं। धातु तत्व वाले व्यक्ति अपने पृथ्वी तत्व वाले व्यक्ति के लिए आश्चर्यजनक अवसर प्रदान करते हैं। पृथ्वी तत्व वाले व्यक्ति यह, आश्वस्त करते हुए कि संबंध आर्थिक रूप से भी सुरक्षित हो जाये धातु तत्व वाले व्यक्तियों की वित्तीय आकांक्षाओं का पोषण करते हैं।

## पृथ्वी-पानी

यह एक कठिन मिश्रण हो सकता है, क्योंकि प्रत्येक साथी दूसरे की संवेगात्मक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है। पृथ्वी तत्व स्थिरता प्रदान करता है जिसका पानी में अभाव होता है, पर पृथ्वी का जिद्दीपन अत्यधिक संवेदनशील पानी तत्व वाले व्यक्ति को निरंतर एक दूसरी दिशा की ओर ले जाता है। संयोगवश यह बहुत ही शक्तिशाली व्यापारिक मिश्रण है क्योंकि पानी की सृजनात्मकता, मिट्टी की सूझबूझ, भौतिक पहुंच के साथ बहुत अच्छा कार्य करती है। संभावित मुश्किलों से बचने के लिए इस जोड़े को अपने घर में धातु से संबंधित कोई वस्तु रखनी चाहिये।

## पृथ्वी-लकड़ी

लकड़ी, पृथ्वी से शक्तिहीन हो जाती है, इस कारण यह एक कठिन संयोग है। पृथ्वी स्थिर, संतुलित व सतर्क रहती है, जबकि लकड़ी प्रगतिशील, संपर्क स्थापित करने वाली व महंगी होती है। झगड़ा या कलह करने के बजाय अगर एक बार वे एक दूसरे की सहायता करने की सोच लें तो यह संयोग सफल हो सकता है, जब तक कि वे प्रत्यक्ष रूप से अपनी भावनाएं व्यक्त करने को तैयार हों। इस मिश्रण के नकारात्मक पहलुओं को कम करने के लिए इन्हें अपने घर में आग से संबंधित किसी तत्व को रखना चाहिए।

## धातु-धातु

यह मिश्रण अच्छा रहता है क्योंकि दोनों साथी आंतरिक रूप से एक-दूसरे को समझ लेते हैं। वे संबंधों के तमाम उतार-चढ़ावों का अनुभव करते हैं, पर जहां भी आवश्यक होता है वे दोनों की भलाई के लिए इकट्ठे कार्य करने को तैयार रहते हैं। किसी और व्यक्ति को, यह संबंध प्रगाढ़ प्रतीत न हो। ऐसा इसलिए क्योंकि धातु तत्व वाले व्यक्ति अक्सर अपने रास्ते जाना चाहते हैं और अपने तरीके से कार्य करना चाहते हैं। हालांकि वे समान तत्व वाले व्यक्तियों के साथ बहुत अच्छी तरह निभा लेते हैं और एक दीर्घकालीन, सुदृढ़ संबंध बनाते हैं।

## धातु-पानी

यह एक शक्तिशाली संबंध है जिसमें दोनों साथी एक-दूसरे से सहायता प्राप्त करते हैं। दोनों साथी अपने अंतर्बोध व भावनाओं द्वारा मार्गदर्शन पाते हैं और एक-दूसरे के साथ अवचेतन स्तर पर आदान-प्रदान करने में सक्षम होते हैं। धातु तत्व वाले व्यक्ति अपने पानी तत्व वाले साथी को यह सिखाते हैं कि दूसरों से आसानी से प्रभावित नहीं हो जाना चाहिए। पानी तत्व वाले व्यक्ति अपने धातु तत्व वाले साथी को अपनी भावनाओं को ज्यादा प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में तथा लकीर के फकीर की तरह अड़े रहने के बजाय बहाव के साथ चलने में सहायता करते हैं।

## धातु-लकड़ी

यह संभावित रूप से काफी कठिन संबंध है, क्योंकि दोनों साथी प्रभुत्व जमाना चाहते हैं और प्रत्येक इस बात पर अड़ा रहता है कि फलां कार्य उसी के अनुसार किया जाना चाहिए। लकड़ी तत्व वाले साथ की चाह रखते हैं पर धातु तत्व वाले अकेले रहकर ही खुश रहते हैं और अकेलेपन के ये क्षण स्वाभाविक रूप से सामाजिक व मिलनसार लकड़ी तत्व वाले व्यक्ति के लिए कुंठा में बीतते हैं। लकड़ी तत्व वाले आसानी से कुछ भी अपना लेते हैं और स्वयं की जरूरतों के समय धातु की आवश्यकताओं को भी अपना लेते हैं। लकड़ी तत्व वाले की पूर्णता की आदत से धातु तत्व वाले अक्सर तनावग्रस्त हो जाते हैं। अगर धातु तत्व वाले थोड़ा-सा झुककर लकड़ी तत्व वाले के विचारों को अपना लें, तो संबंध सफल हो सकता है, लेकिन दोनों पक्षों की ओर आदान-प्रदान करने की बहुत जरूरत होती है।

## पानी-पानी

लगता है कि पानी-पानी का संबंध स्वर्ग में बना होता है। दोनों साथियों में एक-दूसरे के प्रति सशक्त व गहरा अनुभूतिजन्य घनिष्ठ संबंध होता है और वे एक-दूसरे की आवश्यकताओं व इच्छाओं को सहज ही समझ लेते हैं। यह मिश्रण दोनों साथियों के निश्चय को मजबूत करता है और इस तरह वे दूसरों से आसानी से प्रभावित नहीं होते हैं। पानी-पानी वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक-दूसरे से विश्वास व सम्मान प्राप्त होता है।

## पानी-लकड़ी

यह बहुत ही सकारात्मक संबंध है क्योंकि पानी लकड़ी का पोषण करता है और उसे विकसित व फूलने-फलने में मदद करता है। लकड़ी पानी को स्थिरता व एक उद्देश्य प्राप्त करने में मदद देती है। पानी लकड़ी को एक संवेदना की भावना प्रदान करता है और दूसरे को स्वयं को अच्छी तरह व्यक्त करने में भी प्रोत्साहित करता है। लकड़ी पानी को चढ़ाता है, जो रूखेपन का आदी हो सकता है पर दोनों साथी ही ईमानदार, नीतिवादी व स्पष्ट होते हैं। उनके बीच एक अनुभूतिजन्य कड़ी होती है जो लगातार विकास व वृद्धि करती रहती है।

## लकड़ी-लकड़ी

यह अत्यधिक सक्रिय, सुसंगत मिश्रण है। लकड़ी तत्व वाले व्यक्ति अक्सर व्यस्त व सक्रिय लोग होते हैं जो प्रत्येक चीज को करना चाहते हैं। इसकी मात्रा तब और बढ़ जाती है जब दो लकड़ी तत्व वाले लोग मिलते हैं। और वे आपसी रुचियों, अपने कार्यक्षेत्र व अनगिनत व्यक्तिगत रुचियों से जुड़ जाते हैं। देखने वाले को यह संबंध थकाने वाला लग सकता है, पर दो लकड़ी तत्व वाले लोग खूब पनपते हैं। दोनों मूल रूप से सुरक्षित व्यक्ति होते हैं, जो दूसरे पर निर्विवाद रूप से भरोसा करते हैं और किसी भी समय दूसरे की मदद करने को तैयार रहते हैं।

यद्यपि, व्यावहारिक रूप से तत्वों के बीच का संबंध हमने अत्यधिक लाभप्रद पाया है। फिर भी पाठकों को यह सुझाव है कि इसके अतिरिक्त नये रिश्ते बनाने तथा विद्यमान संबंधों में अपने साथी को पहचानने में आप अन्य उपलब्ध विद्याओं का भी प्रयोग करें।

—पं. गोपाल शर्मा, सरस्वती विहार, नई दिल्ली

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# लक्ष्मी यंत्र द्वारा वास्तु दोष निवारण

जैसे किसान के बीज बोने का फल उसके पुरुषार्थ के अलावा पानी, जमीन, मौसम, खाद व पशु पक्षियों से सुरक्षा के प्रबंध पर भी निर्भर हैं उसी तरह हमारे प्रत्येक कार्य का उचित फल हमारे घर, दुकान, गोदाम व फैक्ट्री की दिशा, बनावट, अन्दर बाहर के रंग, सजावट तथा पेड़-पौधों पर भी निर्भर करता है।

भूमि का ढलान, पानी का प्रबंध इन चीजों के उचित चयन का ज्ञान हमें वास्तु / फैंग शुई द्वारा मिलता है। हमारा शरीर पांच तत्वों से बना है। जब इन तत्वों का तारतम्य अथवा समरसता बाधायुक्त हो जाये तो हमारी शक्तियां क्षीण हो जाती हैं जिनके कारण खिंचाव, तनाव तथा अस्वस्थता बढ़ती है और मन की शांति भंग हो जाती है। तब हमें अपनी आंतरिक तथा बाह्य शक्तियों को आत्मिक तथा निष्पक्ष होकर पुन: निदेशित करना पड़ता है ताकि इनमें संतुलन स्थापित हो और शरीर में स्वस्थता तथा प्रसन्नता आये और धन, खुशी, संपन्नता और सफलता प्राप्त हो।

लक्ष्मी यंत्र द्वारा हम पंचतत्वों का अपने जीवन पर प्रभाव अपनी गुण, स्वभाव व कमियां पता करके उन्हें काफी हद तक ठीक करने का प्रयत्न कर सकते हैं। इसी प्रकार दिशा ज्ञान द्वारा भी जीवन की विभिन्न समस्याओं का अंत कर हम सुख व स्वास्थ्य का लाभ उठा सकते हैं।

यह बात समझाने के लिए हमने फैंग शुई पर काम किया और जाना कि कछुवे के ऊपर चिन्हित बिंदु के अनुरूप बना लक्ष्मी यंत्र एक अद्भुत प्राकृतिक देन है। कछुवा ही ऐसा प्राणी है जिसकी उम्र भी बहुत लम्बी होती है और दुश्मन से बचने के लिए अपना समस्त शरीर खोल में समेट सकता है।

## लक्ष्मी यंत्र




ऊपर लिखे अंकों के अनुसार ही कछुवे की पीठ पर सफेद या काले बिंदु अंकित होते हैं। इन अंकों को प्रत्येक दिशा से जोड़ने पर अंतिम जोड़ 15 आता है और हम इसे लक्ष्मी यंत्र की संज्ञा देते हैं। इसके द्वारा हम अपनी जन्म तिथि से जीवन में विभिन्न तत्वों की कमी से होने वाले प्रभाव व उनका निराकरण जान सकते हैं।

- ❖ अंक एक जल तत्व एवं उत्तर दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक दो पृथ्वी तत्व एवं दक्षिण पश्चिम दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक तीन लकड़ी तत्व (वनस्पति) एवं पूर्व दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक चार लकड़ी तत्व (वनस्पति) एवं दक्षिण पूर्व दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक पांच पृथ्वी तत्व एवं मध्य भाग का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक छ: धातु तत्व एवं उत्तर पश्चिम दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक सात धातु तत्व एवं पश्चिम दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक आठ पृथ्वी तत्व एवं उत्तर पूर्व दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक नौ अग्नि तत्व एवं दक्षिण दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।
- ❖ अंक एक: पिछले हजार साल से प्रत्येक व्यक्ति की जन्मतिथि में एक का अंक था। अब इस सदी में जिन व्यक्तियों की जन्म तिथि में जल तत्व एक का अंक अनुपस्थित है उन व्यक्तियों में अभिमान नहीं होता और यह अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाते।
- ❖ अंक दो: जन्म तिथि में पृथ्वी तत्व अंक दो के अनुपस्थित होने पर व्यक्ति अपनी आंतरिक अंतज्ञान की अवहेलना करता है। यह लोग अपनी गलती मानने की जगह अपने कार्य को ही सही बताते हैं। यह लोग काम की शुरूआत करने में देर लगाते हैं और उनके जीवन में स्थिरता नहीं होती।
- ❖ अंक तीन: जन्म तिथि में लकड़ी तत्व अंक तीन के न होने से आत्मविश्वास की कमी होती है। और व्यक्ति अपने विकास से संतुष्ट नहीं होता।
- ❖ अंक चार: जन्म तिथि में लकड़ी तत्व अंक चार की अनुपस्थिति दर्शाती है कि व्यक्ति के पास संचित धन की कमी रहती है। यह लोग एक निश्चित नियम के तहत काम करना मुश्किल महसूस करते हैं।
- ❖ अंक पांच: जन्म तिथि में पृथ्वी अंक पांच की अनुपस्थिति दर्शाती है कि यह लोग अनिर्णय की स्थिति में रहते हैं एवं उन्हें दूसरों से लगातार प्रोत्साहन की जरूरत होती है।
- ❖ अंक छ: जन्म तिथि में धातु तत्व अंक छ: की अनुपस्थिति दर्शाती है यह व्यक्ति जीवन में मददगार लोगों की कमी महसूस करता है। और जीवन में प्रगति के लिए कड़ी मेहनत करता है।
- ❖ अंक सात: जन्म तिथि में धातु तत्व अंक सात की अनुपस्थिति दर्शाती है कि व्यक्ति को मानसिक आराम नहीं है। यह लोग अध्यात्म की ओर भी ध्यान नहीं रखते।
- ❖ अंक आठ: जन्म तिथि में पृथ्वी अंक आठ की अनुपस्थिति दर्शाती है कि व्यक्ति की याद्दाश्त धीरे-धीरे कमजोर हो जाती है। उसे बैठे-बैठे काम याद आते हैं। यह लोग आर्थिक मामले भी निपुणता से नहीं निभा पाते। कामों को अधूरा छोड़ने की आदत भी होती है।
- ❖ अंक नौ: जन्म तिथि में अग्नि तत्व अंक नौ की अनुपस्थिति इसी सदी में देखी जाएगी और यह दर्शाती है कि व्यक्ति दूसरों की जरूरतों एवं भावनाओं की कदर नहीं करता जिससे इनको यश व कीर्ति नहीं मिलती।

अब हम उदाहरण देते हुए इस विज्ञान के बारे में और चर्चा करते हैं। एक व्यक्ति जिसकी जन्म तिथि १२.०७.१९६५ है, का लक्ष्मी यंत्र के अनुसार तालिका में अंक भरकर नीचे दिए चित्र में दर्शाते हुए विश्लेपण करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| | ९ | २ |
| | ५ | ७ |
| | १,१ | ६ |

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आत्मविश्वास की कमी होती है और व्यक्ति अपने विकास से प्रस्तुत नहीं होता।

| उत्तर पूर्व | उत्तर | उत्तर पश्चिम | | ५ | ७ |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | १,१ | ६ |



इस व्यक्ति की जन्म तिथि का विश्लेषण करने से पता लगता है कि उसकी जन्म-तिथि में अंक आठ अनुपस्थित है जो पृथ्वी तत्व का परिचायक है एवं उत्तर-पूर्व का भी प्रतीक है। तीन व चार अंक की अनुपस्थिति लकड़ी तत्व की परिचायक है एवं दिशानुसार पूर्व एवं दक्षिण-पूर्व को दर्शाती है।

इन अंकों की अनुपस्थिति दर्शाती है कि यह व्यक्ति अव्यवस्थित होगा तथा बिना किसी दूरगामी योजना के नित्य नई योजना बनाकर कार्य करता रहेगा। तीन, चार तथा आठ अंक की पूरी पंक्ति अनुपस्थित होने से यह व्यक्ति अपने अधिकारों को मांगने में संकोच करता होगा एवं इसके उत्तर-पूर्व, पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व में वास्तु दोष पाए जाने की संभावना होगी।

इसके उपचार के लिए दक्षिण-पश्चिम में बिना पानी के ऊंचे पर्वत का चित्र जो पृथ्वी तत्व का परिचायक है एवं पूर्व में एक हरा बल्ब और दक्षिण-पूर्व में हरा पौधा रखें जो लकड़ी तत्व की कमी को पूरा करने में सहायक होगा।

आगे दी गई तालिका के अनुसार आप अपनी जन्म तिथि में अनुपस्थित अंकों की जानकारी से संभावित वास्तु दोषों की दिशा की जानकारी प्राप्त करते हुए उनका समाधान कर सकते हैं। ये सरल उपाय पाठकों के जीवन में अवश्य सुख, शांति, स्वास्थ्य तथा सफलता लाने में सहायक होंगे।

| अंक | दिशा | तत्व | प्रभाव | समाधान |
|---|---|---|---|---|
| १ | उत्तर | जल | व्यवसाय नये विचार | पानी का फव्वारा, एक्रेरियम रखें, कछुए का चित्र तथा स्वर्ण मंदिर का चित्र लगायें। |
| २ | दक्षिण-पश्चिम | बड़ी पृथ्वी | पराक्रम शुरुआत | बिना पानी के पहाड़ों की तस्वीर, सिलिका की माला-लाकेट-बाजूबंद-ब्रेसलेट पहनें। दोहरा खुशी यंत्र लगाएं। |
| ३ | पूर्व | लकड़ी | विकास छोटे बच्चे | हरा पौधा, हरा बल्ब, हरा पूर्व अभिमंत्रित अष्टकोण पिरामिड रखें। |
| ४ | दक्षिण-पूर्व | लकड़ी | संचित धन स्वास्थ्य | हरा पौधा, हरा बल्ब, हरा पूर्व अभिमंत्रित अष्टकोण पिरामिड रखें। |
| ५ | मध्य | पृथ्वी | संपति स्थायित्व | बिना पानी के पहाड़ों की तस्वीर, सिलिका की माला-लाकेट-बाजूबंद-ब्रेसलेट पहनें। |
| ६ | उत्तर-पश्चिम | धातु | मददगार लोग नये अवसर | पीला-सुनहरा बाजूबंद पहनें,सुनहरी चेन की घड़ी पहनें, पीली-सुनहरी ५ रॉड ११"की वायु झंकार लगायें, पीला पूर्व अभिमंत्रित अष्टकोण पिरामिड रखें। |
| ७ | पश्चिम | धातु | मानसिक आराम व शांति | सफेद-सुनहरा बाजूबंद पहनें, सफेद चेन की घड़ी पहनें, स्लेटी ५ रॉड ११"की वायु झंकार लगायें, सफेद पूर्वाभिमंत्रित अष्टकोण पिरामिड रखें। |
| ८ | उत्तर-पूर्व | छोटी पृथ्वी | याद्दास्त | सिलिका की माला-लाकेट-बाजूबंद-ब्रेसलेट धारण करें। |
| ९ | दक्षिण | अग्नि | कीर्ति | दक्षिण क्षेत्र में लाल बल्ब लगायें। लाल पूर्वाभिमंत्रित अष्टकोण पिरामिड रखें। फीनिक्स-गरुड़ का चित्र लगायें। |

# दिशा बदलो - दशा बदलेगी

**दिशा शास्त्रः** प्रत्येक व्यक्ति अपने शयन-कक्ष के चुम्बकीय क्षेत्र से प्रभावित होता है एवं अपनी जन्म तिथि के अनुसार चार दिशाओं से उपयुक्त ऊर्जा एवं अन्य चार दिशाओं से अनुपयुक्त ऊर्जा ग्रहण करता है। मोटे तौर पर दो समूह के लोग होते हैं- पूर्व समूह तथा पश्चिम समूह के लोग। आप नीचे दी हुई विधि के अनुसार अपना व्यक्तिगत भाग्यांक निकाल सकते हैं। एवं तालिका में देखकर अपने लिए उपयुक्त एवं अनुपयुक्त दिशाओं का चयन कर सकते हैं।

**भाग्यांक निकालने की विधिः** आप अपने जन्म वर्ष के अंतिम दो अंको को जोड़ें। उदाहरणार्थ, १९६५ वाले अंतिम दो अंक ६+५ होंगें। ११ अंक को पुनः जोड़ने पर १+१=२ प्राप्त होगा। अब पुनः इस प्राप्त एकल अंक को १० में से घटाएं। प्राप्त संख्या पुरुषों का भाग्यांक होगा। १९६५ में जन्में पुरुष का भाग्यांक ८ होगा। महिलाएं इस प्राप्त एकल संख्या में 5 जोड़ें एवं एकल अंक प्राप्त होने तक जोड़ते रहें। जैसे १९६० में जन्मी महिलाओं का भाग्यांक ६+०=६,६+५=११, १+१=२ होगा।

नीचे दी तालिका के अनुसार पुरुष एवं महिलाएं अपनी शुभ व अशुभ दिशाएं जान सकते हैं। जिन पुरुषों का भाग्यांक ५ है, वह तालिका में ऊपर वाली दिशा देखें। महिलाएं जिनका भाग्यांक ५ है वह नीचे वाली दिशाएं देखें। अपने भाग्यांक अनुसार व्यक्ति के लिए अपनी स्वास्थ्य दिशा में सिर करके सोना एवं अपनी सफलता की दिशा में देखते हुए कार्य करना अति सफलतादायक होगा।

| | भाग्यांक | १ | २ | ३ | ४ | ५ ❑ | ६ | ७ | ८ | ९ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ दिशाएं | सफलता दिशा | द.पू. | उ.पू. | द. | उ. | उ.पू. द.प. | प. | उ.प. | द.प. | पू. |
| | स्वास्थ्य दिशा | पू. | प. | उ. | द. | प. उ.प. | उ.पू. | द.प. | उ.प. | द.पू. |
| | पारिवारिक दिशा | द. | उ.प. | द.पू. | पू. | उ.प. प. | द.प. | उ.पू. | प. | उ. |
| | व्यक्तिगत विकास दिशा | उ. | द.प. | पू. | द.पू. | द.प. उ.पू. | उ.प. | प. | उ.पू | द. |
| अशुभ दिशाएं | दुर्भाग्यशाली दिशा | प. | पू. | द.प. | उ.प. | पू. द. | द.पू. | उ. | द. | उ.पू. |
| | अपमानजनक | उ.पू. | द.पू. | उ.प. | द.प. | द.पू. उ. | पू. | द. | उ. | प. |
| | हानिकारक | उ.प. | द. | उ.पू. | प. | द. पू. | उ. | द.पू. | पू. | द.प. |
| | मानसिक संताप | द.प. | उ. | प. | उ.पू. | उ. द.पू. | द. | पू. | द.पू. | उ.प. |

❑ स्त्रियां जिनका भाग्यांक 5 है, वह तालिका में नीचे वाली दिशा का प्रयोग करें।

—पं. गोपाल शर्मा, सरस्वती विहार, नई दिल्ली

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# वास्तु एवं फेंग सुई

भारत में वास्तु का लंबा इतिहास मिलता है। मत्स्यपुराण में अठारह वास्तु शास्त्रज्ञों का उल्लेख है: भृगु, अत्रि, वसिष्ठ, विश्वकर्मा, मय, नारद, नग्नजित, विशालाक्ष, पुरंदर, ब्रह्मा, कुमार, नंदीश, शौनक, गर्ग, वासुदेव, अनिरुद्ध, शुक्र एवं बृहस्पति। यथा :-

भृगुरत्रिवसिष्ठश्च विश्वकर्मा मयस्तथा।
नारदो नग्नजिच्चैव विशालाक्षः पुरन्दरः॥
ब्रह्मा कुमारो नन्दीश : शौनको गर्ग एव च।
वासुदेवोऽनिरुद्धश्च तथा शुक्रबृहस्पती॥

वास्तु द्वारा किसी व्यक्ति का भाग्य तो नहीं बदला जा सकता लेकिन घर या व्यवसाय को खुशहाल एवं समृद्धिशाली अवश्य बनाया जा सकता है। वास्तु के नियमों का पालन करने से हमें अधिक से अधिक ताजी वायु एवं सूर्य ऊर्जा तो मिलती ही है साथ ही साथ पृथ्वी की चुंबकीय शक्ति भी मनुष्य की ऊर्जा को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। इसके साथ-साथ वास्तु के नियम स्थान को स्वच्छ रखने पर अत्यधिक ध्यान देते हैं। वास्तु द्वारा रंग चयन वातावरण को अनुकूल बना देते हैं। फेंग सुई भी इसी प्रकार के अंदर के वातावरण को अनुकूल बनाने में बहुत सहायक है।

फेंग सुई के अनुसार प्रकृति में पांच तत्व होते हैं- काष्ठ, अग्नि, पृथ्वी, धातु तथा जल। इन पांच तत्वों में आपस में एक अच्छी नैसर्गिकता अर्थात् उत्पादन क्रिया है एवं दूसरी बुरी अर्थात् विध्वंस क्रिया। जैसे उत्पाद क्रिया में काष्ठ अग्नि उत्पन्न करती है। अग्नि जला कर राख या पृथ्वी उत्पन्न करती है। पृथ्वी के नीचे धातु होती है। धातु गल कर जलीय रूप धारण करता है। जल काष्ठ उत्पन्न करता है। इसी प्रकार विध्वंस क्रिया में काष्ठ (वृक्ष) पृथ्वी को सोख लेता है। पृथ्वी जल को सोख लेती है। जल अग्नि को बुझा देता है। अग्नि धातु को गला देती है। एवं धातु के बने औजारों से काष्ठ को काटा जाता है। इस प्रकार हर तत्व दो अन्य तत्वों से उत्पाद क्रिया में और दो तत्वों से विध्वंस क्रिया द्वारा जुड़ा हुआ है। इन पांच तत्वों की दिशाएं एवं कारक तत्व निम्न वर्गों में दर्शाते हैं:-

जल स्थान पर फव्वारा, मछली घर, पानी के चित्र लगाना शुभ होता है। काष्ठ के स्थान पर हरी-भरी तस्वीरें, पौधें आदि, अग्नि स्थान में बिजली का सामान या लाल रंग के चित्र, पृथ्वी स्थान पर पर्वतों के चित्र, मिट्टी की बनी वस्तुएं, ग्लोब आदि रखना शुभ होता है। धातु स्थान पर वायुघंटियां या सुनहरी चित्र अच्छे रहते हैं। अग्नि

आ. द. नै.

| पू. | | | | प. |
|---|---|---|---|---|
| | काष्ठ | अग्नि | पृथ्वी | |
| पू. | काष्ठ | | धातु | प. |
| | पृथ्वी | जल | धातु | |

ई. उ. वा.

आ. द. नै.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | संपत्ति | प्रसिद्धि | विवाह | |
| पू. | बुजुर्ग एवं वरिष्ठ | | सर्जनात्मक और संतान | प. |
| | ज्ञान और शिक्षा | व्यवसाय | सहायक मित्र | |

ई. उ. वा.



तत्वों का उत्पादन एवं विध्वंश चक्र

तत्व के स्थान पर या काष्ठ की वस्तुएं भी सहायक सिद्ध होंगी। अर्थात् दक्षिण में यदि जल रखेंगे तो जल अग्नि को नष्ट कर देगा। अर्थात् प्रसिद्धि नष्ट हो जाएगी और धातु रख देंगे तो मित्र या संतान से मुसीबतें आएंगी। लेकिन अग्नि स्थान पर पृथ्वी फेंग सुई के अनुसार दरवाजे पर घंटियां लटकाना बहुत ही शुभ हैं। ये आपके घर में सद्भाग्य के प्रवेश की सूचक है। इसी प्रकार से फेंग सुई के सिक्के घर में लटकाने से संपत्ति आती है। सूखें फूल, बोन्साई या कांटेदार पौधे घर में रखना अशुभ माना है। हंसते हुए बुद्धि की मूर्ति धन-दौलत की प्रतीक मानी जाती है और इसे ड्राइंग रूम या ऑफिस में सजाना समृद्धि प्रदान करता है। तीन टांग वाला मेंढक भी मुंह में एक या तीन सिक्के लिए हुए धन आगमन का प्रतीक माना गया है यदि इसे मुंह घर की ओर घुसते हुए दर्शाया गया हो। इसी प्रकार आपकी व्यावसायिक मेज पर इसे इस प्रकार रखें कि यह आपके ग्राहक से पैसा ले कर आपको दे रहा है। लंबी गर्दन वाला धातु का कछुआ भी उत्तर दिशा में अथवा मेज पर रखना अति समृद्धिदायक है। इसे जल में या बिना जल के रखा जा सकता है।

स्फटिक का गोला संबंधों को मधुर बनाता है। बतख का जोड़ा या लव-बर्ड्स भी संबंधों को मधुर बनाते हैं। इसी प्रकार पवनघंटियां उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाना शुभ माना गया है। क्योंकि धातु के लिए यही दिशा निश्चित की गई है। अगरबत्ती व धूपबत्ती का प्रयोग नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है। मंत्रों का उच्चारण या पवित्र धुन भी फेंग सुई में विशेष स्थान रखती है। चलते रहने वाले बंद उपकरण घर में रखना शुभ नहीं माना गया है। बैठने के स्थान पर पीछे पर्वत आदि के चित्र स्थायित्व प्रदान करते हैं। फेंग सुई में ड्रेगन अच्छी यांग ऊर्जा को दर्शाता है। अत: काष्ठ का ड्रेगन पूर्व दिशा में कार्यालय को क्रियाशील कर देता है। दक्षिण कौने में स्थापित चित्र दूरदर्शिता देता है। बांस के पौधे लंबी आयु एवं अच्छा स्वास्थ्य देता है। चीनी देवता लुक लुक और साउ क्रमशः समृद्धि सम्मान एवं दीर्घायु देने वाले हैं। इनकी मूर्तियों को केवल रखने से सब कुछ मिल जाता है। यदि द्वार पर किसी बड़ी इमारत मंदिर या पेड़ का साया पड़ता हो अर्थात् द्वार भेद हो तो बा-गुआ अष्टकोणीय शीशा द्वार पर ऐसी नकारात्मक ऊर्जा को परावर्तित कर घर के अंदर नहीं आने देता।

इस प्रकार फेंग सुई बहुत ही आसान उपायों द्वारा आवास या कार्य स्थल से नकारात्मक ऊर्जा को बाहर कर सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। इसी प्रकार पिरामिड भी सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने में उपयोग किए जा सकते हैं।

चीनी कला फेंग सुई और भारतीय वास्तु पद्धति में कई मतभेद हैं। भारतीय वास्तु पद्धति में आठ दिशाओं के आठ देवता हैं। कुबेर का निवास उत्तर में है जबकि फेंग सुई में आग्नेय कोण में संपत्ति का स्थान माना गया है। भारतीय वास्तु में ईशान में जल अच्छा माना है जबकि फेंग सुई में उत्तर में। इसी प्रकार अग्नि का स्थान फेंग सुई में दक्षिण में है एवं भारतीय वास्तु में आग्नेय कोण में। इस प्रकार दोनों पद्धतियों में अनेक अंतर हैं। दोनों पद्धतियों के मिलाने से अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। मेरा मानना है कि भारतीय पद्धति अवश्य ही भारत के अनुरूप बनी हुई है। अत: भारत में तो अवश्य ही भारतीय पद्धति अपनाएं तो बेहतर होगा। भारतीय पद्धति में भी यंत्र, मंत्र एवं तंत्र द्वारा वास्तु दोष निवारण विधियां बताई गई हैं। उनके उपयोग भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए हैं। फेंग सुई की वस्तुएं आप घर में सजाने एवं बिना तोड़फोड़ के समृद्धि बढ़ाने में लाने के लिए अवश्य उपयोग में ला सकते हैं, लेकिन पूर्ण रूप से भारतीय वास्तु के नियम पालन ही वास्तु दोष निवारण में ठीक हैं।

ई. पू. आ.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | गुरु | सूर्य | शुक्र | |
| उ. | बुध | | मंगल | द. |
| | चंद्र | शनि | राहु | |

वा. प. नै.

**अरुण बंसल**

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

पर्वतों के चित्र, मिट्टी की बनी वस्तुएं, ग्लोब आदि रख... है। धातु स्थान पर वायुचेंटियां या सुनहरी चित्र अच्छे रहते हैं। अग्नि

...विशेष स्थान रखती है। चलते रहने वाले बंद उपकरण घर में रखना शुभ

...लेकिन पूर्ण रूप से भारतीय वास्तु के नियम पालन ही वास्तु दोष निवारण में ठीक हैं।

अरुण बंसल

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS



# रत्न क्यों, कब, कैसे और कौन-सा पहनें?

रत्नों की उत्पत्ति समुद्र मंथन से जुड़ी हुई है। रत्नों की महत्ता ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के उपचार के लिए विशेष रूप में कही गयी है। रत्न कैसे काम करते हैं? क्या कोई उपरत्न या शीशे का रंगीन टुकड़ा रत्न का काम नहीं कर सकता?

इसको समझने के लिए एक रेडियो को देखें। जिस प्रकार माइक्रो तरंगें पूरे आकाश मंडल में व्याप्त हैं, लेकिन उनको पकड़ कर ध्वनि में परिवर्तित करने के लिए रेडियों को एक आवृत्ति पर समस्वरण करना पड़ता है, उसी प्रकार प्रत्येक ग्रह से आने वाली सभी तरंगें वायु मंडल में स्थित हैं और इनको एकत्रित करने के लिए खास माध्यम की आवश्यकता होती है। विशेष रत्न विशेष ग्रह की रश्मियों को अनुकूल बनाने की क्षमता रखते हैं। समस्वरण शीघ्र ही बदल जाता है, इसलिए उपरत्न या उसी रंग का शीशा समस्वरण का काम नहीं कर पाता। रत्न रश्मियों को एकत्रित कर मनुष्य के शरीर में समावेश कराते हैं। इसीलिए मुद्रिका को इस प्रकार बनाया जाता है कि उसमें जड़ा रत्न शरीर को छूता रहे।

हमारे हाथ की अलग-अलग उंगलियों से स्नायु नियंत्रण मस्तिष्क के अलग-अलग भागों में जाता है एवं उनका असर उसके अनुरूप होता है। विशेष रत्न को विशेष उंगली में पहनने का आधार भी यही है। किस ग्रह की रश्मियों का असर मस्तिष्क के किस भाग में जाना चाहिए, उसके अनुसार उंगलियों का ग्रहों से संबंध बताया गया है।

किसको कौनसा रत्न पहनना चाहिए, इसके लिए अनेकों नियम बताये गये हैं, जैसे : १. जन्म राशि या नक्षत्र के अनुसार २. सूर्य राशि के अनुसार ३. दशा-अंतर्दशा के अनुसार ४. जन्मपत्री के अनुसार शुभ ग्रहों के लिए ५. जन्मपत्री के अनुसार अशुभ ग्रहों के लिए ६. जन्मवार के अनुसार ७. मूलांक, भाग्यांक या नामांक के अनुसार ८. हस्त रेखा के अनुसार ९. आवश्यकता अनुसार या रत्न के गुण के अनुसार। यदि हम सभी पद्धतियों द्वारा बताये गये रत्नों को पहनेंगे, तो हमें सारे ही रत्न पहनने पड़ेंगे और यदि हम इन पद्धतियों द्वारा बताये गये रत्नों में से एक सामान्य (common) रत्न पहनने की कोशिश करेंगे, तो शायद कभी भी कोई रत्न धारण नहीं कर पाएंगे। अतः हमें एक सर्वशुद्ध पद्धति ही अपनानी चाहिए और वह है, अपनी आवश्यकता के अनुसार, जन्मपत्री के शुभ ग्रहों के लिए रत्न धारण करना।

शुभ भावों के स्वामी या उनमें स्थित ग्रह ही शुभ फलदायक होते हैं। ग्रह शुभ है कि नहीं, इसके लिए हम, गणित के आधार पर/एक, सूत्र बना सकते हैं :

| भाव | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक | ५ | २ | १ | ३ | ४ | १ | २ | -१ | ५ | ३ | २ | ० |

ग्रह किस भाव का स्वामी है, उसके अंक एवं जिस भाव में वह बैठा है, उसके अंक को जोड़ दें। यदि ग्रह एक ही भाव का स्वामी है, तो दो से गुणा कर जोड़ें। इस प्रकार प्राप्तांक यदि ७ या उससे अधिक है, तो ग्रह शुभ है, अन्यथा अशुभ। जैसे सिंह लग्न की कुंडली में यदि सूर्य चतुर्थ भाव में बैठा है, तो सूर्य को चौथे भाव में मिले ३ अंक एवं लग्नेश होने के कारण मिले ५ अंक, कुल अंक मिले ५×२+३ = १३, अर्थात् शुभ। इसी प्रकार इसमें यदि शनि चतुर्थ भाव में है, तो शनि को चौथे भाव से मिले ३ अंक, सप्तमेश के मिले २ अंक एवं षष्ठेश होने का मिला १ अंक। कुल प्राप्तांक = ३+२+१ = ६, अर्थात् अशुभ।

इस प्रकार कौन सा रत्न किस कुंडली में शुभ रहेगा या अशुभ, इसका सूत्र हुआ : **ग्रह अंक = ग्रह के भाव स्थिति का अंक + ग्रह के एक भाव का अंक + ग्रह के दूसरे भाव का अंक।**

रत्न कितने भार का पहनना है, इसके लिए ग्रह का बल एवं जातक का भार, दो मुख्य चर हैं। यदि जातक का भार अधिक है, तो रत्न का भार भी अधिक होना चाहिए। यदि ग्रह का बल कम है, तो ग्रह को अधिक बल देने के लिए, रत्न का भार अधिक होना चाहिए। इस क्रिया को भी एक छोटे से सूत्र में बांध सकते हैं। प्रत्येक रत्न का औसत भार अलग-अलग रहता है, जैसे,

| रत्न | माणिक | मोती | मूंगा | पन्ना | पुखराज | हीरा | नीलम | गोमेद | लहसुनिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औसतभार | ४ | ४ | ६ | ४ | ४ | १ | ४ | ५ | ६ |

रत्न के औसत भार में बदलाव जातक की कुंडली में उस ग्रह के बल एवं जातक के भार के अनुसार करना चाहिए। यदि जातक का औसत भार ६० किलो माना जाए तो

$$\text{रत्न का भार} = \frac{\text{औसत भार} \times \text{जातक का भार}}{\text{६०} \times \text{ग्रह षट्बल}}$$

ग्रह के षट्बल से भाग देने के कारण यदि ग्रह बलवान है, तो रत्न का भार कम हो जाता है और यदि ग्रह बलहीन है, तो भार अधिक हो जाता है।

उपर्युक्त सूत्र से जो वजन आये, उसे सवाये में बदल लेना चाहिए, जैसे यदि गणना के द्वारा ६½ रत्ती भार आता है, तो उसे ७¼ रत्ती भार का रत्न पहनना चाहिए। इस प्रकार रत्न एवं उसके भार की गणना कर के जातक को रत्न के लिए नीचे बतायी गयी उंगली में, रत्न को उपयुक्त धातु में जड़वा कर, पहनना चाहिए।

| रत्न | ग्रह | धातु | उंगली | वार | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| माणिक | सूर्य | सोना | अनामिका | रवि | प्रातः |
| मोती | चंद्र | चांदी या सोना (चांदी युक्त) | कनिष्ठिका | सोम | प्रातः |
| मूंगा | मंगल | चांदी या सोना (तांबा युक्त) | अनामिका | मंगल | प्रातः |
| पन्ना | बुध | सोना | कनिष्ठिका | शुक्र | प्रातः |
| पुखराज | गुरु | सोना | तर्जनी | गुरु | प्रातः |
| हीरा | शुक्र | प्लैटिनम या सोना (चांदी युक्त) | कनिष्ठिका | शुक्र | प्रातः |
| नीलम | शनि | पंच धातु या सोना (१४ कैरेट) | मध्य | शनि | सायं |
| गोमेद | राहु | अष्ट धातु या सोना (१४ कैरेट) | मध्य | शनि/बुध | सूर्यास्त |
| लहसुनिया | केतु | सोना | अनामिका | गुरु/मंगल | सूर्यास्त |

यदि ग्रह अपनी राशि में न हो कर मित्र राशि में है, तो रत्न को उसकी उंगली में भी पहनाया जा सकता है, जैसे शुक्र यदि शनि के घर में हो, तो शनि की उंगली में पहनाने से शुभ फल प्राप्त होते हैं।

उपर्युक्त गणना से प्राप्त शुभ ग्रह का रत्न उसकी या उसके मित्र की दशा में पहनना चाहिए। यदि ग्रह अशुभ है या शुभ है, लेकिन उसके मित्रादि की दशा नहीं है, तो उसका रत्न नहीं पहनना चाहिए। केवल दशानुसार रत्न पहनना हानिकारक हो सकता है। साथ ही आवश्यकतानुसार, जैसे शादी के लिए सप्तमेश का रत्न, पढ़ाई के लिए चतुर्थेश या पंचमेश का रत्न, स्वास्थ्य के लिए लग्नेश का रत्न आदि भी ग्रह की शुभता एवं दशा नाथ से शुभ संबंध देख कर ही पहनना चाहिए।

अरुण बंसल

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



## जब हमारी घड़ियां १२ बजाती हैं

### भिन्न-भिन्न देशों का समय

संसार के हर एक देश में दिन तो २४ घण्टे का माना जाता है परन्तु हर देश का स्टैंडर्ड टाईम अर्थात् समय भिन्न है। उदाहरण के रूप में जब भारत में दिन के १२ बजते हैं तो लन्दन में प्रात: के साढ़े छ: बजे होते हैं। भिन्न-भिन्न देशों की राजधानियों के समय और भारत के समय में अन्तर स्पष्ट किये जाते हैं:-

| नगर | देश | समय |
|---|---|---|
| लन्दन | ब्रिटेन | ६.३० प्रात: |
| बैंकाक | थाइलैंड | ९.३० रात |
| मक्का | सऊदी अरब | ९.३० प्रात: |
| कुआलाम्पुर | मलेशिया | २.०० प्रात: |
| पेरिस | फ्रांस | ७.३० प्रात: |
| नेरोबी | कीनिया | १०.०० प्रात: |
| तेहरान | ईरान | १०.०० प्रात: |
| काबुल | अफगान | ११.०० प्रात: |
| बुडापेस्ट | हंगरी | ७.३० प्रात: |
| कराची | पाकिस्तान | ११.३० दोपहर |
| मास्को | रूस | ९.३० प्रात: |
| पेइचिंग | चीन | २.३० दोपहर |
| बगदाद | इराक | ९.३० प्रात: |
| न्यूयार्क | अमेरिका | २.३० प्रात: |
| टोकियो | जापान | ३.३० सायं |
| बर्लिन | पू. जर्मनी | ७.३० प्रात: |
| काहिरा | मिस्र | ८.३० प्रात: |
| जेनैवा | स्वि. लैण्ड | ७.३० प्रात: |
| कनाडा | कैनेडा | ११.०० रात्रि |

## मन्त्रों को सिद्ध करने की विधि

कर्म छ: प्रकार के होते हैं। १. शान्ति कर्म। २. वशीकरण। ३. स्तम्भन। ४. वैर। ५. उच्चाटन। ६. मारण।

### कर्मों के लक्षण

१. रोग और ग्रहादि के निवारण को शंत कर्म कहते हैं।
२. सब वस्तुओं को वश में करने को वशीकरण कहते हैं।
३. चलते हुओं को रोकने को स्तम्भन कहते हैं।
४. दो मित्रों में वैर कहते हैं।
५. स्वदेश से निकल कर दूसरे देश में चले जाने को उच्चाटन कहते हैं।
६. जीव को मार देना मारण कहते हैं।

### कर्मों की दिशा

शान्ति कर्म ईशान दिशा में करना चाहिए, वशीकरण उत्तर दिशा में करना चाहिए, स्तम्भन पूर्व दिशा में करना चाहिए, विदेश नेत्रऋत्य दिशा में, उच्चाटन वायव्य दिशा में और मारण अग्नि दिशा में करना चाहिए।

## खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं?

१. अन्धाक्ष नक्षत्रों में खोई हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा को जाती है और उसकी पुन: प्राप्ति शीघ्र हो जाती है। २. सुलोचन नक्षत्रों में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है। ३. मध्याक्ष नक्षत्र में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। इस बात का पता भी चल जाता है परन्तु प्राप्त (हस्तगत) नहीं होती। ४. मन्दाक्ष नक्षत्र में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है।

अन्धादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं:-

| नक्षत्र संख्या | नाम नक्षत्र | | | | | | | मिलेगी या नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १. अन्धाक्ष | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | पू.फा. | विशा. | धनि. | रेव. | शीघ्र मिलेगी। |
| २. सुलोचन | कृकि. | पुन. | पू.फा. | स्वा. | मूला. | श्रव. | उभा. | नहीं मिलेगी। |
| ३. मध्याक्ष | भर. | आर्द्रा | मघा | पू.भा. | चित्रा | ज्ये. | अभि. | पता लगने पर भी नहीं मिलेगी। |
| ४. मन्दाक्ष | अश्वि. | मृग. | आश्ले | हस्त | अनु. | उ.षा. | शत. | बहुत यत्न करने पर मिलेगी। |

## कैलेण्डर १८०१-१९९९

### (अ) वर्ष

| १८०१-१९०० | | | | १९०१-१९९९ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ०१ | २९ | ५७ | ८५ | | २५ | ५३ | ८१ |
| ०२ | ३० | ५८ | ८६ | | २६ | ५४ | ८२ |
| ०३ | ३१ | ५९ | ८७ | | २७ | ५५ | ८३ |
| ०४ | ३२ | ६० | ८८ | | २८ | ५६ | ८४ |
| ०५ | ३३ | ६१ | ८९ | ०१ | २९ | ५७ | ८५ |
| ०६ | ३४ | ६२ | ९० | ०२ | ३० | ५८ | ८६ |
| ०७ | ३५ | ६३ | ९१ | ०३ | ३१ | ५९ | ८७ |
| ०८ | ३६ | ६४ | ९२ | ०४ | ३२ | ६० | ८८ |
| ०९ | ३७ | ६५ | ९३ | ०५ | ३३ | ६१ | ८९ |
| १० | ३८ | ६६ | ९४ | ०६ | ३४ | ६२ | ९० |
| ११ | ३९ | ६७ | ९५ | ०७ | ३५ | ६३ | ९१ |
| १२ | ४० | ६८ | ९६ | ०८ | ३६ | ६४ | ९२ |
| १३ | ४१ | ६९ | ९७ | ०९ | ३७ | ६५ | ९३ |
| १४ | ४२ | ७० | ९८ | १० | ३८ | ६६ | ९४ |
| १५ | ४३ | ७१ | ९९ | ११ | ३९ | ६७ | ९५ |
| १६ | ४४ | ७२ | | १२ | ४० | ६८ | ९६ |
| १७ | ४५ | ७३ | | १३ | ४१ | ६९ | ९७ |
| १८ | ४६ | ७४ | | १४ | ४२ | ७० | ९८ |
| १९ | ४७ | ७५ | | १५ | ४३ | ७१ | ९९ |
| २० | ४८ | ७६ | | १६ | ४४ | ७२ | |
| २१ | ४९ | ७७ | ०० | १७ | ४५ | ७३ | |
| २२ | ५० | ७८ | | १८ | ४६ | ७४ | |
| २३ | ५१ | ७९ | | १९ | ४७ | ७५ | |
| २४ | ५२ | ८० | | २० | ४८ | ७६ | |
| २५ | ५३ | ८१ | | २१ | ४९ | ७७ | |
| २६ | ५४ | ८२ | | २२ | ५० | ७८ | |
| २७ | ५५ | ८३ | | २३ | ५१ | ७९ | |
| २८ | ५६ | ८४ | | २४ | ५२ | ८० | |

### (ब) महीने

| जन. | फर. | मार्च | अप्री. | मई | जून | जुला. | अग. | सितं. | अक्टू. | नवं. | दिसं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ४ | ० | ० | ३ | ५ | १ | ३ | ६ | २ | ४ | ० | २ |
| ५ | १ | १ | ४ | ६ | २ | ४ | ० | ३ | ५ | १ | ३ |
| ६ | २ | २ | ५ | ० | ३ | ५ | १ | ४ | ६ | २ | ४ |
| ० | ३ | ४ | ० | २ | ५ | ० | ३ | ६ | १ | ४ | ६ |
| २ | ५ | ५ | १ | ३ | ६ | १ | ४ | ० | २ | ५ | ० |
| ३ | ६ | ६ | २ | ४ | ० | २ | ५ | १ | ३ | ६ | १ |
| ४ | ० | ० | ३ | ५ | १ | ३ | ६ | २ | ४ | ० | २ |
| ५ | १ | २ | ५ | ० | ३ | ५ | १ | ४ | ६ | २ | ४ |
| ० | ३ | ३ | ६ | १ | ४ | ६ | २ | ५ | ० | ३ | ५ |
| १ | ४ | ४ | ० | २ | ५ | ० | ३ | ६ | १ | ४ | ६ |
| २ | ५ | ५ | १ | ३ | ६ | १ | ४ | ० | २ | ५ | ० |
**फरवरी**—यह मास माघ कृष्णा ३० शनिवार से फाल्गुन कृष्ण १२ शुक्रवार तक रहेगा। ता. १ फरवरी अमावस्या शनि वासरी है जो अनाज, सरसों, अलसी, मिर्च, लोहा, तिलहन, चांदी, गुड़, खाण्ड आदि में तेजी कारक है तथा १० दिन के अन्दर रुई में तेजी। ता. ३ फरवरी **चन्द्रदर्शन जौ शशि उगे सोम शनि** से एक मास के अन्दर किसी राज्य में मन्त्रीमण्डल भंग, अनाजों में तेजी। जनरल लाईन में मन्दी का झटका कहीं-कहीं दंगे, फसाद, आन्दोलन जैसी घटनायें घटित होंगी। ता. १२ फरवरी कुम्भ संक्रांति से लौंग, इलाइची, जीरा, काली मिर्च, अनारदाना, गेहूं, जौ, चना, मटर, रुई, चौपाये पशुओं में मन्दी। खनिज पदार्थ व आयरन शेयरों में घटाबढ़ी से स्थिरता को बल मिले। उड़द, मूंग, ग्वार, कुलाथी के भावों में तेजी कारक। ता. १९ फरवरी शत. के सूर्य से १४ दिन के अन्दर सोना, चांदी, सूत, सन, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं, गुड़ के भावों में तेजी का संचार होगा। ता. २२ फर. को गुरु वक्री हो रहे हैं जो रस पदार्थ, घी,तेल व शक्कर, कपास, रुई में तेजी कर देंगे। मार्गशीर्ष आदि सात माह तक धान्य भाव तेज रहें। ता. २५ फर. मकर के शुक्र योग से **मकरे च यदा शुक्रे सर्व सस्य विनाशकृत**। अर्थात् एक महीने के अन्दर प्राकृतिक प्रकोप से फसल हानि, अनाजों में तेजी का झटका। घी, तेल, तिलहन में भी तेजी। गुड़, खाण्ड, चीनी, रस पदार्थों, सोना, चांदी, अफीम, तम्बाकू शेयर के भावों में तेजी का मान होगा। ता. २८ फरवरी सभी चुनिन्दा शेयरों में तेजी। धातु बाजार भी गर्म रहेंगे।

**शकुन विचार**— जेही पखवारे तिथि बढ़े वाहि में घट जाय।
सभी वस्तु मंदी विके मंहगाई हट जायङ्क
फाल्गुन कृष्णा प्रतिपदा जो पू.फा. नक्षत्र।
सभी दुःख दोष दूर हों सुख सुभिक्ष सर्वत्रङ्क

**व्यापार सम्बन्धी**—सप्तम्यादित्रये कृष्णे फाल्गुने धन गर्जितम् संग्रामाध प्रति ग्रामं धान्यानां च समर्घताङ्क वर्ष प्रबोधङ्क फाल्गुन कृष्णा सप्तमी २३ फर. से २५ फरवरी तक बादल वर्षे तो युद्ध भय, धान्य सस्ते, अष्टमी को वर्षा हो तो देश में कुशल क्षेम वृद्धि।

**मार्च**—यह मास फाल्गुन कृष्ण १४ शनिवार से प्रारम्भ होकर चैत्र कृष्ण १४ सोमवार तक रहेगा। ता. १ मार्च बुध का कुंभ राशि में प्रवेश अलसी, राई में मन्दी का झटका लेकिन मन्दी स्थाई नहीं। घी, तेल, रस, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी। सूर्य-चन्द्र-बुध योग तेजी का संकेत देता है। ता. ५ मार्च श्रवण के शुक्र चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मसूड़, उड़द के भावों में आंशिक मंदी का झटका लगे। तिल, तेल तेज। रुई में भी गिरावट बने। ता. १४ मीन संक्रांति **मीन राशि गते भानौ सर्व धान्य महर्घता** से उड़द, अरहर, चना, दालवाना, तिल, तेल, तिलहन के भावों में तेजी का संकेत दे रही है। सोना, चांदी में घटाबढ़ी अवश्य हो लेकिन परिवर्तन खास नहीं। मीन संक्रांति अवस्था बाल व बैठी ४५ मुहूर्ती से उपद्रव, झगड़े, विग्रह, अलसी, राई, घी, कपास, मिर्च, जीरा, नमक में घटाबढ़ी हो। ता. १७ मार्च होलिका दहन पूर्णिमा पू.फा. **फाल्गुन पूर्णिमा पूर्ण सुभिक्ष। पूर्ण मघा से जानिये चार मास दुर्भिक्ष॥ फागुन सुदी पूर्णिमा गर्जे वर्षा होय। धान्य सातवें मास में निश्चय मंहगा होय॥** होलिका दहन भद्रा पुच्छ काल में ता. २० मार्च उ.भा. में बुध का प्रवेश विश्व में संघर्ष की स्थिति बने। चक्रवात, भूकंप व अन्य प्राकृतिक प्रकोप से प्रजा को कष्ट। घी, तेल, मूंग, मोंठ, गेहूं, चावल तेज। शेयर बाजार अस्थिर रहकर मन्दा। ता. २२ शुक्र का कुंभ राशि में प्रवेश **कुम्भ राशौ स्थित शुक्र सुभिक्ष प्रचुर जलम्** हर वर्ष में मन्दी का झटका लगे, वर्षा कारक है। चांदी, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा, रुई, गुड़, खाण्ड में मन्दी का झटका लगे। ता. ३१ मार्च रेवती के सूर्य १४ दिनों के अन्दर अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसन, मोती, लाख, सज्जी, रुई, जौ,चना, चावल, चांदी में घटाबढ़ी से तेजी कारक है। व्यापारी वर्ग बुद्धि चातुर्य से कार्य करें।

**शकुन विचार**— किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय।
ग्राहक माँगे मूंग, घी, विक्रेता नट जायङ्क
एकम् लागत चैत्र को वर्षा बादल गाज।
सावन, भादव नहीं फिर वर्षा का काजङ्क

**व्यापार सम्बन्धी—एक राशि पर होय जब बुध शुक्र और सूर्य** योग तेजी कारक है।

**अप्रैल**—यह मास चैत्र बदी ३० मंगलवार से बैशाख बदी १४ बुधवार तक रहेगा। ता. १ अप्रैल **मंगलवारी मावस फाल्गुन चैत्री जोय** के योग से अनाज का स्टॉक करने से लाभ लगभग प्रायः ३ दिनों के अन्दर सभी जिन्सों व चुनिन्दा शेयरों में तेजी का झटका। ता. २ अप्रैल संवत् २०६० सभी को शुभ व मंगलमय हो। विक्रमी का शुभारंभ **बुध राजा घटबढ़ चले उत्तम वर्षा होय। सुख सुभिक्ष धन-धान्य जग आनन्दित सब कोय॥** से वर्षा अच्छी, वर्ष प्रारंभ में तेज वर्षान्त मंदे, रोग वृद्धि, सैनिक हलचल हो अफवाह व दंगे फसाद, वन्द, आन्दोलन, प्राकृतिक प्रकोप से जनधन हानि। ता. १४ अप्रैल अश्वनी, मेष संक्रांति **यदा मेषे स्थितौ भानु फलं तुल तिलादिकम्** से फल, फूल, रुई, कपास, गन्ना रस पदार्थ, तिल तेल, तिलहन के भावों में तेजी का झटका

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

योग व खनिज पदार्थ लोहा, सोना, कोयला, कपास, मिश्री, बताशे चीनी, चाँदी में मंदी का मान हो।

प्रवेश अलसी, राई में मन्दी का झटका लेकिन मन्दी स्थाई नहीं। घी,

प्राकृतिक प्रकोप से जनधन हानि। ता. १४ अप्रैल अश्वनी, मेष संक्रांति वदी मेष स्थिती भानु फलं तुल तिलादिकम् से फल, फूल, रुई, कपास, गन्ना रस पदार्थ, तिल तेल, तिलहन के भावों में तेजी का झटका

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS



सोमवासरी होने से जौ, गेहूं, चना, हाथी दाँत, लाख, मजीठ, मौंठ, केसर, सिन्दूर के भावों में तेजी। तृतीया वृद्धि व चतुर्दशी क्षय योग से **जेही पखवारे तिथि बढ़े वाहि में घट जाय** से सभी व्यापारिक जिन्सों में मंदी का रुख मिले। ता. २७ अप्रैल भरणी के सूर्य रुई, अलसी में मंदी। सोना, चांदी, ताम्बा, मूंगा, पीतल, जौ, चना, चावल, मोंठ, अलसी, रुई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी तेजी बनायेंगे।

**शकुन विचार—** पड़वा, पाँचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन।
बढ़ने पर मन्दी करे तेजी हो जब छीन॥
चैत्र मास में आ पाँच शुक्र शनिवार।
प्रजा नाश दुर्भिक्ष दुःख दिन दिन तेज बाजार॥

**व्यापार सम्बन्धी—** वर्ष के आरम्भ में गुड़, एरण्ड, मिर्च, खाण्ड, घी, बिनौला, नमक, कपास, बाजरा, मजीठ की खरीद करें। श्रावण, भाद्रपद में बेचकर नफा लें जो वस्तु मंदी चल रही है उनका स्टॉक भारी लाभदायक है।

**मई—** यह मास वैशाख कृष्ण ३० गुरुवार से ज्येष्ठ कृष्ण ३० शनिवार तक रहेगा। ता. १ मई **मावस्या गुरुवार या गुरु दिस मास नक्षत्र** योग से वैशाख मास में भारत वर्ष मे दूर-दूर तक वर्षा व सभी व्यापारिक जिन्सों में भारी घटाबढ़ी हो। ता. ३ मई **जो शशि उगे सोम शनि एक अचम्भो होय** से एक मास के अन्दर मंत्री मण्डल में फेर बदल, किसी राज्य में मंत्री मण्डल में विद्रोह। बाजार जनरल तौर पर मन्दा रहेगा। ता. १० मई **दैत्यगुरुर्यदा मेषे** वर्षाकारक है। पशुओं को कष्ट प्रदायक। दूध, घी, चावल, रस पदार्थों, घी में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी हो। ता. २२ मई भरणी शुक्र १२ दिनों के अन्दर सोना, चांदी, अफीम, लाल मिर्च, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल के भावों में गिरावट बने। चना, मूंग, मोंठ, ज्वार, तूअर में घटाबढ़ी। रुई स्थिर रहे। ता. ३१ अमावस्या शनिवासरी सूर्यग्रहण **दुर्भिक्षरौरवं घोर महादुःखमद्भयम** से घोर रौरभ महादुःख महाभय हो। गर्म हवा का प्रकोप रहे। लू, हैजा व प्राकृतिक प्रकोप शासक वर्ग भी गरीब वर्ग के सहायतार्थ हेतु नवीन हितकारी योजनायें लागू हो। भारत की प्रजा पर प्राकृतिक आपदाओं की मार, चौपाये पशुओं को कष्ट, किरात व यवन प्रदेशों के लोगों को कष्ट, ग्रहण प्रातः ७।२९ से आरंभ ८।२२ पर मध्य व मोक्ष पर्व ८।३३ पर होगा। इस ग्रहण के सूतक ३० मई सन् २००३ ई. को सायं ७।२९ से आरंभ होंगे। ग्रहण के समय जप, दान, पुण्य का समय अति महत्वपूर्ण है।

**शकुन विचार—** जेठ वदी प्रतिपदा सोम, शुक्र, गुरुवार।
वर्षा हो अति उत्तम अति उत्तम पैदावार॥
जेठ मास में सूर्य यह पाँच ग्रह इक संग।
सावन सूखा जायेगा हो मंत्र मण्डल भंग॥

**व्यापार सम्बन्धी—** सूर्य ग्रहण रोहिणी अन्तर्गत हो रहा है। अतः सभी तरह के अनाज, गेहूं, मूंग, उड़द, घी, घास, तृण, आयरन, लाल मिर्च का स्टॉक कर दो मास पश्चात् बेचने से लाभ।

**जून—** यह मास जेठ सुदी १ रविवार से आरंभ होकर आषाढ़ सुदी १ सोमवार तक रहेगा। ता. १ जून चन्द्रदर्शन रविवासरीय है। अतः जौ, गुड़, तेल, खाण्ड, घी में तेजी कारक है। गर्मी व गर्म हवा का प्रकोप, लू, हैजा, अतिसार जैसे रोगों की बाहुलता। जल, विद्युत समस्यायें प्रबल रूप लेंगी। ता. ५ जून वृष राशि के शुक्र **भृगु पुत्रो वृष स्थितत्वा** से रुई व कपास में अच्छी मंदी। वर्षा की खेंच। अनाजों में मंदी का झटका। सोना, चांदी में अच्छी घटाबढ़ी हो। जनरल लाईन तेज रहेगी। ता. १५ मिथुन संक्रांति रविवासरी है व अवस्था बैठी ३० मुहूर्ती होने से राजा प्रजा को कष्ट। अनाजों के भाव तेजी में आकर समान हो जायेंगे। दूध, दही, घी के भावों में मूल्य वृद्धि। इस संक्रांति में नेत्र रोग व अतिसार रोगों की बाहुलता रहे। धातु पदार्थों में भी घटाबढ़ी से तेजी। शेयरों में अच्छी घटाबढ़ी हो। ता. २२ आर्द्रा के सूर्य रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, ऐरंड, मोती, गेहूं, चावल, जौ, चांदी में तेजी। स्वर्ण, शेयरों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. २६ बुध का मिथुन राशि में प्रवेश **बुध मिथुन राशि महर्घ** के अनुसार हवा का जोर रहे। आकाश मं बादल बहुत हों। १५ दिन के अन्दर भारत के अधिकतर प्रदेशों में वर्षा अच्छी। मूंग, दलहन, रेशम, शक्कर, रुई में तेजी। सोने, चांदी में गिरावट सरसों, तार आदि में घटाबढ़ी हो।

**शकुन विचार—** जेही पखवारे तिथि बढ़ै, वाही में घट जाय।
सभी वस्तु सस्ती विकै, मंहगाई हट जाय॥
आषाढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग।
करफ्यू और कंट्रोल से दुःख पावै सब लोग॥

**व्यापार सम्बन्धी—** आषाढ़ मास में प्रथम वर्षा के दिन यदि सोम या गुरु हों तो सुभिक्ष, बुध हो तो रोग वृद्धि, मंगलवार हो तो आंधी, तूफान से हानि, रविवार हो तो दुर्भिक्ष। शनिवार हो तो प्राकृतिक प्रकोप, वर्षा वृद्धि। शुक्र हो तो आगे वर्षा अच्छी होगी।

**जुलाई—** यह मास आषाढ़ शुक्ला २ मंगलवार से आरंभ होकर श्रावण शुक्ला २ गुरुवार तक रहेगा। ता. १ चन्द्रदर्शन भौम वासरी है अतः अन्न व व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख। सोना, चांदी, शेयरों में घटाबढ़ी से तेजी व मास में मिथु राशि में पंचग्रही योग बन रहा है जो प्रजा व देश के हित में अच्छा नहीं है। अतः बन्द, आन्दोलन, हिंसा, **प्रदर्शन चार पांच ग्रहों का वनै एक राशि पर योग। वर्षा अथवा युद्ध से दुख पावै सब लोग॥** अर्थात् बाढ़ व अन्य प्राकृतिक प्रकोपों में वृद्धि शेयर बाजार भविष्य में हलचल। सोना, चांदी में चमक बने। ता. १० जुलाई बुध का कर्क राशि में प्रवेश रुई में मंदी। चांदी तेज। रस पदार्थ, गुड़, घी, तेल, सोना, मूंगफली, सरसों में प्रथम तेजी ले। मन्दी का मान। अनाज भाव मध्यम रहे। आषाढ़ी पूर्णिमा भी रविवासरी है जो तेजी का समर्थन देती है। ता. १६ जुलाई कर्क संक्रांति बुधवासरी है। अतः अन्न के भावों में मंदी बने। वायु का प्रचण्ड जोर रहे। वृक्षों के टूटने से पशु-पक्षियों को कष्ट। ता. २० पुष्य के सूर्य योग से १४ दिन के अन्दर, तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहू, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपाड़ी, सौंठ, गूगल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सन, केसर, ऊनी वस्त्रों में तेजी। किसी-किसी में विशेष चमक बने। ता. २५ जुलाई **सावन बदी एकादशी रोहिणी संवत्** सुख सुभिक्ष कारी अतः सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी का संचार होगा। ता. ३० सिंह राशि के गुरु **सिंहे जीवे श्रावणा** से पृथ्वी जल से पूर्ण हो। सत्पुरुषों का सम्मान, गेहूं, तिल, उड़द, घी, चावल, सोना, रूपा, ताम्बा, मूंग तेज। सर्पों का भय, आषाढ़, भाद्रपद में वर्षा अच्छी हो।

**शकुन विचार—** सावन लागत प्रथम दिन उगत न दीखै भानु।
वर्षा ऋतु वर्षा बहुत उत्तम संवत् जानु॥
सावन मावस उत्तरा पुनरु धनिष्ठ।
एक मास दुर्भिक्ष रहे जग में रहे अनिष्ठ॥

**व्यापार सम्बन्धी—** राज्य भ्रंशोराज युद्धं क्लेशानां प्रवर्द्धनम्।
अमावस्या भौम वासरी है अतः राज्य भ्रंश, राज युद्ध, क्लेशों व बन्द, प्रदर्शनों में वृद्धि। द्रवों की हानि। अतः व्यापारी वर्ग वृद्धि चातुर्य से कार्य करें। सभी जिन्सों में तेजी प्रमुख रहेगी।

**अगस्त—** यह मास श्रावण शुक्ला ३ शुक्रवार से आरंभ होकर भाद्रपद शुक्ला ४ रविवार तक रहेगा। ता. ३ पंचमी क्षय **पड़वा पाँचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मन्दी करें तेजी हो तब छीन॥** अतः सभी जिन्सों में तेजी का झटका। ता. ६ आश्ले. के शुक्र १२ दिनों के अन्दर रुई, तूअर व चावल में मन्दी का झटका। सभी चुनिन्दा शेयरों में घटाबढ़ी विशेष। लेकिन ऑवरेज मन्दा ही रहे। ता. १२ अगस्त **श्रवणं पूर्णिमायां स्याद्धान्यैरानदितां प्रजा** श्रावणी पूर्णिमा श्रवण नक्षत्र युक्त है अतः अन्न की पैदावार अति उत्तम हो। ता. १७ सिंह संक्रांति योग वायु, वर्षा, मूंग, उड़द, चना, चावल, तुष धान्य का नाश। सोने में अच्छी तेजी। राजा व प्रजा को कष्ट। ता. २१ अगस्त बुध का कन्या राशि में प्रवेश रुई व चांदी में मन्दी का झटका देगा। गेहं, जौ, चना, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी बनेगी। ता. २७ अगस्त पिठौरी अमावस्या बुध वासरी है। **धान्यं महर्घं भौमज्ञेशनौ तैलं विनिर्दिशत्** से धान्य के भावों में तेजी का मान करा देगी। ता. २९ अगस्त चन्द्रदर्शन शुक्रवार, उ.फा. नक्षत्रगत हो रहा है। अतः अफीम, गुड़, खाण्ड, शेयर तेज। जौ के भावों

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



में गिरावट। सरसों, तिल, तेल, गेहूं, चावल, उड़द, चना, ऊनी वस्त्र ऊन के भावों में विशेष घटाबढ़ी से गिरावट। सोना, चांदी में घटाबढ़ी से गिरावट लेकर तेजी बन जायेगी। सूर्य के ताप में वृद्धि, प्रजा में सुख व दुख समान, पंजाब, शवर, पुलिंद व कुरुक्षेत्र के निवासियों को कष्ट, राजनीति में परस्पर वैर, विरोध से केन्द्र व राज्य सरकारों से मतभेद सिंहस्थ गुरु उदय धान्य के भावों में तेजी कारक है।

**शकुन विचार—** भादव लागत चौथ को यदि होवे शनिवारी।
देश नाश दुर्भिक्ष दुःख भुखरू भ्रष्टाचारीङ्क
ईख शर्करा मिष्ठ रस, गुड़, हल्दी, तिल तेल।
सोना, तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेलङ्क

**व्यापार सम्बन्धी—** शनौ भाद्रपदे कृष्ण चतुर्थी यदि जायते।
देश भंगश्च दुर्भिक्षं स्वस्थस्यो दर पूरणम्ङ्क

ता. १७ अगस्त को १०।१५ पर पूर्व की वायु चले तो दुर्भिक्ष, दक्षिणी हो तो अनेक प्रकार के रोगों में वृद्धि, पश्चिमी हो तो वर्षा की खेंच। उत्तरी हो सभी प्रकार से कल्याण प्रद, शुभप्रद होती है।

**सितम्बर—** यह मास भाद्रपद शुक्ला पंचमी से आरंभ होकर आश्विन शुक्ला ५ मंगलवार तक रहेगा। ता. ५ को गुरु उदय व राहू केतु अपना स्थान परिवर्तन कर रहे हैं। **गुरु उदय भाद्रपद मासे धान्य नाश** से धान्य की फसल में हानि, उड़द, मूंग, काल वस्त्र, लोहा, कोयला के भावों में वृद्धि, सड़क दुर्घटना अधिक हो। राजनीति में परस्पर कलह का वातावरण बनें। धान के भावों में तेजी। ता. १० भाद्रपद पूणिमा को शुक्र का कन्या राशि में प्रवेश **कन्या राशिगते शुक्रे** से गेहूं, अनाज, गुड़, ऊनी वस्त्र, ऊन के भावों में तेजी, २० दिन के अन्दर प्राकृतिक प्रकोप, चावल में तेजी व चमक बनने का योग भी है। ता. १८ हस्त के शुक्र रुई, चांदी, चावल में विशेष घटाबढ़ी, सोना तेज। खाण्ड, गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी यदि अन्न के भाव सस्ते हों। संग्रह से लाभ संक्रांति भी। बुधवासरी योग से जो गेहूं,आदि हर प्रकार के अनाजों में घटाबढ़ी का मान देगी। ताम्बा, लोहा, शेयर, अलसी, सरसों, सोना, कोयला, पत्थर गिरकर तेज। रुई, कपास, मजीठ, लाल चंदन, लौंग, जायफल, गाय, भैंस तेज। ता. २७ सितं. चन्द्रदर्शन **जो शशि उगे सोम शनि एक अचंभी जोय। छठ पड़े दिन तीस में अनाज जू महंगो होय** से एक मास के अन्तर्गत किसी राज्य का मंत्रीमण्डल भंग अथवा परिवर्तन का योग वर्षा में रुकावट। अनाजों में तेजी बनेगी। चार दिन के अन्दर सोना, चांदी, घी, हींग, किराना, मूल पदार्थ में तेजी के उछाले।

**शकुन विचार—** तीज बदी आसोज में मंगल या शनिवार।
अग्नि काण्ड भयभीत जन महंगा चले बाजाराङ्क
भृतजलोद्धता मेधाः कृषीणां भूर्य उपद्रवी।
तरकरोपद्रवानित्य शुक्रेणामावसी दिनेङ्क

**व्यापार सम्बन्धी—** ता. १ सितम्बर सन् २००३ आकाश निर्मल, सूर्य की किरणें साफ बादल इत्यादि ना हो तो दालवाना, कपड़ा, रुई, सूत व बाजार लाईन ५ महीने तक तेजी का भाव लेंगी।

**अक्टूबर—** यह मास आश्विन शुक्ल ७ बुधवार से आरंभ होकर कार्तिक शुक्ल ७ शुक्रवार तक रहेगा। ता. १ आश्विन छठ ज्येष्ठा व मूल नक्षत्र युक्त है। अतः रस पदार्थों के भाव तेज। ता. १७ अक्टूबर को सूर्य-शुक्र का योग बन रहा है। सूर्य देव भृगुनाथ व **यदा दैत्य गुरुश्चैव तुला राशि प्रवर्तते** से जनता में कुशल क्षेम नसीले पदार्थ, रसायन पदार्थ तेज। बाजार लाइन भी घटाबढ़ी से तेजी रहेगी। ता. ८ बुध अस्त तस्करों में भय व अति वृष्टि कारक है। ता. १० चित्रा के सूर्य १५ दिन के अन्तर्गत रुई, सूत, सोना, चांदी व मोती, रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सन, केशर, कपूर, शेयरों के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। किसी-किसी में विशेष तेजी। ता. १७ अक्टूबर को सूर्य का तुला राशि में पंचग्रही योग **एक राशौ चत्वार से व एक राशि पर होय बुध-शुक्र और सूर्य वर्षा की कमती करें। तेजी होय भरपूर** अर्थात् सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी। तेजी वस्तुओं में चमक व सभी चुनिन्दा शेयरों में तेजी, सुस्त शेयर भी सुधार बना लेंगे. ता. २५ अक्टूबर दीपावली शनिवासरी है। **कार्तिके चेदमावस्यां शनिश्चे दन्नाशनः** से गेहं,जौ, चना, दालवाना के भावों में तेजी बने। ता. २७ अक्टूबर चन्द्रदर्शन सोमवासरी है। अतः ऑवरेज में मन्दी। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी। रुई में घटाबढ़ी से मंदी का झटका लगे। गेहूं, बाजरा, ज्वार, गुड़, खाण्ड, अलसी में तेजी।

**शकुन विचार—** एक राशि पर होंय बुध-शुक्र-और सूर्य।
वर्षा की कमती करें तेजी हो भरपूरङ्क
यह योग १७ अक्टूबर से २७ अक्टूबर तक का है।
जेही पखवारे तिथि बढ़े वाही में घट जाय।
सभी वस्तु मन्दी रहे मंहगाई हट जायङ्क

**व्यापार सम्बन्धी—** १४ अक्टूबर अथवा २३ अक्टूबर से दीपावली तक जो भी मार्किट की चाल तेजी अथवा मंदी जो भी निकले वह आगे पौष अमावस्या तक वही रुख रहेगा। यह पूर्णतया सत्य है।

**नवम्बर—** यह मास कार्तिक शुक्ल ८ शनिवार से आरंभ होकर मार्गशीर्ष शुक्ला ७ रविवार तक रहेगा। ता. १ विशाखा के बुध अनाजों व दालवाना, रुई के भावों में मन्दी का झटका देंगे. तेल, घी, रस पदार्थों में तेजी। ता. ८ वृश्चिक के बुध **"बुधौ वृश्चिक राशि स्थितौ"** से घी, तेल, सरसों, रुई, चांदी में तेजी। सोना तेजी लेकर अस्थिरता को बल देगा। अफीम, रसायन व अनाजों में मन्दी को बल देगा। ता. ९ को चन्द्रग्रहण है। **"उपरागौयदा मेषे** से कम्बोज, किरात, पांचाल, तेलंग देशों में प्रजा को कष्ट, दालवाना व अनाजों में सुधार **"अश्वनी भरणी वनै पूनम से संयोग"** से रोगों में वृद्धि व श्रावण की सभी फसलों में तेजी का झटका लगेगा। ता. ११ ज्येष्ठा के शुक्र १८ दिनों के अन्दर सोना, चांदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग के भावों में गिरावट व अनाजों में भी मंदी का सपोर्ट होगा। ता. १६ नवं. वृश्चिक संक्रांति **"यदार्को वृश्चिके याति"** से गेहूं, जौ, चना, चावल, तिल, तेल, सरसों, सोना, ताम्बा, शेयर, लोहा, जस्ता, पीतल, रुई, नमक, हल्दी, मिर्च में तेजी। जूट, सूती वस्त्र, गाय, भैंस, गुड़, शक्कर में अच्छी घटाबढ़ी हो। **मृगशिर पहले पाख में कोई तिथि घट जाय से** दो दिन तक जनरल लाईन घटाबढ़ी से तेज। आतंकवादी व झगड़े, झंझटों में वृद्धि कारक है। ता. २५ चन्द्रदर्शन, अनाजों में गिरावट व गुड़ में तेजी। रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी। सरसों, मूंगफली, शेयरों में तेजी का झटका। ता. २८ धनु के बुध भी रुई, कपास, वस्त्र, सूत में गिरावट व शुक्र योग से लाईन में तेजी होगी।

**शकुन विचार—** वृश्चिक गत जब सूर्य हो ऊन वस्त्र सम भाव।
लाल द्रव मन्दे मिले तो खरीद कर लावङ्क
छटे महीने लाभ हो, बेचो जब हो तेज।
तेज वस्तु लेना नहीं रखना यह परहेजङ्क

**व्यापार सम्बन्धी—** वृश्चिक राशि गत अमावस्या या पौर्णमासी को उत्पात हो तो सोना, चांदी, पीतल, हीरा, जवाहरात, केसर, कस्तूरी, सुगन्धित पदार्थों का संग्रह कर छटे महीने में बेचने से लाभ।

**दिसम्बर—** यह मास मार्ग. शुक्ला ८ सोमवार से आरम्भ होकर पौष शुक्ला ९ बुधवार तक रहेगा। ता. ५ मीन के मंगल सोना, रुई, तृण, लकड़ी व फर्नीचर के भावों में तेजी। चांदी गिरकर सुधरे। शेयर के मान भी तेजी लेंगे। ता. ८ पू.षा. के बुध व सोमवासरी पूर्णिमा बिनौला तेज। सोना-चांदी में गिरावट। अनाजों में भी मन्दी का झटका लगेगा। ता. १३ दिसम्बर उ.षा. के शुक्र गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्डी में मन्दी। अनाजों में तेजी, रुई घटाबढ़ी से तेज। ता. १६ धनु संक्रांति व मकर के शुक्र घी, तिल तेल, जौ, गेहूं, अलसी, चावल, चना, रुई लाल वस्त्र, लाल रंग केसर, कस्तूरी तेज। अरहर, मूंग, मटर, चने में आंशिक गिरावट। स्टाक का अनाज बेचने से लाभ। लोहा, सोना, हल्दी के भाव सम रहें। ता. २३ **अमावस्या पूंव अमावस्या मूल को सरसै चारों वाय। निश्चय बांधौ झोपड़ी वर्षा होय सवाय।।** से अतः सभी जिन्सों में तेजी का झटका वर्षा काल में वर्षा अति उत्तम। ता. २५ कृष्ण पक्ष में तिथि घटे शुक्ल पक्ष बढ़ जाये से सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी व पौष शुक्ला प्रतिपदा भी बुधवासरी है अतः बाजार में तेजी छायी रहेगी। ता. ३० दिसम्बर से १४ दिनों के अन्दर तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गूगल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन, चांदी व सभी चुनिन्दा शेयरों में दुतर्फा तेजी का योग है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

तरकरोपद्रवानित्य शुक्रेणामावसी दिनेड्ड संयोग'' से रोगों में वृद्धि व श्रावण की सभी फसलों में तेजी का झटका ... शेयरों में दुतर्फा तेजी का योग है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# सन् २००३ में ग्रहों का शेयर मार्किट पर प्रभाव

**जनवरी**—ता. १ जनवरी नववर्ष सभी व्यापारी वर्ग को शुभ व मंगलमय हो। शनि राहु की युति से आयरन शेयरों में तेजी। ता. ३ भावों में मंदी से सुधार। गिरे हुए शेयर भी सुधार की मांग करेंगे। ता. १० भावों में तेजी का मान हो। ता. १७ जन. को भाव घटाबढ़ी से अस्थिरता को बल देंगे। ता. २३ बुध मार्गी गिरे हुये भावों में सुधार। ता. २९ जन. धनु राशि के शुक्र से शेयरों में तेजी व विशेष चमक भी बन सकती है। अतः रुख देखकर कार्य करें।

**फरवरी**—ता. १ फर. भावों में विशेष घटाबढ़ी से गिरावट। ता. ३ फर. किसी राज्य में उपद्रव व दंगे, शेयर बाजार में हलचल व भावों में मन्दी का मान। ता. १० फर. शेयरों के भावों में सुधार। ता. १२ फर. आयरन, टी, रसायन व सरकारी शेयरों में मजबूती बनें। अन्य शेयरों के भाव सर्पमुखी चाल से सुधार। ता. १९ फर. गुरु वक्री से शेयरों में घटाबढ़ी विशेष हो। ता. २५ फर. को भाव गिरकर संभल जायेंगे। ता. २७ फर. के भाव गर्म रहेंगे।

**मार्च**—ता. १ सभी चुनिन्दा शेयरों के भावों में गिरावट। ता. ५ को घटाबढ़ी विशेष लेकिन ऑवरेज तेजी का ही रहेगा। ता. ४ को अगर आज भाव तेजी लें तो ता. १८ तक तेजी बनी रहेगी। ता. १४ भावों में घटाबढ़ी से सुधार। ता. २० बाजार में हलचल भावों में घटाबढ़ी से मंदी को बल मिले। सभी चुनिन्दा शेयरों के भावों में गिरावट। ता. २९ भावों में सुधार बनें। विशेष कार्यालय से रिपोर्ट मंगा कर लाभ लें।

**अप्रैल**—ता. ३ तक सभी शेयर सर्पमुखी चाल से तेजी बना लेंगे व सुस्त पड़े शेयर भी सुधार की मांग करेंगे। ता. १० भाव गिरकर तेजी लेंगे। ता. १४ भावों में मंदी का मान हो लेकिन यह मंदी स्थाई नहीं है। ता. २० अप्रैल तक घटाबढ़ी विशेष से ता. २६ तक मंदी का मान होगा व तृतीया सप्ताहन्त तक भावों में सुधार लेकिन विशेष नहीं।

**मई**—ता. १ वर्षा व सभी शेयरों में मंदी त्यागकर सुधार बनें। ता. ३ मई दंगे, फसाद, आन्दोलन व सभी चुनिन्दा शेयरों में आंशिक मंदी। ता. १० भाव घटाबढ़ी में अस्थिरता को बल देंगे। ता. २२ मई भावों में सुधार व किसी-किसी शेयर में विशेष चमक बनें। ता. ३१ मई शनिवासरी अमावस्या भी भावों में सुधार कर तेजी का योग बनायेगी।

**जून**—ता. १ से ५ जून तक सभी लाइनें तेज रहेंगी। ता. १० जून भावों में विशेष घटाबढ़ी लेकिन ऑवरेज तेजी का ही रहेगा। ता. १५ जून को भावों में अच्छी घटाबढ़ी। ता. २० भावों में मन्दी का झटका लगे। ता. २५ भावों में तेजी का संचार व मासान्त तक भावों में अच्छी मंदी भी आ सकती है। आंदोलन दंगों से बाजार प्रभावित हो व मासान्त तक घटाबढ़ी विशेष लेकिन ऑवरेज तेजी का ही रहेगा।

**जुलाई**—ता. १ भाव घटाबढ़ी से सुधार लेकर सप्ताहन्त तक तेजी बना लेंगे। ता. ५ किसी राज्य में हिंसा व सभी चुनिन्दा शेयरों के भावों में मन्दी, बाजार में हलचल मचे। ता. १० गिरे भावों में सुधार। ता. १५ घटाबढ़ी विशेष हो, बाजार भाव का रुख दें। ता. २० सभी शेयरों में तेजी, सरकारी, आयरन व वित्तीय शेयरों में विशेष सुधार। ता. २५ भाव घटाबढ़ी में अस्थिरता को बल देंगे। ता. ३० भावों में तेजी का मान हो।

**अगस्त**—ता. २ भावों में तेजी को बल मिलेगा। ता. ६, १२ दिनों के अन्दर सभी शेयरों के भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. १७ भावों में मन्दी। ता. २० भावों में गिरावट। ता. २५ गिरे भावों में सुधार। ता. २९ भावों में घटाबढ़ी से मन्दी, बाजार रुख व देश रुख देखकर कार्य करें। भावों में तेजी प्रधान रहेगी।

**सितम्बर**—ता. ५ भावों में तेजी बनें। ता. १० प्राकृतिक प्रकोप से अन्न, जन-धन हानि भावों में अनिश्चितता का दौर रहें। ता. १५ भावों में सर्पमुखी चाल से तेजी। ता. २० भाव गिर कर सुधार लेंगे। ता. २५ भावों में तेजी। ता. २९ भाव आंशिक मन्दी लेंगे।

**अक्टूबर**—ता. ६ भाव गिरकर सुधार लेंगे। ता. १० भाव घटाबढ़ी से तेजी बना लेंगे। ता. १५ भावों में घटाबढ़ी से तेजी का योग। ता. २० भावों में मन्दी का झटका। ता. २५ भाव सुधार बनाकर तेजी बना लेंगे व ता. २७ तक मन्दी का झटका। ता. ३० भावों में सुधार लेकिन विशेष नहीं।

**नवम्बर**—ता. १ भावों में मन्दी का योग। ता. ५ भाव सुधार की ओर अग्रसरित होंगे। ता. १० भावों में तेजी प्रधान रहेगी। सभी शेयरों में सुधार। ता. १५ भावों में गिरावट बने। ता. २० भावों में घटाबढ़ी लेकिन तेजी नहीं। ता. २० भाव अस्थिरता को बल देंगे। ता. २५ भावों में तेजी व मासान्त तक भावों में दुतरफा तेजी योग है।

**दिसम्बर**—ता. २ भाव गिरकर सुधार बना लेंगे। ता. ५ तेजी का योग। ता. १० भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. १५ भावों में मन्दी का झटका लगे। ता. २० गिरे भावों में सुधार बने। ता. २५ भावों में तेजी। ता. ३० भाव घटाबढ़ी से लेकिन तेजी प्रधान रहेगी।

**विशेष तेजी**—जिस दिन ऐन्द्र, व्यतिपात व वैधृति योग होता है उस दिन तेजी अवश्य होती है। मेष, वृश्चिक, मकर संक्रांति १५ मुहूर्त्ती हो तो तेजी। यदि चन्द्रदर्शन को तेजी हो तो पूर्णिमा तक तेजी। बुध बक्री हो तो तेजी ये एक अचूक चान्स है।

# सन् २००३ ई. में नासिक में सिंहस्थ महापर्व

इस वर्ष सन् २००३ ई. में नासिक में सिंहस्थ महापर्व होने जा रहा है। देवासुर संग्रामवश अमृत कुम्भ का समुद्र मन्थन से प्रकट हुआ यह कुंभ पृथ्वी पर चार स्थानों पर रखा गया था।

**पृथिव्यां कुंभपर्वस्य चतुर्धा भेद उच्यते।**
**चतुः स्थले निपतनात् सुधा कुम्भस्य भूतले॥**
**गंगा द्वारे प्रयागे च धारा गोदावरी तटे।**
**कुम्भख्यो दिव्य योगोअर्य प्रोच्यते शंकरादिभि॥**

पृथ्वी पर कुम्भ के चार स्थानों पर अमृत गिरा, हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन, नासिक में शंकर आदि देवताओं ने कुम्भ नाम का पर्व कहा है। युद्ध समय में पृथ्वी पर अमृत कुम्भ की गुरु, सूर्य और चन्द्रमा ने रक्षा की थी उस समय वर्तमान राशियों पर जब सूर्य, चन्द्र, गुरु आते हैं उस समय चारों स्थानों पर कुम्भ महापर्व होता है।

**सिंह गुरु स्तथा भानुश्चन्द्र क्षय स्तथा।**
**गोदावर्या तथा कुम्भो जायतेअवनि मण्डले॥**

सिंह राशि में गुरु, सूर्य, चन्द्र होने से नासिक में कुम्भ महापर्व होता है। कूर्म और वाहाण्ड पुराण का मत है, तुल्या, आत्रेयी, गौतमी, भारद्वाजी, वृद्ध गौतमी, वाशिष्ठी इन सात नामों से विभक्त होकर सागर में मिलने वाली गोदावरी का ब्रह्मा आदि ने परिवेष्ठन किया है, जल पान अंकर्णेश्वर शिव की पूजा गोदावरी में स्नान, जलपान करने से अश्वमेध यज्ञ का फल होता है और वह जीवात्मा सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है।

**अश्वमेघ फलं चैव लक्ष गोदानजं फलम्।**
**प्राप्नोति स्नान मात्रेण गोदायां सिंह गे गुरौ॥**

स्नान एकादशी अमावस्या व पंचमी आदि तिथियों को होगा।

**मुख्य शाही स्नान**—भाद्रपद कृष्ण ३० बुधवार २७ अगस्त २००३ समस्त धर्म प्रेमी महानुभाव सिंहस्थ में और अधिक समय तक निवास कर समीपवर्ती तीर्थों का दर्शन और सत्संग का लाभ उठाते हैं।

# सिंहस्थ गुरु निर्णय विचार

वर्ष प्रारम्भ में गुरुदेव कर्क राशि में हैं व दिनांक ३० जुलाई २००२ ई. श्री श्रावण शुक्ला १ बुधवार को ६।४८ पर गुरुदेव सिंह राशि में प्रवेश करेंगे-

**उधान-चूड़ा व्रत वन्ध दीक्षा विवाह यात्राश्च वधू प्रवेशम्।**
**तड़ाग कूपात्रिदश प्रतिष्ठां वृहस्पतौ सिंह गते न कुर्यात्॥**

*॥ निर्णयामृत ॥*

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



न गुरौ, सिंह राशिस्थे सिंहाशक गतेपि वा।
क्षौरमन्नं न कुर्वीत विवाहं गृह कर्म च॥ *गर्ग संहिता*
यात्रा क्षौरं दीक्षा विवाह व्रत बंधनम्।
प्रतिष्ठादि शुभं कार्यं त्यैजैत्सिंह गते गुरौ॥ *मणि मालायम्*

अर्थात् सामान्य वचनों से सिंहस्थ गुरु में शुभ कार्यो के लिए मना किया गया है लेकिन देश भेद के अनुसार व नक्षत्र तिथि के अनुसार ऐसा नहीं है क्योंकि-

भागीरथ्या चं उत्तरे तीरे गोदावर्याञ्च दक्षिणे।
व्रतद्वाहादि कर्माणि सिंहगेज्ये न दुष्यति॥ *वशिष्ठ संहिता*
भागीरथ्य उत्तरे तीरे गोदाया दक्षिण तथा।
विवाह व्रत वन्धौ वा सिंहस्थे ज्ये न दुष्यति॥ *गर्ग संहिता*

पूज्यनीय गर्ग, वशिष्ठ, व्यास जी के अनुसार सिंह राशि के गुरु में शुभ विवाह व अन्य शुभ कार्य गोदावरी नदी के उत्तर और गंगा नदी के दक्षिण के भाग अंतरालवर्ती देशों में त्याज्य कहा गया है। अन्य में नहीं। अतः सिंहस्थं गुरु विचार अन्य भागों में नहीं करना चाहिए व द्वितीया अन्य पूज्यजनों का मत है वो इस प्रकार से है कि सिंह राशि का ही नवमांश त्याज्य है अर्थात् सिंह के नवमान्स में सिंह का नवांश और मघा नक्षत्र के त्याग की बात लेकर सभी मासों में विवाह मुहूर्त्त लगा दिये गये हैं क्योंकि इसी सम्बन्ध में द्वितीया मत है-

मेषऽर्के सन् व्रतोद्वाहो गंगा गोदान्तरे अपि च।
सर्वा सिंह गुरुवर्ज्या कलिङ्गे गौड़ गुर्जरे॥ *मकरस्थ गुरु कथनम्*
माघमासे पौर्णमासी मघा युक्ता यदा भवेत्।
सिंहस्थस्य गुरोर्दोषस्तास्मिनर्वर्षे न चान्यथा॥ *मुहूर्तमालायाम्*
मघांत्यक्त्वा यदा गच्छेत्फाल्गुनीं च वृहस्पति।
पुत्रिणी धनिनी कन्या सौभाग्य सुखमश्नुते॥ *मणि मालायाम्*

अतः उपर्युक्त बातों के अनुसार पूज्यनीय गुरु जी के वाक्यानुसार व अन्य ज्योतिष ग्रन्थों के आधार पर जाएं तो बड़े-बड़े विद्वानजन बड़े से बड़े वाक्य को थोड़े शब्दों में कहा करते थे लेकिन शौनकादि ऋषियों के अनुसार-

वरलाभेति कालभ्यां दुर्भिक्षोदेश विप्लवात्।
विवाहः शुभदो नित्यं सिंहस्थेपि वृहस्पतौ॥ *शौनकीय पटले*

अर्थात् जब सुयोग्य वर मिल जाय और कन्या विवाह के योग्य हो जाय तो देश में दुर्भिक्ष व अन्य संकट के समय हमेशा सिंहस्थ (नवांश) भी गुरु में भी विवाहप्रद होता है। अतः स्पष्ट आर्ष वचनों के से ही प्रमाण रहते हुए भी जो सम्पूर्ण सिंहस्थ दोष बतायें वे शास्त्रों से विमुख है व शास्त्र तत्व से अनभिज्ञ है अतः ऐसी समस्या में जनता जर्नादन तथा पंडित जनों को सावधान रहना चाहिए। उपरोक्त प्रमाण अनुसार ही विवाह मुहूर्त्तों का प्रयोग किया गया है। अतः अपवादों में ना पड़ें और अपवाद त्याग कर शुभभकार्य करना श्रेयकर सिद्ध होगा।



# सन् २००३ ई. में चन्द्र व सूर्यग्रहण एक विवेचन

विक्रम संवत् २०६० में (दिनांक ३१ मई सन् २००३ से ८ नवम्बर सन् २००३) तक दो ग्रहण होंगे। जिसमें एक सूर्यग्रहण व द्वितीय खण्डग्रास चन्द्रग्रहण होगा उनका विवरण निम्न प्रकार है।

**प्रथम सूर्य ग्रहण**—३१ मई सन् २००३ ज्येष्ठ कृष्णा ३० शनिवार प्रथम सूर्य ग्रहण होगा। यह ग्रहण सम्पूर्ण भारत में दृष्टिगोचर होगा। यह ग्रहण रोहिणी नक्षत्र सुकर्मा योग चन्द्रमा वृष राशि गत होंगे।

**ग्रहण फल निम्न प्रकार से है—वृषे च ग्रहणे गोपाः पश्वः पथिका जनाः। महान्तो मनुजा ये च तेषां पीड़ा गरीयसी॥** से गोप, ग्वालों, पशु-पक्षियों, राहगीर व विद्वान जनों व मनुष्यों व प्रजा को कष्ट प्रदायक व सभी व्यापारिक जिन्सों शेयर, सोना, चांदी के भावों में तेजी का संचार किसी किसी जिन्स में विशेष तेजी भी बनेगी।

**वार फलम**—सूर्य ग्रहण शनिवार को हो रहा है अतः तिल, तेल, तम्बाकू, लाल मिर्च, गेरू, हल्दी, सोना, लाल वस्त्र, ताम्बा, आयरन, शेयर, कोयला, शस्त्र, बैल के संग्रह से दो मास बाद बेचने से लाभ प्राप्ति।

**नक्षत्र फलम्**—ग्रहण रोहिणी नक्षत्र गत हो रहा है जो कि सभी तरह के अनाज, गेहूं, मूंग, उड़द, घी, घास, तृण, लकड़ी, पाट, वारदाना, दूध, दही, नमक, तिल, तेल, लोहा व किराना की वस्तुओं के संग्रह से लाभ, रुई, सूत के संग्रह करें व दस मास पश्चात् बेचने से लाभ की प्राप्ति।

**योग फलम्**—गेहूं व अन्न के भावों में तेजी। सोना बेच कर अन्न का संग्रह करें। देश में दुर्भिक्ष, आरोप-प्रत्यारोप से राजनीति दूषित हो।

**ग्रहण स्पर्श**—७ बजकर २९ मिनट से प्रारम्भ होगा। ८-२२ पर मध्य व ८-३३ पर मोक्ष होगा। इस ग्रहण के सूतक ३० मई शुक्रवार सन् २००३ को सायं ७-२९ से प्रारम्भ होंगे।

**द्वितीय चन्द्रग्रहण**—वर्ष २००३ का द्वितीय ग्रहण ग्रस्तास्त खण्डग्रास चन्द्रग्रहण ८ नवम्बर सन् २००३ कार्तिक शुक्ला १५ शनिवार का होगा। यह ग्रहण भी सम्पूर्ण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण अश्वनी नक्षत्र सिद्धि योग व चन्द्रमा उस समय चन्द्रमा मेष राशि पर स्थित होंगे ग्रहण का फल निम्न प्रकार से है।

**उपरागो यदा मेषे पीडियतेऽयं जनाः।**
**कम्बोजश्रिंकिराताञ्च पंचालाञ्चतिलङ्ककाः॥**

कम्बोज, किरात, पांचाल, तेलंग देशों में प्रजा को कष्ट व दुःख सुभिक्ष गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, दलहनों में मन्दी का मान होगा।

**वार फलम्**—ग्रहण शनि को हो रहा है अतः तिलहन, अनाजों के भाव घटाबढ़ी से मंदी का मान करेंगे।

**नक्षत्र फलम्**—ग्रहण आश्वनी नक्षत्र गत हो रहा है। मूंग, गुड़, खाण्ड, वनस्पति, घी, तेल में तेजी का प्रभाव व घटाबढ़ी से भावों में गिरावट।

**ग्रहण समय**—ग्रहण स्पर्श ८-३३ रात्रि, मध्य ८-३३ व मोक्ष ८-३८ पर होगा। इस ग्रहण के सूतक पश्चिमी प्रदेशों में स्टैण्डर्ड भारतीय समयानुसार प्रातः ८-०३ मिनट पर प्रारम्भ होंगे।

ग्रहण के सूतक काल में बालक, बूढ़े, रोगी को छोड़कर ग्रहण सूतक काल में भोजन, शयन, मूर्ती स्पर्श, हास्य विनोद का निषेध है। ग्रहण स्पर्श के समय स्नान ग्रहण मध्य देवपूजन तर्पण जप हवनादि कर्म करें। पश्चात् जब ग्रहण मोक्ष होने पर पुनः स्नान करें। ग्रहण स्नान के समय कोई भी मंत्र नहीं बोलना चाहिए। सन्तान युक्त ग्रहस्थों का ग्रहण के समय उपवास नहीं करना चाहिए।

**ग्रहण का राशिफल**—प्रथम ग्रहण वृष राशि रोहिणी नक्षत्र गत है। अतः वृष राशि व गर्भवती महिलाओं को ग्रहण नहीं देखना चाहिए। ग्रहण समय एकान्त स्थान पर बैठकर धार्मिक ग्रन्थ, पुराण, जप, कीर्तन आदि करें अन्य फल निम्न प्रकार से है।

## बारह राशियों के लिए ग्रहण का फल इस प्रकार है

| राशि | मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फल | हानि | घात | हानि | लाभ | सिद्धि | मानभंग | रोग | स्त्री कष्ट | सुख | चिन्ता | चिन्ता | धन लाभ |

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

अपवाद त्याग कर शुभमकार्य करना श्रेयकर सिद्ध होगा।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फल | हानि | घात | हानि | लाभ | सिद्धि | मानभंग | रोग | कष्ट | सुख | चिन्ता | चिन्ता | धन लाभ |

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS



# हाथ व पैरों की रेखायें शुभ व अशुभ रोग व योग

सामुद्रिक शास्त्र ज्योतिष शास्त्र का एक प्रमुख अंग है। इस शास्त्र को भगवान् शिव ने जगत के कल्याण के लिए पार्वती से कहा था, सामुद्रिक शास्त्र में हस्त रेखाओं का प्रमुख स्थान है। शास्त्रों के ज्ञाता इन रेखाओं के द्वारा मानव के जीवन का अध्ययन करता है। मानव के हाथ को यदि सीधा करके देखा जाये तो उसमें नाना प्रकार की टेढ़ी-मेढ़ी, लम्बी, पतली, चौकोर रेखायें दिखाई देती हैं। यह सभी रेखायें मानव के उत्थान-पतन में अपना विशिष्ट स्थान रखती है तथा मनुष्य के हाथ में सात प्रमुख रेखायें होती हैं-

१. **जीवन रेखा**—अंगुष्ठ के ऊपर तर्जनी के मध्य मंगल पर्वत से निकल कर शुक्र के क्षेत्र को घेरती हुई मणिबन्ध के पर्वत पर जा समाप्त होती है उसे जीवन रेखा कहते हैं।

२. **मस्तक रेखा**—मंगल द्वितीय पर्वत से प्रारम्भ होकर हाथ के मध्य भाग पर हती हुई जीवन रेखा के ऊपर होकर चन्द्र पर्वत पर जो रेखा आती हैं उसे मस्तक रेखा कहते हैं।

३. **हृदय रेखा**—बुध के पर्वत व कनिष्ठिका अंगुली के नीचे निकल कर मस्तक रेखा के ऊपर होकर गुरु पर्वत तर्जनी अंगुली तक जीवन रेखा होती है।

४. **भाग्य रेखा**—मणिबन्ध अथवा उसके आस-पास से निकल मध्यमा अंगुली की जड़ तक जाती हुई रेखा को भाग्य रेखा कहते हैं।

५. **स्वास्थ्य रेखा**—यह रेखा मणिबन्ध से प्रारम्भ होकर बुध पर्वत को जाती है। (ऐसा कीरो का मत है)।

६. **सूर्य रेखा**—यह रेखा मणिबन्ध, जीवन रेखा से, भाग्य रेखा से हथेली के मध्य, हृदय व मस्तक रेखा से स्पर्श करती हुई निकलती है।

७. **विवाह रेखा**—यह रेखा कनिष्ठिका अंगुली के नीचे हृदय रेखा से ऊपर होती है।

## ग्रह रेखा चिन्ह और पर्वत

नौ ग्रहों से सम्बन्धित ये नौ रेखा होती हैं। (सूर्य से केतु) सूर्य, चन्द्र, भौम, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु इसके अतिरिक्त पाँच रेखाएं हृदय, मस्तक, जीवन, स्वास्थ्य और भाग्य रेखायें होती हैं।

**सम्राट और राष्ट्रपति योग**—जिस पुरुष या स्त्री की नाभि गहरी हो नाक या अग्र भाग यानि आगे का हिस्सा सीधा हो, सीना लालवर्ण व पैरों के तलुवे कोमल हों व रंग लाल हो ऐसा व्यक्ति ''सामुद्रिक शास्त्र'' के अनुसार राजा बनता है।

**राज योग या धनवान योग**—जिसके हाथ में चक्र, फूलों की माला, धनुष, घोठा, ध्वजा, रथ, आशन इनमें से कोई चिन्ह हो तो उसके यहाँ लक्ष्मी स्वयं निवास किया करती हैं।

**प्रधान मंत्री योग**—जिस पुरुष या स्त्री के हाथ की सूर्य रेखा मस्तक रेखा से मिली हो और मस्तक रेखा से सीधी स्पष्ट और गहरी होकर गुरु क्षेत्र में जाकर चतुष्कोण में बदल जाय। ऐसा व्यक्ति भविष्य में प्रधान मंत्री बन सकता है।

**पी.सी.एस. या आई.ए.एस. योग**—जिसके हाथ में सूर्य व गुरु पर्वत उच्च हो और शनि पर्वत पर त्रिशूल का चिन्ह हो, चन्द्र रेखा का भाग्य रेखा से सम्बन्ध हो व भाग्य रेखा हथेली के मध्य से आरम्भ होकर एक शाखा गुरु पर्वत व दूसरी रेखा सूर्य पर्वत पर जायें तो निश्चय ही ऐसा व्यक्ति पी.सी.एस. या आई.ए.एस. ऐसी प्रतियोगिता पास करके राज्य अधिकारी के पद पर आसीन होता है।

**विदेश यात्रा योग**—जिस पुरुष या स्त्री के हाथ में जीवन रेखा से निकल कर भाग्य रेखा को काटती हुई चन्द्र क्षेत्र की ओर जाने वाली सुदृढ़ रेखा विदेश यात्रा का योग प्रदर्शित करती है। जीवन रेखा के जिस स्तर से यह रेखा निकली है उतनी ही आयु में यात्रा योग बनता है।

**भू-स्वामी योग**—जिसके हाथ में एक खड़ी रेखा सूर्य क्षेत्र से चलकर चन्द्र रेखा में मिलें और चंन्द्र रेखा जीवन रेखा को स्पर्श करें और मस्तक रेखा से एक शाखा निकल कर चन्द्र रेखा में मिलकर एक बड़ा डमरू का चिन्ह बने तो वह आदर्श नागरिक और भू-स्वामी योग होता है।

**जलयान चालक योग**—जिसके हाथ में चन्द्ररेखा जीवन रेखा पर्यन्त हो बुध व गुरु का पर्वत ऊंचा हो। हृदय रेखा अवरोधित ना हो तो ऐसा व्यक्ति जल सेना में जहाज चालक होता है।

**वायुयान चालक योग**—जिस व्यक्ति के हाथ की चार अंगुलियों के पर्वत चौड़े हों। सूर्य के नीचे मुद्रा का चिन्ह हो तो वह व्यक्ति वायुयान चालक बनता है।

**ड्राईवर योग**—जिसके हाथ की चार अंगुलियों के नाखून लम्बे हों। गदेली वर्गाकार हो व चन्द्र पर्वत ऊंचा हो व सूर्य रेखा हृदय रेखा को स्पर्श करे। मस्तक रेखा मंगल पर मिले या त्रिकोण बने तो ऐसे व्यक्ति छोटी व बड़ी गाडियों के ड्राईवर होते हैं।

**वकील योग**—जिसके हाथ में शनि व गुरु रेखा पूर्ण चमत्कृत हो व विकसित हो या मणिबन्ध क्षेत्र से गुरु वलय तक रेखा पहुंचती हो तो ऐसा व्यक्ति कानून वेत्ता होता है।

**ब्रह्मचर्य योग**—जिसके दक्षिण हाथ में गुरु क्षेत्र में स्वास्तिक का चिन्ह बना हो तथा स्पर्श चमत्कृति पूर्ण ऊंचा हो तो ऐसा व्यक्ति एकांतवासी व साधुव्रत जीवन बिताता है।

**सौभाग्य शाली योग**—जिस पुरुष के दक्षिण हाथ में सात ग्रहों के पर्वत में से दो ग्रह पर्वत बलवान हों और इनसे सम्बन्धित रेखा स्पष्ट हो तो ऐसा व्यक्ति भूमि पतिता होता है व पुत्र भी पिता के समान योग्य व गुणवान होता है।

**जुआरी, सट्टेबाज योग**—जिसकी अनामिका अंगुली मध्यमा के बराबर हो अर्थात् दोनों बराबर लम्बी हों तो ऐसा व्यक्ति जुआरी कहलाता है।

**चोरी कारक योग**—जिस पुरुष अथवा स्त्री के हाथ में बुध पर्वत विकसित हो व जाल बिछा हो तो उसके घर में अनेकों बार चोरियां होती हैं।

**पुलिस व कार्य कुशल योग**—जिसके हाथ में मंगल पर्वत से सूर्य पर्वत और शनि अंगुली के बीचों-बीच कोई रेखा स्पर्श करती है या सूर्य क्षेत्र से बुध पर्वत को कोई रेखा स्पर्श करे तो ऐसे व्यक्ति की साहसिक कार्यों में अधिक रुचि होती है। सेना में भरती होता है। पढ़ा-लिखा कम होने के बावजूद भी पद का मान तो मिलता है अधिक नहीं।

**भाग्यहीन योग**—जिस जातक के हाथ में हथेली के बीच उथली हुई या आयत का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति हर समय चिड़चिड़ा, लापरवाह, जुगलखोर व भाग्यहीन होता है।

**फलित शास्त्री योग**—जिस जातक के हाथ में गुरु क्षेत्र के नीचे गुरु मुद्रिका या शनि, शुक्र, बुध क्षेत्र उच्च हो, अंगुलियां लम्बी हो व पुष्ठ हों तो व्यक्ति ज्योतिषी व फलित शास्त्री होता है।

**नर्स सेविका योग**—जिस स्त्री का हाथ गोल, पतला, चपटा हो, बुध पर्वत पर खड़ी रेखायें हों व शुक्र पर्वत उच्च हो तो ऐसी स्त्री निश्चय नर्स, सेविका बन कर यश प्राप्त करती है।

**नाड़ी विशेषज्ञ योग**—जिस जातक का चन्द्र पर्वत उच्च हो, सूर्य रेखा सदृढ़ हो तो ऐसा जातक नाड़ी विशेषज्ञ होता है।

**दगाबाज व स्वार्थी योग**—जिसके नाखून छोटे, हथेली श्वेत वर्ण व मस्तक रेखा हृदय रेखा में मिली हो तो ऐसा व्यक्ति दगाबाज व हाथ मोटा, अंगुलियाँ छोटी, बुध की अंगुली झुकी हो तो ऐसा जातक स्वार्थी होता है।

**विधुर व विधवा योग**—यदि विवाह रेखा आगे बढ़कर हृदय रेखा से मिले या भाग्य रेखा टूटी हो या काला धब्बा ग्रसित हो तो विधवा व विधुर योग होता है।

**निर्धन व दुःखी योग**—यदि किसी जातक के जीवन रेखा पर ''जाल'' बिछे हों तो जातक निर्धन व दुःखी रहते हैं।

**मातृ-पितृ सुख अभाव योग**—जिस जातक के हाथ में अदिम अवस्था में त्रिकोण आकृति या द्वीप का चिन्ह हो तो बालक के माता-पिता की बाल्यावस्था में मृत्यु हो जाती है।

१. जीवन रेखा टूटी हो तो मृत्यु। सहायक मंगल हो तो कष्टदायक, नष्ट हो या रुक-रुक कर बढ़ती हो तो शरीर कष्ट की प्राप्ति होती है।

२. जीवन रेखा के प्रारम्भ में चिन्ह हो तो मातृ सुख विहीन, गुणक चिन्ह (×) हो तो वाहन दुर्घटना योग, काला चिन्ह हो तो नेत्र पीड़ा, गोल चिन्ह हो तो व्यापारी, यदि जाल सा बिछा हो तो मनुष्य प्राय निर्धन रहता है।

३. जीवन रेखा गहरी हो तो क्रोधी मूर्ख, यदि रक्त वर्ण हो तो अघोरी के समान आचरण, यदि श्वेत वर्ण हो तो जातक प्रायः बीमार रहता है।

**मस्तक रेखा**—यदि हाथ में मृगी गती हो तो आयु ५२ वर्ष, नागी हो तो एक वर्ष, सुभद्रा देह तो ८२ वर्ष, यदि (×) चिन्ह हो तो शल्य रोगी, छोटी-छोटी रेखायें खड़ी हों तो सिर रोगी यदि दो (०) हो तो मस्तक रोगी, (□) हो तो चतुर, यदि यव का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है।

**स्वास्थ्य रेखा**—स्वास्थ्य रेखा पर विन्दु का चिन्ह हो तो पक्का चोर, (×) का चिन्ह हो तो जख्मी, यदि (⬭) का चिन्ह हो तो उसे व्यर्थ

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



में बोलना, एक से अधिक चिन्ह हो तो बवासीर आदि ऐसे रोग होते हैं जिसमें चीर-फाड़ की आवश्यकता होती है।

### रोग व पीड़ाओं का ज्ञान

१. चौड़ी व पीली, मलिन रेखाओं वाला जातक में कमजोरी व रक्त की कमी होती है।

२. अंगुलियों के प्रथम पर्व में छोटी-छोटी रेखायें हों तो ऐसा व्यक्ति हमेशा रोगों से घिरा रहता है।

३. रेखायें यदि पीत (पीले) वर्ण की हों तो पित्त, पाण्डु रोगी होता है।

४. मध्यमा अंगुली के तीसरे पर्व के सन्धी भाग में त्रिकोण △ हो तो जातक अन्धा, हृदय या सूर्य पर्वत के नीचे नक्षत्र का चिन्ह हो तो जातक की एक आँख दुर्घटना में मारी जाती है।

५. हाथ की अंगुलियां टेढ़ी-मेढ़ी हों, नुकीली हों अथवा गुरु, शनि, सूर्य, बुध, पर्वत दबे हों तो जातक मिरगी का रोगी होता है।

६. हाथ की त्वचा मुलायम हो, स्वास्थ्य रेखा टूटी-सी दिखाई दे तो जातक गठिया का रोगी होता है।

७. मस्तक रेखा पर मंगल पर्वत के श्वेत छोट-छोटे दाँत के चिन्ह हों तो जातक गुरदे का रोगी होता है।

८. यदि चन्द्र पर्वत उच्च हो तो जातक उदर रोगी होता है।

९. मस्तक रेखा पर गुरु पर्वत के नीचे द्विप का चिन्ह हो तो जातक गले का रोगी होता है।

१०. मंगल रेखा लम्बी व ढालू हो या चन्द्र पर्वत पर (×) का चिन्ह हो या तृतीय पर लहरदार रेखा हो तो जातक पागल हो जाता है।

११. यदि रेखायें रक्त वर्ण की हों, हथेली खुश्क हो तो ज्वर व छूत का रोगी होता है।

१२. यदि रेखाओं का रंग अनियमित हो तो जातक का स्वास्थ्य कभी ठीक नहीं रहता है।

१३. यदि नाखून पर अर्द्ध चन्द्र हो या नखों का रक्त वर्ण हो तो जातक रक्त विकार का रोगी होता है।

१४. यदि मस्तक रेखा अधिक उठी हो तो जातक मस्तक रोगी होता है।

**पैर की रेखायें**—जातक के हाथ की भांति पैर में भी रेखायें होती हैं। पैर की रेखायें निम्न हैं।

**मदाघूर्ण रेखा**—पैर की ऐड़ी से लम्बी रेखा पैर के पिछले भाग में होती है। जिस जातक के पैर में यह रेखा होता है तो ऐसा व्यक्ति शराबी, कलह प्रिय, आतंकी, परिजनों का विरोधी होता है।

**मद रेखा**—पैर के तलुवे में कोई रेखा मध्य से प्रारम्भ होकर पैर की मध्यमा अंगुली तक जा रही हो तो ऐसा व्यक्ति धार्मिक, परोपकारी, दानी व वैरागी प्रवृत्ति का होता है।

**अलसा रेखा**—पैर में कोई रेखा मध्य भाग से प्ररम्भ होकर अनामिका अंगुली तक गई हो तो जातक, आलसी, निष्पफली व अपने आप ही कार्य को बिगाड़ने वाले होते हैं।

**द्वास्था रेखा**—पैर के तलुवे में अंगुष्ठ के नीचे जोड़ से अलग सीधी रेखा हो तो जातक पुत्रवान, यशवान, पितृभक्त, जितनी अधिक लम्बी हो तो उतना ही शुभ व श्रेष्ठप्रद होता है।

**बालिका रेखा**—द्वास्था रेखा के पास की रेखा को बालिका रेखा कहते हैं। ऐसा जातक धनवान, भक्त, यशवान, यदि ऐसा काली हो तो जातक कंजूस, लोभी होता है।

**आत्रोटन रेखा**—पैर के अंगुष्ठ के करीब एक अंगुष्ठ की दूरी पर द्वास्था रेखा के नीचे सुन्दर रेखा वाला जातक ईमानदार व साहसी व कार्यों में सफलता प्राप्त करने वाला होता है।

**शंकु रेखा**—पैर के तलुवे में ऐड़ी के पास लम्बी रेखा वाले जातक की रुचि व प्रवृत्ति बदलती रहती है।

# शनिदेव का विचार

प्रिय पाठकों!

पौराणिक मतों के अनुसार शनि का जन्म सूर्य की पत्नी छाया से हुआ है। आकाश मंडल में सौर परिवार के नौ ग्रहों में यह दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। इसके चारों ओर उपस्थित मुख्य तीन वलय (छल्ले) के कारण सबसे सुन्दर ग्रह भी माना गया है।

**गति**—आकाश में यह ग्रह सूर्य से ८,८७,००,००० मील दूर है तथा पृथ्वी से ८५,१०,००,००० मील की दूरी पर स्थित है। इसका व्यास ७१,५०० मील माना गया है और मस्त मंद गति के चलने के कारण इसका नाम मंद भी है। सूर्य के समीप पहुंचने पर इसकी गति लगभग ८० मील प्रति घण्टा रह जाती है। दैनिक गति ८ घड़ी ४ पल है। यानि १० घण्टा १६ मिनट है। इस गति के हिसाब से यह शनिदेव १२ राशियों की परिक्रमा पूरी करने में २५ वर्ष ५ महीना और १५ दिन १२ घड़ी और ३० पल लगा देते हैं।

**मुख्य बातें**—शनि एक राशि में ढाई वर्ष रहता है। जन्म राशि से बारहवें जन्म राशि और दूसरी इन तीन राशि को मिलाकर ७११ वर्ष हुआ। इसी को साढ़ेसाती कहते हैं। जन्म राशि से जब शनि चौथे या आठवें हों तो अढैय्या कहा जाता है जो कि विशेष कष्टप्रद है। जब शनि बारहवें स्थान पर आता है तो व्यय अधिक होतत है। जन्म राशि का होने से यात्रा, चर्म व वायु रोग अवश्य होता है। दूसरे होने पर परिवार में किसी की मृत्यु व धन की हानि होती है। चौथे शनि में परिजन मित्रों से अनबन, बिगाड़, आठवें में व्यय हानि, रोग होता है।

**शनि का विचार**—शनि जिस नक्षत्र पर हो उससे अपने नक्षत्र तक, गिनिये यदि वही नक्षत्र हो जाय तो तीन मास १० दिन तक अनेक प्रकार की हानियां होंगी। दूसरे से पांचवें नक्षत्र तक तेरह महीने दस दिन की अवधि में समस्या से छुटकारा मिले, ६ से ११वें में १ वर्ष ८ महीने का समय वायुरोग, देशान्तर में भ्रमण करायेगा। १२ से १५वें नक्षत्र तक ११ महीने १० दिन तक समय कष्ट कारक बीतेगा। १६ से १८वें नक्षत्र तक १० मास का समय उत्तम यश कारक होगा व १९ से २०वें नक्षत्र का छः महीना बीस दिन सुखकारक रहेगा। ११ व १२वाँ नक्षत्र ६ मास २० दिन तक कष्टकारक व वायु विकार से महाकष्ट २३ से २७वाँ नक्षत्र अनुचित ढंग से धन की प्राप्ति कारक होगा।

जिस दिन शनि राशि संक्रमण करें उस दिन चन्द्र नक्षत्र की राशि बनावे, यदि वह राशि अपनी राशि से १-११वीं पड़े तो लाभ, शुभ, २, ५, ९वीं पड़े तो साधारण। ४, ८, १२वीं हो अनिष्ट समझें। परन्तु पंचांगकारों के पंचागों में भेद होने के कारण फल नहीं मिल पाता।

जीवन में प्रायः शनि ३ बार या किसी-किसी को ४ बार आता है। प्रथम बार तो कोई प्रभाव नहीं पड़ता परन्तु दूसरी बार नींव हिला देता है। तीसरी बार में भवन को उखाड़ फेंकता है और चौथी बार नाना प्रकार के कष्ट देकर जला डालता है।

**शनि चक्र**

| शनि नक्षत्र | समय | फल |
|---|---|---|
| १ | ३ मास १० दिन | अनेक हानियाँ |
| ४ | १३ मास १० दिन | विजय साफल्य |
| ६ | २० मास | व्यर्थ भ्रमण |
| ४ | १३ मास १० दिन | कष्ट, भुजा व्यथा |
| ३ | १० मास | सम्मान, सुख, यश |
| २ | ६ मास २० दिन | उन्नति, सुख |
| ५ | १६ मास २० दिन | धन धान्य का लाभ |

**शनि की शान्ति का उपाय**—नीलम धारण करना चाहिए, छायादान करना चाहिए। शनैश्चर का जाप करना चाहिए। काले घोड़े की नाल की बिना कटी हुई बिना जोड़ी हुई अंगुठी धारण करनी चाहिए। शनि के दिन काले तिल व भुना हुआ चना खाना चाहिए। काले वस्त्र व तिल का तेल लगाना लाभदायक रहता है।

नीलम किन-किन राशि वालों को लाभदायक होता है-तुला-कुम्भ को अत्यन्त लाभदायक। मकर-वृष को साधारण लाभप्रद। मिथुन-कन्या को साधरण शुभ। धनु-मीन को कभी अच्छा तो कभी बुरा।

मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक कभी भी अच्छा नहीं होता। जब तक कुण्डली में बहुत अच्छा ना हो शनि स्तोत्र का पाठ, हनुमान जी व्रत व सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ, दक्षिण मुखी बजरंगी पर चोला, भोग, सिन्दूर, बजरंग बाण का पाठ व हनुमान मंत्र या स्तोत्र से ४० बार परिक्रमा करनी चाहिए व सूर्योदय से पहले पीपल की जड़ में तिल, गुड़, मिश्रित जल शनिवार को देना चाहिए व रात्रि में लोहे के ढक्कन में सरसों के तेल का दीपक जलाना चाहिए।

—पं. सुनील कुमार व्यास, राया (मथुरा)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

को बिगाड़ने वाले होते हैं।

बनावे, यदि वह राशि अपनी राशि से १-११वीं पड़े तो लाभ, शुभ ३

—पं. सुनील कुमार व्यास, राया (मथुरा)

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# वर्षा योग सन् २००३ ई.

परिलेखकर्ता —रामावतार गुप्त 'व्यापार भूषण' फोन : ०१२७४-२३९४७
राव उमराव सिंह मार्केट, आर्य समाज रोड, नजदीक नई सब्जी मण्डी, रेवाड़ी-

**वर्षा होने के कुछ नियम :**

**मण्डल बादल कोई ग्रह या उदय अस्त हो।**
**रवि उत्तर-दखिनायन मावस पूनम क्षय हो॥**
**अतिचारी हो क्रूर ग्रह साधारण बरसाय।**
**सौम्य ग्रह बक्री चले सावन उत्तर बाय॥**
**पछवा चले मास दस, वर्षा होय सुहाय।**
**गुरु उदय शुक्रास्त हो, मंगल वर्षे मेह॥**
**अथवा सूर्य देव आर्द्रा पर जब आवै।**
**ही नियम है साधारण वर्षा तब आवै॥**

अर्थात् कोई भी ग्रह राशि बदले या अस्त उदय हो, सूर्यदेव उत्तरायण अथवा दक्षिणायन हो, मावस या पूनम का क्षय हो। कोई भी क्रूर ग्रह अतिचारी गति से अधिक चले या सौम्य ग्रह बक्री चले, मंगल अपनी राशि बदले या सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र पर प्रवेश करें तब प्रायः वर्षा हो जाती है। यह प्रायः नियम है। प्रायः अन्य ग्रहों की पोजीशन दखल अंदाजी से वर्षा होना जरूरी नहीं है। भादव में जब पूर्वी पवन चलती है, सावन में उत्तर की वायु चले तथा शेष दस महीनों में पश्चिम की वायु चले तो यह वर्षा कारक होती है।

**आधा प्रहर आषाढ़ में वर्षे, एक प्रहर वर्षा हो ज्येष्ठ।**
**बैसाखे दो प्रहर, चैत्र में सिर्फ एक दिन वर्षा नेष्ट॥**
**फागुन में दो दिन वर्षे, अरू माघ महीने में दिन तीन।**
**है अकाल सूचक यह वर्षा, संवत् हो वर्षा से हीन॥**

तात्पर्य यह है कि यदि आषाढ़ में केवल चार घड़ी, ज्येष्ठ में एक प्रहर, बैशाख में दो प्रहर, चैत्र में एक दिन (आठ प्रहर) वर्षा हो तो नेष्ट (खराब) फल होता है। फागुन में दो दिन, माघ में तीन दिन हो तो यह सब वर्षा अकाल होने की सूचना देती है।

**बुध गुरु भृगु सूरज जबै, ही इकट्ठे इकठौर।**
**घात योग के कारणै, धूल उड़े चहुं ओर॥**

ता. १७ से २१ अगस्त तक तथा ता. ५ से १० सितम्बर तक तथा ता. २४ से २६ जुलाई तक उपरोक्त योग है। इस दौरान घात योग है। वायु का जोर रहेगा तथा धूल आदि उड़ेगी। वर्षा नहीं होगी।

**जब जब ही बुध वृहस्पति मिल बैठे इक गेह।**
**तब तब ही संसार में बरसै नाहीं मेह॥**

ता. १७ सितम्बर से ३ अक्टूबर तक यह योग है। इस दौरान वर्षा बन्द रहेगी तथा ता. १० जुलाई से २६ जुलाई तक भी उपरोक्त योग है।

**सम सप्तक गुरु शुक्र हो अथवा भृगुसुत सूर।**
**अथवा सूरज गुरु रहे, समझो वर्षा दूर॥**

उपरोक्त योग ता. १४ जनवरी से १२ फरवरी तक है एवं ता. २ मार्च से २२ मार्च तक है। इस दौरान सूर्य गुरु समसप्तक होने से वर्षा बन्द रहेगी।

**एक राशि पर आ बसैं गुरु शुक्र और सूर।**
**वर्षाकारक योग यह ज्योतिष में मशहूर॥**

यह योग २४ जुलाई से २९ जुलाई तक है तथा २२ अगस्त से ४ सितम्बर तक उपरोक्त योग काफी वर्षा कारक है। यहां शनि की दृष्टि वर्षा में रुकावट करती है तो मंगल की दृष्टि भारी वर्षाकारी है। अतः खण्ड वृष्टि कहीं भारी वर्षा तो कहीं कम वर्षा हो सकती है।

**पाचै रोहिणी सप्तमी आड़ी नोमी पुष्य।**
**चैत्र पूर्णिमा स्वाती तो वर्षा गर्भ प्रमुख्य॥**
**जो इनमें वर्षे नहीं तो उत्तम वर्षात।**
**जो वर्षे तो मत करो फिर वर्षा की बात॥**

चैत्र सुदी में उपरोक्त तिथियों में यदि वर्षा नहीं होती है तो आगे वर्षा ऋतु में अच्छी वर्षा होगी। यदि उपरोक्त में वर्षा हो जाती है तो यह समझना चाहिए कि आगे वर्षा में भारी कमी रहेगी।

**बुध शुक्र दोनों साथ हो, देखे कोई न क्रूर।**
**गुरु की भी दृष्टि पड़े, वर्षा हो भरपूर॥**

यह योग ता. २४ फरवरी से १ मार्च तक है। इस दौरान दूर-दूर तक अच्छी वर्षा होगी तथा कहीं-कहीं महा वर्षा से जन-जीवन अस्त-व्यस्त होगा तथा प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में बाजारों में गिरावट का रुख भी रहेगा।

**ज्येष्ठ मास में आर्द्रा से चित्रा तक जोय।**
**नभ में बिजली चमके, अथवा बादल होय॥**
**चौमासा बरसे नहीं सारा सूखा जाए।**
**जितना हल्का जोग है उतना जल वर्षाय॥**

उपरोक्त नक्षत्र २ जून से १० जून तक है। बादल आदि देख कर आगे वर्षा का अनुमान लगाना चाहिए।

**जल राशि के चन्द्र से नवे सातवें थान।**
**शनि हो अथवा भूमि सुत वर्षा होय महान॥**

उपरोक्त योग के अनुसार १२ अप्रैल से ४ जून एवं ५ दिसम्बर २००३ से २४ जनवरी २००४ के मध्य कभी भी अच्छी वर्षा हो सकती है।

**रवि के आगे वृहस्पति तब अग्नि का जोर।**
**गुरु के आगे सूर्य तो वर्षा हो चहुं ओर॥**

के अनुसार १७ से २१ अगस्त तक उपरोक्त योग के अनुसार अग्निकाण्ड की घटनाओं में वृद्धि होगी तथा २२ अगस्त से १६ सितम्बर तक चारों ओर अच्छी वर्षा हो सकती है।

**पुरुषनरवत चन्दा चले, नारि नरवत पर सूर।**
**वर्षाकारक स्त्री पुरुष योग है मशहूर॥**

के अनुसार २२ जून से २८ जून तक। १२ जुलाई से २६ जुलाई तक। ९ अगस्त से २२ अगस्त तक। ५ सितम्बर से १८ सितम्बर तक। २ अक्टूबर से १६ अक्टूबर तक। २९ अक्टूबर से ६ नवम्बर तक उपरोक्त योग है। इस दौरान अच्छी वर्षा के योग हैं।

स्त्री + स्त्री योगः—२९ जून से ८ जुलाई तक। २७ जुलाई से ५ अगस्त तक। २३ अगस्त से १ सितम्बर तक। १९ सितम्बर से २८ सितम्बर तक। १७ अक्टूबर से २६ अक्टूबर तक उपरोक्त योग है। वायु चलेगी तथा आकाश में बादल छा जाते हैं परन्तु वर्षा नहीं होती।

स्त्री + नपुंसक योगः—ता. ९ से ११ जुलाई तक। ६ अगस्त से ८ अगस्त तक। २ सितम्बर से ४ सितम्बर तक। २९ सितम्बर से १ अक्टूबर एवं २७-२८ अक्टूबर तक उपरोक्त योग होने से अवर्षण रहेगा। कभी-कभी भारी गर्मी। वायु कम चलती है तथा वर्षा नहीं होगी।

पुरुष + पुरुष योगः—२८ अप्रैल से ५ मई। १९ मई से २ जून तक एवं १५ जून से २१ जून तक गर्मी का जोर रहेगा। इस दौरान भारी गर्मी भी पड़ सकती है।

पुरुष + हिजड़े योगः—१६ मई से १८ मई तक तथा १२ जून से १४ जून तक गर्म हवाएं (लू) चलेंगी। इन दिनों सर्वाधिक तापमान रह सकता है।

पुरुष + स्त्री योगः—६ से १५ मई एवं ३ जून से ११ जून तक वर्षा होने के योग हैं। कहीं-कहीं अच्छी वर्षा हो सकती है।

## तेजी मन्दी के पीरीयड २००३ ई.

**शनि बुध सूरज जब इक राशि इक सेज।**
**जौ गेहूं चावल चना जुवार बाजरा तेज॥**

उपरोक्त योग २७ से २९ जून तक होगा। अनाज तेज रहे।

**पड़वा पाचै चतुर्दशी, शुक्ल पक्ष में तीन।**
**बढ़ने पर मन्दी करे, तेजी हो जब छीन॥**

चैत्र सुदी १४ का क्षय, श्रावण सुदी पंचमी का क्षय, आसोज सुदी एकम् का क्षय उपरोक्त पक्ष में तेजी कारक है।

**जो पूर्णमासी बढ़े, तो मन्दा बाजार।**
**जौ, गेहूं, चावल, मटर, मूंग, मोंठ, उर्द, गुवार।**

कार्तिक की पूनम की वृद्धि उपरोक्त वस्तुओं में मन्दी लायेगी। इसी प्रकार माघ की पूनम का क्षय तेजी कारक है।

**किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाए।**
**ग्राहक मांगे मूंग घी, बिक्रेता नट जाए॥**

पौष सुदी तीज का क्षय (२६ दिसं.), कार्तिक सुदी चौथ का क्षय पक्ष में घी मूंग दलहन पदार्थों में जनरल लाईन तेज रहेगी।

**पड़वा आठै पूर्णिमा जो बुधवारी आय।**
**सभी वस्तु व्यापार की मंहगे भाव बिकाय॥**

चैत्र सुदी पक्ष, पौष शुक्ल पक्ष २०६० में उपरोक्त योग है।

**शतभिषा तीनों पूर्वा तथा रोहिणी हस्त।**
**पक्ष की एकम् को हो तो मंहगा धान्य समस्त॥**

पौष सुदी २०५९, फाल्गुन सुदी २०५९, चैत्र कृष्ण पक्ष २०५९, भाद्रपद सुदी २०६०, आसोज कृष्ण पक्ष २०६०, पौष शुक्ल पक्ष २०६० में उपरोक्त योग है। के पक्षों में अनाजों में जनरल लाईन तेज रहे।

**बुध गुरु भृगु सूरज जब हो इकट्ठे इकठौर।**
**घात योग के कारणे, धूल उड़े चहुं ओर॥**

ता. १७ अगस्त से २१ अगस्त तक एवं ५ सितम्बर से १० सितम्बर तक उपरोक्त योग है। इस दौरान जोर का वायु चले (आधियां) एवं व्यापारिक वस्तुओं में तेजी को बढ़ावा देगा।

**जेहि पखवारे तिथी बढ़े, वाही में घट जाए।**
**एक वस्तु की क्या कहें, सभी वस्तु घट जाए॥**

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



माघ शुक्ल पक्ष में नवमी की वृद्धि तथा पूर्णिमा का क्षय है। चैत्र सुदी में तीज की वृद्धि तथा चतुर्दशी का क्षय है। कार्तिक कृष्ण पक्ष में अष्टमी की वृद्धि ता एकादशी का क्षय है तथा पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया की वृद्धि तथा एकादशी का क्षय है। उपरोक्त पक्षों में मन्दी का वातावरण बनेगा।

**सूर्यदेव भृगुनाथ का एक राशि पर साथ।**
**पकड़ा देती है फसल, मंहगाई को हाथ॥**

ता. ३० जुलाई से १६ अगस्त तक बाजार तेज रहेगा एवं १७ अगस्त से ४ अक्टूबर तक एवं मंगल की दृष्टि से यहां भारी तेजी संभव है।

**गुरु के घर में चन्द्रमा निश्चय बरसे मेह।**
**बुध हो तो राजा प्रजा झगड़े निःसन्देह॥**

वर्षाकाल में जब भी चन्द्रमा धनु एवं मीन राशि पर होगा वर्षाकारक होगा तथा धनु-मीन राशि में बुध के भोग काल में राजा प्रजा में निश्चय मन-मुटाव झगड़े एवं संघर्ष होगा।

**बुध वृहस्पति के घर जब जब हो शनिवार।**
**राजावों में युद्ध हो, बहे रक्त की धार॥**

शनि मिथुन राशि में पिछले वर्ष २००२ से चल रहा है। अपने ढाई वर्ष के भोग काल में व्यापक खून-खराबा, दंगे युद्ध कारक आदि से जन धन की काफी हानि संभव है।

**मंगल के घर में रहे कोई ग्रह अन्यान्य।**
**तो मंहगाई मास छै चलै सभी तुष धान्य॥**

ता. ५ सितम्बर २००३ को राहू मेष में आयेगा। तृण, धान्य, जुवार, बाजरा, गुवार, मकई आदि में तेजी की लम्बी लाईन चल सकती है।

**चार पांच ग्रहों का बने, एक राशि पर योग।**
**वर्षा अथवा युद्ध से दुःख पावै सब लोग॥**

ता. ९ जून से १५ जून तक, ता. ३० जून से १० जुलाई तक, ता. २१ से २८ अक्टूबर तक उपरोक्त योग अति वर्षा कारक अथवा युद्ध दंगे आदि कारक तथा तेजी का समर्थन करेगा।

**साथ-साथ गुरु शनैश्चर दोनों बक्राचार।**
**जौ, गेहूं, मकई, मटर तेज बाजरा गुवार॥**

ता. ६ जनवरी २००४ से दोनों साथ-साथ बक्री चलेगें। सभी प्रकार के अनाजों में तेजी तथा गुड़, तिलहन में भी तेजी को समर्थन देगा तथा रुई, सूत, पाट, बारदाना, हैसियन मन्दा होगा।

**कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े, शुक्ल पक्ष घट जाए।**
**सभी वस्तु तेज हो, सस्तापन हट जाए॥**

ज्येष्ठ मास, आषाढ़ मास, श्रावण मास, आसोज मास में उपरोक्त योग से मासों में जनरल लाईन तेज रहे।

**शनि बुध दोनों चले जब-जब वक्री चाल।**
**सरसों, अलसी, अरण्डी, तिलहन मन्दा माल॥**

ता. १७ दिसंबर २००३ से ७ जनवरी २००४ तक उपरोक्त योग से तिलहन बाजार मन्दा रहे।

**जिस राशि पर भ्रमण भौम का जब होता है उसमें बक्र।**
**बक्री होने पर किरयाणे में चलता है तेजी का चक्र॥**

ता. १४ अगस्त से एक मास के अन्दर किराना बाजारों में अच्छी तेजी चलेगी।

**आश्विन में बुध का उदय मंहगी बिकै कपास।**
**अस्त हो तो जानिये लाल पदार्थ नाश॥**

आसोज बदी पक्ष में बुध का उदय, रुई, कपास पाट, वारदाना आदि में तेजी कारक है। सुदी पक्ष में अस्त लाल रंग की वस्तुओं में तेजी कारक है तथा अनाजों में मन्दी का संचार करेगा।

**जो शशि ऊगे सोम शनि एक अचम्भो जिय जोय।**
**छत्र पड़े दिन तीस में अन्न जू मंहगो होय॥**

ता. ४ जनवरी, ३ फरवरी, ३ मई, २७ सितम्बर एवं २७ अक्टूबर से एक मास के अन्दर किसी राज्य के मन्त्रिमण्डल में परिवर्तन, भंग होगा अथवा अनाजों में तेजी चलेगी।

**अश्वनी भरणी का बने पूनम से संयोग।**
**जुवार गुवार मकई मटर मंहगाई अरु रोग॥**

कार्तिक की पूनम को उपरोक्त नक्षत्र से सावणी फसल के मालों में तेजी आ जायेगी।

**कार्तिक में हो ग्रहण या अन्य और उत्पात।**
**धान्य लीजिए-दीजिए पांच मास पश्चात्॥**

कार्तिक पूनम को ग्रहण होने से अनाज स्टाक की राय देता है। मन्दी होने पर खरीद कर चार-पांच पश्चात् बेचने से अच्छा लाभ होगा।

**मंगसिर में बुध का उदय अथवा भृगु का अस्त।**
**तृण चारा कमती मिले, बेचो पशु समस्त॥**

यह योग घास चारा अनाजों आदि में आगे तेजी लायेगा। पशुओं के चारे की काफी कमी रहेगी। अतः इसमें भारी तेजी भी आ सकती है।

**एक राशि पर होय जब बुध शुक्र और सूर।**
**वर्षा को कमती करे, तेजी हो भरपूर॥**

ता. १२ से १४ मई तक एवं १७ से २१ नवम्बर तक उपरोक्त योग से बाजारों में अच्छी तेजी आ सकती है।

**श्रवण नखत पर हो कभी कोई ग्रह क्रूर।**
**अन्न भाव मंहगा रहे, गेहूं तेज जरूर॥**

ता. २४ जनवरी से ५ फरवरी २००३ तक सूर्य एवं २८ अप्रैल से २१ मई तक मंगल श्रवण नक्षत्र पर भ्रमण करेगा। इस दौरान अनाजों में तेजी रहे। परन्तु यहां गुरु की दृष्टि से बाजार अच्छा मन्दा भी चल सकता है। रुख देखें।

**नीच राशि गत क्रूर ग्रह, पाप ग्रह समवेत।**
**निश्चय तदगत् वस्तुएं, सब मन्दी कर देत॥**

यह योग १८ अक्टूबर से १६ नवम्बर तक है। इस दौरान प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में मन्दी की लाईन चले। अन्य योग से इसी दौरान तेजी के भी योग हैं। यहाँ देखें कि अच्छी तेजी या अच्छी मन्दी की कोई लाईन निकल सकती है। प्रथम रुख देखकर काम करें।

सावन सुदी एकम् का चन्द्रदर्शन आगे तीन चार मासों में घोर तेजी कारक है तथा कहीं भीषण जन संहार भी करा सकता है।

आसोज मास में घी बेचना चाहिए एवं अनाज मन्दा हो तो स्टाक करके २ मास में बेचें।

संक्रांति लगने से एक दिन पहले किसी वस्तु का भाव संक्रांति के दिन से मन्दा रहे तो आगे तेजी का रुख एक मास तक जनरल तौर पर उस वस्तु में रहता है। विपरीत से मन्दी का रुख समझना।

यह लेख बहुत ही संक्षेप में लिखा गया है। पूरा ब्यौरा सिलसिले वार, पूरे वर्ष का जानने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक ''भविष्य फल प्रकाश सन् २००३ ई.'' की मंगाकर लाभ उठाएं। यह संवत् भारी उथल-पुथल वाला है। भारी लाभ देने वाले कई महत्वपूर्ण योग हैं। अतः व्यापार की उन्नति के लिए यह पुस्तक अवश्य मगा कर पढ़ें। प्रकाशित हो चुकी है।

ज्योतिष शास्त्र के आधार पर बाजार भावों की तेजी-मन्दी के बारे में विश्लेषण एवं पूर्वानुमान से सम्बन्धित यह पुस्तक गत् ५४ सालों से लगातार प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में वर्ष भर की दैनिक तेजी-मन्दी, मासिक विश्लेषण, माल स्टाक करने के उचित मोके, माल खरीदने बेचने की महत्वपूर्ण तारीखें (प्रत्येक मास की) अनाज, दलहन, किराना बाजार, तिलहन बाजार, सरसों आदि सोना, चांदी आदि सर्व धातुएं, शेयर्स, गुड़, खाण्ड, घी आदि रस पदार्थ, आलू, प्याज, लहसुन, हल्दी, रुई, पाट, बारदाना आदि वस्तुओं के स्पेशल चांस (वर्ष भर की लाईनें) महत्वपूर्ण कट लाईनें लेख चांस आदि इस एक ही पुस्तक में अलग-अलग चैप्टर देकर प्रकाशित किया गया है। मूल्य १२५/- प्रति कापी तथा २५/- डाक व्यय अलग कुल १५०/- होगा। रुपया मनीआर्डर पोस्टल आर्डर द्वारा ही भिजवाएं। समय पूर्व मंगा लें। ताकि उचित अवसर पर स्टाक आदि कर सकें।

हमारी दूसरी पुस्तक ''भविष्य भारती'' अर्घकाण्ड सम्बन्धी अद्भुत कविता पुस्तक (टीका सहित) जो कि हिन्दी दोहों के रूप में है। इस पुस्तक में ज्योतिष के योग (फार्मूले) आदि दिये गये हैं। उपयोगी पुस्तक है। मूल्य ४५/- डाक व्यय १५/- अलग होगा। पुस्तकें वी.पी. से मंगाने के लिए ५०/- का मनीआर्डर भेजना आवश्यक है। दोनों पुस्तकों के लिए १७५/- का मनीआर्डर भेजने पर डाक व्यय फ्री। १. भविष्यफल प्रकाश पुस्तक के लिए १२५/- का मनीआर्डर अग्रिम भेजने पर रु. १०/- की वी.पी. से पुस्तक भेजी जायेगी। यानि १५/- की बचत होगी। अपना पता साफ-साफ हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी भाषा में पिन कोड सहित लिखें। पत्र, मनीआर्डर केवल हमारे नये पते पर ही भेजें।

स्पेशल चांसों के लिए सम्पर्क करें। एक वस्तु की एक वर्ष की फीस १५००/- होगी। अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं. ०१२७४-२३९४७ पर सम्पर्क करें। त्रैमासिक या अर्धवार्षिक स्पेशल चांस नहीं भेजें जायेंगे। स्पेशल चासों में सिर्फ महत्वपूर्ण अच्छी तेजी-मन्दी की लाईन ही दी जायेंगी। दिन-प्रतिदिन की तेजी-मंदी चाहने वाले स्पेशल चांस नहीं मंगाएं। इसके लिए पुस्तक **भविष्य फल प्रकाश** २००३ का मंगाकर लाभ उठाना चाहिए।

पता- **श्री रामावतार गुप्ता ''व्यापार भूषण''**
राव उमराव सिंह मार्केट, आर्य समाज रोड,
नई सब्जी मण्डी, रेवाड़ी-१२३४०१ (हरियाणा)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

इसमें मारी तेजी भी आ सकती है। | सम्बन्धित यह पुस्तक गत ५४ सालों से लगातार | नई सब्जी मण्डी, रेवाड़ी-१२३४०१ (हरियाणा)

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# अथ व्यापार-विमर्श सम्वत् २०६० वि.

## सं. २०६० वि. की ग्रह स्थिति के आधार पर व्यापारिक उतार-चढ़ाव के विचार

लेखक एवं सम्पादक-चौ. पं. महेन्द्र कुमार जैन, सह संपादक पं. गजेन्द्र जैन, उत्तराधिकारी-
आयुर्वेद मार्त्तण्ड ज्योतिष रत्न पं. जैनी जीया लाल शिखर चन्द चौधरी राज वैद्य
ज्योतिष रत्न कार्यालय :- पो. फर्रुख नगर-१२२५०६, गुड़गाँव
फोन न.-कार्यालय: ०१२४-६३७५२१८, निवास: ०१२४-६३७५३७७

मेरे बाबाजी (स्व. जैनी जीयालाल जी चौधरी) ने १२७ वर्ष पूर्व असली पञ्चांग के नाम से एक पंचांग प्रकाशित किया था तभी से इस तेजी-मन्दी के विषय पर मेरे बाबाजी व पिताजी लिखते रहे हैं और समय-समय पर तेजी-मंदी पर अनेकों शास्त्र (पुस्तकें), व्यापार विज्ञान, योग रत्नाकर, वार्षिक व्यापार भविष्य फल आदि लिख कर आप लोगों के सम्मुख प्रस्तुत कीं। अब मैं पं. महेन्द्रकुमार जैन एवं मेरा पुत्र पं. गजेन्द्र जैन अपने पूर्वजों के बताये मार्ग का अनुशरण करते हुए प्रत्येक पक्षों, महीनों में आने वाले प्रबल ग्रह, योग, तिथि, वार, नक्षत्र संयोग, संक्रांति का बैठना। चन्द्र दर्शन आदि योगों को ध्यान में रखकर जो तेजी-मन्दी के अपने विचार लिखते हैं वह वायदा और हाजिर का व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिए वरदान रूप में सिद्ध होते रहे हैं।

इस लेख में हमने जो विचार लिखे हैं उसमें कई एक बार एक ही स्थान पर तेजी के साथ मन्दी भी लिखी हो तो घबराना नहीं, ऐसे समय पर व्यापार की चाल देखकर कार्य करें। क्योंकि एक दिन में एक ग्रह तेजी कारक व दूसरा ग्रह मन्दी का हो तो बाजार में तेजी की जगह मन्दी या मन्दी की जगह तेजी भी आ सकती है और जो तेजी-मन्दी हमने लिखी है वह एक दिन पहले व बाद में भी आ सकती है। कारण ग्रह का परिवर्तन दिन के शुरू व दिन के अन्त समय में होने से ऐसा होता है। अतः लेख के साथ-साथ मार्किट की चाल को भली प्रकार समझकर व्यापार करें। तो निःसन्देह आप विशेष लाभ उठाएंगे। आपका शुभचिन्तक-

पं. गजेन्द्र जैन, फर्रुखनगर

### अथ चैत्र शुक्ल पक्ष फल विचार

वि.सं.२०६० का शुभारंभ बुधवार ता. २ अप्रैल से हो रहा है। पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है। पूर्णिमा बुधवार की, चन्द्रदर्शन गुरुवार का ३० मु., संक्रांति मेष सोमवारी ३० मु. धापी है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र, शनि ने राशि परिवर्तन किया है। बुधोदय पश्चिम में, गुरु मार्गी हुआ है। मास का चन्द्रदर्शन देश के दक्षिण भाग में उत्पात, यान वाहन दुर्घटना करेगा। सुदी पंचमी को रोहिणी आगे चौमास उत्तम रखेगा। शु. ११ को रविवार आगे ४ मास अन्न में तेजी बनाएगा। सं. मेष रुई, कपास, घी, खाण्ड में तेजी लाएगी। मिथुन का शनि संसार में कहीं पर युद्ध कराएगा। जिससे कई देशों की सरकारों में परिवर्तन होंगे। प्रजा को भीषण कष्ट का सामना करना पड़ेगा। पूर्णिमा में हस्त चित्रा आगे एक मास सुभिक्ष रखेगा। ईख, दूध, रस, घी में मन्दा, फल, फूल, किराने में तेजी पक्षान्त में घी तेज होगा।

शुक्ल पक्ष—**शु. १ बुध**-मेषे बुध गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, सूत, सोना मन्दा। अन्न, गेहूं, चना, जौ, शेयर, पशु तेज। **शु. २ गुरु**-चन्द्रदर्शन, बुधोदय पश्चिम, रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अन्न में घट-बढ़ से मन्दा। अलसी, घी, सरसों, तेल, कपड़ा, फलों में तेजी। देश के दक्षिण भाग में गड़बड़ के योग बने हैं। **शु. ३ शुक्र**-गुरु मार्गी-आगे ३, ४ दिनों में रुई में मन्दा आकर तेजी बने, चांदी, अलसी, सरसों, गेहूं, चना आदि अन्न तेज, पशुओं व सभी तम्बाकू में मन्दा करे। वक्री के फलों में उल्टा करेगा। **शु. ४ रवि**-उ.षा. पौष कहीं कम कहीं अधिक वर्षा हो, घी, गुड़, धान्य में मन्दा, रुई, राई, सरसों तेल, तिल, उड़द, मूंग में कुछ तेजी आवें। देश के कई भागों में बीमारी फैले। **शु. ५ सोम**-शनि मिथुन में, घी, कपास, नमक, तेल तिल, गोला, बादाम, रुई, सूत, कपड़ा, गुड़, शक्कर, तांबा, चांदी, लोहा, मशीन आदि सभी अनाजों में तेजी। उत्तर दिशा में दुर्भिक्ष, एक दो प्रान्त की सरकारों में परिवर्तन, आगे तीन मास पीड़ा कारक समय, राजा प्रजा को गहन कष्ट उठाना पड़ेगा। **शु. ६ मंगल**-पू.भा. शुक्र रुई पदार्थ तेज, अन्न मन्दा, प्रजा को कष्ट, कहीं-कहीं वर्षा हो। **शु. ७ बुध**-भरणी बुध कहीं-कहीं झगड़े, प्रजा में विग्रह हो, अन्न घटबढ़ से तेज। **शु. ९ शुक्र**-मकरे मंगल सोना, चांदी, रुई, कपास, अलसी, सरसों, घी, तेल, ऊन सभी रस पदार्थ, तांबा, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेजी आएगी। **शु. १२ सोम**-मेषे सूर्य रुई, सूत, कपास, तिल पदार्थ, तिल तेल, सरसों, अरण्डी, नारियल, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर में तेजी, सभी धान्यों में मन्दा। **शु. १५ बुध**-मीने शुक्र प्रजा को सुख, बिनौला, कपास, सरसों, अरण्डी, तिल तेल, शक्कर, खाण्ड सभी अन्न मन्दा, रुई, चांदी में तेजी।

### विशेष योग

मेष राशि में सूर्य का जब होता है वास।
खाण्ड तेल तिल तेज हो रुई सूत कपास॥
मिथुन राशि शनि आव ही उत्तर में होय राड़।
पांच मास मंहिगे नद नर्मद की आड़॥
नद नर्मद की आड़ उजेणी भंग जो होसी।
चैत्र मास दुःख बहुत प्रजा धन सारा खोसी॥
तीन मास पीड़ा रहे राजा के तन जान।
काल रहे उत्तर दिशा निश्चय करे मान॥
चैत्र मास जब कभी बुधोदय हो नहीं अस्त।
अनावृष्टि दुष्काल से रहे सभी जन त्रस्त॥

### अथ वैशाख मास फल विचार

मास में ५ गुरु ५ शुक्र हैं। मावस गुरु की, चन्द्रदर्शन ४५ मु. शनि का, पूर्णिमा शुक्र की, संक्रान्ति वृष गुरु की १५ मु. भूखी बैठी है। कृष्ण पक्ष में तिथि घटकर बढ़ी है। बुध वक्री, बुधास्त पश्चिम व उदय पूर्व में हुआ है। नेपच्यून वक्री और अगस्त मुनि दिन में अस्त हुआ है। मास में ५ गुरु व ५ शुक्र शुभ हैं। कृ. ५ सोम उत्तम वर्षा कारक, कृ. १३ मंगलवारी मीठा, पान, नमक, चन्दन में तेजी करे। मावस तेजी बनावें, चन्द्रदर्शन प्रजा का धर्म भंग करे, देश में उपद्रव मचे, कृतिका का सूर्य तांत्रिक, ज्योतिषीयों को पीड़ा दे। शु. ३ रवि घी, खाण्ड, पान, सुपारी, गुड़, शक्कर, चन्दन, केशर को तेज करे। शु. ५ मंगल देश में झगड़ा, उत्पात को बढ़ावे, हस्ते मंगल पीतल, नारियल, तांबा, कांसी, सुपारी, लाल वस्तु को मंहगा करे। पूर्णिमा प्रजा को कष्ट व तेजी करे। अतः मास में रेशमी वस्त्र, जायफल, लोंग, मिर्च, पीत वर्ण की वस्तु तेज, धान्य मन्दे होकर तेज, विप्रों को पीड़ा। देश में कहीं-कहीं प्राकृतिक उत्पात, उपद्रव, किसी बड़े यान वाहन दुर्घटना से जन हानि संभव।

कृष्ण पक्ष—**कृ. ३ शनि**-उ.भा. शुक्र गेहूं, जौ, चना आदि अन्न, रुई, कपास, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक, कपूर, सोना, चांदी आदि मूल पदार्थों में तेजी आयेगी। **कृ. ५ सोम**-आज दिन वर्षा ऋतु में वर्षा का उत्तम योग बना है। **कृ. १० शनि**-वक्री बुध रुई तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तिल, तेल, अरण्डी, शेयर, बिनौला, जीरा, धनियां, सुपारी, नारियल, आदि किराना में तेजी आएगी। अन्न मन्दा रहेगा। **कृ.११ रवि**-भरणी सूर्य, बुधास्त पश्चिम-अलसी, सरसों, तिल, तेल, लाल मिर्च, गुड़, खाण्ड, घी, सोना, तांबा, पीतल, गेहूं, जौ, चना, चावल, हल्दी में तेजी। रुई, चांदी पहले तेज पीछे मन्दी बने, शेयर हैसियन, बारदाना में मन्दा, कहीं-कहीं वर्षा हो। **कृ. १२ सोम**-श्रवण भौम तिल तेल, गेहूं, जौ, चना, धातु, तांबा, पीतल, सोना, चांदी, अफीम आदि में तेजी आवे। प्रजा बीमार हो। **कृ. १३ मंगल**-खांड, पान, सुपारी, नमक, चन्दन आदि वस्तुओं में तेजी बनेगी। **कृ. १४ बुध**-रेवती शुक्र रुई, कपास, चन्दन, सूत, सण, जवाहरात, शक्कर, खाण्ड आदि में मन्दा रहेगा। **कृ. ३० गुरु**-प्रजा को कुछ सुख अनुभव हो। भावों में समता बने।

शुक्ल पक्ष—**शु. २ शनि**-चन्द्रदर्शन अलसी, सरसों, लोहा आदि धातु, सूत, कपड़ा, चांदी, सोना, तेल, रुई, कपास, उड़द, तिल, मूंग, मोंठ आदि में तेजी परदेश में बिमारी, उपद्रव आदि से जनता को कष्ट हो। लोगों का धर्म भंग हो। **शु. ३ रवि**-घी, खाण्ड, पान, सुपारी, गुड़, शक्कर, चन्दन, केशर आदि तेज होंगे। **शु. ५ मंगल**-देश में कहीं प्राकृतिक उत्पात, यान-वाहन दुर्घटना से जन हानि सम्भव है। पीतल, नारियल, काँसा, तांबा सभी धान्यों में तेजी बनेगी। **शु. १० रवि**-कृति सूर्य, अश्विनी, मेषे शुक्र-अलसी, सरसों, सूत, कपास, रुई, ऊन, अन्न, गेहूं, चना, मटर आदि में मन्दा, सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना आदि तेज। तिलहन पदार्थों में घटबढ़ से मन्दा आवे। तेज हवा चले। पशुओं में रोग फैले। आगे कार्तिक मास में सफेद वस्तुओं में अच्छी तेजी बनेगी। **शु. १४ गुरु**-वर्षे सूर्य, अश्लेषा गुरु-रुई, सूत, कपास, चांदी में घटबढ़, ईख, तेल, घी, मोती, माणिक सभी प्रकार का अन्न तेज, समय दुर्भिक्ष का होने से प्रजा को कष्ट, वर्षा कमी रहे। **शु. १२ भौम**-पीतल, नारियल, तांबा, कांसी, सुपारी, सभी लाल पदार्थों में तेजी आएगी। **शु. १५ शुक्र**-बुधोदय पूर्व, वक्री नेपच्यून-आज के दिन अगर वर्षा हो तो आगे छः मास तक सभी धान्य तेज रहेगा। अन्न, गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तिल,

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



तेल, सरसों, लाल मिर्च आदि में तेजी, सोना मन्दा रहेगा। रुई २५ दिन तेज। चांदी में घटबढ़ से तेजी। आगे प्रजा को कहीं विशेष कष्ट का समाना करना होगा।

**विशेष योगः-**

**श्रवण नक्षत्र पर जब आवे कोई ग्रह क्रूर।**
**तभी अन्न मँहगा बिकें गेहूं तेज जरूर॥**
**आगे सूरज बीच बुध पीछे भृगु की चाल।**
**गल्ला, रुई, उड़द, तिल तेज तिलहन माल॥**
**बैशाखी कारी तेरस दिन जब जब होव भौम।**
**पीपल मीठापान रस चन्दन अकरे रोम॥**
**शुक्ल पक्ष बैशाख सर मंगलवार का संग।**
**मंहिगे पीपल नारियल वस्त्र सुपारी रंग॥**

## अथ ज्येष्ठ मास फल विचार

मास में ५ शनि हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि घट कर वृद्धि हुई है। शुक्ल में तिथि ह्रास हुआ है। मावस व पूर्णिमा शनि की, चन्द्रदर्शन रवि का ३० मु. है। मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध मार्गी, शनि अस्त और हर्षल वक्री हुआ है। सूर्य ग्रहण भी हैं। मास में ५ शनि नेष्ट फलकारक है। राजा प्रजा दोनों को कष्ट मिलेगा। वर्षा कम तेज वायु चले। देश में विस्फोट आदि की घटना से जनहानि हो। काली वस्तु तेज रहे। ११ सोम को रेवती नक्षत्र प्रजा को महान कष्ट को देने वाला योग बना रहा है। १२ मंगल को रेवती नेष्टफल व कुछ वर्षा करे। चन्द्रदर्शन देश के पूर्वी भाग में उपद्रव कराएगा. सुदी पड़वा रविवार-मृगशिर नक्षत्र उत्तम वायु के साथ वर्षा करे। २ सोम को आर्द्रा दक्षिण भाग में उत्पात पैदा करेगा। मावस को सूर्य शनि का मेल देश में अकाल विग्रह युद्ध आदि उत्पादों से जन हानि का कारण बनाए हुए हैं। अतः मास में काली वस्तु तेज धान्यादि भावों में महर्घ एवं समर्घता हो। गुड़, शक्कर के भाव भी मन्दे आवे। किरात व यवन जाति को पीड़ा हो। देश में जहाँ-तहाँ उपद्रवों का बोलबाला रहें। देश को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। हैजे का प्रकोप भी प्रजा को सहना पड़े।

**कृष्ण पक्ष—कृ. ५ मंगल**-रुई में घट-बढ़ होकर तेज। सण आदि १५ दिन में तेज, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तेल, तिल, कपूर, अगर, चन्दन, गन्ध पदार्थ, नारियल, सुपारी आदि में मन्दा, अन्न में तेजी बनेगी। **कृ. ६ बुध**-धनिष्ठा मंगल-गुड़, खाण्ड सभी रस पदार्थों में मन्दा, तांबा, पीतल, जस्त, सोना, चांदी, गेहूं आदि समस्त धान्यों में तेजी बनेगी। **कृ. ८ शुक्र**-भरणी शुक्र-तिल, तेल, सरसों, गेहूं, जौ, चना आदि में घटबढ़ होकर अन्त में मन्दी और सोना, चांदी में अच्छी मन्दी आवे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आम नागरिकों का जीवन दुर्लभ करेंगे। **कृ. १० रवि**-रोहिणी सूर्य-चांदी में मन्दा, अलसी, तेल, तिल, सरसों, सुपारी, खाण्ड, गुड़, घी, गेहूं, चना, सूत, सण आदि में तेजी। रुई पदार्थों में अच्छी घटबढ़ होकर अन्त में मन्दी आवे। जलचर, पशु और गणमान्य व्यक्तियों को कष्ट का समना करना पड़ेगा। **कृ. १२ मंगल**-आज रेवती नक्षत्र है। अतः जहां-तहां वर्षा होगी, पर प्रजा को कष्ट भी मिलेगा। **कृ. ३० शनि**-सूर्य ग्रहण-श्रेष्ठ व गणमान्यों को कष्ट, अन्न की पैदावार कम, गुड़, खाण्ड, अलसी, सरसों तेज। अन्न में घटबढ़ होकर मन्दा। मन्दे में खरीदें। अच्छा लाभ मिले। सोरठ, सिन्धु में उपद्रव से जन हानि। काले, नीले पदार्थ, तेल तिल, मिर्च, तम्बाकू, सूत, कपास, अन्न, घी, गोला, खास, पाट, बारदाना और माल किराना में तेजी बनेगी।

**शुक्ल पक्ष—शु. १ रवि**-चन्द्रदर्शन देश के पूर्वी भाग में झगड़े और उत्पात से जन हानि हो। अन्न, चांदी, सोना, सरसों, सण, सूत, कपास, रुई, गेहूं, चना आदि तेज। रुई में घटबढ़ होकर मन्दो बने। **शु. २ सोम**-कृतिका शुक्र-हींग, जीरा, सुपारी, सूत, कपड़ा, चावल, अन्न, सरसों, तिल, तेल, कपड़ा आदि में मन्दा। वर्षा हो तो आगे वर्षा की कमी रहेगी। **शु. ३ मंगल**-कुम्भ मंगल-सभी प्रकार का अन्न, चित्र-विचित्र वस्तु, रस, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में तेजी, रुई, चांदी में घटबढ़ हो। **शु. ५ गुरु**-कृति. बुध, वृषे शुक्र-पैदावार कम, वर्षा कहीं हो कहीं न हो। शेयर, चांदी में मन्दा, रुई में घटबढ़ होकर तेज।अन्न गेहूं, चना, मटर आदि में तेजी, देश में जहां-तहां झगड़ हो। प्रजा में चिन्ता बने। **शु. ६ शुक्र**-शनि अस्त, रुई, सोना मन्दा, अन्न तेज, व्यापारियों को कष्ट। व्यापार अच्छा। उतार-चढ़ाव बनेगा। मौका देखकर माल खरीदें। आगे अच्छा लाभ मिले। अन्न, सरसों, तेलो में मन्दा आएगा। मन्दे में खरीदो आगे २-३ मास में अच्छा में अच्छा लाभ मिलेगा। **शु. १४ शुक्र**-रोहिणी शुक्र-सोना, तांबा, जस्ता, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में मन्दा, देश में जहां-तहां उपद्रव झगड़े होंगे। **शु. १५ शनि**-आगे समय सुभिक्षकारी। १५ दिन अच्छी मन्दी बनेगी फिर तेजी आएगी। आज वर्षा हो तो निःसंकोच अन्न का संग्रह करो। आगे उत्तम लाभ मिलेगा।

**विशेष योगः-**

**मावस को शशि सूर दोऊ करे रोहिणी वास।**
**अकाल विग्रह व्याधि पीड़ित प्रजा विनाश॥**
**चार ग्रहों का बाना एक राशि पर योग।**
**वर्षा अथवा युद्ध से दुःखी रहें सब लोग॥**
**दुतिया तृतीया ज्येष्ठ सुदी आवे आर्द्रा रिक्ष।**
**वर्षे तो कर्षे नमी दर्से दुःख दुर्भिक्ष॥**

## अथ आषाढ़ मास फल विचार

मास में ५ रवि हैं। मावस-पूर्णिमा और संक्रांति मिथुन रविवार की हैं। सं. ३० मु. भूखी सूती हुई खप्पर योग बना रही है। चन्द्रदर्शन ३० मु. मंगलवार का है। कृष्ण में तिथि घटकर बढ़ी है और शुक्ल पक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। सूर्य, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुधास्त पूर्व में और शनि उदय हुआ है। मास में पांच रवि रोगों को देने वाले हैं। वर्षा कम और रसकस तेज होगा। कृ. ५ बुध से तेज वायु का योग बना है। आर्द्रा रवि प्रवेश उत्तम नहीं आगे वर्षा कम होगी। चन्द्रदर्शन देश में कोई बड़ी दुर्घटना कराएगा। प्रजा बिमार रहे, अन्न तेज हो। शु. ५ शुक्र शुभ रहे। **शु. ११ गुरु**-मन्दी लाएगी। **कृ. १४ शनि**-रोहिणी देश में जहां-तहां करफ्यू और कंट्रोल लगवाएगा। बुध, गुरु का मेल वर्षा की खैंच करेगा। शनि उदय प्रजा को पीड़ा और धान्य मंहिगा करेगा। कपास, तिल, सूत, कृष्ण में मंहिगे, शुक्ल में मन्दे और रस पदार्थ तेज होंगे। धान्य तेज होकर मन्दा हो। कौशल कलिंग में उपद्रव, आंधी के साथ जहाँ-तहाँ वर्षा तूफान से जन हानि, ग्रह पात व राजनीति में परिवर्तन के योग बने हैं।

**कृष्ण पक्ष—कृ. १ रवि**-सूर्य मिथुने, रोहिणी, बुध-सोना, चांदी में साधारण तेजी। रुई, कपास, गेहूं, जौ आदि अन्न वारदाना, सरसों, लोहा, कन्दमूल, गुड़, खाण्ड आदि में तेजी। तिल, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, सोना-चांदी में तेजी आकर मन्दी रहे। ऊनी वस्त्रों में मन्दा आवे। गर्मी का जोर रहें। **कृ. ५ गुरु**-रुई में मन्दी आकर तेज, अन्न मन्दा, खेती उत्तम, सोना-चांदी में घटबढ़ हो। देश में जहां-तहां झगड़े, टिड्डी से नुकसान, तेज आंधियां आएंगी। **कृ. ८ रवि**-आर्द्रा सूर्य-अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, कपास, सूत, अरण्डी, चावल, माणिक, मोती आदि में तेजी आकर मन्दा बनेगा। अन्न, सोने में घटबढ़। विद्वानों व गणमान्य लोगों को कष्ट झेलना पड़ेगा। **कृ. ९ बुध**-मृग., बुध-गेहूं, जौ, चना आदि समस्त अनाजों में मन्दा, रुई तेज, सरसों, अलसी, बिनौला, तेलवाना में घटबढ़, मन्दा रहेगा। **कृ. १० मंगल**-बुधास्त पूर्व, मृग. शुक्र-रुई, चांदी में घटबढ़ होकर मन्दी रहें। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोंठ, जुवार, चना, घी में मन्दे। गुड़, शक्कर, चावल, अलसी में तेजी [illegible] मन्दी आवे। पशुओं को पीड़ा, देश में बिमारी फैले और झगड़े हों। **कृ. १२ गुरु**-मिथुने बुध-रुई, सोना, चांदी, सरसों में मन्दी आकर घटबढ़ चले। तेल, तिल, अरण्डी में साधारण तेजी बनेगी। तेज हवा चले। अगर आज हवा हो तो अशुभ जानो। अर्थात् आगे वर्षा कम होगी। **कृ. १३ शुक्र**-घी, मूंग, मोती, माणिक, अन्न आदि के भावों में परिवर्तन होंगे। प्रजा को कुछ सुख मिले। **कृ. ३० रवि**-मिथुने शुक्र-रुई, वारदाना, सींगदाना, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी, तिल तेल में मन्दी, चांदी में घटाबढ़ी चले और जौ, गेहूं, चना में कुछ तेजी आकर मन्दी रहेगी।

**शुक्ल पक्ष—शु. २ मंगल**-चन्द्रदर्शन-प्रजा बिमार रहे। अन्न में मन्दा, अन्न, रुई, सोना, चांदी में घटबढ़, रुई में मन्दी, कहीं न कहीं देश में गड़बड़ अवश्य होगी। **शु. ५ शुक्र**-सभी वस्तुओं में मन्दा और प्रजा को सुख मिले। **शु. ६ शनि**-पुन. बुध, आर्द्रा शुक्र तेज हवा चले। देश में सुभिक्ष फैले। रुई, सूत, कपड़ा, सण, जूट, चांदी में मन्दी, अन्न तेज होकर मन्दा बने। बच्चों को पीड़ा झेलनी पड़ेगी। अर्थात् बच्चों में बिमारी फैले। **शु. ७ रवि**-पुनर्वसु सूर्य-सोना, चांदी, कपास, बिनौला, तिल, जुवार, गुवार, मोंठ, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, केसर, सुगन्धित वस्तु तेज। जहाँ तहां प्रजा को कष्ट भोगना पड़ेगा। **शु. ११ गुरु**-कर्के बुध-रुई, कपड़ों में मन्दा, चांदी में घटबढ़, अन्न गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर आदि में मन्दा, सरसों, मूंगफली, तेल, तिल, गुड़, रसपदार्थों में तेजी बनेगी। प्रजा को कष्ट मिले। **शु. १२ शुक्र**-शनि उदय-रुई, शेयर में मन्दा, सभी अन्न तेज होकर मन्दा हो, अलसी, सरसों, अरण्डी, बिनौला, मूंगफली मन्दी। लोहा, जस्ता, सीसा, रांगा, काले पदार्थ, गुड़ आदि में तेजी। प्रजा में सुभिक्ष हों। **शु. १३ शनि**-पुष्य बुध-अन्न, सोना, चांदी, कपड़ा, सूत, मोती, मूंगा, धातु आदि में मन्दा। रुई में घटबढ़ होकर मन्दी। जनता में भय फैले। **शु. १५ रविवार**-आज पूर्णिमा है। इस का फल ९ मास बाद फाल्गुन में अच्छी तगड़ी तेजी कई वस्तुओं में आएगी। होशियारी से कार्य करना।

**विशेष योग**

**सूर संक्रामण समय से सम सप्तम राकेश।**
**छः मास तक अन्न में तेजी रहे विशेष॥**
**बुध के घर में जब कभी शनि उदय हो।**
**पीड़ित प्रजा धान्य मंहगा पशुओं का क्षय हो॥**
**जब जब ही बुध गुरु मिल बैठे एक गेह।**
**तब तब ही संसार में बरसे नहीं है मेह॥**

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



चार ग्रहों का बने एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुखी रहें सब लोग॥
आषाढ़ कृष्ण अष्टमी रविवार का योग।
आर्द्रा रवि हुआ फूटे सब के भोग॥

### अथ श्रावण मास फल विचार

मास में ५ सोम ५ मंगलवार हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि वृद्धि और शुक्ल पक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। संक्रांति कर्क बुध की घापी १५ मु. बैठी है। चन्द्रदर्शन १५ मु. बुधवार का है। पूर्णिमा व अमावस मंगलवार की हैं। सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुधोदय पश्चिम में, शुक्रास्त पूर्व और गुरु अस्त और साथ ही मंगल वक्री हुआ है। मास में पांच सोम शुभ पर पांच मंगल देश के राजाओं के लिए अमंगलकारी हैं। मास शुक्रास्त बुधोदय तेजी लाएगा। कृ. ८ को अश्विनी में तेजी कारक है। सुदी में तिथि क्षय आगे कार्तिक तक किसी गणमान्य पुरुष का वियोग कराएगी। या सरकार में परिवर्तन होगा। चन्द्रदर्शन भी शुभ नहीं। गुरु अस्त, धान्य, रसकस, घी को तेज करेगा। मंगल वक्री सभी किराना में तेजी करेगा। श्रावणी को श्रवण न होना भी शुभ नहीं। सूर्य-शुक्र की युति तेजी, सूर्य-गुरु-शुक्र की युति वर्षा करे। घात योग धूल उड़ावेगी। किसी क्षेत्र के बंटवारे को लेकर युद्ध हो सकता है। इस मास के ग्रहों का प्रभाव आगे कार्तिक मास तक होगा।

**कृष्ण पक्ष—कृ. १ सोम**-घी, मूंग, मोती, माणिक सभी अन्न में मन्दा। प्रजा में सुख फैले। जहां-तहां वर्षा हो। **कृ. ३ बुध**-कर्के सूर्य, बुधोदय पश्चिम, पुन. शुक्र-रुई, चांदी, कपास में १५ दिन मन्दा रहकर फिर अच्छी तेजी बनेगी। गुड़, सरसों, खाण्ड, तेल तिल, अलसी, मूंगफली, अरण्डी में अचानक तेजी आयेगी। दक्षिण में झगड़े बनेंगे। **कृ. ५ शुक्र**-अश्लेषा बुध, अरण्डी, मूंगफली, अलसी, तिल, तेल, खाण्ड, सरसों, गुड़ आदि में तेजी बनेगी। **कृ. ७ रवि**-पुष्य में सूर्य, साधु त्यागी व्रतियों को कष्ट, केसर, कस्तूरी, कपूर आदि गंध पदार्थ तेज होंगे। **कृ. १० गुरु**-कर्के शुक्र-घी, तेल, गोला, गुड़, शक्कर और सभी रसपदार्थ सूत, सण, बारदाना में तेजी आएगी। रुई मन्दी होकर तेज, सभी अन्न में मन्दी आएगी। **कृ. १२ शनि**-पुष्य शुक्र-शुक्रास्त पूर्व, मघा सिंह बुध-सोना, खाण्ड, रुई, कपूर, सूत, कपड़ा, देवदारू में तेजी। ऊन, जौ, गेहूं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा आकर आगे १५ दिन में तेजी आएगी। जहां-तहां झगड़े हों, चौपाए पशु कष्ट पावें। अन्न तेज होकर मन्दा बने। गुजरात मालवा में भय बने। कहीं-कहीं बिमारी फैले। **कृ. ३० मंगल**-वक्री मंगल-रस पदार्थ अलसी, सरसों, राई, घी, तेल, काले पदार्थ, रुई, गोला, गुड़, सोना, अन्नादि में तेजी बनेगी। कुछ किराना माल विशेष तेज होगा।

**शुक्ल पक्ष—शु. १ बुध**-चन्द्रदर्शन, मघा सिंह, गुरु-दूध, फल की पैदावार उत्तम। सोना, चांदी, लोहा, रुई में मन्दा। इस मन्दे में माल खरीदें आगे ४ मास में अच्छा लाभ मिलेगा। चावल, गेहूं, तेल, घी आदि में तेजी। गणमान्य व्यक्तियों के मान में वृद्धि, परदेश में जहां-तहां झगड़ा-उत्पात आदि घटनाएं बढ़ेंगी। **शु. ५ रवि**-अश्लेषा सूर्य-अलसी, अरण्डी, सोना, चांदी, रुई, बिनौला, चावल, गेहूं, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों में तेजी। रसकस में मन्दा बनेगा। देश के उत्तर पश्चिम में आपसी तनाव बढ़ने से झगड़े होंगे। **शु. ७ सोम**-पू.फा. बुध-सभी अन्न और बहुत सी वस्तुओं में मन्दी आएगी। देश में जहां-तहां युद्ध, विस्फोट आदि की घटनाओं से जनहानि होगी। प्रजा में भय बढ़ेगा। **शु. ९ बुध**-अश्लेषा, शुक्र-जहां-तहां वर्षा होगी। रुई में साधारण मन्दी, अन्न में घटाबढ़ी रहेगी। **शु. १२ शनि**-गुरु अस्त-रुई, सूत, कपास में मन्दा, चांदी, सभी अन्न व तेलवाना में तेजी आएगी। **शु. १५ मंगल**-आज रक्षाबन्धन है। श्रवण नक्षत्र का अभाव है। अतः देश में दुर्भिक्ष पैदा हो। प्रजा कष्टमय जीवन व्यतीत करे। और बहुत सी वस्तुओं में तेजी बनेगी।

### विशेष योग

सावन बदी एकादशी रोहिणी संवत जान।
मृगशिर में दुर्भिक्ष का सब लक्षण अनुमान॥
श्रावण मास में शतभिषा नक्षत्र माहि।
सूर्य संक्रांति हुई मंहगा अन्न बिकाहिं॥
सूर्यदेव भृगु नाथ का एक राशि पर साथ।
पकड़ा देती है फसल मंहगाई को हाथ॥
एक राशि पर साथ हो सूर्य गुरु भृगु तीन।
वर्षा होती खूब पर खेती होती छीन॥
कुम्भ राशि में भौम का जब हो उसमें वक्र।
लोकदुखी और किराणे में चले तेजी का चक्र॥
कृष्ण पक्ष तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाये।
सभी वस्तु तेज हो सस्ता पन हट जाय॥
बुध गुरु भृगु सूरज जब हो इक ठोर।
घात योग के कारणे धूल उड़े चहुँ ओर॥
शुक्ल पक्ष सप्तमी नहीं स्वाती नक्षत्र।
पूनम को श्रवण नहीं दुःख दुर्भिक्ष सर्वत्र॥

### अथ भाद्रपद मास फल विचार

मास में पांच बुध हैं। शुक्ल पक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। मावस, पूर्णिमा बुध की हैं। चन्द्रदर्शन शुक्र का ४५ मु. है। संक्रांति सिंह रविवारी धापी ३० मु. सूती है। सूर्य, बुध, शुक्र, राहु, केतु ने राशि परिवर्तन किया है। बुध वक्री, प्लूटो मार्गी, अगस्त मुनि उदय, बृहस्पति उदय, बुधास्त पश्चिम में हुआ है। मास में पांच बुध रसायन पदार्थ, उड़द में तेजी लाएंगे। बदी एकम् अन्न तेज, बदी चौथ अति तेजी, चन्द्रदर्शन तेलबाना को तेज करेगा। सुदी ५ को स्वाती शुभ पर तिथि क्षय नेष्ट है। पूर्णिमा में शतभिषा तेजी कारक प्रजा को कष्ट देगा। मास में बना घात योग धूल उड़ाएगा। बुधवारी मावस घी, तेल आदि में अच्छी तेजी लाएगी। वर्षा कहीं अच्छी होगी कहीं न भी होगी।

**कृष्ण पक्ष—कृ. १ बुध**-सभी प्रकार के अनाजों में अच्छी तेजी आएगी और यह तेजी लम्बी चलेगी। **कृ. २ गुरु**-सोना, चांदी, कपास, सूत, सण, बिनौला में मन्दा रहेगा। **कृ. ४ शनि**-उ.फा. बुध-देश में भ्रष्टाचार में बढ़ोत्तरी, प्रजा में हीन भावना पनपेगी। रुई, चांदी में घटबढ़ होकर मन्दा। मूंग, मसूर, उड़द, तेल, घी, सभी अन्न में अच्छी तेजी आएगी। **कृ. ५ रवि**-मघा सिंह-सूर्य, मघा सिंह-भृगु, यहाँ बहुत सी वस्तुओं में तेजी बढ़ेगी। सोना, लाल वस्तु, तिल, तेल, मूंगफली, सरसों, तांबा, पीतल, चांदी, जौ, गेहूं, चना, मटर, बाजरा, गुवार, पशु, केसर, कस्तुरी, सभी रसों में तेजी आएगी। जहां-तहां तेज हवा के साथ वर्षा होगी। **कृ. ७ मंगल**-चांदी, रुई, गेहूं, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली आदि में तेजी और पशुओं में मन्दा बनेगा। **कृ. ९ गुरु**-कन्या बुध-सोना, खाण्ड, गुड़, शक्कर, गेहं, जौ, चना, तांबा, धातु, पीतल आदि तेज। चांदी, गुड़, शक्कर, सरसों में मन्दा। बगैर वर्षा के तेज हवा चले। **कृ. १० शुक्र**-कपास, सूत, चना आदि में मामूली सुधार होगा। **कृ. १२ रवि**-सोना, चांदी, रुई में कुछ मन्दा आएगा। **कृ. १४ मंगल**-सोना, चांदी, रुई, चारा आदि तेज होंगे। **कृ. ३० बुध**-सभी अन्न सभी तेलबाना में तेजी आवे। देश में दुर्भिक्ष फैले। प्रजा में भय बने।

**शुक्ल पक्ष—शु. १ बुध**-वक्री बुध, पू.फा. शुक्र-घी, गुवार, जुवार, जौ, चना, मूंग, उड़द में मन्दा। रुई तेज होकर मन्दी। गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तेल, अरण्डी, शेयर बिनौले में अच्छी तेजी आएगी। **शु. २ शुक्र**-चन्द्रदर्शन, मार्गी-प्लूटो, अन्न, गेहूं, चना, जौ, चावल, सरसों तेल, तिल, ऊन आदि में मन्दा। सोना, गुड़, शक्कर, तेल, पदार्थ तेज होंगे। रुई, चांदी में घटबढ़ चलेगी। **शु. ३ शनि**-अगस्त उदय-देश में दुर्भिक्ष को कष्ट, अगर आज वर्षा हो तो देश व प्रजा का संकट दूर होगा। **शु. ५ सोम**-पू.फा. सूर्य-रुई, कपास, घी, गुड़, चावल, अलसी, चांदी, गेहूं, खाण्ड, सरसों में तेजी आकर मन्दी बनेगी। सोना मन्दा रहेगा। **शु. ७ बुध**-गुरु उदय, रुई में अच्छी घटबढ़ से तेज होकर मन्दी। चांदी, अन्न में घटबढ़। सुगन्धित पदार्थों के लेने से आगे लाभ मिलेगा। प्रजा में कलह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। **शु. ९ गुरु**-बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी में पहले तेजी बनकर मन्दा आएगा। हैसियन बारदाना मन्दा। रुई आगे विशेष लाभ देगी। **शु. १० शुक्र**-वक्री बुध सिंह-सोना, खाण्ड, रुई, कपूर, कपड़ा, देवदारु में तेजी, अन्न, मीठे में मन्दा आकर १५ दिन पीछे तेजी बनेगी। **शु. १३ सोम**-पू.फा. बुध, उ.फा. शुक्र-चांदी, सोना में घटबढ़, अन्न, रुई में सुधार, देश में कहीं न कहीं झगड़े बढ़ेंगे। प्रजा कष्टमय रहे। **शु. १५ बुध**-कन्या शुक्र-फसलों में हानि हो, सभी अन्न, सोना, चावल, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्र तेज। चांदी में घटबढ़ होकर तेज। नोट-मास नक्षत्र अभाव में अच्छी तेजी बनेगी।

### विशेष योग

भादों लागत चौथ को जब होवे शनिवार।
देश नाश दुर्भिक्ष दुःख भूख अरू भ्रष्टाचार॥
बुधवारी मावस दुःख उपजे थोड़ा अन्न।
मास नखत पूनम नहीं तेज बिकै जब अन्न॥
ईख शर्करा मिष्ट रस गुड़ हल्दी तेल।
सोना तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेल॥
बुध गुरु भृगु सूरज जब हो इकठोर।
धात योग के कारणे धूल उड़े चहुँ ओर॥

### अथ आश्विन मास फल विचारः

मास में पाँच गुरु पांच शुक्र हैं। मावस, पूर्णिमा शुक्रवारी, चन्द्रदर्शन शनि का ३० मु. है। संक्रांति कन्या बुधवारी धापी ४५ मु. बैठी है। कृष्णपक्ष में तिथि वृद्धि, शुक्ल पक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मंगल मार्गी, बुधोदय पूर्व में, शुक्रोदय पश्चिम में और बुधास्त पूर्व में हुआ है। मास में पांच गुरु उत्तम, पांच शुक्र साधारण फल देंगे। कृ. ६ बुधवारी होने से घी संग्रह करना चाहिए। कृ. ३ शनिवारी देश में विस्फोट या अग्निकाण्ड कराएगी। अन्न में मन्दा आएगा। कृ. ११ सोम से पशु तेज होंगे। शु. १ बुध काली वस्तु व घी में नफा दिलाएगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



चन्द्रदर्शन नैऋत्य में उपद्रव, झगड़े करेगा। रुई तेज होगी। शुक्रोदय देश में अशांति फैलाएगा। सिन्ध में झगड़ा जहा-तहां दुर्भिक्ष तथा राज विग्रह होगा। पूर्णिमा में रेवती भी आगे दुर्भिक्षकारी और तेजी बनाएगा। गाय भैंस के मूल्यों में वृद्धि, रसकस घी तेज। कपास में अति तेजी। कुरुक्षेत्र के जन, चित्रकार, पक्षियों को कष्ट होगा।

**कृष्ण पक्ष—कृ. १ गुरु**-सोना-चांदी, रुई, कपास, सूत, सण, बिनौला आदि में मन्दा। **कृ. ३ शनि**-उ.फा. सूर्य-रुई पदार्थ मन्दे। कपास, अरण्डी, चावल, उड़द, मूंग, सोना, चांदी, लोहा, मूंज, बांस, नील, तेल, तिल आदि में तेजी। देश में जहां-तहां अग्निकाण्ड, विस्फोट आदि की घटना होगी तथा प्रजा में भय फैलेगा। **कृ. ४ रवि**-यहां अन्न मन्दा मिले तो लेना आगे अवश्य लाभ मिलेगा। **कृ. ५ मंगल**-चांदी, रुई, गेहूं, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली आदि मं तेजी। पशु मन्दे होंगे। **कृ. ६ बुध**-कन्या सूर्य, बुधोदय पूर्व, रुई तेज, चांदी में घटबढ़ होकर तेजी। सोना मन्दा, गेहूं, जौ, चना, अरण्डी, अलसी, तिल, तेल, सरसों, लाल मिर्च, मजीठ, माल किराना। नारियल, सुपारी आदि घी में मन्दा माल खरीदो। अगले मास लाभ मिलेगा। **कृ. ७ गुरु**-हस्ते शुक्र-रुई, चांदी, मन्दी अन्न, खाण्ड, शक्कर, सोना, आदि में घटबढ़ चले। प्रजा बिमार हो। **कृ. ८ शुक्र**-वक्री धनिष्ठा मंगल, धातु, गेहूं तेज, रसकस में मन्दा आएगा। **कृ. ९ शनि**-मार्गी बुध-रुई पदार्थ घटबढ़ से तेज होंगे। सण, लकड़ी १५ दिन तेज। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तिल तेल, कपूर, चन्दन आदि मन्दे होंगे। **कृ. १० रवि**-सोना, चांदी, रुई आदि में मन्दा। **कृ. १२ मंगल**-सोना, चांदी, रुई आदि में तेजी। **कृ. १४ गुरु**-सोना, चांदी, रुई, राई, मजीठ, जीरा, धनियां, माल किराना तेज। **कृ. ३० शुक्र**-आज उ.फा. नक्षत्र है। अतः प्रजा में नाना प्रकार से भय फैलेगा।

**शुक्ल पक्ष—शु. २ शनि**-चन्द्रदर्शन, मंगल मार्गी, हस्ते सूर्य, अन्न, घी में मन्दा। आगे कार्तिक में लाभ अवश्य मिलेगा। रुई, सूत, कपास, अलसी, सरसों, लोहा, धातु, सूत, कपड़ा, चांदी, सोना, चावल, गुड़, शक्कर, हींग, हल्दी आदि मसालों में तेजी बनेगी। **शु. ४ सोम**-चित्रा शुक्र-देश में किन्हीं हिस्सों में झगड़े बढ़ने से प्रजा दुःखी होगी। **शु. ५ मंगल**-रुई, सूत, कपास में घटबढ़, गुड़, खाण्ड, जौ, गेहूं, चना में मन्दा पर पैदावार उत्तम हो। **शु. ६ बुध**-उ.फा. बुध-रुई, चांदी में घटबढ़ होकर मन्दी, सभी प्रकार का अन्न मन्दा रहेगा। **शु. ८ शुक्र**-कन्या में बुध-सोना, खाण्ड, शक्कर, गुड़, गेहूं, जौ, चना, तांबा, पीतल, चांदी आदि धातु, सरसों में मन्दा आवे तथा तेज हवा चले। **शु. ९ शनि**-तुला शुक्र, शुक्रोदय पश्चिम-रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी, अन्न, पशु, धातु, घी, दूध मन्दा। देश में कई स्थानों पर विग्रह फैले। अशान्ति बने। सिन्ध में झगड़े हों। जहां-तहाँ दुर्भिक्ष फैलेगा। **शु. १० रवि**-शतभिषा मंगल-रुई, सूत, कपास मन्दी होकर तेज हो। अन्न मन्दा। सोना, चांदी में घटबढ़, खेती उत्तम हो। **शु. १३ बुध**-बुधास्त पूर्व-रुई, चांदी में घटाबढ़ी होकर मन्दा। गेहूं, अलसी, माल किराना तेज होगा। देश में चोरियां अधिक होने से आम प्रजा में असन्तोष बढ़ेगा। **शु. १५ शुक्र**-चित्रा सूर्य, स्वाति शुक्र-सूत, कपड़ा, सोना, गेहूं, जौ, चना, रुई, कपास, गुड़, शक्कर तेज होकर मन्दे। नारियल, रसकस मन्दे। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों में तेजी आएगी। आज रेवती है। अतः आगे १५ दिन तेजी के रहेंगे तथा जहां-तहां दुर्भिक्ष भी होगा।

### विशेष योग

**बदी तीज आश्विन में हुआ संग शनिवार।**
**अग्निकाण्ड भयभीत जग मंहगा चले बाजार॥**
**कृष्ण पक्ष तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाय।**
**सभी वस्तु तेज हो सस्ता पन हट जाय॥**
**शुक्रोदय धूल द्वार में वृष्टि जल नहीं होवे।**
**चले पवन अति जोर की वृष्टि सारी खोवे॥**
**किंचित छींटे पड़त हैं सुनो सभी नर-नार।**
**धूल द्वार फल शुक्रोदय चातुर करो विचार॥**

### अथ कार्तिक मास फल विचार

मास में पांच शनि पांच रवि हैं। मावस शनिवारी, चन्द्रदर्शन सोम का ४५ मु. है। पूर्णिमा रविवारी, संक्रांति तुला सुक्रवारी भूखी ४५ मु. बैठी है। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है और शुक्ल पक्ष में तिथि घटकर बढ़ी है। सूर्य, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शनि वक्री, हर्षल मार्गी और पूर्णिमा को चन्द्रग्रहण भी हुआ है। मास में पांच शनि नेष्ट, पांच रवि निकृष्ट रोग, अग्नि भय, झगड़ों को बढ़ाने वाले हैं। पूर्णिमा में कृत्तिका का लोप, घोर दुर्भिक्ष, तेजी व मनुष्यों में नेत्र पीड़ा देगा। चन्द्रदर्शन सभी तेलवाना के बाजारों में तेजी लाएगा। शु. ४ का क्षय घी, मूंग के भावों में वृद्धि करेगी। चन्द्रग्रहण समुद्री तूफान मचाएगा। रुई, कपास तेज। सुदी एकम् रविवारी अन्न, रुई को बढ़ाएगी। आर्द्रा [illegible] बना है। अतः धान्यादि, तेल, घी, रसपदार्थ तेज, रेशम, मूंग, मोती, मजीठ, सफेद वस्त्रों में मन्दा, मासान्त में सोना, चांदी, गाय, हाथी, घोड़ा, मोटर गाड़ी के भावों में वृद्धि होगी।

**कृष्ण पक्ष—कृ. ३ सोम**-चांदी, रुई, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली आदि में तेजी बने। **कृ. ५ बुध**-कपास, सूत, गेहूं, चना तेज रहेगा। **कृ. ६ गुरु**-चित्रा बुध-रुई में घटबढ़ होकर तेजी बने। अन्न में तेजी आएगी। विद्वान् व गणमान्य व्यक्तियों को कष्ट उठाना पड़ेगा। **कृ.७ शुक्र**-तुला सूर्य-सोना, तांबा, अलसी, आंवला, गेहूं, सरसों, नारियल, सुपारी आदि में तेजी बनेगी। रुई, चांदी में मन्दा। पशु रोगी होंगे। **कृ. ८ शनि**-सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में मामूली मन्दा आएगा। **कृ. ९ सोम**-तुला बुध, विशाखा शुक्र-गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग आदि में भारी घटबढ़ चले। गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि, अफीम, बारदाना, गोला आदि में तेजी। चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला में मन्दा आएगा। व्यापारियों में चिन्ता बने। भारी उथल-पुथल का योग है। प्रजा को भारी कष्ट का सामना करना पड़े। कई स्थानों पर झगड़े, विग्रह आदि हों। **कृ. १२ बुध**-सोना, चांदी, रुई, राई, सरसों, जीरा, धनियां आदि माल किराना तेज होगा। **कृ. १४ शुक्र**-स्वाति सूर्य, स्वाति बुध-रुई, हल्दी, सुपारी, सरसों, चपड़ा, गुगल, बिनौला, मिर्च, मसाला, राई, हींग आदि बहुत सी वस्तुओं में घटबढ़ चले। विद्वानों व गणमान्य व्यक्तियों को कष्ट भोगना पड़ेगा। **कृ. ३० शनि**-शनि वक्री-रुई तेज होकर मन्दी हो। कपड़ा, सूत मन्दा रहेगा। सोना, चांदी, मानक, मोती, लौंग, सुपारी, अन्न सभी, कलई, शीशा, घी, गुल तेल, खाण्ड आदि बहुत से पदार्थ तेज होंगे। प्रजा को भारी चिन्ता का सामना करना पड़ेगा। ३-४ दिनों में जो वस्तु मन्दी या तेज हुई हैं वह शनि मार्गी के समय विपरीत होगी।

**शुक्ल पक्ष—शु. १ रवि**-चन्द्रदर्शन-अन्न, सोना, चांदी, सरसों, रुई, सूत, कपास, गुड़, खाण्ड, उड़द, तिल, तेल, सरसों में अच्छी तेजी बनेगी। **शु. ३ मंगल**-वृश्चिक शुक्र-ज्वार, बाजरा, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न, चांदी, अलसी, कपास, शेयरों में भारी घटबढ़ चलेगी। घी, मूंग, आदि में तेजी बनेगी। **शु. ५ बुध**-अनुराधा शुक्र-रुई तेज, गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, क्षार पदार्थ मन्दे रहेंगे। देश के कई स्थानों पर बिमारी, उपद्रव, भूकम्प आदि से जन हानि संभव है। **शु. ८ शनि**-विशाखा बुध-अन्न, गुड़ आदि में मामूली मन्दा बनेगा। परदेश में कई स्थानों पर अशांति रहेगी। **शु. ११ मंगल**-सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत, सण, बिनौला में मन्दा बने। **शु. १३ गुरु**-विशाखा सूर्य-सरसों, मसूर, तेल, तिल, अफीम , तांबा, पीतल, चांदी, अलसी, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सूत आदि में अच्छी तेजी से मन्दा फिर तेजी बनेगी। देश के पूर्व में आपसी झगड़ों से अशान्ति बनेगी। **शु. १५ शनि**-वृश्चिके बुध, चन्द्रग्रहण-कई प्रमुख वस्तुओं में मन्दा बनेगा जोकि आगे चलकर ३-४ मास में अच्छा लाभ देगी। समुद्री झगड़ों में बढ़ोतरी, सोरठ सिन्धु उज्जैन की प्रजा को भारी कष्ट झेलना होगा। चांदी मन्दी, घी, तेल, कपास, रसकस, अलसी संग्रह करना चाहिए। **शु. १५ रवि**-चांदी, रुई, गेहूं, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली आदि में तेजी आएगी।

### विशेष योग

**जब कभी शनिदेव आर्द्रा में हो वक्र।**
**क्षेत्र घटे, सेना कटे, चले युद्ध का चक्र॥**
**जब कभी किसी मास सुदी चौथ घट जाय।**
**ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाय॥**
**कार्तिक में ग्रहण या हो और कोई उत्पात।**
**धान्य लीजिए दीजिए पांच मास पश्चात्॥**
**कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा कृत्तिका नखत का लोप।**
**शाख विनाशी योग है तेजी करे प्रकोप॥**
**मिथुन राशि में जब कभी शनि ग्रह हो वक्र।**
**भूकंपे नरपति दुखी चलता तेजी का चक्र॥**

### अथ मार्गशीर्ष मास फल विचार

मास में पांच सोमवार हैं। मावस रविवार, चन्द्रदर्शन मंगल का ३० मु. है और पूर्णिमा सोम की तथा संक्रांति वृश्चिक रविवारी भूखी १५ मु. बैठी है। कृष्ण पक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुधादय पश्चिम में हुआ है। मास में पांच सोम उत्तम फल देने वाले हैं। सूत, कपास में तेजी, गुजरात व दक्षिण के प्रान्तों में प्रजा नाश, बीमारी या प्राकृतिक उत्पात से होगी। कृ. १ को मघा नक्षत्र आगे आषाढ़ में वर्षा करेगा। पूर्णिमा में रोहिणी नक्षत्र रुई को मन्दी करेगा। पर दुर्भिक्ष भी करेगा। धान्यादि भाव सम, तिल, सुपारी, कपास, वस्त्र, ईख, शाली घी के भाव तेज होंगे। देश में राजनीति सरगर्मी बढ़ेगी। जहां-तहां वर्षा होगी।

**कृष्ण पक्ष—कृ. १ सोम**-अनुराधा बुध-रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी, सभ अन्न मन्दे, प्रजा को सुख मिले। **कृ. २ भौम**-ज्येष्ठा शुक्र-सोना, मखी, सरसों, घी, तेल, चांदी,चावल आदि में मन्दा। सभी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

मन्दा पर पैदावार उत्तम हो। शु. ६ बुध-उ.फा. बुध-
रुई, चांदी में घटबढ़ होकर मन्दी, सभी प्रकार का

बढ़ाएगा। आर्द्रा में शनि वक्री शुभ नहीं युद्ध का कारण

बिमारी, उपद्रव, भूकम्प आदि से जन हानि संभव है।
मन्दा बनेगा। परदेश में कई स्थानों पर अशांति रहेगी।

सूत, कपास, सोना, चांदी, सभ अन्न मन्दे, प्रजा को
मिले। कृ. २ भौम-ज्येष्ठा शुक्र-सोना, मखी,
सरसों, घी, तेल, चांदी,चावल आदि में मन्दा। सभी

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS



अनाजों के भावों में वृद्धि होगी। आपसी झगड़े बढ़ेंगे। **कृ. ६ शनि**-पू.भा. मंगल, रुई, सूत, कपड़ा, अरण्डी, सरसों, नारियल, तिल, तेल, अलसी, कपास, बायविडग, नमक, शक्कर, खाण्ड, नारियल, सुपारी आदि वस्तुओं में अच्छी तेजी बनेगी। **कृ. ७ रवि**-बुधोदय पश्चिम-वृश्चिक सूर्य-रूई, सूत, कपास, चांदी में १५ दिन में मन्दी आकर तेजी बनेगी। चांदी, तांबा, पीतल, जस्त, ऊनी, वस्त्र, सरसों, चौखा, घी, तेल, अरण्डी सभी अन्न में तेजी आएगी। **नोट**-सभी लाल पदार्थों में मन्दा रहे तो यहां अवश्य लेने चाहिए आगे अवश्य लाभ मिलेगा। प्रजा में राजभय बनने के योग बने हैं। **कृ. १० बुध**-अनुराधा सूर्य, ज्येष्ठा बुध-सभी अनाजों में घटाबढ़ी से मन्दा। सोना, चांदी, मोती, कपड़ा मन्दा रहेगा। गेहूं, जौ, चना, बाजरा, उड़द, मूंग, मोंठ, गुवार, ज्वार, चावल आदि में तेजी अच्छी बनेगी। पशु व धर्मात्मा लोगों में बिमारी फैलेगी। **कृ. १३ शनि**-मूल धन शुक्र-फसलों में हानि होगी। सभी प्रकार का अन्न, मूंग, मोंठ, बाजरा, गेहूं, जौ, चना, तांबा, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, शेयर आदि में तेजी आएगी। चांदी मन्दी रहेगी। **कृ. १४ रवि**-अमावस क्षय-आज विशाखा नक्षत्र उत्तम नहीं, प्रजा को बिमारियों से कष्ट होगा।

**शुक्ल पक्ष—शु. २ मंगल**-चन्द्रदर्शन, सोना, चांदी, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी सभी में अच्छी तेजी। गेहूं, गुड़, जौ, चना आदि के भावों में घटबढ़ होगी। **शु. ५ शुक्र**-मूले धनु बुध-बच्चों को पीड़ा होगी। हाथी आदि पशुओं को कष्ट मिलेगा। राज व प्रजा में आपसी टकराव बनेगा। अन्न, सोना, चांदी में कुछ मन्दा, रुई, सूत, सण आदि में घटबढ़ चले। **शु. ९ मंगल**-पू.षा. शुक्र-उड़द, मूंग, मोंठ, तिल, तेल, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक आदि पदार्थ मन्दे रहेंगे। खाण्ड, गुड़, जौ, गेहूं, चना आदि में तेजी बनेगी। रुई में घटबढ़ चलेगी। **शु. १० बुध**-ज्येष्ठा सूर्य-रुई मन्दी होकर तेज होगी। चांदी, सूत, कपास, अलसी, अरण्डी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, परा, हींग, गेहूं, जौ, चना आदि में तेजी बनेगी। बाद में भाव घटबढ़ के होंगे। **शु. ११ गुरु**-मीने मंगल-सोना, चांदी, रुई, चारा, लकड़ी का सामान, अलसी, पशु, सभी गन्ध पदार्थ तेज होंगे। अनाज मन्दे रहेंगे। चांदी में घटबढ़ होगी। **शु. १५ सोम**-पू.षा. बुध-सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, गुवार आदि में मन्दा। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, बिनौला, रुई, कपास आदि में तेजी बनेगी। प्रजा बिमारी से ग्रस्त पाएगी।

### विशेष योग

मार्गशीर्ष पहले पाख में कोई तिथि घट जाय।
झगड़ा और फिसाद नित लोगों में अधिकाय॥
जब जब देव योग से अश्लेषा नक्षत्र मांहि।
सूर्य संक्रामण हो तो मंहगा अन्न बिकांहि॥
वृश्चिक गत जब सूर्य हो ऊन वस्त्र समभाव।
लाल द्रव्य मन्दे लो छटे मास लाभ छाव॥
सूर संक्रामण सूर दिन राजाओं में रार।
धान्य तथा रस तेज हो दुःखी रहे संसार॥

### अथ पौष मास फल विचार

मास में पांच मंगल पांच बुध हैं। अमावस मंगल की पूर्णिमा बुध की है। चन्द्रदर्शन ३० मु. बुधवार का है। संक्रांति धन मंगलवारी धापी ३० मु. बैठी है। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है और शुक्ल में घटकर बढ़ी है। सूर्य, मंगल, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध वक्री मार्गी, बुधास्त पश्चिम, उदय पूर्व में हुआ है। गुरु वक्री हुआ है। मास में पांच मंगल नेष्ट फलकारक हैं। रुई, चांदी, कपास तेज करेंगे। पांच बुध शुभ रसकस में मन्दा लाएगा। कृ. ९ बुध पैदावार उत्तम, मावस मंगलवार अशुभ पर मूल नक्षत्र उत्तम फल देगा। शु. ११ को कृतिका सभी लाल वस्तुओं में लाभ कराएगा। सुदी ३ का क्षय मूंग, घी में तेजी करेगा। रेशमी वस्त्र, जायफल, लौंग, मिर्च, लाल वस्तु, नमक, रसपदार्थ कपूर, चन्दन तेज बिकेंगे। शीत लहर से प्रजा जनों को पीड़ा होगी।

**कृष्ण पक्ष—कृ. ३ गुरु**-उ.भा. मंगल-सभी गन्ध पदार्थ-चन्दन, कपूर आदि सोना, चांदी, रुई, जौ, गेहूं, चना आदि भारी घटबढ़ होगी। **कृ. ४ शनि**-उ.षा. शुक्र-अलसी, सरसों, अरण्डी, रसकस, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में मन्दा, रुई, सभी अनाजों में घटबढ़ से तेजी बनेगी। **कृ. ५ रवि**-सोना, चांदी, रुई, चारा आदि में तेजी रहेगी। **कृ. ७ मंगल**-मूल- धनु में सूर्य, मकरे शुक्र-अन्न में कुछ मन्दा आकर आगे बहुत ही अच्छी तेजी बनेगी। रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी में घटबढ़ होकर तेजी आएगी। गेहूं, जौ, चना आदि सभी अन्न, गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, चांदी, शेयर,अफीम, लोहा, बारदाना, सण आदि पदार्थ तेज होंगे। सोना मन्दा रहेगा। फसलों में नुकसान व प्रजा बीमार होगी। **कृ. ८ बुध**-वक्री-बुध- रुई तेज होकर मन्दी, गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तिल, अरण्डी, शेयर बिनौला, मेवा आदि फलों में तेजी आएगी। **कृ. १२ शनि**-बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी में पहले तेजी, पीछे मन्दा, शेयर हैसियन, बारदाना में मन्दा आएगा। रुई लेने से लाभ मिलेगा। राज में गणमान्य लोगों को पीड़ा का सामना करना होगा। **कृ. ३० मंगलवार**-मावस को नेष्ट व शुभ दोनों फल समान रूप से विद्यमान हैं। जिधर लाइन चले उधर का व्यापार करें।

**शुक्ल पक्ष—शु. १ बुध**-श्रवण में भृगु, चन्द्रदर्शन-चांदी, सोना, गोला, खाण्ड, शक्कर, गुड़, उड़द, मूंग और सफेद वस्तुओं में मन्दा बने। अन्न, घी, कपास, तेल, अलसी, अरण्डी आदि में तेजी बनेगी। रुई में मन्दा आकर तेज, चांदी में घटबढ़ चले। **शु. २ गुरु**-वक्री मूल में बुध-रुई, सूत, सण में घटबढ़ हो, सोना, चांदी में मन्दा, पशुओं में पीड़ा व देश भी पीड़ित होगा। घी, मूंग में तेजी आवेगी। **शु. ७ सोम**-पू.षा. सूर्य-सभी प्रकार के अन्न में घटबढ़ चलेगी। अलसी, गुड़, ऊन, चांदी, खाण्ड, कपूर, कपड़ा आदि में तेजी का वातावरण बनेगा। शीत एकाएक जोरदार पड़ेगी। **शु. १० शुक्र**-बुधोदय पूर्व- आगे २५ दिनों रुई तेज होगी। चांदी में घटबढ़ होकर तेजी बने। सोना मन्दा रहें। गेहूं, जौ, चना, अलसी, तिल, तेल, सरसों, लाल मिर्च, गोला, हींग, उड़द आदि में तेजी आएगी। **शु. ११ शनि**-सभी लाल पदार्थ, लाल मिर्च आदि में तेजी भंयकर आएगी। अन्न लेने से फाल्गुन में लाभ मिलेगा। **शु. १२ रवि**-धनिष्ठा शुक्र-घी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, सोना, चांदी, पशुओं में तेजी बनेगी। **शु. १४ मंगल**-बुध मार्गी-सण, लकड़ी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, कपूर, चन्दन अगर आदि गन्ध में मन्दा। अन्न, चावल, चना, चांदी, ईख तेज बिके। रुई पदार्थों में घटबढ़ से तेज। जहां तहां झगड़े होंगे। **शु. १५ बुध**-शुभ है। आगे एक दो दिन मन्दा रहेगा।

### विशेष योग

पौष मावस के दिन मंगल अति दुर्भिक्ष।
मूल नक्षत्र हो तो सुन्दर सुखद सुभिक्ष॥
पौष नौमी शनैश्चर का जुड़ा है समाज।
आर्द्रा रवि समय तक संग्रहों अनाज॥
पौष सुदी एकादशी हो कृत्तिका नक्षत्र।
लाल वस्तुओं में लाभ मिले सर्वत्र॥
पौष मावस मूल रिख संग मंगलवार।
जल वर्षे हर्षे जन अन्न लाभ अपार॥
तब कभी पौष मास सुदी तीज घट जाय।
ग्राहक मांगे मूंग, घी, विक्रेता नट जाय॥

### अथ माघ मास फल विचारः

मास में पांच गुरु पांच शुक्र हैं। मावस व संक्रंति मकर भूखी ३० मु. बैठी है। चन्द्रदर्शन ३० मु. व पूर्णिमा शुक्रवारी है। कृष्ण में तिथि ह्रास और शुक्ला में वृद्धि हुई है। सूर्य, मंगल, बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच गुरु, पांच शुक्र शुभफल देंगे। पर कृ. ३ शनिवारी देश में राजाओं में आपसी युद्ध करायएगी। मावस को उ.षा. भी देश में उत्पात मचाएगा। चन्द्रदर्शन धातुओं में तेजी और तेलों में मन्दी लाएगा। सुदी २-३ को शुक्र शनि राज्य सरकारों में आपसी तनाव बढ़ाएगा। प्रजा व्याकुल रहेगी। शु. ५ सोम-घी, तेल को तेज करेगी। मास में मंगल राहु का मेल अनावृष्टि, दुर्भिक्ष व फसलों को नुकसान पहुंचायेगा। फल, फूल, रसकस, घी में तेजी बनेगी। वर्षा के साथ ओले पड़ेंगे। राज नेताओं से देश की राजनीति प्रभावित होगी। प्रजा व्याकुल रहेगी।

**कृष्ण पक्ष—कृ. २ शुक्र**-कुम्भे शुक्र-अन्न, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, मोंठ, बाजरा, गुवार, सफेद वस्तु, गुड़, शक्कर, तेल व रस पदार्थों में मन्दा। सभी शेयरों में तेजी। प्रजा पीड़ित रहें। **कृ. ३ शनि**-देश में आपसी झगड़े बढ़ेंगे। **कृ. ४ रवि**-उ.षा. सूर्य-रुई, सूत, कपास, चावल, अरण्डी में घटबढ़ होकर तेजी बने। रुई, खाण्ड, गुड़ तेज बिकेगा। अन्न तेज होकर मन्दा होगा। **कृ. ७ बुध**-सूर्य, मकर-घी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सरसों में घटबढ़ चले, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोंठ, बारदाना, सोना, चांदी मन्दी, घी, तेलों में तेजी बनेगी। **कृ. ८ गुरु**-शतभिषा शुक्र-घी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, सोना, चांदी, पशु आदि में तेजी बनेगी। **कृ. १३ मंगल**-आज १४ का क्षय फाल्गुन में रुई व रुई पदार्थों में अवश्य तेजी आएगी। **नोट करें। कृ. ३० बुध**-पू.षा. बुध-गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, गुवार, सोना, चांदी में मन्दा। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, बिनौला, रुई, कपास तेज बिकेगा। **नोट**—इस पक्ष के योगों के अनुसार आगे भादों में सभी अन्न गेहूं, चावल, मूंग आदि में अच्छी तेजी बनेगी।

**शुक्ल पक्ष—शु. २ शुक्र**-चन्द्रदर्शन-गेहूं, जौ, चना, चावल, सरसों, तिल, तेल, ऊन, तिलहन, पदार्थ मन्दे। सोना, चना, जौ, तिल, तेल, सरसों, अलसी, मूंग, मसूर तेज। चांदी में घटबढ़ होगी। **शु. ३ शनि**-श्रवण-सूर्य, अश्विन मेषे मंगल-अलसी, जौ, गेहूं, बाजरा, लौंग, सुपारी, पीतल, सरसों, मीठे में तेजी। सोना, चांदी, तांबा, पीतल में मन्दा रहेगा। देश में अग्निकाण्ड, उपद्रव, नेताओं के आपसी झगड़े, प्रजा में विग्रह, रोजमर्रा की वस्तुओं में धीरे-धीरे तेजी आएगी। **शु. ५ सोम**-पू.भा. शुक्र-रुई, घी,तेलों

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



में अच्छी तेजी। अनाजों में मन्दा, प्रजा को कष्ट होगा। **शु. १० शनि**-उ.षा. बुध-सभी अन्न और बहुत सी वस्तुओं में मन्दा रहेगा। बच्चों को पीड़ा व इनकी मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी होगी। **शु. १२ मंगल**-मकरे बुध, मीने शुक्र-बिनौला, कपास, सरसों, अरण्डी, तिल, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड सभी अन्न में मन्दा। चांदी तेज। रुई, घी में घटबढ़ होकर तेज होगी। **शु. १५ शुक्र**-धनिष्ठा सूर्य, उ.भा. १ शुक्र-मूल पदार्थों में तेजी, अन्न, रुई, कपास, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक कपूर, सोना, चांदी में मन्दी। आगे समय दुर्भिक्षकारी होने से तेजी भी आवश्य बनेगी।

### विशेष योग

**कृष्ण पक्ष तिथि घटे शुक्र पक्ष बढ़ जाय।**
**होय सुभिक्ष सुकाल भूमि न अन्न समाय॥**
**मकर राशि के भानु में तेज बिके घी तेल।**
**धान्य भाव मन्दे रहें कुछ पीड़ा का खेल॥**
**दुतिया तृतीया माघ सुदी शुक्र शनिवार।**
**पृथ्वी पर युद्ध से बहै रक्त की धार॥**
**मंगल राहु साथ में एक नखत इक राश।**
**अनावृष्टि दुर्भिक्ष दुःख हो खेती का नाश॥**
**श्वेत अष्टमी माघ की कृतिका नक्षत्र संयुक्त।**
**फाल्गुन खेती गड़बड़े श्रवण अन्न धन भुक्त॥**

### अथ फाल्गुन मास फल विचारः-

मास में पांच शनिवार हैं। मावस शुक्रवारी, चन्द्रदर्शन ३० मु. और पूर्णिमा शनिवारी है। संक्रांति कुम्भ शुक्रवारी धापी ४५ मु. खप्पर योग बनाए बैठी है। कृष्ण पक्ष में तिथि का ह्रास हुआ है। सूर्य-बुध-शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच शनि नेष्ट फलकारक हैं। अनाज, नमक, घी, तेल में तेजी बनेगी। **कृ. ५ बुध**-घी, गेहूं को बढ़ाएगी। कृ. ६ को स्वाती आगे ३ मास दुर्भिक्षकारी रहेगा। मास का चन्द्रदर्शन गुड़, तिल, तेल, कपास के भावों को बढ़ाएगा। सुदी एकम् को शतभिषा शुभ है। सुदी २ रविवारी दक्षिण-पूर्व में बिमारी फैलाएगी। सुदी ८ को रोहिणी आगे वर्षा की खैंच करेगी। साते को कृतिका भादों की मावस को वर्षा करेगा। होली दहन शनिवार का देश को भारी संकट में डालेगा। कृष्ण पक्ष में धान्य तेज शुक्ल में मन्दा। सोना, चांदी, गाय, हाथी, घोड़ा, मोटर आदि तेज होंगे। वाहन दुर्घटना या कोई बड़ी प्राकृतिक घटना से जन हानि संभव है।

**कृष्ण पक्ष—कृ. ३ सोम**-श्रवण बुध-गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूं आदि धान्यों में तेजी आएगी। फसल को ओले आदि गिरने से नुकसान होगा। **कृ. ६ गुरु**-आज दिन स्वाती नक्षत्र शुभ नहीं। आगे ३ मास दुर्भिक्ष रहेगा। सूत, सरसों, मूंगफली, घी, चावल आदि में कुछ मन्दा रहेगा। **कृ. ७ शुक्र**-कुम्भे सूर्य-गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ज्वार, मूंग, सरसों, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक, घी, तेल, मूंगफली, अरण्डी आदि में तेजी बनेगी। **कृ. ९ शनि**-भरणी, मंगल, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, मूंग, मोंठ, बाजरा, गुवार, सोना, चांदी में अच्छी तेजी बनेगी। रस पदार्थ, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा आएगा। विद्वान व गणमान्य व्यक्तियों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। **कृ. १० रवि**-बुधास्त पूर्व-चांदी में घटबढ़ होकर मन्दी, सोना, गेहूं, अलसी में तेजी। **नोट**—अन्न में एक मास बाद अच्छी तेजी के योग बने हैं। व्यापारियों को कष्ट व प्रजा को बिमारी का सामना करना होगा। **कृ. १२ मंगल**-रेवती शुक्र-रुई, कपास, चन्दन, सूत, सण, जवाहरात, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दा रहेगा। **कृ. १३ बुध**-धनिष्ठा बुध-रुई में घटाबढ़ी चलेगी। अन्न, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जस्ता में मन्दा आएगा। **कृ. १४ गुरु**-शतभिषा सूर्य-सोना, चांदी में मन्दा आकर तेज होगी। सरसों, सूत, कपड़ा, तिल, तेल, किराना, गेहूं, गुड़, खाण्ड आदि में तेजी आएगी। **कृ. ३० शुक्र**-भावों में ठहराव रहेगा।

**शुक्ल पक्ष—शु. १ शनि**-चन्द्रदर्शन-धान्य पदार्थों में घटबढ़ हो, तिल, तेल, सरसों, अलसी, मूंग, मसूर, गुड़, कपास आदि पदार्थों में अच्छी तेजी पक्ष भर रहेगी। **शु. २ रवि**-कुम्भे बुध-घी, तेल, सरसों, अलसी, रसकस, गुड़, सक्कर आदि में घटबढ़ से मन्दा। सोना, चांदी, तांबा, पीतल में मन्दी से तेजी आएगी। देश के दक्षिण-पूर्व में प्रजा बिमार होगी। **शु. ५ बुध**-शतभिषा बुध-सोना, चांदी, सण, सूत, अन्न आदि में तेजी आएगी। देश की छोटी-छोटी बस्तियों में बीमारी फैलेगी। **शु. ७ शुक्र**-आज कृतिका नक्षत्र है ध्यान रखें आगे भाद्रपद मास में उत्तम वर्षा होगी। **शु. ९ रवि**-अश्विनी मेषे बुध-तिल, तेल, सरसों, अरण्डी, रुई, सूत, ऊन आदि में घटबढ़ चलकर मन्दा आवे। आज से १० दिन बाद सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना आदि तेज होंगे। **शु. १३ गुरु**-पू.भा. सूर्य, पू.भा. बुध-स[illegible] में घटबढ़ चले। रेशम में अच्छी तेजी आएगी। गुड़, खाण्ड तेज होकर मन्दा होगा। देश में कहीं-कहीं आपसी झगड़े बढ़ेंगे। कहीं प्रेम भी होगा। **शु. १५ शनि**-कृतिका मंगल-रुई मन्दी, गेहूं, जौ, चना, तिल, सरसों, अलसी, चांदी, चावल, सूत, कपड़ा तेज होगा। प्रजा बिमार रहें। आज मघा नक्षत्र है। शुभ नहीं, आगे कई वस्तु तेज होंगी।

### विशेष योग

**षष्ठी फाल्गुन बदी में चित्रा करे सुभिक्ष।**
**यदि स्वाति हो तो तीन मास दुर्भिक्ष॥**
**फाल्गुन शुक्ला सप्तमी हो कृतिका नक्षत्र।**
**भादव मावस के दिन वर्षा हो सर्वत्र॥**
**मंगल राहु शुक्र जब हो एक राशि आधार।**
**राजाओं में युद्ध हो बहे रक्त की धार॥**
**मास नखत पूनम नहीं तेज बिकै तब अन्न।**
**शनि दिन होली दहन संकट सहे जहान॥**

### अथ चैत्र कृष्ण पक्ष फल विचारः-

यह पक्ष रवि से आरम्भ हो रहा है। मावस शनि की, संक्रांति मीन रविवार की भूखी ३० मु. बैठी है। सूर्य, मंगल, बुध ने राशि परिवर्तन किया है। कृष्ण पक्ष में तिथि ह्रास शुक्ल में वृद्धि हुई है। जोकि उत्तम योग है। शनि मार्गी, बुधोदय पश्चिम में हुआ है। पांच रवि नेष्ट फलकारक हैं। प्रजा रोगी होगी। कपास, घी, तेल, सूत, सोना, किराणा आदि में तेजी बनेगी। राजनीति में भारी उतार-चढ़ाव से प्रजा में विग्रह होगा। मंगल, शुक्र का मिलाप बहुत सी वस्तुओं में तेजी लाएगा।

**कृष्ण पक्ष—कृ. १ रवि**-शनि मार्गी-तिल, तेल, सरसों में तेजी, रुई, सूत, कपास में ६-७ दिनों में मन्दी आकर तेजी बनेगी। सफेद वस्तु तेज होकर मन्दी होगी। वक्री के समय जो वस्तु तेज हुई व मन्दी, जो मन्दी हुई वह तेज होगी। **कृ. ३ मंगल**-मीने, बुध-रुई, सूत, कपास, बिनौला तेज, अन्न में घटबढ़ से मन्दा, चना, गुड़, शक्कर मन्दा, सोना, चांदी में पहले तेजी पीछे मन्दा आएगा। प्रजा व अधिकारी वर्ग में आपसी द्वेष बढ़ेगा। **कृष्ण ४ बुध**-उ.भा. बुध-चांदी में अच्छा उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। गुड़, खाण्ड, अन्न भाव सामान्य, राजा प्रजा में आपसी द्वेष बनेगा। **कृ. ५ गुरु**-वृषे मंगल-सभी धान्य गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोंठ, सरसों, तिल, तेल, अलसी, चन्दन, केसर, जूट, बारदाना, धातु, कपूर आदि में [illegible] होगी।

**कृ. ६ शुक्र**-भरणी शुक्र-तेल, तिल, सरसों, गेहूं, जौ, चना आदि में घटबढ़ से मन्दा बनेगा। सोना, चांदी में अच्छी मन्दी आएगी। **कृ. ८ रवि**-मीने सूर्य-अन्न, तेल, तिल, नमक, चांदी, सोना, सण, खाण्ड में अच्छी तेजी बनकर मन्दा और चांदी मन्दी रहेगी। **कृ. ११ बुध**-उ.भा. सूर्य, रेवती बुध, बुधोदय पश्चिम, चांदी में अच्छी तेजी, रुई, कपास, घी, तेल, सरसों, अरण्डी में मन्दा, गन्ध पदार्थ, चन्दन, कपूर, मिर्च, लौंग, लाल वस्तु तेज होगी। **कृ. ३० शनि**-आज पू.भा. नक्षत्र है शुभ है। आगे पक्ष उत्तम रहेगा। भावों में मन्दी आएगी। प्रजा को सुख मिलेगा।

### विशेष योग

**चैत्र बदी में तिथि घटे और सुदी बढ़ जाए।**
**हो सुभिक्ष सुकाल भूमि में अन्न न समाए॥**
**सर्वधान्य मंहगे बिकैं मीन राशि गत भानु।**
**तेजी तिलहन नमक में साधारण अनुमान॥**
**मेष राशि पर होय जब शुक्र राहु योग।**
**धान्य भाव मंहिगा रहे विग्रह पीड़ित लोग॥**
**वक्री चाल चलते हुए शनि मार्गी हो जाय।**
**चालू रुख व्यापार का एकदम पलटा खाय॥**

**तेजी-मन्दी सट्टा पुस्तक**—तेजी-मन्दी के चांस तथा लाटरी सट्टे के अंक निकालने के लिए यह पुस्तक उत्तम है। मूल्य १२१/- रुपये, डाक खर्च ३० रु. अलग।

**योग रत्नाकर**-यह पुस्तक दोहों के रूप में लिखी गई है। वर्षा का ज्ञान तथा तेजी-मन्दी का ज्ञान बहुत अच्छी प्रकार से समझाया गया है। मूल्य ५१/-रुपये, डाक खर्च २५ रु. अलग।

**व्यापार भविष्य फल**-हर वस्तु की अलग-अलग तेजी-मन्दी, स्पेशल तथा लंबी लाइनें हर वस्तु की अलग-अलग हैं। सट्टे, वायदा व्यापार तथा हाजिर स्टाक के माल के चांस हर वस्तु के अलग-अलग दिए गए हैं। मूल्य १२०/-रु. मंगाकर लाभ उठायें। डाक खर्च ३५ रु. अलग। नोट-कार्यालय में तेजी-मन्दी के अचूक चांस निकाले जाते हैं। एक वस्तु की फीस इस प्रकार से है-फीस १ मास की ३५१/-रु., फीस ३ मास ९७५/-रु., फीस ६ मास १९५०/-, फीस १ साल ३८५१/- रु. है, स्पेशल चांस की फीस ५५१/- रु. है। पूर्ण वर्ष स्पेशल चांस फीस ६०००/- रु. मंगाकर लाभ उठायें।

**पताः ज्योतिष रत्न कार्यालय**
पो.-फर्रुखनगर-१२२५०६, जिला गुड़गावां
फोन कार्या. : 6375218, एस.टी.डी. 0124
निवास- 6375377 एस.टी.डी. 0124

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

दुर्घटना या कोई बड़ी प्राकृतिक घटना से जन हानि संभव है। | बुध- सभी अन्न, सभी धातु सोना, चांदी में मन्दा, सूत | तेजी बनेगी। प्रजा में आपसी झगड़ों में बढ़ोत्तरी होगी। | फोन कार्या. : 6375218, एस.टी.डी. 0124 निवास- 6375377 एस.टी.डी. 0124

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# चन्द्र शृंगोन्नतः व्यापार वाणी सं. २०६० विक्रमी

## श्री शंकर साहित्य सदन, दूरा, फतेहपुर सीकरी (आगरा) (उत्तर प्रदेश)

### चैत्र शुक्ल पक्ष

रक्त वर्ण — दक्षिण शृंग

दिनांक ३ अप्रैल सन् २००३ ई॰ चैत्र शुक्ल २ गुरुवार को चन्द्रदर्शन दक्षिण शृंग से हो रहा है। जिसका फल राष्ट्र तथा संसार में अशान्ति उत्पन्न का सूचक है। गेहूँ, चना, जौं, मटर, उड़द, मोंठ, मसूर, हल्दी, काली मिर्च, सोना, चाँदी, पीतल, स्टील पर घोर तेजी आती है। जूट, पाट, बारदाने के भाव भी ऊँचे पर चले जाते हैं। घी, तेल, रुई, कपास, ऊन में भी तेजी होती है। व्यापारी वर्ग इस मास में अच्छा लाभ उठा सकते हैं। दक्षिण भारत में अशान्ति तथा प्राकृतिक प्रकोप अवश्य होता है।

### वैशाख शुक्ल पक्ष

रक्त वर्ण — सम शृंग

सं॰ २०६० वि॰ वैशाख शुक्ल २ शनिवार को चन्द्रदर्शन सम शृंग रक्तस्वर्ण से दिखलाई देगा। चन्द्रमा का यह दर्शन रुई, कपास, ऊन, काष्ठ, कोयला, मिट्टी के तेल में कुछ मंदापन लाते हैं। गेहूँ, चना, मटर, जौं, उड़द, मोंठ, मसूर, घी, तेल, सोना, चांदी, ताम्बा, स्टील के भाव कुछ तेजी पर आते हैं। जर्मन, अरब राष्ट्रों में जनधन का भारी विनाश होता है। जूट, पाट, बारदाना, किराना वस्तुओं के भाव कुछ गिर जाते हैं। व्यापारी वर्ग को संग्रह करने की राय देता है। अंधड़, तूफानादि का भय, अग्नि प्रकोप की संभावना बनी रह सकती है।

### ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष

पीत वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ ज्येष्ठ शुक्ल १ रविवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग पीतवर्ण से होगा। रविवार को चन्द्रदर्शन पश्चिमी देशों में विग्रह, उत्पात, युद्ध की स्थिति बनाते हैं। किसी भीषण रोग का प्रादुर्भाव भी होता है। केन्द्र तथा प्रान्त में राजनैतिक उथल, पुथल भी होती है। गेहूँ, चना, जौं, मटर, मक्का, उड़द, ज्वार, बाजरा, ग्वार पर एक दम सस्तापन होता है। दाख, किशमिश, जीरा, धनिया, हल्दी, काली मिर्च, चिरोंजी, मखाने पर घोर तेजी होती है। वायु संचार के साथ खण्ड दृष्टि भी होगी।

### आषाढ़ शुक्ल पक्ष

श्वेत वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ आषाढ़ शुक्ल २ मंगलवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग श्वेतवर्णा से होगा। मंगलवार को चन्द्रदर्शन दुर्भिक्ष की स्थिति बना सकता है। कार्तिकी फसल अवश्य अच्छी होती है। पाक में प्राकृतिक प्रकोप से जन धन का भारी विनाश होता है। गेहूँ, चना, जौं, मटर, मक्का, चावल, उड़द, मूंग, मसूर, मोंठ में कुछ सस्तापन होता है। जीरा, धनियां, हल्दी, किशमिश, दाख, हींग, मखाने में अच्छी तेजी होती है। जूट, पाट, बारदाने के भाव गिर जाते हैं। मासान्त में वर्षा के योग बनते हैं।

### श्रावण शुक्ल पक्ष

रक्त वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ श्रावण शुक्ल २ गुरुवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग रक्त वर्ण संयुक्त होगा। इस मास में पृथ्वी के पूर्वी भागों में प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, भूस्खलन होने की पूर्ण संभावना है। जापान, जर्मन, हालैण्ड, आस्ट्रेलिया, लन्दन आदि में उपद्रव, सत्ता के विरुद्ध उपद्रव, तोड़फोड़, सरकारी सम्पत्ति का भारी विनाश होता है। सोना, चांदी, ताम्बा, लोहा, पीतल, स्टील, गेहूँ, चना, मटर, चावल, मूँग, मसूर, उड़द के भाव गिर जाते हैं। कागज स्टेशनरी के सामान में अच्छी तेजी होती है। केन्द्रिय मंत्रिमण्डल में आकस्मिक परिवर्तन होता है।

### भाद्रपद शुक्ल पक्ष

पीत वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ भाद्रपद शुक्ल २ शुक्रवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग पीतवर्ण से दिखाई देगा। इस चन्द्रर्शन से भ्रष्टाचार, पापाचार, हत्याकाण्ड, लूट पाट आदि उपद्रव होते हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में घोर वर्षा, बाढ़ की संभावना है। उत्तर पदेश, कुछ राजस्थान, मध्य प्रदेश में समयानुकूल वर्षा होती है। गेहूँ, चना, जौं, चावल, लोहा, चांदी, सोना, ताम्बा में अच्छी तेजी होती है। काली मिर्च, दाख, किशमिश, जीरा, धनियाँ, के भाव गिर जाते हैं।

### आश्विन शुक्ल पक्ष

श्वेत वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ आश्विन शुक्ल २ चन्द्रवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग श्वेतवर्ण से होगा। उत्तर भारत में प्राकृतिक प्रकोप, नयी विधान सभाओं में नये विधान पारित होंगे। जनता- सरकार में खुशी की लहर दौड़े। सुखशान्ति का अच्छा समय दिखलाई दे रहा है। गेहूँ, चना, जौं, मटर, चावल, सरसों, तिल, प्रियंगु के भाव गिरकर एक दम चढ़ जाते हैं। घी, तेल, दाख, किशमिश, जीरा, धानियाँ, मखाने, हींग के भाव विशेष ऊँचे चढ़ सकते हैं। राजनैतिक दलों में दरार हो।

### कार्तिक शुक्ल पक्ष

श्वेत वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ कार्तिक शुक्ल २ चन्द्रवार को चन्द्रदर्शन उत्तरशृंगश्वेतवर्ण से होगा। उत्तर भारत में प्राकृतिक प्रकोप से हानि भी होगा। नवीन विधान सभाओं में नये विधान भी पारित हो सकते हैं। जनता सरकार के लिये अच्छा समय है। सुख शान्ति का वातावरण बने। गेहूँ, चना, जौं, मटर, चावल, सरसों, तिल, प्रियंगू के भाव एक दम गिर जाते हैं। घी, तेल, दाख, किशमिश, जीरा, धनियाँ, मखाने, चिरोंजी पर घोर तेजी होती है।

### मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष

पीत वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ मार्गशीर्ष शुक्ल २ मंगलवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। सुखशान्ति का परिचायक है। राम मंदिर, बाबरी मस्जिद विवाद पुनः तूल पकड़ सकता है। जिसमें सरकार कड़े कदम भी उठा सकती है। गेहूँ, चना, जौं, चावल, उड़द, मूंग, मोंठ, मसूर, सोना, चांदी, ताम्बा, स्टील पर अच्छी तेजी होती है। उत्तर पूर्व में जातीय संघर्ष हो सकता है। उपद्रव, आन्दोलन, तोड़फोड़ वारदातें हो सकती हैं। राजनैतिक पार्टियों में मतभेद उत्पन्न हो सकता है।

### पौष शुक्ल पक्ष

श्याम वर्ण — उत्तर शृंग

संवत् २०६० वि॰ पौष शुक्ल २ गुरुवार को चन्द्रदर्शन उत्तरशृंग श्यामवर्ण से दृष्टि गोचर होगा। दक्षिण में उपद्रव, अशान्ति का वातावरण बन सकता है। गेहूँ, चना, जौ, चावल, उड़द, मूँग, मसूर, किशमिश, गूगल, काली मिर्च [illegible] हींग, हल्दी, जवाखार, मखाने के भाव तेजी पर जा स[illegible] भूकंम्प से पश्चिमी राष्ट्रों में लाखों लोग बेघर हो सकते हैं। सोना, चांदी, ताम्बा, लोहा, स्टील, काष्ठ, कोयला, मिट्टी के तेल, डीजल, पैट्रोल के भावों में तेजी [illegible]।

### माघ शुक्ल पक्ष

श्याम वर्ण — सम शृंग

संवत् २०६० वि॰ माघ शुक्ल २ शुक्रवार को चन्द्रदर्शन सम शृंग श्यामवर्ण से होगा। जर्मन, ब्रिटेन, रूस, अमेरिका में अशान्ति पैदा हो सकती है। भारत में शान्ति का वातावरण बना रह सकता है। पूर्व में युद्ध अवश्य ही होगा। गेहूँ, चना, जौं, चावल, मटर, उड़द, मूँग, मसूर, मोंठ पर अच्छी तेजी हो। सोना, चांदी, ताम्बा, लोहा, स्टील के भाव गिर जाते हैं। किशमिश, जीरा, धनियाँ, कालीमिर्च, जूट, पाट, बारदाना तेज।

### फाल्गुन शुक्ल पक्ष

पीत वर्ण — दक्षिण शृंग

संवत् २०६० वि॰ फाल्गुन शुक्ल १ शनिवार को चन्द्रदर्शन दक्षिणशृंग पीतवर्ण वाला दिखाई देगा। इसका फल दुर्भिक्ष कारक है। उपलवृष्टि, खण्डवृष्टि से हानि हो सकती है। गेहूँ, चना, मक्का, मटर, चावल, शक्कर, गुड़, सोना, चाँदी, ताम्बा, किराना वस्तुओं के भावों में जोरदार तेजी होती है।

### सन् २००३-२००४ ई॰ में सरसों स्पेशल चांस

| खरीदना | बेचना | खरीदना | बेचना |
|---|---|---|---|
| अप्रैल - ३ से २० तक | २१ से २८ तक | अप्रैल - ४ से १५ तक | १६ से २५ तक |
| मई - ५ से १५ तक | १६ से ३० तक | जून - ५ से १८ तक | २० से २८ तक |
| जुलाई - ७ से १८ तक | १९ से २५ तक | अगस्त - ५ से १९ तक | २२ से ३० तक |
| सितम्बर - ५ से १८ तक | २० से २८ तक | अक्टूबर - २ से १० तक | १२ से १८ तक |
| नवम्बर - २ से २० तक | २२ से ३० तक | दिसम्बर - ४ से २० तक | २२ से २९ तक |
| जनवरी - ४ से १६ तक | १८ से २६ तक | फरवरी - २ से १० तक | १५ से २८ तक |
| मार्च - ४ से २० तक | २४ से २७ तक | | |

### सन् २००३-२००४ ई॰ में जीरा स्पेशल चांस

| | | | |
|---|---|---|---|
| अप्रैल - ४ से २२ तक | २४ से २८ तक | अप्रैल - २ से १० तक | ११ से २५ तक |
| मई - ८ से १८ तक | १९ से ३० तक | जून - ११ से २२ तक | २३ से ३० तक |
| जुलाई - १० से २५ तक | २६ से ३० तक | अगस्त - १५ से २५ तक | २६ से ३० तक |
| सितम्बर - ४ से १५ तक | १६ से २८ तक | अक्टूबर - ८ से २० तक | २२ से २८ तक |
| नवम्बर - ४ से २० तक | २२ से २८ तक | दिसम्बर - १५ से २५ तक | २६ से ३० तक |
| जनवरी - ५ से १८ तक | २० से २५ तक | फरवरी - १० से २८ तक | २८ से २८ तक केवल ३ घंटे |
| मार्च - ५ से २५ तक | २७ से ३० तक | | |

तेजी मंदी रिपोर्ट फीस :- वार्षिक २००१.००, षट्मासिक १००१.००, त्रैमासिक ५०१.००, मासिक २५१.०० डाक व्यय ५०.००
जन्म पत्र फीस :- अतिश्रेष्ठ २००१.००, श्रेष्ठ १००१.००, माध्यम ५०१.००, साधारण २५१.००, डाक व्यय ५०.००
हस्त रेखा भविष्य दर्शन :- अतिश्रेष्ठ २००१.००, श्रेष्ठ १००१.००, माध्यम ५०१.००, साधारण २५१.००, डाक व्यय ५०.००
पता :- संस्थापक संचालक पं. शंकरलाल गौड़
ज्योतिषाचार्य पं. शंकरलाल गौड़ "शंभु कवि" ब्रज बाबा पथ दूरा, फतेहपुर सीकरी (आगरा), (उ. प्र.) पिन २८३११०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



# संवत् विक्रम २०६० (सन् २००३-२००४ ई.) का सामूहिक व्यापार भविष्य

लेखक-ओंकार दैवज्ञ ( व्यापार अनुसंधान केन्द्र ), पो. हापुड़, गाजियाबाद ( यू.पी. )

संवत् विक्रम २०६०, ०२ अप्रैल दिन बुधवार को लगने से वर्ष का राजा बना है बुध। ज्योतिष शास्त्र में व्यापार का स्वामी तो होता है साथ ही ज्योतिष का स्वामी, वकीलों का स्वामी होने से सभी को उन्नति प्रदान कारक यह सं. रहेगा। मंत्री शशि पिता-पुत्र का योग भी उन्नति कारक है।

**भैरव प्रश्न** - जननी कालिका माँ सुनो, भैरव प्रश्न विनीत।
साठ साल अब आयेगा, हाल कहो कर प्रीत।।

**भवानी कालिका उत्तर** -

बुध राजा मंत्री शशि पुत्र और पिता का योग।
मेघ का द्रोण नाम है, समुन्द्र में रोहिणी वास।।
धान्याधिप कुजधान्य में करे घटा बढी की चाल।
कोई तो माल कमायेगा, कोई कोई हो पैमाल।।
संवत् अच्छा होवेगा क्योंकि विश्वा वर्षा पाँच।
ऊंकार भजन से सुख मिले भैरव समझो सांच।।

**वर्षा का राजा बुध** - होने से भारत में स जल हरियाली गूंजेगी। घर-घर में विवाह मंगल कार्य अधिक होंगे। सुभिक्ष धन धान्य की वृद्धी करेगे। **मंत्री चन्द्रमा**-इस वर्ष में गरीब घरों को भी अमीर बना देगा। चांदी की अधिकता, श्वेत वस्तु अधिक रूपेण वृद्धी पर होंगी। जब भी चन्द्रमा की चाल पाप ग्रहों से बने तभी माल लेकर १५ ही दिन में लाभ यानि तारुणी करना विशेष लाभ प्रद होगा। सस्येश बुध-इस वर्ष में जल की वृद्धि निरुपद्रवम् और ब्राह्मणों की वृद्धि होगी। इस वर्ष होने से ग्रीष्म ऋतु में धान्य की महर्घता दिखाई देगी। जौ, चने की वृद्धि इस वर्ष होगी। सुख सुभिक्ष करेगा। आकाशीय कौंसिल का चुनाव उत्तम है, क्योंकि जल ही जीवन होता है, इस वर्ष मेष का नाम द्रोण है इसलिए-*द्रोणः वर्षति सर्वदा। रोहिणी वास समुद्रे। समुद्रे तु महावृष्टी।।* ऐसा ज्योतिष शास्त्र का लेख है। समय का निवास, इस वर्ष माली के घर में रहेगा। - लेख ज्योतिष शास्त्र में पाये जाते हैं इसलिए सम्वत् २०६० दुष्कर्मियों के लिए खराब और उत्तम कर्म करने वालों के लिए महान् उत्तम रहेगा। सम्वत् २०६० में चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ में विवाह मुहूर्त खूब होंगे लेकिन मंगशिर मास में सिंह का गुरु आने से ज्योतिष शास्त्र का लेख है कि .....

**सिंहस्थ गुरौ वर्ज्यं कर्माणि**-अर्थात् सिंह के गुरु में शुभ कार्य नहीं होते। इसलिए आषाढ़ तक की तेजी ही पर्याप्त जानें।

**चैत्र शुक्ला सम्वत् २०६० का सामूहिक भविष्य**- यह महीना ता॰ २ अप्रैल बुधवार को प्रारम्भ होने से वर्ष का राजा बुध बनेगा जो सटट्टे बदनी तथा हाजिर मार्केटों में अच्छी चमक लायेगा। चन्द्रदर्शन पड़वा में न होकर दोयज में ही होगा। गुरुवारी दर्शन खास तौर से चांदी, सोना, पीतल आदि धातु पदार्थों में तेजी कारक होता है। लेकिन ता॰ ४ अप्रैल को बुध का उदय पश्चिम और तृतीया तिथी की वृद्धि होने से मन्दी और तेजी दोनों के योग बनते हैं। इस तारीख से पहले अगर भारी मन्दी आ चुकी हो तो तेजी ता॰ ११ अप्रैल तक आयेगी। अगर ता॰ ४ को १ बजे तक विपरीत मार्केट चल जावे जब विपरीत ही सौदा करें ऐसा यह चांस रामबाण है। ता॰ ११ अप्रैल को सूर्य अस्त के बाद मकर का मंगल विपरीत मार्केट हर वस्तु में चलायेगा। ता॰ १४ अप्रैल को मेष संक्रांति होने से इस वर्ष का मंत्री चन्द्रमा बन जाएगा। इससे यह सिद्ध होता है कि दोनों शुभ ग्रह हैं लेकिन पुत्र पिता से कभी-कभी नेष्ट प्रभाव भी करेगा। चन्द्रमा का बेटा बुध और चैत्र शुदि चौदस का क्षय होना नेष्ट होने से यहां की चालू लाईन पूर्ण रूप से चलेगी। इस महिने में ता॰ ३, ४, ११ तथा १४ अप्रैल इन तारीखों में १०० तेजी तो २५ मन्दी शेयर, सोना, चांदी, सरसों, चना आदि में लाभदायक अवश्य रहेंगी।

**बैशाख सम्वत् २०६० का सामूहिक व्यापार भविष्य**-इस माह में बुधास्त पश्चिम में २७ अप्रैल को और ता॰ २५ अप्रैल को बुध बक्री होंगे। बुध व्यापार पति माना गया है। इसलिए ता॰ १७ अप्रैल से ता॰ १६ मई तक बहुत जर्बदस्त घटबढ़, तेजी-मन्दी गेहूँ, चने की आवक रहेगी। ता॰ १७ को जो भी लाईन बनेगी वही लाईन ज्यों की त्यों पांच दिवसीय चलेगी। चाहे शेयर हो या चांदी, सोना, गुड़, रुई, बिनौला या अन्य कोई भी वस्तु हों, उन सभी में इस ग्रह का प्रभाव अवश्य पड़ेगा। ता॰ २२ अप्रैल मंगलार को तिथि टूटने से जबद्रस्त मन्दी के योग मानते हैं। इसलिए पुराना माल गेंहू, चना, जौं आदि की अवश्य बेच देवें क्योंकि भविष्य में मन्दी का साम्राज्य होगा। इस ग्रह के असर से मेंथा, पीतल, शेयर, चीनी, गुड़ आदि सभी प्रभाव में आयेंगे। यह लाईन ता॰ २५ अप्रैल तक बिना रियक्शन के चलेगी। ता॰ २५ की अर्द्ध रात्रि को बकी बुध होने से ता॰ २५ का जो भाव बन्द होंगे वह नजर भी नहीं आयेंगे और ता॰ २६ अप्रैल से नयी लाईन चल पड़ेगी। इसलिए यहां सट्टे-बदनी के व्यापार में तेजी लगाना अच्छा रहेगा। यहां की चालू चाल ता॰ २ मई तक सीधी चलेगी। ता॰ ३ मई को शनिवारी चन्द्रदर्शन मार्केटों में विशेष रूप से खिचांव पैदा करेगा अर्थात् घने नीचे भाव हों तो खरीदना। ऊंचे भाव हों तो बेचना। यहां की चालू लाईन पूर्ण शुक्ल पक्ष में चलेगी और किसी वस्तु में जबद्रस्त तेजी आयेगी लेकिन ता॰ ५ मई सोमवार को पिछली लाईनें खत्म होंगी और ता॰ ६ मई को नई लाईन बनाकर इस महीने में विशेष चहलपहल बुध उदय ता॰ १६ बैशाख शुदि पूर्णिमा तक चलने का विचार है क्योंकि बैशाख शुदि चतुद्रशी को वृष का सूर्य पन्द्रह मुहूर्ती है जो किसी किसी वस्तु में जैसे कि चांदी, सोना, सरसों, सोया, मेंथा में चल सकती है।

**ज्येष्ठ सम्वत् २०६० का सामूहिक व्यापार भविष्य** - इस माह में पांच शनिवार हैं जो कि लौह से सम्बधित सभी वस्तुओं में तेजी लायेंगे। इन्फीरियर लाईन का साम्राज्य इस माह में छाया रहेगा और मार्गी बुध, सूर्य ग्रहण, शनि अस्त इस माह के खास ग्रह योग हैं। ऐसे योगों में किसी वस्तु में भयंकर तेजी और किसी वस्तु में मन्दी की मोटी लाईन निकला करती है। ता॰ २२ मई से पहले जिस वस्तु में मन्दी रहे उसी में आये २५ दिन विपरीत मार्केट चलेगा। बहुत जबद्रस्त गेहूं, चना की आवक होने से मंडियों में भरपूर वस्तुएं दिखाई देंगी और ता॰ २२ के मध्यान्ह से जिस वस्तु में जिधर लाईन चलेगी वही लाईन तमाम महीने चलने की आशा है। मकर का मंगल धान्यों में ज़ोरदार मन्दी करेगा लेकिन शृंगार व खुशबूदार वस्तु सभी में तेजी का योग बनता है। अमावस्या को खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण बहुत ज़ोरदार जो मन्दी की लाईन चल रही होगी उसमें दो दिन तो स्थिरता बाद में तेजी की लाईन छायेगी। अगर दो दिन में हमारे लिखे अनुसार मार्केट न चले तब तुरन्त सौदा विपरीत में डबल करके सौदा करें। यह संकेत सिर्फ सट्टा बदनी के व्यापार में है। चांदी, सोना के ऊँचे भाव अब आखिरी रूप में चलेंगे। अन्य वस्तु जैसे आलू, मैंथा में तेजी का प्रभाव बढ़ेगा और दीगर तमाम वस्तुओं में पूर्व लाईनें तारीख ६ जून से पलटने लगेंगी। इस मास का खास चांस यही है कि घने ऊँचे भावों को देखकर फंसना नहीं चाहिए बल्कि नफा पक्का करना चाहिए।

**आषाढ़ सम्वत् २०६० का व्यापार भविष्य** - सूर्य की वस्तु चाहे वह धातु हो चाहे दालों में हो चाहे शेयरों में हो सभी में असर तेजी का होता है। जब-जब भी सिंह का चन्द्रमा हो तभी चांस सम्पन्न होगा जहाँ आप गली फाट के भी लगा कर लाभ उठा सकते हो। इस माह में इन्फीरियर लाइन का प्रभाव तेलों के स्टॉक की इजाजत देता है। धमाके की मंदी जब भी आयेगी तभी खरीदो। इस महीने में शुक्ल पक्ष में १३ का क्षय होना तेजी कारक है मंदी आने पर स्टॉक का ध्यान भी रखना। सट्टे-बदनी में बदि प्रतिपदा की लाइन बदि छट तक, अगर सातें को

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

ता॰ २ अप्रैल बुधवार को प्रारम्भ होने से वर्ष का राजा ... का क्षय होना तेजी कारक है मंदी आने पर स्टाक का ध्यान भी रखना। ... प्रतिपदा की लाइन बदि छट तक, अगर सातें को

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS



१२ से १ घंटे में मंदी चली तो मंदी, महीने के नये भाव २० घंटे में न बने तो तेजी की १ सप्ताह की लाइन चलेगी। इस के बाद भाव पड़े से रहेंगे, पर भौमवारी चन्द्रदर्शन ता॰ १ जलुाई को होने से पूर्व सभी वस्तुओं के भाव १ दम बदलेंगे और देव-शयमी एकादशी तक चलेंगे बाद ४ दिन में ही १/४ का रियक्शन सभी हाजिर व सट्टे-वंदनी के व्यापारों में आयेगी। ता॰ १७, ता॰ २४ जून तथा ४, ८, ११ जुलाई को नजराना तेजी मंदी लगानी, लाभ प्रद रहेंगी। भूल कर भी मंदी का रियक्शन चांदी, चीनी में चांस बेचान का नहीं होगा बल्कि स्टोक ही करना साथ ही मैथा का व्यापार का लाभ प्रद रहेगा।

**श्रावण सं॰ २०६० का सामूहिक विवरण** - इस महीने में श्रावण बदि प्रतिपदा ता॰ १४ जुलाई को कर्क राशि में गुरूदेव प्रात: आश्लेषा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेंगे। गुरुदेव के प्रभाव से सोना, हल्दी व तमाम पीली रंग की वस्तुओं में जोरदार चाल चलेगी। इस ग्रह के प्रभाव से व्यापार में चहलपहल नये आयात-निर्यात व नये सट्टे भी बढ़ा करते हैं। इस महीने में गुरुवार की चाल हर गुरुवार को नये भाव बनाएंगे। जो चाल पीली वस्तुओं में शुरू होगी वह सत्रह जौलाई श्रावण बदि चौथ तक चलेगी क्योंकि कर्क में सूर्य ता॰ १७ जुलाई की शाम १७ घटि पर प्रवेश करेंगे। यह संक्रान्ती बाल्य अवस्था में बैठी है और १५ मुहूर्ती तेजी सूचक है। ता॰ १८ जुलाई को मेंथा और चीनी, गुड़ आदि तमाम धान्यों में ता॰ १७ की १२ से १ बजे के दरम्यान में चालू लाईन ता॰ २४ जुलाई तक तो चलेगी ही बाद ता॰ २४ को ही कर्क राशि में ही शुक्र के संचरण के प्रभाव से और ता॰ २७ जुलाई की रात्रि में शुक्रास्त होने से या तो मार्केटें में पानी पानी हो जाएंगा या एकदम मार्केट बढेंगे। जब दो ग्रह भिन्न-भिन्न प्रभावकारी हुआ करते हैं तब बहुधा वस्तुओं में रियक्शन लेकर मार्केट चला करता है और खास तौर से कालीमिर्च, कोचीन का व्यापार तेजी कारक बन जाता है। यहां की चालू लाईन ता॰ २ आगस्त तक अवश्य ही चलेगी। नाग पंचमी श्रावण शुदि चतुर्थी शनिवारी होने से जिन शेयरों में अधिक मन्दी आई होगी उनमें तेजी का बिगुल बज जाएगा। पर चांदी, सोना, मणि आदि में विशेष मन्दी का प्रवाह होगा। रविवार ता॰ १० अगस्त को गुरु अस्त होंगे जो अगले दिन सोमवार से गुरु के अधिकार की वस्तुओं में मन्दी का प्रभाव बनाऐंगे।

**भाद्रपद सं॰ २०६० का सामूहिक विवरण:-** भादों लगते ही सभी पूर्व लाइनें ज्यों की त्यों चलती रहेंगी लेकिन भादों बदि पंचमी रविवार सिंह की संक्रान्ति लगने से धान्यादि, तेल, मेंथा, शेयर तथा वायदा बाज़ारों में तेजी का विचार बनता है लेकिन शुक्रास्त पूर्व में मणि, चांदी, सोना में विशेष मन्दी कारक है। जब दो प्रकार के संक्रमण होते हैं तब ग्रहों के प्रभाव से खाने-पीने की वस्तुओं में तथा सोना, चांदी, प्रमुख शेयरों में पृथक-पृथक लाइनें चला करती हैं। सें सेक्स में ४० से ५२ या दुगना अकं गिरने की सम्भावना बनेगी। बजाज आटो, ऐ, सी. सी. तथा बड़ी कम्पनीयों के शेयरों में बिकवाली का जोर होने की सम्भावना है। जन्माष्टमी पर कन्या राशि में बुध देव का संचरण ता॰ २१ अगस्त को गोगा नवमी के दिन करीब २५ घटी पर होने से पूर्व चली लाईन कल से रुख पलट देगी। भारतीय उद्यम पर यमाहा का पूर्ण स्वामित्व ५८ से ९८ फीसदी स्वामित्व का योग बनता है। अन्य दीगर लाइनें ज्यों की त्यों जन्माष्टमी बाद एक सप्ताह में ही अपना अच्छा प्रभाव दिखायेंगी लेकिन भादों बदि चतुद्रशी मंगलवार ता॰ २६ अगस्त की रात्रि में बुध बक्री होने से ता॰ २७ अगस्त से पूर्ण प्रभाव कबरिट जो भी शाम को बनेंगे वे अगले दिन बद कर चलेंगे। इण्डियन किशमिश, पीले-हरे बादाम, छुआरे, पिश्ता के भाव सुधरेंगे। इस पीरियड में मन्दी आने पर घटे भाव स्टाक करें और खास तौर से हाजिर तथा सट्टा तिलहन के भाव तेजी पर जाएंगे। खास तौर से आलू, गुड़, सट्टा बाजार तथा सोयाबीन में तेजी का संचार होने की धारणा है। अगर यहां भाव पड़े रहें या मन्दी आती दिखाई दे तब भी घबराना मत क्योंकि भादों शुद्धि में बुधाष्टमी का टूटना और सिहें बुध ता॰ ४ सितम्बर को और इसी दिन बुधास्त पश्चिम में होना मार्केटें में नई झलक देगी भाव बढ़ने की प्रक्रिया होगी। विशेपतया चीनी, खांड, आलू और कोचीन, काली मिर्च में तेजी होगी।

**आश्विन सं॰ २०६० का व्यापार भविष्य :-** इस माह में इन्फीरियर लाइन चलेगी इसलिये कुछ वस्तुओं में भारी मंदी पर सूर्याश्रित वसुाओं में तेजी अच्छी आयेगी। विदेशी माल की मांग भारत में बढ़ेगी। ता॰ ११ सितम्बर बदि आश्रिन की प्रतिपदा से लाइनों के पलटने का योग इसीलिये बनता है क्योंकि ता॰ १७ सितं॰ को कन्या संक्रान्ति के दिन बुधोदय होने से ता॰ ११ से १७ सिंत. की लाइन जोरदार चलकर ता॰ १८ को गुरुवार होने से रात्रि को ४५ घड़ी पर हस्ते शुक्र का प्रवेश श्वेत वस्तुओं के अलावा मूंगफली, लोहा, सीमेंन्ट, रेत, वजपुर के स्टौकिस्ट भी लाभ उठायेंगे। मेंथा में भारी तेजी व सभी सुगन्धित पदार्थों में तेजी का बिगुल बजेगा। जब मार्केट में हा-हा कार ऊंचाई का बनेगा तब पूर्ण होशियारी से व्यापार करें क्योंकि किसी-किसी वस्तुओं में यहां इस माह की तेजी लास्ट होगी अत: तारुणी करना लाभ प्रद जानना। किसी-२ शेयरों में ता॰ २० सितंबर से १० दिवसीय चांस उत्तम लाभ देगा। मेंथा, कपूर, हल्दी, मिर्च, आलू भी लाभ देगा। दिल्ली, हापुड ता॰ १२ व १८ सितंबर में नये भाव बनेंगे, और कन्या संक्रांति आगे तमाम महीनों में ही असर करेगी। विशेष रूप से रुई और अन्य सफेद वस्तु इसके प्रभाव में चलेंगी। हमारा विचार मन्दी होकर तेजी का है क्योंकि ता॰ २७ सितम्बर को आश्विन शुदि प्रतिपदा घटा रही है और हस्ते रवि ता॰ २७ को शाम २३ घटि पर प्रवेश कर रहे हैं। धान्य, रस पदार्थों वाली वस्तुओं के अलावा मेंथा और शेयरों में तेजी लायेगा। इस माह में पांच गुरु हैं अत: पाश्चात्य देशों में राज विग्रह एवं अशान्ती और वायदे व्यापारों में मन्दी आई हुई होने पर समाप्त हो जाएगी। सोना, चांदी, पीतल के भाव ३ अक्तूबर के बाद तेजी पर जाएंगे क्योंकि तुला का शुक्र और ता॰ ८ को बुधास्त तेजी कारक हैं। आलू, चीनी, खांडसारी, गोले का स्टाक करें। सरसों आदि की तेजी में ऊंचा भाव मिलने पर बेचान बोलना अच्छा रहेगा।

**कार्तिक सम्वत् २०६० का सामूहिक व्यापार भविष्य:-** बदि पक्ष में तिथि का घटना घोर मन्दी कारक है लेकिन शुक्ल पक्ष में तिथि का घटना उतना ही तेजी कारक है। इस माह की फसल की वस्तु को बदि पक्ष की तिथि का क्षय मन्दी बनाती है। तुला संक्रान्ती जो ता॰ १७ अक्तूबर को ही यह मन्दी का रियक्शन लायेगी। लेकिन दीपावली से आगे पन्द्रह दिन में आखीरी तेजी आलू आदि अन्य वस्तु लास्ट तेजी का गुल खिलाएंगी। सूर्य-बुध के योग से गेहूं, चना, सौंठ, जौ, बादाम, छुआरा आदि खुष्क मेवाओं में तेजी आयेगी। इस महीने में रूई का स्यक अवश्य करना चाहिए। चांदी, सोना बदि पक्ष में पड़े रहेंगे। तिलहन आदि की पैदावार बढ़ने की आंशका होगी। लेकिन शुदि पक्ष में तिथि चौथ घटि है इसलिए तेजी का योग बनता है। विशेष रूप से चन्द्रगहण चांदी, सोना या अन्य वस्त्रादि में तेजी बराबर बढ़ती रहेगी। विशेष रूप से ता॰ १८ अक्तूबर और २८ अक्तूबर और ता॰ ८ नवम्बर में नजराना लगाने के लिए बहुत अच्छी तारीखें हैं।

**मार्गशीर्ष सम्वत २०६० का सामूहिक व्यापार भविष्य :-** इतवार ता॰ १६ को वृश्चिक संक्रान्ति ३६ घड़ी पर १५ मुहूर्ती महर्घता सूचक है पर इसी दिन रात्रि को बुधोदय पश्चिम में मंदी कारक चलेगा। जन-२ बड़े योग १ साथ टकराते हैं तब बहुत ही सोच विचार कर व्यापार करना चाहिये यानि इस माह में ता॰ १७ नवम्बर को १२ बजकर ४५ मिनट से जिस वस्तु में जिधर की लाइन बन जायेगी वही लाइन १५ दिवसीय चलेगी। लाल रंग की वस्तु तो लेना पर गेहूं, चना, मटर रियक्शन में लेना और घी वैजीटेबल बेचना। दीगर सभी सट्टों में पूर्व कार्तिक माह की लाइनें ता॰ १० से १७ नवम्बर तक ज्यों की त्यों चलेंगी। ता॰ १८ नवम्बर को १ बजकर ५ मिंट तक जिस वस्तु में भी नीचे भाव कटेंगे तो भारी मंदी आयेगी अगर न कटे तो ऊंचे भावों से सभी मार्केट टक्कर खायेंगे, स्टॉक से आलू पुराना निकालें। कोचीन, कालीमिर्च तथा सूखे मेवों में ध्यान रखना। इसी अवधि में साफ्टवेयर निर्यात १५ से ३१ प्रतिशत बढ़ने की आशा बनती है। गुड, खांड, खाँडसारी में सारा गुजरात तथा तमिलनाडु मार्केटों में बढ़ेगी। मार्गशीर्ष माह में अमावस्या क्षीण हुई है ये योग यू॰पी॰ प्रान्तों में भारीश्वेत वस्तु चांदी, सूत व सूती वस्त्रों में भारी मंदी सूचक है। मैंथा की लाइन ता॰ २४ नवम्बर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS



को बजे दोपहर तक भी सट्टा हो हाजिर वही लाइन १४ या २४ दिन चलने की सम्भावना है। मूले धनुषि बुध ठीक ता॰ २८ को १२½ घड़ी पर लगने से भारी आवक गुड़ में बढ़ेगी इसलिये १ सप्ताह में मंदी सूचक ये ग्रह हैं। अमरीकन शेयर मार्केट भी १ दम टूटेंगे पर १ नोट है कि यहां ३० नवम्बर तक मंदी न चलै तो १५ दिवसीय तेजी बनेगी।

**पौष सं॰ २०६० का सामूहिक व्यापार भविष्य:**- इस महीने में ५ मंगल तेजीकारक हैं, जिन वस्तु में गत माह मंदी आई होगी तेजी का जोरदार संचार होगा। लेकिन ५ ही बुध हैं जो तेजी आई हुई वस्तु में घोर मन्दी कारक है। अगर पौष बदि में दोयज से सप्तमी तक वर्षा होती है तो आगे फसल में उत्तम भारी रूप से अनाज पैदा होंगे। पूष बदी प्रतिपदा मंगलवार १ दिसम्बर को वादे सट्टों में जिस वस्तु में भी १ बजे तक मंदी चलेगी तो जोरदार मंदी ५ दिन में ही आयेगी। अगर मार्केट विपरीत चले तो ज़ोरदार विपरीत मार्केट ही कम से कम ५ दिन व्यापार चलेगा। १६ दिसम्बर को धन संक्रान्ति मंगलवार को रात्रि के ३३ घड़ी पर लगने से सुगन्धित पदार्थ इत्र, कपूर, मैंथा आदि का स्टाक करें। लाभ होगा। लेकिन सोना, चाँदी के भाव में मंदी। इस महीने में त्रिद्याष्टमी १७ दिसम्बर की दिन के १२ घड़ी पर होने से जिन वस्तुओं में पहले तेजी आयी होगी उन्हीं में मंदी का संचार ज़ोरदार होगा क्योंकि यही बुध पहले वक्री होगा बाद २० को ही अस्त हो जायेगा। यहाँ पर नजराने तेजी-मंदी के अवश्य ही खलेंगे। पूष सुदी में २४ दिसम्बर से ७ जनवरी २००४ तक किसी-किसी मार्केट में मंदी समाप्त हो जायेगी क्योंकि पौष सुदी तीज क्षय हो गयी है और बुध का उदय जनवरी में होना तथा बक्री गुरु ६ जनवरी में होना और मार्गी बुध भी पूर्णमासी को ७ जनवरी को हो जाने से अनाज, दलहन, ग्वार, मटर में तेजी का संचार होगा। गुड़, खांड में इसी पक्ष में जोरदार मंदी समाप्त हो जायेगी। इस महीने में १६, २०, २६ दिसम्बर और जनवरी १ और ६ में तेजी-मंदी अवश्य ही लगाकर लाभ उठायें।

**माघ सं. २०६० का सामूहिक व्यापार भविष्य :**-जब भी २ शुभ ग्रहों का अधिकार हो तो तारूणी का व्यापार ही लाभ देता है यह बात हजारों बार आजमाईस शुदा है। हर वस्तुओं में पहिली लाइन ही २ दिन बदि-१, बदि-२ में चलेगी। ता॰ ९ जनवरी की रात को कुंभे शुक्र होने से अगले दिन ता॰ १० जनवरी को पलटने लगेगीं। यहां की चालू लाइनें मकर संक्रान्ति माघ बदि ७ बुधवार ता॰ १४ जनवरी तक बिना रियक्शन के चलेगी। बदि माघ पक्ष में कुछ वस्तुओं में भाव पड़े से रहेंगे तो भी पुराना स्यक अवश्य ही निकालिये। माघ बदि ७ बुध को मकर संक्रान्ति से ३० मुहुर्ती होने से धान्यादि भावों में समता रहेगी तथा बुध के ऊंचे भाव जिन वस्तुओं के कटे तो भारी तेजी वर्ना शनै-२ मंदी का प्रभाव हो चलेगा। शेयर स्टील, बजाज के तेजी पर जायेंगे पर लाइन परिवर्तन नहीं होगी। चांदी में भारी मंदी जब भी आये खरीदो। तिलहनों में चतुद्रशी बदि से लाइन बदलेगी। इस माह में अमावस्या माघ की टूटी है। माघ शुदि में ही इन्फीरियर लाइन का चलना महीन कपड़े में तेजी आने लगेगी। दाल, दलहन के मंदे भाव भी उठेंगे और मोटी-२ चीजों में जैसे खद्दर कुछ भंडार की वस्तु और दवाइयों में तेजी का बिगुल बजेगा। चालू सट्टों में सट्टे की गहराई पकडें और जब भी चालू सट्टों में मंगल के भाव शुक्र को ऊंचे के क्रौस हों तो तेजी न हों तो मंदी का बिगुल बजेगा। स्टील, पीतल, ताबां आदि की लाइन ता॰ २६ जनवरी १ बजकर २७ मिनट से जो भी जिधर भी ११/२७ से चलेगी वही १५ दिन साधी चलेगी और सूखे मेवों की तेजी समाप्त होगी। पुराने गेंहू, चना, बेफड़ इधर लो उधर बेचों ये नियम माघ में भी और अगले माह भी काम देगा। स्टील, लोहा और मैटीरियल लास्ट माह में खरीदो तथा ता॰१६, २०, २७ जनवरी तथा ता॰ ३ व ५ फरवरी में नजराने लगाना।

**फाल्गुन सं॰ २०६० विक्रम की तेजी मंदी :**- व्यापार पति बुध से सूर्य आगे-२ ही चलेंगे इस वास्ते इन्फीरियर लाइन में बदि पक्ष में अष्टमी क्षय, सप्तमी मिती को कुमारी अवस्था में कुँभ की सं॰ का लगना ४५ मुहूर्ती १ दम भाव गिरेंगे। आलू १ दम गिरेगा तथा इस फसल की वस्तु में मंदी भारी आयेगी। इसीलिये स्टॉक निकालें और ता॰ ९ को बुध श्रवण में होने से ध्यान रखिये चांदी पूर्व तेजी पर रही है तो भारी मंदी मंगला चौथ ता॰ १० से जाने। अन्य वस्तु सफेदी लिये हुए तेजी पर जाने का विचार है अन्य पंसारट में गिरावट रूकेगी। पर बुध को १ बजे तक ता॰ ११ फरवरी तक अगर विपरीत मार्केट चले तो फौरन सौदा काट दें। अंरडा बम्बई तेल, तिलहन तथा गुजरात की मांग बढ़ने से भाव बढेंगे परंच १ दिन बाद भी विपरीत सौदा चले तो फौरन काट का डबल कर ७२ घंटे में लाभ उठाना। सोना तेजी पर मणि, मूंगा, हीरा, लइसुनियां में एंक मंदी का धमाका ही खरीदार को लाभ देगा। रविवार ता॰ १५ फरवरी में बुध का अस्त होने से या तो भारी तेजी या भारी मंदी आयेगी इसलिये आज नहीं लाइन चलने पर कल से व्यापार करें सब्जियों के व्यापारियों को १० दिन सीमित ही व्यापार करना उचित होगा और इस मंदी में चावलों का स्टौक ३ माह में ही लाभ देगा। रूई के व्यापारी मंदी को देखकर घनी मंदी में नहीं जाना बल्कि स्टॉक करना। स्टील, पीतल, लोहतर धातुओं में आगे तेजी का व्यापार करें। ता॰ १९ फरवरी को ४० घड़ी रात में शतभिषा पर सूर्य भी चावल नया खरीदो। दो या साढ़े तीन माह में मोटा लाभ उठाना। चन्द्रदर्शन शनिवारी ता॰ २१ और ता॰ २२ को प्रात: ही बंद बाजार में कुंभ बुध होने से ध्यान रखिये ता॰ २३ फरवरी को गत भाव ११ बजे तक नीचे से नीचे के बन कर सरसों, हल्दी में और न कटें तो भारी तेजी १ सप्ताह में चलेगी पर विपरीत में डबल सौदा करके ९६ घंटे में लाभ उठाना। हमारा विपरीत में इमली, मक्का अनाजों में तेजी का है लेकिन यह तेजी स्थिर होगी। शुदि में चन्द्रदर्शन शनिवारी तेजी कारक है सभी सट्टे बढ़ेंगे पर नोट है कि शनिवार को ११ बजकर ४५ मिंट बाद १० मिंट में तेजी न चले तो ६२ घंटे विपरीत मार्केट चल कर तेजी की चाल चलेगी।

**कृष्णा चैत्र संवत् २०६० का सामूहिक विवरण :**- चैत्र कृष्ण रविवार को प्रतिपदा ता॰ ७ मार्च २००४ में शनिदेव जी मार्गी गति से चलेंगे यह ग्रह फाल्गुनी सभी लाइनों को बदलेंगे। शनि बहुत ही मंदग्रह है अत: उतावले होकर व्यापार न करना। ता॰ ९ भौमवार चैत्र बदि ३ को मीने बुध १३ घड़ी पर प्रवेश होने से तेल, तिलहनों, गुड़, मीठे रसदार तमाम वस्तुओं में रियक्शन का चांस देगा। चैत्र में आखिरी मंदी गुड़ में चलेगी पर इस माह की मंदी गुड़, तिलहन , चांदी, सोना में खरीदार ही आगे लाभ उठायेंगे। यहां की लाइनें सरसों तेल, मैंथा की तो हैं ही पर विशेषतया सुहाग की तमाम वस्तुओं में मंदी लिवाल को लाभ देगी। मीन संक्रान्ति अष्टमी रविवार प्रविष्ट वा॰ ३ न॰ ४ मु॰ ३० धान्यादि भावों में समता कारक है और ता॰ १५ को मार्च में जिस वस्तु में तेजी चलेगी उसी में बुधोदय ता॰ १७ मार्च चैत्र बदि ११ तक चलेगी पर तिथि चैत्र की १३ ता॰ १८ मार्च में टूट रही है यह मंदी कारक है। इस चैत्र बदि में ता॰ ९, १२, १८ को नजराना लगाने उत्तम लाभकारी चांस दिन रहेंगे अगर न फलै तो दूसरे दिन भी लगाना यह नोट ध्यान रखना।


## अनमोल चांस मंगाइये-

अनमोल क्यों ? क्योंकि चांस ग्रहों के आधार पर देते हैं साथ ही ग्राफिकल चांस भी बनाते हैं। ऊंचे-नीचेआनुपातिक क्रासिंग भाव देना ही चांस की विशेषता होती है। हाजिर या वायदा वस्तु के चांस चांदी, सोना, शेयर्स, मेंथा, गुड़, सरसों, सोयाबीन तेल, कॉपर, आलू, अरन्डा, हल्दी, बारदाना, तेल, तिलहनादि, दलहनादि, किराना वस्तुओं तथा खुष्क मेवाओं के चांस देते हैं। हाजिर एक वस्तु एक वर्ष फीस ५५१.००, छह माह ३५१.०० तथा तीन माह २५१.०० है। वायदा एक वस्तु एक माह २५१.००, सम्पूर्ण वर्ष २५५१.०० है। वायदा एक वस्तु फोन पर प्रतिदिन बताने की फीस १०००.०० है।

**शांडिल्य व्यापार भविष्य:**-पूर्ण एक वर्ष की दैनिक व लम्बी लाईन धाखा चांस हर वस्तु के छपते हैं। मूल्य १२५.०० है। रुपया पेशगी भेजें।

पता- श्री ओंकार प्रसाद, विश्वबन्धु शर्मा
श्री ओंकाराश्रम ज्योतिष भवन, (एम.काम.एल.एल.बी.)
२१/२२, ब्रह्मनान, पो॰ हापुड़ , जि॰-गाजियाबाद (उ॰ प्र॰)
फोन नं.-३१२२३८, ३१७९२९


CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection